www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, शुक्रवार, 8 अगस्त 2025 I वर्ष – 67 I अंक –114 I पृष्ठ –12 I मूल्य – 4.00 रु   प्रेस पंजीयन- 06072/59




### राहुल गांधी ने मतदाता सूची में गड़बड़ी के आरोप लगाए

# भाजपा के साथ मिलकर हेराफेरी कर रहा चुनाव आयोग

- कर्नाटक की महादेवपुरा विधानसभा सीट पर 1,00,250 वोटों की हेराफेरी हुई
- राहुल ने पांच प्रकार की गड़बड़ियों का किया जिक्र
- महाराष्ट्र में 40 लाख वोट रहस्यमयी तरीके से जोड़े गए



**नई दिल्ली**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि आयोग भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर चुनावों में हेराफेरी कर रहा है और लोकतंत्र को कमजोर कर रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि हमारे संविधान की नींव 'एक व्यक्ति, एक वोट' के सिद्धांत पर टिकी है। इसलिए जब चुनाव होते हैं तो सबसे जरूरी सवाल यह है कि क्या सही लोगों को वोट डालने की अनुमति मिल रही है? क्या वोटर लिस्ट में फर्जी नाम जोड़े जा रहे हैं? क्या वोटर लिस्ट सटीक है? उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय से लोगों में संदेह बढ़ता जा रहा है। उन्होंने पांच मुख्य बिंदु गिनाए और कहा कि भाजपा को कभी भी एंटी-इनकंबेंसी (विरोधी लहर) का सामना नहीं करना पड़ता। भाजपा को अप्रत्याशित और बड़ी जीत मिल जाती है। ओपिनियन पोल और एग्जिट पोल बार-बार गलत साबित हो जाते हैं। मीडिया द्वारा तैयार किया गया माहौल और चुनाव कार्यक्रम को सोच-समझकर 'कोरियोग्राफ' करना भी इन पांच बिंदुओं में शामिल हैं।

**5 तरह से वोट चोरी का दावा**

| | |
|---|---|
| -डुप्लीकेट वोटर्स : | 11,965 |
| -फेक एड्रेस : | 40,009 वोटर्स |
| -एक पते पर | 80 और 46 वोटर |
| -अवैध फोटो : | 4132 वोटर्स |
| -फॉर्म 6 का गलत इस्तेमाल | |

> महाराष्ट्र में सिर्फ 5 महीनों में जितने नए वोटर जोड़े गए, उतने पिछले 5 सालों में भी नहीं जोड़े गए थेः राहुल गांधी

**5 बजे के बाद वोटिंग में जबरदस्त उछाल**

राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनावों में उन्हें इन संदेहों के पीछे की असल तस्वीर दिखने लगी। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र में सिर्फ 5 महीनों में जितने नए वोटर जोड़े गए, उतने पिछले 5 सालों में भी नहीं जोड़े गए थे। कई क्षेत्रों में जितने वोटर जोड़े गए, वह उन इलाकों की पूरी आबादी से भी ज्यादा थे। 5 बजे के बाद वोटिंग में अचानक जबरदस्त उछाल आया, लेकिन मतदान केंद्रों पर लाइनें नहीं थीं। महाराष्ट्र के चुनाव का डेटा दिखाकर आरोप

➪ शेष पृष्ठ 7 पर ➪

## कर्नाटक के चुनाव अधिकारी ने राहुल से मांगा जवाब

राहुल गांधी के आरोपों के बाद कर्नाटक के मुख्य चुनाव अधिकारी ने उन्हें पत्र लिखा। राहुल गांधी को लिखे पत्र में कहा है कि निर्वाचन नियमों के तहत, अगर कोई व्यक्ति मतदाता सूची की वैधता पर सवाल उठाता है, तो उसे लिखित में विवरण देना होता है। पत्र में राहुल से अपेक्षा की गई है कि वे नियम 20(3)(b) के तहत शपथपत्र पर हस्ताक्षर कर ऐसे मतदाताओं के नाम उपलब्ध कराएं, ताकि उनके दावों की जांच की जा सके और यदि आवश्यक हो तो कानूनी कार्रवाई भी शुरू की जा सके।

## भाजपा ने संवैधानिक संस्थाओं पर हमला बताया

भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव आयोग पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टिप्पणी पर गुरुवार को निशाना साधते हुए इसे अमर्यादित और देश की संवैधानिक संस्थाओं पर हमला बताया हैं। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि श्री गांधी हताशा में देश की संवैधानिक संस्थाओं के खिलाफ बयान दे रहे हैं। उन्होंने श्री गांधी की आयोग के अधिकारियों के संबंध में 'चुन चुन कर, देख लूंगा, और उनको छोड़ूगा नहीं' जैसी टिप्पणियों पर कहा कि देश के अधिकारियों को धमकी दिया जाना बेहद निंदनीय है। यह एक तरह से लोकतंत्र पर आघात है।

# हाफ नहीं हम मुफ्त बिजली की ओर बढ़ रहे : मुख्यमंत्री

**रायपुर**, 7 अगस्त(देशबन्धु)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर 50 फीसदी टैरिफ बढ़ाया है। इसे लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, प्रधानमंत्री इस पर बोल चुके हैं। वैसे ट्रंप से ऐसी उम्मीद नहीं थी, लेकिन हमारे पीएम, मंत्रिमंडल सब देख रहे है।



ट्रंप से ऐसी उम्मीद नहीं थी : साय

वहीं बिजली बिल हाफ योजना में बदलाव पर कांग्रेस के प्रदर्शन को लेकर मुख्यमंत्री साय ने कहा, बिजली बिल हाफ से हम मुफ्त बिजली की ओर जा रहे हैं। इसमें भारी सब्सिडी जनता को दी जा रही है। लोगों को इसके लिए बैंक से लोन के लिए भी प्रयास कर रहे हैं। लोगों से आवेदन मंगाए गए हैं।

इस साल के अंत में राहुल गांधी के संभावित दौरे को लेकर विष्णु देव साय ने कहा, उनका दौरा तो विभिन्न चुनाव में होता रहा है।उनके दौरे पर क्या होता है पूरी दुनिया जानती है।

मुख्यमंत्री ने जांजगीर चांपा दौरे को लेकर कहा, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण की बैठक जांजगीर में रखी गई है। डिप्टी सीएम साव और विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष खुशवंत साहेब भी साथ हैं। अन्य मंत्री भी बैठक में शामिल होंगे।

## सार संक्षेप

### हनी सिंह के गाने पर बवाल, महिला आयोग ने किया तलब

**चंडीगढ़।** मशहूर रैपर यो यो हनी सिंह एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। उनका नया गाना 'मिलनायर' सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है लेकिन इसी गाने में महिलाओं के प्रति कथित रूप से आपत्तिजनक शब्दों के इस्तेमाल को लेकर हंगामा मच गया है। इस गाने के खिलाफ पंजाब राज्य महिला आयोग ने सख्त रुख अपनाते हुए एक्शन की मांग की है। आयोग की अध्यक्ष राज लाली गिल ने इस मामले में पंजाब के डीजीपी को पत्र लिखकर इस विवाद पर नोटिस लेने की अपील की है।

### कैलाश यात्रियों का दल एक दिन की देरी से पहुंचा गुंजी

**पिथौरागढ़।** उत्तराखंड के धारचूला में फंसा कैलाश मानसरोवर यात्रियों का दल आखिरकार एक दिन की देरी से गुरुवार को गुंजी पहुंच गया। जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने चौथे दल को आज धारचूला से रवाना किया। बताया जा रहा है कि 48 सदस्यीय यह दल गुरुवार दोपहर में सकुशल गुंजी पहुंच गया था। इससे प्रशासन ने राहत की सांस ली। जिला प्रशासन और सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) मार्ग को खोलने के लिए पिछले दो-तीन दिनों से युद्धस्तर पर काम कर रहा था।

### चुनाव से पहले 6 आईपीएस और 26 डीएसपी का स्थानांतरण

**पटना।** बिहार में इस साल अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव संभावित हैं। इससे पहले बिहार सरकार ने गुरुवार को छह भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों का तबादला किया है। इसके अलावा, 26 पुलिस उपाधीक्षकों का भी स्थानांतरण किया गया है। इसकी अधिसूचना बिहार गृह विभाग ने जारी कर दी है।

### पंजाब में 'भूमि कानून' के खिलाफ उतरेगा अकाली दल

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार के 'भूमि कानून' के खिलाफ विरोध थम नहीं रहा है। शिरोमणि अकाली दल ने आम आदमी पार्टी पर जमीन हड़पने के आरोप लगाते हुए एक सितंबर से आंदोलन का ऐलान किया है।

# किसानों का हित सर्वोच्च प्राथमिकता : नरेन्द्र मोदी

**नई दिल्ली**, 7 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नई दिल्ली में आयोजित एमएस स्वामीनाथन शताब्दी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने कृषि के क्षेत्र में स्वामीनाथन के योगदान को स्मरण करते हुए किसानों के भविष्य, उनकी आय वृद्धि और हितों को लेकर केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। इस अवसर पर अपने भावुक संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे लिए अपने किसानों का हित सर्वोच्च प्राथमिकता है। भारत अपने किसानों, पशुपालकों और मछुआरे भाइयों-बहनों के हितों के साथ कभी समझौता नहीं करेगा।



> भारत अपने किसानों, पशुपालकों, मछुआरों के हित के साथ कभी समझौता नहीं करेगा : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि वे जानते हैं कि व्यक्तिगत रूप से मुझे बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी, लेकिन मैं इसके लिए तैयार हूं। मेरे देश के किसानों के लिए, मेरे देश के मछुआरों के लिए, मेरे देश के पशुपालकों के लिए भारत तैयार है। किसानों की आय बढ़ाने, खेती पर खर्च कम करना, आय के नए स्त्रोत बनाने के लक्षों पर हम लगातार काम कर रहे हैं।

**किसानों की ताकत देश की प्रगति का आधार**–उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने किसानों की ताकत को देश की प्रगति का आधार माना है। इसलिए बीते वर्षों में जो नीतियां बनी, उनमें सिर्फ मदद नहीं थी, किसानों में भरोसा बढ़ाने का प्रयास भी था। पीएम किसान सम्मान निधि से मिलने वाली सीधी सहायता ने छोटे किसानों को आत्मबल दिया है। पीएम फसल बीमा योजना ने किसानों को जोखिम से सुरक्षा दी है। उन्होंने यह भी बताया कि हाल ही में पीएम धन धान्य योजना को भी मंजूरी दी गई है। इसके तहत उन 100 जिले को चुना गया है, जहां खेती पिछड़ी रही। यहां सुविधाएं पहुंचाकर, किसानों को आर्थिक मदद देकर, खेती में नया भरोसा पैदा किया जा रहा है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि सिंचाई से जुड़ी समस्याओं को पीएम कृषि सिंचाई योजना के माध्यम से दूर किया गया है।

# उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए अधिसूचना जारी

**नई दिल्ली**, 7 अगस्त (एजेंसियां)। चुनाव आयोग ने उपराष्ट्रपति पद के लिए नौ सितंबर को होने वाले चुनाव की अधिसूचना गुरुवार को जारी की। आयोग चुनाव कार्यक्रम पहले ही घोषित कर चुका है। इसके तहत नामांकन की अंतिम तिथि 21 अगस्त निर्धारित की गयी है। नामांकन पत्रों की जांच 22 अगस्त को की जाएगी और नाम 25 अगस्त तक वापस लिए जा सकेंगे। आवश्यकता पड़ने पर मतदान नौ सितंबर को दिन में 10 से पांच बजे तक कराया जाएगा और उसी दिन मतों की गिनती की जाएगी। इस चुनाव के लिए राज्यसभा के महासचिव पीसी मोदी को चुनाव अधिकारी बनाया गया है। राज्यसभा सचिवालय में संयुक्त सचिव गरिमा जैन और निदेशक विजय कुमार सहायक रिटर्निंग अधिकारी बनाए गए हैं। नामांकन भरने के लिए प्रत्याशी को 15,000 रुपए का शुल्क जमा करना होगा। शुल्क नामांकन पत्र के साथ रिटर्निंग ऑफिसर को दिया जा सकता है या उससे पहले भारतीय रिजर्व बैंक या सरकारी ट्रेजरी में जमा कराकर उसकी रसीद प्राप्त की जा सकती है।

- 21 अगस्त तक दाखिल किए जा सकते हैं नामांकन

## जम्मू-कश्मीर में सीआरपीएफ का वाहन खाई में गिरा, 3 की मौत

**जम्मू**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के बसंतगढ़ इलाके में गुरुवार को एक भीषण हादसा हुआ। सीआरपीएफ का एक वाहन गहरी खाई में गिर गया जिससे कम से कम तीन सीआरपीएफ जवानों की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए। इनमें से कई गंभीर रूप से घायल गए।

**दुर्घटना में 12 अन्य घायल हुए**

यह हादसा बसंतगढ़ इलाके के कंडवा के पास सुबह करीब 10:30 बजे हुआ। उधमपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भट्ट ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंच कर बचाव अभियान शुरू किया और सभी घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि वाहन कई सौ फीट नीचे लुढ़क गया, जिससे उसमें सवार कुछ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

## धराली हादसा : अब तक 274 लोगों को बचाया गया

देहरादून, 7 अगस्त (देशबन्धु)। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के धराली क्षेत्र में आई आपदा के बाद से रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। मलबे के बीच फंसे लोगों की सकुशल वापसी के लिए सेना, वायुसेना, आईटीबीपी, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और प्रशासन की टीमें लगातार प्रयास कर रही हैं। अब तक गंगोत्री और अन्य क्षेत्रों से कुल 274 लोगों को हर्षिल लाया गया है, जिनमें गुजरात के 131, महाराष्ट्र के 123, मध्य प्रदेश के 21, उत्तर प्रदेश के 12, राजस्थान के 6, दिल्ली के 7, असम और कर्नाटक के 5-5, तेलंगाना के 3 और पंजाब का एक व्यक्ति शामिल हैं। सभी लोग पूरी तरह सुरक्षित हैं और इन्हें उत्तरकाशी या देहरादून भेजा जा रहा है। 9 सैन्यकर्मी और 7 आम नागरिक अभी भी लापता हैं।

# निसार उपग्रह प्रतिदिन 14 बार करेगा पृथ्वी की परिक्रमा

**चेन्नई**, 7 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी (नासा) और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा संयुक्त रूप से विकसित उपग्रह निसार प्रतिदिन 14 बार पृथ्वी की परिक्रमा करेगा और प्रत्येक 12 दिन में दो बार पृथ्वी की स्थलीय और बर्फीली सतहों को स्कैन करेगा। इसे 30 जुलाई को भारतीय अंतरिक्ष केंद्र श्रीहरिकोटा से जीएसएलवी-एफ16 रॉकेट द्वारा प्रक्षेपित किया गया था।

निसार न केवल नासा और इसरो के बीच पृथ्वी मिशन का पहला हार्डवेयर सहयोग है बल्कि यह एक अंतरिक्ष यान पर एल-बैंड और एस-बैंड रडार को एक साथ लाने वाला पहला उपग्रह भी है। यह उपग्रह रूप से शक्तिशाली सिंथेटिक एपर्चर रडार बनाता है जो उच्च-रिज़ॉल्यूशन डेटा प्रदान करेगा जिससे वैज्ञानिकों को पृथ्वी की भूमि एवं बर्फ की सतहों पर व्यापक रूप से निगरानी करने में मदद मिलेगी और समय के साथ उनमें होने वाले परिवर्तनों का विस्तृत रिकॉर्ड तैयार किया जा सकेगा। इस उपग्रह के वैज्ञानिक उपकरणों में एक एल-बैंड सिंथेटिक एपर्चर रडार प्रणाली और एक एस-बैंड सिंथेटिक एपर्चर रडार प्रणाली है। अंतरिक्ष यान की प्रत्येक दोनों प्रसार सक्षम मोटराइज्ड सौर सारणियों की लंबाई 5.5 मीटर है जिसका कुल क्षेत्रफल लगभग 23 वर्ग मीटर है और ये दोनों एक साथ लगभग पांच किलोवाट ऊर्जा प्रदान करते हैं। रडार एंटीना रिफ्लेक्टर का व्यास 12 मीटर है और इसका रिफ्लेक्टर लगभग 39 मीटर लंबे बूम पर स्थापित होगा। इसमें थ्रस्टरों की संख्या 15 है। प्रक्षेपण के समय प्रणोदक सहित उपग्रह का अनुमानित वजन 2,380 किलोग्राम था।



12 दिन में दो बार बर्फीली सतहों को स्कैन करेगा

**तीन वर्ष है निसार मिशन की अवधि**

प्रक्षेपण के बाद कमीशनिंग चरण 90 दिन चलने की उम्मीद है। इस अवधि के दौरान मिशन टीम अंतरिक्ष यान प्रणालियों की जांच करेगी, बूम एवं विशाल रडार एंटीना रिफ्लेक्टर की तैनाती करेगी और रडार उपकरणों के प्रदर्शन का आकलन करेगी। कमीशनिंग चरण पूरा होने के बाद वैज्ञानिक कार्य शुरू होंगे। निसार 14 दिन में 747 किलोमीटर की ऊंचाई पर पृथ्वी की परिक्रमा करेगा। यह उपग्रह प्रतिदिन 80 टेराबाइट्स डेटा पृथ्वी पर भेजेगा। निसार मिशन की अवधि तीन वर्ष है।

# ईडी को कानून के दायरे में रहना होगा: सुको

**नई दिल्ली**, 7 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को ईडी पर सख्त टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) बदमाशों की तरह काम नहीं कर सकता और उसे कानून के दायरे में ही रहना होगा। टिप्पणी केंद्रीय एजेंसी की ओर से जांचे गए मामलों में दोषसिद्धि की कम दरों पर चिंता जताते हुए की गई। जस्टिस सूर्यकांत, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा, 'हम प्रवर्तन निदेशालय की छवि को लेकर भी चिंतित हैं।' शीर्ष अदालत 2022 के उस फैसले की समीक्षा की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है, जिसमें धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की गिरफ्तारी की शक्तियों को बरकरार रखा गया था। केंद्र और ईडी की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने समीक्षा याचिकाओं पर सवाल उठाया। उन्होंने कम दोषसिद्धि दर के लिए प्रभावशाली आरोपियों की टालमटोल की रणनीति को जिम्मेदार ठहराया। राजू ने कहा, प्रभावशाली बदमाशों के पास बहुत साधन होते हैं। वे कार्यवाही को लंबा खींचने के लिए अलग-अलग चरणों में आवेदन दायर करने के लिए वकीलों की फौज रखते हैं। मामले का जांच अधिकारी जांच में समय लगाने के बजाय किसी न किसी आवेदन के लिए अदालत के चक्कर लगाता रहता है।

न्यायमूर्ति भुयान ने अपने एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि पिछले पांच वर्षों में प्रवर्तन निदेशालय की ओर से दर्ज किए गए 5,000 मामलों में से 10 प्रतिशत से भी कम मामलों में दोषसिद्धि हुई है।



- अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने समीक्षा याचिकाओं पर सवाल उठाया
- 10 प्रतिशत से भी कम मामलों में दोषसिद्धि

**विरोध** | तीन दिवसीय भूख हड़ताल का ऐलान किया, केडीए ने अपनी चार अहम मांगों को दोहराया

# लद्दाखियों ने फिर खोला केंद्र के खिलाफ मोर्चा

सुरेश एस डुग्गर

जम्मू, 7 अगस्त (देशबन्धु)। लद्दाख में अपनी राजनीतिक और संवैधानिक मांगों को लेकर करगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (केडीए) ने एक बार फिर मोर्चा खोल दिया है। करगिल में प्रेस कांफ्रेंस कर केडीए नेताओं ने 9 से 11 अगस्त तक तीन दिवसीय भूख हड़ताल का ऐलान किया है। उनका कहना है कि केंद्र सरकार लद्दाख के लोगों की उम्मीदों पर लगातार खरा नहीं उतर रही है।

*केडीए ने अपनी चार अहम मांगों को दोहराया, लद्दाख को राज्य का दर्जा दिया जाए, इसे संविधान की छठी अनुसूची में शामिल किया जाए, एक अलग संसदीय सीट बहाल की जाए और सरकारी नौकरियों में पारदर्शिता लाने के लिए एक क्षेत्रीय लोक सेवा आयोग बनाया जाए। इन मांगों को लेकर केडीए लंबे समय से आवाज उठा रहा है, लेकिन अब तक केंद्र की तरफ से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।*

*प्रेस कांफ्रेंस में केडीए नेताओं ने केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि कई बार गृह मंत्रालय और लद्दाख के नेताओं के बीच बैठकें हुईं, लेकिन कोई ठोस नतीजा नहीं निकला। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर केंद्र सरकार ने अब भी इन मांगों पर ध्यान नहीं दिया, तो हालात बिगड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगर जनता की भावनाएं भड़क गईं, तो इसके लिए हम जिम्मेदार नहीं होंगे।*

*केडीए का कहना है कि यह भूख हड़ताल केवल एक विरोध नहीं, बल्कि लद्दाख के लोगों की आवाज को पूरे देश तक पहुंचाने की कोशिश है। नेताओं ने कहा कि लद्दाख की जनता लोकतंत्र में विश्वास रखती है, लेकिन अगर उनके साथ बार-बार अनदेखी होगी, तो असंतोष बढ़ेगा। केडीए ने केंद्र सरकार से अपील की है कि बहुत देर होने से पहले वह लद्दाख के मुद्दों को गंभीरता से ले और जल्द से जल्द ठोस कदम उठाए।*

*उन्होंने बताया कि करगिल टाउन में शनिवार को हड़ताल शुरू होगी और लेह एपेक्स बाडी (एलएबी) के नेताओं से यह भी अनुरोध किया गया है कि वे विरोध में शामिल हों और केंद्र सरकार को एक संदेश भेज सकें कि लद्दाख के लोग अपनी वास्तविक मांगों पर चुप नहीं रहेंगे, केडीए के सह-अध्यक्ष असगर अली करबालई ने यहां संवाददाताओं को बताया।*

***केडीए की चार मांग***

*-लद्दाख को राज्य का दर्जा दिया जाए,*
*-संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करें*
*-एक अलग संसदीय सीट बहाल की जाए*
*-एक क्षेत्रीय लोक सेवा आयोग बनाया जाए*

# देश

उवाच

एक अगस्त 2025 को प्रकाशित प्रारुप निर्वाचक सूची में जब लगभग 65 लाख मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं और श्रेणीवार उनकी संख्या भी बताई है, तो श्रेणीवार मतदाता केन्द्र सहित उनका नाम चुनाव आयोग क्यों नहीं बता रहा है।

-चित्तरंजन गगन, राजद प्रवक्ता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 35.0 | 27.0 |
| मुंबई | 28.0 | 26.0 |
| कोलकाता | 29.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 33.0 | 27.0 |

# केंद्र शासित प्रदेश को राज्य का दर्जा बहाल करना जरूरी सुधार न कि रियायत : उमर

## राजग सहयोगियों सहित विभिन्न राष्ट्रीय राजनीतिक दल के प्रमुखों को लिखा पत्र

**श्रीनगर,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को कहा कि केंद्र शासित प्रदेश को राज्य का दर्जा बहाल करना 'आवश्यक सुधार' है, न कि 'रियायत' और यह मुद्दा क्षेत्रीय हितों से परे है। अब्दुल्ला ने राष्ट्रीय जनतांत्रितक गठबंधन (राजग) सहयोगियों सहित विभिन्न राष्ट्रीय राजनीतिक दल के प्रमुखों को लिखे पत्र में कहा, यह एक ऐसा मुद्दा है जो क्षेत्रीय हितों से परे है और भारत के संवैधानिक तथा लोकतांत्रिक मूल्यों के मूल में निहीत है। वर्ष 2019 में जम्मू-कश्मीर को राज्य से केंद्र शासित प्रदेश में बदलने और पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने में हो रहे विलंब से आप सहमत होंगे कि इसका भारतीय राजनीति के भविष्य पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने जोर दिया कि राज्य का दर्जा बहाल करना ऐसा मामला है जिससे केवल जम्मू-कश्मीर ही नहीं, बल्कि देश के हर नागरिक को चिंतित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 को हटाने के पीछे का पूरा नैतिक आधार भी समानता के उस तर्क पर आधारित था कि जम्मू-कश्मीर के लोगों को देश के बाकी हिस्सों के बराबर लाया जाना चाहिए लेकिन समानता का यह सिद्धांत दोनों तरफ काम करना चाहिए।

### नेताओं से केंद्र पर दबाव डालने का किया आग्रह

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने अब्दुल्ला ने अपने पत्र में नेताओं से आग्रह किया कि वे जम्मू-कश्मीर के राज्य के दर्जे की बहाली के लिए चल रहे संसद सत्र में कानून पेश करने के लिए केंद्र पर दबाव डालें। मुख्यमंत्री ने पत्र में कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों ने 'विफलताओं और अशक्तिकरण' के बावजूद विधानसभा चुनावों में रिकॉर्ड संख्या में मतदान किया। इस प्रचंड जनादेश के सम्मानपूर्वक स्वीकारोक्ति में मेरी सरकार का पहला काम जम्मू-कश्मीर के राज्य के दर्जे की तत्काल बहाली के लिए प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया।

मैंने व्यक्तिगत रूप से यह प्रस्ताव प्रधानमंत्री को सौंपा और उन्हें जम्मू-कश्मीर के लोगों की सद्भावना और लोकतांत्रिक भावना के महत्व पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार का बार-बार यह कहना कि केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा 'अस्थायी' है, दुर्भाग्य से 'वास्तविक प्रतिबद्धता से ज्यादा सुविधाजनक बहाना' लगने लगा है। उन्होंने कहा कि लोगों को वोट देने के लिए आमंत्रित करना और निर्वाचित सरकार को प्रभावी अधिकार से वंचित करना लोकतांत्रिक स्वशासन को कमजोर करता है।



राज्य का दर्जा बहाल करना ऐसा मामला जिससे केवल जम्मू-कश्मीर ही नहीं बल्कि देश के हर नागरिक को चिंतित होना चाहिए : उमर अब्दुल्ला

### मुझे आश्वासन दिया गया था कि राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा

मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद और सार्वजनिक दोनों मंचों पर , चुनावों के दौरान और उसके बाद जम्मू-कश्मीर के लोगों को सीधे संबोधित करने के मौकों पर बार-बार आश्वासन दिया कि राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा। मुझे आश्वासन दिया गया था कि राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा, हालांकि नौ महीने से अधिक समय बीत चुका है और अभी तक उस आश्वासन को पूरा करने की दिशा में कोई स्पष्टता, समय-सीमा या स्पष्ट प्रगति नहीं हुई है। शीर्ष न्यायालय की संविधान पीठ के समक्ष भी केंद्र सरकार ने जल्द से जल्द राज्य का दर्जा बहाल करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी है। उन्होंने स्मरण किया कि इस साल की शुरुआत में प्रधानमंत्री ने कश्मीर में एक कार्यक्रम के दौरान इस वादे को दोहराया था और इसे 'मोदी का वादा' कहा था , हालांकि 'जल्द से जल्द' या 'जितनी जल्दी हो सके' जैसे शब्दों की व्याख्या वर्षों या दशकों तक नहीं खींची जा सकती। जम्मू-कश्मीर के लोग पहले ही काफी इंतजार कर चुके हैं और अब राज्य का दर्जा बहाल किया जाना चाहिए।

# पीएम मित्र पार्क की आधारशिला रखेंगे मोदी : मोहन यादव

**भोपाल,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को आगामी समय में आयोजित होने वाले शासकीय कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 25 तारीख को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य के प्रवास पर आएंगे और पीएम मित्र पार्क की आधारशिला रखेंगे। डॉ. यादव ने यहां संवाददाताओं से चर्चा के दौरान बताया कि राज्य द्वारा कई कार्यक्रमों की श्रंखला बनाई गई है, जिनका मूल भाव स्वदेशी की भावना को प्रोत्साहन देना है। राज्य के लिए 10 तारीख का दिन स्वदेशीकरण की भावना को लेकर अहम होगा। राज्य में पहली बार रेल कोच बनेंगे, जिन्हें रेल मंत्रालय जहां चाहेगा, निर्यात करेगा। रायसेन जिले की इस परियोजना की लागत लगभग 1800 करोड़ रुपए है, जिसमें लगभग 1600 से 2000 लोग प्रत्यक्ष या प्रत्यक्ष रूप से काम करेंगे। रायसेन जिले के बोहरगंज तहसील के उमरिया गांव में 60.630 हेक्टेयर भूमि का आवंटन सरकार ने कर दिया है। इस उद्योग में वंदे भारत, अमृत भारत, मेट्रो कोच का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण परियोजना में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान उपस्थित रहेंगे और रेल मंत्री वर्चुअली जुड़ेंगे। रक्षा मंत्रालय का बीईएमएल संस्थान बनाएगा और रेल कोच के सारे काम का ऑर्डर रेल मंत्रालय देगा।



मध्य प्रदेश का 25 अगस्त को करेंगे दौरा

# बिहार में रक्षाबंधन के दिन सरकारी बसों में यात्रा मुफ्त

## नीतीश सरकार ने महिलाओं को दी बड़ी सौगात दी

**पटना,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर नीतीश सरकार ने महिलाओं को बड़ी सौगात दी है। रक्षाबंधन के दिन महिलाओं के लिए सरकारी बसों में यात्री मुफ्त रहेगी। महिलाएं बिना पैसे खर्च किए अपने भाई को राखी बांधने मायके जा सकेंगी। 9 अगस्त को सभी महिलाएं बिहार के किसी भी मार्ग पर बीएसआरटीसी की बसों में मुफ्त यात्रा कर सकेंगी। यह सुविधा सभी श्रेणी की बसों साधारण, डीलक्स और वोल्वो में लागू होगी। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के प्रशासक अतुल कुमार वर्मा ने आदेश जारी करते हुए बताया कि इस निर्णय का उद्देश्य भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को सम्मान देना और महिलाओं को सुविधा प्रदान करना है। इससे बहनें अपने भाइयों के पास आसानी से पहुंच सकेंगी और त्योहार को हर्षोल्लास से मना सकेंगी। साथ ही सभी बस चालकों और परिचालकों को निर्देश दिया गया है कि वे महिलाओं की यात्रा के दौरान विशेष ध्यान रखें और योजना का कड़ाई से पालन करें। बीएसआरटीसी ने यात्रियों से अपील की है कि वे इस योजना का भरपूर लाभ उठाएं और रक्षाबंधन को एक सुरक्षित, सुविधाजनक और यादगार अनुभव बनाएं।



### पिंक बस सेवा में भी मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलेगी

बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के प्रशासक अतुल कुमार वर्मा ने आदेश जारी करते हुए बताया कि विशेष रूप से राजधानी पटना में संचालित पिंक बस सेवा में भी महिलाओं को मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलेगी। यह बसें सगुना मोड़ से गांधी मैदान और गांधी मैदान से एम्स के बीच चलती हैं। भीड़ को देखते हुए निगम ने अतिरिक्त बसों का संचालन करने का निर्णय भी लिया है।

## सार संक्षेप

### कश्मीर के डोडा व किश्तवाड़ में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा

**जम्मू।** व्हाइट नाइट कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल पी.के.मिश्रा ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के डोडा और किश्तवाड़ जिलों में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। व्हाइट नाइट कोर ने एक्स पर लिखे पोस्ट में कहा कि जीओसी व्हाइट नाइट कोर ने जीओसी काउंटर इंसर्जेंसी डेल्टा फोर्स के साथ मिलकर आज डोडा और किश्तवाड़ में एक परिचालन समीक्षा की। जीओसी को आंतरिक सुरक्षा स्थिति, खतरे के आकलन और आतंकवाद विरोधी अभियानों के लिए बल की तैनाती के बारे में जानकारी दी गई।

# बिना उचित सत्यापन के कोई भी फार्म न भरें : ममता बनर्जी

**कोलकाता,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को लोगों से बिना उचित सत्यापन के कोई भी फॉर्म न भरने का आग्रह करते हुए कहा कि यह मतदाता सूची से उनका नाम हटाने की चाल हो सकती है। बनर्जी ने विश्व आदिवासी दिवस पर झारग्राम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अगर कोई आपको किसी चीज के बदले में फॉर्म भरने के लिए कहता है, तो बिना समझे ऐसा न करें। वे आपकी जानकारी लेंगे और फिर आपका नाम मतदाता सूची से हटा देंगे। इसके बाद वे आपको एनआरसी का नोटिस थमा देंगे। उन्होंने आगे कहा हम इसे स्वीकार नहीं करेंगे। चाहे आप आदिवासी हों, अनुसूचित जाति के हों, दलित हों, हिंदू हों या मुसलमान हों या फिर कन्याश्री लाभार्थी ही क्यों न हों , सभी का नाम मतदाता सूची में शामिल होना चाहिए। भारत चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र पर सवाल उठाते हुए मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि राज्य प्रशासन निलंबित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मचारियों को धमकाया जा रहा है। कल ही मेरे दो अधिकारियों को नोटिस भेजकर निलंबित कर दिया गया। मैं पूछती हूं , क्या चुनाव की घोषणा भी हो गयी है? आप किस कानून के तहत नोटिस भेज रहे हैं और उन्हें निलंबित कर रहे हैं। आप तो प्राथमिकी दर्ज करने का भी निर्देश दे रहे हैं। इसकी अनुमति नहीं दी जाएगी। मैं किसी को भी सजा नहीं होने दूंगी। इसे ध्यान में रखें। मुख्यमंत्री ने मतदाता सूची को लेकर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग के बीच मिलीभगत की ओर इशारा करते हुए कहा कि मुझे नहीं पता कि मुझे यह कहना चाहिए या नहीं, लेकिन मैं कहूंगी , केंद्र सरकार के पास एक योजना है।



विश्व आदिवासी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को किया संबोधित

# एसआईआर के आंकड़ों में देखी जा रही काफी गड़बड़ी : तेजस्वी यादव

**पटना,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। मतदाता विशेष गहण पुनरीक्षण का काम पूरा हो चुका है। अब दौर दावा आपत्ति का चल रहा है। निर्वाचन आयोग की ओर से इसको लेकर विशेष दिशा-निर्देश भी जारी किए जा चुके हैं। अब तेजस्वी यादव ने भी बड़ा फैसला ले लिया है। तेजस्वी यादव ने अपने सभी नेताओं को खास कार्य सौंप दिया है। जिसे हर हाल में पूरा करना होगा। गुरुवार को दिल्ली जाने से पहले तेजस्वी यादव ने अपने पार्टी नेताओं के साथ बड़ी बैठक की है। बैठक में पार्टी के सभी विधायक जिलाध्यक्ष प्रधान महासचिव मौजूद रहे। तेजस्वी ने सबको ऑनलाईन संबोधित किया। तेजस्वी ने अपने सभी नेताओं को टास्क सौंपा है। तेजस्वी ने मीटिंग में सभी नेताओं को सर्वेक्षण के आए आंकड़ों की जानकारी दी। तेजस्वी ने अपने नेताओं को बताया कि इन आंकड़ों में काफी गडबडी देखी जा रही है।

राजद नेता ने सभी पार्टी नेताओं को सौंपा खास कार्य



जिस मतदाता का नाम कटा है उसके नाम को हर हाल में जुड़वाएं कार्यकर्ता : तेजस्वी यादव

### चुनाव आयोग से नहीं मिला कोई नोटिस : यादव

बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने दो वोटर कार्ड को लेकर नोटिस मिलने पर कहा कि उन्हें चुनाव आयोग से कोई नोटिस नहीं मिला है। पटना जिला निबंधन से नोटिस आया है। उसका हम लोग जवाब तैयार कर रहे हैं और अच्छा जवाब दे रहे हैं। उन्होंने दो-दो वोटर कार्ड बना दिए और जवाब हमसे मांग रहे हैं। मतलब गलती वे खुद करें और जवाब हमसे मांग रहे हैं। ऐसा जवाब मिलेगा कि उन्हें कोई जवाब नहीं सूझेगा। पूर्व विधायक अनंत सिंह के तेजस्वी यादव के 15 सीट पर सिमट जाने के दावे को लेकर उन्होंने कहा कि हमारे प्रवक्ता बंटू सिंह से पूछ लीजिए, वही इसका जवाब देंगे।

# कर्नाटक में धर्मस्थल की जांच के दौरान नर कंकाल बरामद

**बेंगलुरु,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। कर्नाटक के गृह मंत्री डॉ. जी. परमेश्वर ने गुरुवार को कहा कि विशेष जांच दल (एसआईटी) ने एक धर्मस्थल में कथित सामूहिक कब्रों की चल रही जांच के दौरान चिह्नित स्थलों से एक नर कंकाल और कई मानव हड्डियां बरामद की। डॉ. परमेश्वर ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि ये अवशेष एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा किए गए खुलासे के आधार पर बरामद किए गए हैं। अज्ञात व्यक्ति ने धारा 164 के तहत एक मजिस्ट्रेट के समक्ष अपनी गवाही दी थी। उन्होंने कहा कि धर्मस्थल में कथित सामूहिक कब्रों की जाँच मानव अवशेषों की पहली आधिकारिक पुष्टि के साथ महत्वपूर्ण चरण में पहुंच गयी है। कंकाल और प्राप्त अवशेषों को विश्लेषण के लिए फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि छठे चिह्नित स्थान पर एक नर कंकाल बरामद किया गया। तेरहवें स्थान पर कुछ भी नहीं मिला।


**छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी मत्स्य महासंघ मर्यादित, रायपुर**

मुख्यालय का पता :- मछली पालन विभाग परिसर, तेलीबांधा थाने के पास, तेलीबांधा रायपुर पो.आ. रविग्राम पिन कोड- 492006, दूरभाष- 0771-4267693, Email- cgmatsyamahasangh@gmail.com

क्रमांक 459/ममसं/तक./जला./2025-26 रायपुर, दिनांक 07/08/2025

**मत्स्य पालन हेतु लीज पर जलाशय आबंटन बाबत्**

**निविदा तिथि में संशोधन की सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालयीन पत्र क्र. 362/ममसं/तक./जला./2025-26 रायपुर दिनांक 16.07.2025 द्वारा मत्स्य पालन हेतु लीज पर जलाशय आबंटन बाबत जारी संक्षिप्त निविदा सूचना की तिथियों में एतद् द्वारा निम्नानुसार संशोधन किया जाता है-

1. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - दिनांक 13 अगस्त 2025, सायं 05.00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि - दिनांक 14 अगस्त 2025, अपरान्ह 3.00 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि - दिनांक 14 अगस्त 2025, अपरान्ह 4.00 बजे

निविदा के संबंध में अन्य जानकारी एवं शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

प्रबंध संचालक



**आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड**

Aadhar Housing Finance Ltd

**कार्पोरेट कार्यालय:** युनिट नं. 802, नटराज रुस्तमजी, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे एवं एम.वी. रोड़, अंधेरी (पूर्व), मुम्बई-400069.
**रायपुर शाखा:** 1ए एवं 1बी, दूसरी मंजिल, श्याम प्लाजा, पंडरी, रायपुर-491001, छत्तीसगढ

**ई-नीलामी - बिक्री सूचना**

सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय परिसंपत्ति के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

इसके द्वारा सामान्य रुप से सर्वसाधाण को और विशेष रुप से ऋणी(यों) एवं जमानतदार(ओं) को सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जिसका कब्जा आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है', और 'जो कुछ भी है'** बिना किसी ज्ञात बाधा के आधार पर विक्रय किया जाएगा जिनका विवरण नीचे दिया गया है:-

| क्रं. | ऋणी(यो)/सह ऋणी(यो)/जमानतदार | मांग सूचना दिनांक एवं राशि | अचल संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य (RP) | बयाना जमा राशि (ईएमडी) (RP का 10%) | कब्जे का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | (लोन कोड नं. 00810000848 / रायपुर शाखा) छत्रपति बिसेन (ऋणी), निशा छत्रपति बिसेन (सह-ऋणी) | 12-04-2025 एवं ₹ 2,19,029/- | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, मौजा ग्राम पाहंदा खं. नं. 2164 1 प.ह.नं. 02 आर एन एम अमलेश्वर तहसील पाटन जिला दुर्ग छत्तीसगढ़490042 **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व - विकेता की शेष भूमि, पश्चिम- सड़क, उत्तर - विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण - विक्रेता की शेष भूमि | Rs. 2,16,000/- | Rs. 21,600/- | भौतिक |

1. केवाईसी, निविदा प्रपत्र एवं स्वीकृत नियम एवं शर्तों (निविदा दस्तावेज) के साथ बयाना राशि का डीडी जमा करने की अंतिम तिथि **11-09-2025 शाम 5:00 बजे** तक ऊपर उल्लिखित शाखा कार्यालय के पते पर या **https://bankeauctions.com** पर अपलोड की गई है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त निविदा दस्तावेजों को अमान्य निविदा माना जाएगा और तदनुसार अस्वीकार कर दिया जाएगा। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा।
2. संपत्ति के लिए बोली/प्रस्ताव (नीलामी तिथि) खोलने की तिथि **12-09-2025 दोपहर 3:00 बजे से 3:00 बजे तक https://bankeauctions.com** पर है।
3. जैसा कि ऊपर बताया गया है, एएचएफएल संपत्ति पर लंबित किसी भी देनदारी के लिए जिम्मेदार नहीं है। संपत्ति की नीलामी **'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है' और 'जो है वह है' के आधार पर** की जाएगी।
4. डिमांड ड्राफ्ट केवल 'आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड' के पक्ष में बनाया जाना चाहिए।
5. नीलामी/बोली केवल वेबसाइट **https://bankeauctions.com** के माध्यम से 'ऑनलाईन इलेक्ट्रॉनिक बोली' के माध्यम से होगी। बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने से पहले विस्तृत शर्तों के लिए वेबसाइट देखें।
6. इच्छुक बोलीदाताओं को **https://bankeauctions.com/registration/signup**, लिंक के माध्यम से पोर्टल मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पर अपना नाम पंजीकृत करना चाहिए, और अपनी यूजर आईडी और पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त करना चाहिए। संभावित बोलीदाता वेबसाइट **https://bankeauctions.com** के माध्यम से सेवा प्रदाता मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से ई-नीलामी पर ऑनलाईन प्रशिक्षण का लाभ उठा सकते हैं।
7. अधिक जानकारी के लिए आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी, **अश्विन शर्मा, (संपर्क नंबर 7697112220)** या सेवा प्रदाता मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, **श्री प्रभाकरन, मोबाईल नं. +91-74182-81709, ई-मेल: tn@c1india.com & support@bankeauctions.com,** फोन नं. **+917291981124 /25 /26** से संपर्क करें। आज तक, एएचएफएल/ एएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी को उपरोक्त अचल संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों को बेचने, हस्तांतरित करने और/या निपटान करने से रोकने वाला कोई आदेश और/या अदालती निषेधाज्ञा नहीं है।
8. बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एएचएफएल), सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट यानी www.aadharhousing.com पर दिए गए लिंक को देखें।
9. नीलामी के लिए बोली वृद्धिशील राशि **रु. 10,000/-** है।
10. यह समाचार पत्र प्रकाशन एवं इसमें निहित डेटा आम जनता के प्रसार के लिए है। इस सामग्री का किसी भी रुप में या किसी भी माध्यम से, चाहे प्रिंट, डिजिटल, किसी भी रुप में इलेक्ट्रानिक प्रकाशन, ईमेल या वेब प्रकाशन, या किसी भी अन्य माध्यम से, संपूर्ण या आंशिक रुप से किसी भी तरह से पुनरुत्पादन, वितरण, प्रसारण या पुनर्प्रकाशन सख्त वर्जित है। किसी भी माध्यम से उपरोक्त सामग्री के किसी भी अनधिकृत उपयोग के परिणामस्वरुप AHFL द्वारा उचित कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

**स्थान : छत्तीसगढ़**
**दिनांक : 08-08-2025**

**सही/- प्राधिकृत अधिकारी**
**आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**



CAPRI GLOBAL HOUSING FINANCE LIMITED

**कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड**

पंजीकृत एवं कार्पोरेट कार्यालय :- 502, टावर-ए, पेनिन्सुला बिजनेस पार्क, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-400013
सर्किल कार्यालय :- 9-बी, द्वितीय तल, पूसा रोड, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली-110060

**परिशिष्ट -IV-क खनियम 8 (6) और 9(1) का परंतुक देखें,**
**अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) तथा 9(1) के परंतक के अधीन अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका प्रलक्षित/भौतिक कब्जा कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, प्रत्याभूत लेनदार, के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, नीचे वर्णित कर्जदार की तरफ कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, प्रत्याभूत लेनदार, की बकाया राशि की वसूली के लिए निम्नवर्णित तिथियों को "जैसी है जहां है", जैसी है जो है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर बेची जाएगी। सुरक्षित मूल्य, ईएमडी राशि तथा सम्पत्ति का विवरण नीचे दिया गया है।

| क्र. सं. | 1. कर्जदार(रों) का नाम 2. बकाया राशि | बंधक सम्पत्ति का वर्णन | 1. ई-नीलामी की तिथि एवं समय 2. ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 3. सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि एवं समय | 1. सुरक्षित मूल्य 2. सम्पत्ति की ईएमडी 3. वृद्धि मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. श्रीमती गोर्ती विजया लक्ष्मी ("कर्जदार") 2. श्री जी.वी.एस.एल. सुधीर 3. श्री जी.वी.एल.एस. संदीप (सह-कर्जदार) ऋण खाता सं. LNHLRAP000030205 (पुराना)/51200000800751 (नया) रूपये 20,49,625/- (रूपये बीस लाख उन्चास हजार छह सौ पच्चीस मात्र) 03-12-2024 तक + आगे लागू ब्याज। | **सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड :** भूमि एवं भवन मकान, क्षेत्रफल परिमाप 450 वर्ग फीट, प्लॉट नंबर 03 का भाग, खसरा नंबर 303/756 का भाग, मौजा-भिलाई-03, वार्ड नंबर 16, शान्ति नगर वार्ड, टॉकीज रोड की पश्चिम साइड, तहसील पाटन, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़-490025, **चौहद्दी निम्नानुसार -** पूरब : श्रीमती ज्योति गाजीर द्वारा बेचा जा रहा प्लॉट, पश्चिम : विक्रेता की बाकी भूमि, उत्तर : श्री राजेन्द्र कुमार की भूमि, दक्षिण : 20 फीट रोड | 1. ई-नीलामी की तिथि : 26-08-2025 (अप. 3.00 बजे से अप. 4.00 बजे के बीच) 2. ईएमडी, केवाईसी सहित जमा करने की अंतिम तिथि : 25-08-2025 3. निरीक्षण की तिथि : 23-08-2025 | सुरक्षित मूल्य : रू. 9,00,000/- (रूपए नौ लाख मात्र) धरोहर राशि जमा : रू. 90,000/- (रूपए नब्बे हजार मात्र) वृद्धि मूल्य : रू. 10,000/- (रूपए दस हजार मात्र) |

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, प्रत्याभूत लेनदार, की वेबसाइट www.caprihomeloans.com/auction में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें।

**ऑनलाइन ई-नीलामी बिक्री के नियम एवं शर्तें :-**

1. सम्पत्ति "जैसी है जहां है, जो भी है वहां है तथा कोई वापसी नहीं आधार" पर बेची जा रही है। अतएव बिक्री किसी प्रकार की वारंटी एवं क्षतिपूर्ति के बिना की जा रही है।
2. सम्पत्ति/आस्ति के विवरण (उदाहरण के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना में विनिर्दिष्ट सीमा एवं परिमाप) प्रतिभूत लेनदार की सर्वश्रेष्ठ जानकारी के अनुसार वर्णित किए गए हैं तथा प्रतिभूत लेनदार किसी त्रुटि, मिथ्याकथन अथवा विलोपन के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। वास्तविक सीमा एवं माप भिन्न हो सकता है।
3. प्रतिभूत लेनदार द्वारा जारी की गई ई-नीलामी बिक्री सूचना जनसाधारण को अपनी बोलियां प्रस्तुत करने हेतु एक आमंत्रण है तथा यह प्रतिभूत लेनदार की ओर से कोई वचनबद्धता अथवा अभिवेदन नहीं है और न ऐसा करता समझा जाएगा। इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले स्वामित्व विलेख की प्रति प्रतिभूत लेनदार से प्राप्त करने और सम्पत्ति/आस्ति के स्वामित्व के स्वामित्व एवं वर्तमान दशा तथा सम्पत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/देयताओं की स्वतंत्र जांच/सतर्क जांच कर लेने की सलाह दी जाती है।
4. नीलामी/बोलीदान सेवा प्रदाता मैसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, अहमदाबाद द्वारा उपलब्ध कराई गई वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net पर अथवा ऑक्शन टाइगर मोबाइल ऐप के माध्यम से "ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक मोड" द्वारा होगा, जो ई-नीलामी प्लेटफार्म के जरिए नीलामी की सम्पूर्ण प्रक्रिया की व्यवस्था एवं समन्वय करेंगे।
5. बोलीदाता बोलीदान के लिए अपनी पसंद के स्थान से ई-नीलामी में भाग ले सकते हैं। इंटरनेट की व्यवस्था बोलीदाता को स्वयं करनी होगी। प्रतिभूत लेनदार/सेवा प्रदाता इंटरनेट कनेक्टिविटी, नेटवर्क समस्याओं, सिस्टम क्रैश डाउन, पावर फेल्योर इत्यादि के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
6. संभावित बोलीदाता ई-नीलामी के संबंध में विस्तृत विवरण, सहायता, प्रक्रिया तथा ऑनलाइन बोलीदान के लिए सेवा प्रदाता मैसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, ऑक्शन टाइगर, अहमदाबाद (सम्पर्क नंबर 079-68136880/68136837), श्री रामप्रसाद शर्मा मोबाइल नंबर 800-002-3297/79-6120 0559, ई-मेल : ramprasad@auctiontiger.net से सम्पर्क कर सकते हैं।
7. इच्छुक बोलीदाताओं को ई-नीलामी बिक्री में भाग लेने के लिए अपने नाम का पंजीकरण https://sarfaesi.auctiontiger.net पर पर्याप्त अग्रिम में करवाना होगा तथा यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त करना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को सेवा प्रदाता से पासवर्ड मिलते ही तत्काल इसको बदल लेने की सलाह दी जाती है।
8. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए, इच्छुक बोलीदाता को एक प्रतिदेय ईएमडी, जोकि सुरक्षित मूल्य की 10 प्रतिशत है (उपरि वर्णित अनुसार) "कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनैस लिमिटेड" के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट/एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से 25-08-2025 को अथवा पूर्व जमा करनी होगी।
9. इच्छुक बोलीदाताओं को विधिवत भरा गया बोली प्रपत्र (फार्मेट https://sarfaesi.auctiontiger.net पर उपलब्ध है) ईएमडी हेतु डिमांड ड्राफ्ट प्रेषण के साथ एक सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत करना चाहिए, जो प्राधिकृत अधिकारी, कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, आंचलिक कार्यालय, यूनिट नंबर 101-103, प्रथम तल, प्लॉट नंबर 103/4, कृष्णा टावर, स्कीम नंबर 140, आईसीआईसीआई बैंक के ऊपर, पिपलियाना स्क्वायर, इंदौर, मध्य प्रदेश को अधिकतम 25-08-2025 के अप. 03.00 बजे तक भेजा जा सकता है। सीलबंद लिफाफे पर "कर्जदार नाम" की सम्पत्ति के लिए ऋण खाता नंबर - .......................... (ऊपर वर्णित अनुसार) में ई-नीलामी बिक्री में भाग लेने हेतु बोली" शीर्षांकित किया जाना चाहिए।
10. ईएमडी के साथ बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि समाप्त होने के बाद, प्राधिकृत अधिकारी उनके द्वारा प्राप्त बोलियों की जांच करेंगे तथा योग्य बोलीदाताओं (जिनके द्वारा अपनी बोलियां सुरक्षित मूल्य से अधिक उद्धृत की गई हैं तथा प्रतिभूत लेनदार द्वारा विनिर्दिष्ट ईएमडी जमा की गई है) के विवरण की पुष्टि मैसर्स ई प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड को करेंगे ताकि वे ई-नीलामी बिक्री सूचना में वर्णित तिथि और समय पर ऑनलाइन परस्पर बोलीदान/नीलामी कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति केवल उन्हीं योग्य बोलीदाताओं को दें।
11. योग्य बोलीदाताओं के बीच परस्पर बोलीदान योग्य बोलीदाताओं द्वारा उद्धृत उच्चतम बोली से आरंभ किया जाएगा। परस्पर बोलीदान की प्रक्रिया के दौरान 10 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार होंगे अर्थात ई-नीलामी समाप्त होने का समय अंतिम विस्तार से 10 मिनट के भीतर बोली आने पर हर बार स्वतः 10 मिनट आगे बढ़ जाएगा।
12. एक बार बोली देने के बाद निरस्त या वापस नहीं की जा सकती है। बोलीदाता को उपलब्ध कराई गई यूजर आईडी से दी गई सभी बोलियां केवल उसके द्वारा दी गई बोली मानी जाएंगी।
13. ई-नीलामी प्रक्रिया समाप्त होने पर, उच्चतम बोलीदाता को उसके द्वारा उद्धृत अंतिम बोली की राशि की पुष्टि तत्काल ई-मेल द्वारा प्राधिकृत अधिकारी, कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, आंचलिक कार्यालय, यूनिट नंबर 101-103, प्रथम तल, प्लॉट नंबर 103/4, कृष्णा टावर, स्कीम नंबर 140, आईसीआईसीआई बैंक के ऊपर, पिपलियाना स्क्वायर, इंदौर, मध्य प्रदेश तथा सेवा प्रदाता दोनों को भेजी जाएगी, ताकि उसको ई-नीलामी प्रक्रिया में सफल बोलीदाता घोषित किया जा सके।
14. सफल बोलीदाता को बोली राशि की 25 प्रतिशत राशि (ईएमडी सहित) बोली उसके पक्ष में छूटने पर, बिक्री के 24 घंटे के भीतर तथा बोली राशि की शेष 75 प्रतिशत राशि बिक्री की तिथि से 15 दिन के भीतर कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड के पक्ष में डीडी/पे ऑर्डर/एनईएफटी/ आरटीजीएस/चैक द्वारा जमा करनी होगी।
15. सफल बोलीदाता/नीलामी क्रेता द्वारा निर्धारित राशियों का भुगतान नियत अवधि के भीतर करने में चूक की स्थिति में, बिक्री रद्द कर दी जाएगी तथा पहले जमा की जा चुकी राशियां (ईएमडी सहित) जब्त कर ली जाएंगी और सम्पत्ति दोबारा बिक्री हेतु रखी जाएगी।
16. सफल बोलीदाता के अनुरोध पर, प्राधिकृत अधिकारी द्वारा, बोली राशि की बकाया रकम चुकाने के लिए समय, एकमात्र अपने विवेकानुसार लिखित रूप में आगे बढ़ाया जा सकता है।
17. सफल बोलीदाता को बिक्री मूल्य की 1 प्रतिशत राशि बतौर टीडीएस (बिक्री राशि से) अदा करनी होगी तथा टीडीएस सर्टिफिकेट प्राधिकृत अधिकारी के पास जमा करना होगा तथा बिक्री मूल्य की पूरी राशि (1 प्रतिशत टीडीएस काटने के बाद), ईएमडी समायोजित करते हुए, प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ऑफर स्वीकार किए जाने के 15 कार्यदिवस के भीतर अथवा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उपयुक्त विचारित विस्तारित अवधि के भीतर अदा करनी होगी, जिसमें असफल रहने पर जमा की गई धरोहर जमा जब्त कर ली जाएगी।
18. म्युनिसिपल/पंचायत कर, बिजली बकाया (यदि कोई) तथा किसी अन्य प्राधिकरण बकाया (यदि कोई) का भुगतान बिक्री प्रमाणपत्र के निर्गमन से पूर्व सफल बोलीदाता द्वारा किया जाएगा। बोलियां सम्पत्ति से संबंधित सभी कानूनी बकाया को ध्यान में रखकर दी जानी चाहिए।
19. प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सफल बोलीदाता के पक्ष में बिक्री प्रमाणपत्र उसके द्वारा पूर्ण क्रय मूल्य/बोली राशि जमा करने तथा सभी करों/प्रभारों के भुगतान के संबंध में आवश्यक प्रमाण प्रस्तुत करने पर ही जारी किया जाएगा।
20. हस्तांतरण, स्टाम्प ड्यूटी, पंजीकरण हेतु लागू कानूनी प्रभार तथा अन्य अनुषंगी प्रभार नीलामी क्रेता को वहन करने होंगे।
21. प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही प्रास्थगित/निरस्त कर सकते हैं। ई-नीलामी बिक्री कार्यक्रम बिक्री की निर्धारित तिथि से 15 से कम दिन पहले की तिथि हेतु प्रास्थगित करने की स्थिति में, यह सेवा प्रदाता की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी।
22. प्राधिकृत अधिकारी का निर्णय अंतिम, बाध्यकारी होगा तथा इसको चुनौती नहीं दी सकती है।
23. सभी बोलीदाता, जिनके द्वारा बोलियां प्रस्तुत की गई हैं, यह माना जाएगा कि वे ई-नीलामी बिक्री के नियम एवं शर्तें पढ़ एवं समझ चुके हैं तथा उनके अधीन बाध्य होंगे।
24. सम्पत्ति में रखी चल वस्तु (यदि कोई) इस बिक्री का अंश नहीं है।
25. अतिरिक्त विवरण तथा पूछताछ के लिए प्राधिकृत अधिकारी, कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड : श्री संदीप दीक्षित मोबाइल नंबर 8989694769 से सम्पर्क करें।
26. यह प्रकाशन उक्त ऋण खाते के कर्जदार/बंधकदाता/गारंटर को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) तथा 9(1) के तहत, उपरिवर्णित तिथि/स्थान पर नीलामी बिक्री आयोजित करने के संबंध में 15 (पंद्रह) दिन का कानूनी नोटिस भी है।

विशेष अनुदेश/चेतावनी : बोलीदाताओं को अन्तिम मिनटों अथवा क्षणों में बोलीदान करने की प्रवृत्ति को स्वयं के हित में त्यागना होगा। ना तो कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड और ना ही सेवा प्रदाता बोलीदाता की ओर से किसी विफलता/कमी (विद्युत विफलता, इंटरनेट विफलता इत्यादि) हेतु उत्तरदायी होंगे। ऐसी स्थिति से बचने के क्रम में बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे अपेक्षित बैकअप पॉवर आपूर्ति इत्यादि जैसी आवश्यक व्यवस्थाएं/विकल्प तैयार रखें, ताकि वे किसी भी आकस्मिक रूकावट से बच सकें और नीलामी में सफलतापूर्वक भाग ले सकें।

**स्थान : दुर्ग, छत्तीसगढ़**
**तिथि : 08-08-2025**

**हस्ता/- (प्राधिकृत अधिकारी)**
**कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड**

# दुनिया रंग-बिरंगी

## एक बार फिर पुलिस अधिकारी की भूमिका नजर आएंगे मनोज

**मुंबई।** मनोज बाजपेयी एक बार फिर पुलिस अधिकारी की भूमिका में अपराधियों के होश उड़ाते नजर आएंगे। सच्ची घटनाओं पर बनी मनोज बाजपेयी और जिम सर्भ स्टारर फिल्म 'इंस्पेक्टर जेंडे' की रिलीज डेट सामने आ चुकी है। मेकर्स ने बताया कि फिल्म 5 सितम्बर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने के लिए तैयार है। यह फिल्म सच्ची घटनाओं से प्रेरित है और इसमें मनोज बाजपेयी इंस्पेक्टर मधुकर जेंडे की भूमिका में हैं, जबकि जिम सर्भ एक चालाक अपराधी कार्ल भोजराज, जिसे 'स्विमसूट किलर' के नाम से जाना जाता है, का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म का लेखन और निर्देशन चिन्मय डी. मांडलेकर ने किया है। प्रोड्यूसर ओम राउत ने बताया कि इंस्पेक्टर जेंडे की कहानी ऐसी है, जिसे देखा और याद किया जाना चाहिए।

# गुड़ स्वाद ही नहीं, फेफड़ों के इलाज में भी प्रभावी

■ मधुमेह रोगियों के लिए गुड़ सुरक्षित विकल्प ■ गुड़ से बनी चाय ताजगी के साथ दूर करती है सुस्ती

**नई दिल्ली,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। मिठास धीमे जहर के समान माना जाता है, जो धीरे-धीरे नुकसान पहुंचाता है। हालांकि, एक मीठापन ऐसा भी है, जो फायदेमंद है और सीमित मात्रा में इस्तेमाल करने से नुकसान भी नहीं होता। जी हां! बात हो रही है गुड़ की, जो न केवल स्वाद बढ़ाता है, बल्कि सेहत के लिए भी वरदान है।

आयुष मंत्रालय के अनुसार, गुड़ शरीर और मन को पोषण देता है। तुलसी, दालचीनी, काली मिर्च, शुंठी और मुनक्का से बनी हर्बल चाय या काढ़े में 10-20 ग्राम गुड़ मिलाकर पीने से इम्यूनिटी बढ़ती है और सर्दी-जुकाम से बचाव होता है।

आयुर्वेद में इसे 'औषधीय चीनी' कहा जाता है, जो 3000 वर्षों से चिकित्सा में उपयोगी है।

अमेरिका की नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के अनुसार, गुड़, गन्ने से बना गुड़, पोषक तत्वों का भंडार है। इसमें जिंक, मैग्नीशियम, आयरन और पोटैशियम जैसे खनिज पाए जाते हैं, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करते हैं। गुड़ में जड़ी-बूटियां या मसाले मिलाकर फोर्टिफिकेशन करने से इसके स्वास्थ्य लाभ और बढ़ जाते हैं। यह सफेद चीनी का स्वस्थ विकल्प है, जो पाचन सुधारने और संक्रमण से बचाव में मदद करता है।



आयुर्वेद का कहना है कि गुड़ से बनी चाय ताजगी देती है और सुस्ती दूर करती है। एक्सपर्ट्स सलाह देते हैं कि दिन में एक या दो बार गुड़ युक्त हर्बल चाय पीने से सेहत को कई लाभ मिलते हैं।

इसके एंटी-एलर्जी गुण फेफड़ों में एलर्जी पैदा करने वाले तत्वों को रोकते हैं, जिससे सांस की तकलीफ और खांसी जैसी समस्याओं में राहत मिलती है। गुड़, गले और फेफड़ों के संक्रमण के इलाज में भी प्रभावी है। इसमें डिटॉक्स गुण भी होते हैं, जो शरीर से हानिकारक तत्वों को बाहर निकालते हैं। इसमें मौजूद आयरन हीमोग्लोबिन बढ़ाता है, जिससे खून साफ रहता है और एनीमिया का खतरा कम होता है। नियमित रूप से गुड़ का सेवन शरीर दर्द जैसी आम समस्याओं से भी बचाव करने में कारगर है। भारत गुड़ का प्रमुख उत्पादक देश है। विशेषज्ञों के अनुसार, गुड़ को हर्बल काढ़े के साथ गर्मागर्म लेना विशेष रूप से फायदेमंद है। यह न केवल ऊर्जा देता है, बल्कि ब्लड शुगर को धीरे-धीरे बढ़ाता है, जिससे मधुमेह रोगियों के लिए भी यह सुरक्षित विकल्प हो सकता है।

## कैंसर से बचाव में फायदेमंद सोंठ



सोंठ, जिसे आमतौर पर सूखी अदरक या ड्राई जिंजर पाउडर के नाम से जानते हैं, भारतीय रसोई और आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति का एक अहम हिस्सा है। यह केवल एक मसाले के रूप में नहीं, बल्कि एक प्राकृतिक औषधि के रूप में भी सदियों से इस्तेमाल में लाई जा रही है। जहां ताजा अदरक में ताजगी और तीखापन होता है, वहीं सोंठ में एक खास तरह की गरमाहट और औषधीय शक्ति होती है, जो इसे बिल्कुल अलग बनाती है। इसे अदरक को सुखाकर बनाया जाता है, लेकिन सुखाने की प्रक्रिया के दौरान इसके गुणों में कई बदलाव आते हैं। यही वजह है कि सोंठ और अदरक दोनों का शरीर पर प्रभाव अलग-अलग होता है। खासकर मानसून में, जब शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है, तब सोंठ का सेवन शरीर को भीतर से मजबूती देता है। अमेरिकी नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के मुताबिक, सोंठ में कैल्शियम, मैग्नीशियम, फाइबर, फोलिक एसिड, विटामिन सी और विटामिन ए जैसे पोषक तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। इसके अलावा, इसमें जिंजेरोल्स, शोगोल्स, जिंगिबेरीन, लिंलालूल, लिमोनीन और गेरानियोल जैसे जैविक तत्व भी मौजूद होते हैं। सोंठ में मौजूद जिंजेरोल्स और शोगोल्स पाचन क्रिया में मददगार होते हैं। वहीं, यह सूजन कम करने, दर्द में राहत देने, और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में भी सहायक होते हैं। यह गैस, अपच, सर्दी-खांसी, गले की खराश, और जोड़ों के दर्द में बेहद उपयोगी मानी जाती है। इसके अलावा, सोंठ में एंटीऑक्सीडेंट गुण भी होते हैं जो शरीर में मौजूद हानिकारक तत्वों को घटाते हैं और कैंसर जैसी बीमारियों से बचाव में मदद कर सकते हैं।

# फिल्म 'लेट्स प्ले गेम' में 'नीता' का किरदार चुनौती : युक्ति कपूर

**मुंबई,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। अभिनेत्री युक्ति कपूर ने अपनी आगामी फिल्म 'लेट्स प्ले गेम' में अपने किरदार को लेकर बात की है। कहा कि उनके किरदार 'नीता' की भावनात्मक दोहरी प्रकृति (एक ही समय में दो अलग-अलग प्रवृत्तियों के लोग) ने उन्हें इस भूमिका की ओर आकर्षित किया। अभिनेत्री ने बताया कि इस किरदार को निभाना उनके लिए बतौर कलाकार एक बड़ी चुनौती थी, साथ ही एक सुनहरा मौका भी था, क्योंकि इस रोल में उन्हें कई तरह की भावनाओं को एक साथ जीने का मौका मिला।

युक्ति ने नीता के किरदार को लेकर कहा कि नीता एक बहुत ही शांत स्वभाव की महिला है, जो बाहर से बहुत शालीन और नियंत्रित दिखाई देती है, लेकिन उसके अंदर बहुत कुछ चल रहा होता है। वह खुद को दुनिया के सामने मजबूत और सहज दिखाती है। वह अपने दर्द को बखूबी छुपा लेती है, और यही उसकी ताकत है। मुझे इस किरदार की भावनात्मक दोहरी प्रकृति ने आकर्षित किया, वह एक साथ कमजोर और शक्तिशाली है। फिल्म में ताश के खेल से जुड़े दृश्यों की तैयारी के बारे में युक्ति ने बताया कि सेट पर ताश खेलना मुझे मेरे



परिवार के साथ दिवाली की रातों की याद दिलाता था। बचपन में हम सभी बिना किसी गंभीरता के ताश खेलते थे, लेकिन इस किरदार के लिए मुझे खेल को गहराई से समझना पड़ा। उन्होंने आगे कहा कि शूटिंग के दौरान ब्रेक में हम सब साथ में ताश खेलते थे। यह हमारी कास्ट के लिए एक बंधन का जरिया बन गया। इसने हमारी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री को भी बेहतर बनाया। मैंने ताश इतनी अच्छी तरह सीख लिया कि इस दिवाली अगर मैं अपने परिवार या दोस्तों के साथ खेलूंगी, तो शायद मैं जीत जाऊंगी।

# हथकरघा परंपरा पुरानी और खास, हमें बचाकर रखना चाहिए : विद्या बालन

**मुंबई,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। अभिनेत्री विद्या बालन ने राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के मौके पर भारत की समृद्ध कला और हथकरघा उद्योग को बचाने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि भारत की हथकरघा परंपरा बहुत पुरानी और खास है, जिसे हमें बचाकर रखना चाहिए। इससे हमारे देश की सांस्कृतिक धरोहर सुरक्षित रहेगी और कारीगरों की मदद भी होगी।

विद्या बालन ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह एक ऐसी जगह पर जाती नजर आईं जहां हथकरघा के जरिए शुद्ध रेशम बनाया जाता है। उन्होंने इस वीडियो के जरिए लोगों से कहा कि वे भारतीय बुनकरों की मदद करें। उन्होंने खासकर शुद्ध रेशमी कपड़े, जिन पर असली सिल्क मार्क लेबल हो, को अपनाने के लिए कहा। साथ ही अपनी संस्कृति पर गर्व करने और अपने देश की पारंपरिक कारीगरी को बढ़ावा देते रहने की अपील की।

वीडियो में विद्या बालन बुनाई के काम को ध्यान से देखती हुई नजर आ रही हैं




और कारीगरों से बात कर रही हैं ताकि वे उनके काम और हुनर को अच्छी तरह समझ सकें। इस वीडियो को साझा करते हुए विद्या बालन ने कैप्शन में लिखा कि आज जब हम राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मना रहे हैं, तो चलिए अपने बुनकरों का सम्मान करें। अपनी पहचान और सांस्कृतिक विरासत को अपनाएं। हमारे हाथ से बने शुद्ध रेशम को प्रोत्साहित करें और अपनाएं। और हमेशा सिल्क मार्क लेबल वाला रेशम खरीदें।

बता दें कि हर साल 7 अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाया जाता है ताकि भारत के बुनकरों के महत्वपूर्ण योगदान और हथकरघा उद्योग की धरोहर को याद किया जा सके। 7 अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के तौर पर इसलिए चुना गया है क्योंकि इसी दिन 1905 में स्वदेशी आंदोलन शुरू हुआ था। इस आंदोलन में लोगों से ब्रिटिश सामान का इस्तेमाल बंद करने और देश में बने उत्पाद, खासकर हाथ से बने कपड़ों को अपनाने की अपील की गई थी। बाद में ये हाथ से बने कपड़े आत्मनिर्भरता और विरोध का मजबूत प्रतीक बन गए।

# व्यायाम गर्दन व कंधों की जकड़न को दूर करने में कारगर

**नई दिल्ली,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। गर्दन की मांसपेशियां खोपड़ी और जबड़े से लेकर आपके कंधे की हड्डियों और कॉलरबोन तक फैली होती हैं। ये मांसपेशियां सिर, गर्दन और रीढ़ के ऊपरी हिस्से को सहारा और स्थिरता प्रदान करती हैं। इसके साथ ही ये सिर को अलग-अलग दिशाओं में घुमाने, चबाने, निगलने और सांस लेने में भी मदद करती हैं। ऐसे में सरल एक्टिविटिज के साथ इन्हें स्वस्थ रखा जा सकता है। आयुष मंत्रालय ने योग के माध्यम से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए एक सरल और प्रभावी सुझाव दिया है। मंत्रालय के अनुसार, योग की शुरुआत गर्दन की गतिविधियों से करें, जो शरीर को धीरे-धीरे सक्रिय करती हैं और नर्वस सिस्टम को शांत रखती हैं। सामान्य योग प्रोटोकॉल में शामिल चार आसान व्यायामों का यह सेट तनाव कम करने, लचीलापन बढ़ाने और सिर व रीढ़ में रक्त संचार को बेहतर बनाने में मदद करता है।

ये चारों व्यायाम रोजमर्रा की जिंदगी में आसानी से किए जा सकते हैं। ये न केवल अच्छी सेहत के लिए




■ लंबे समय तक बैठकर काम करने वाले लोग दिनचर्या में शामिल करें व्यायाम

■ गर्दन को आगे की ओर झुकाना, घूमाना दिलाएगा समस्याओं से छुटकारा

जरूरी हैं बल्कि मानसिक तनाव को भी दूर करते हैं। मंत्रालय ने लोगों से अपील की है कि वे इन सरल व्यायामों को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। खासकर उन लोगों के लिए जो लंबे समय तक बैठकर काम करते हैं, ये व्यायाम गर्दन और कंधों की जकड़न को दूर करने में कारगर हैं।

गर्दन की गतिविधियों को चार चरणों में बांटा है - इनमें फ्लेक्सन (आगे की ओर झुकना), एक्सटेंशन (पीछे की ओर झुकना), साइड बेंडिंग (एक तरफ झुकना), और रोटेशन (घूमना)। पहला चरण है गर्दन को आगे और पीछे की ओर झुकाना या स्ट्रेच करना। यह व्यायाम गर्दन की मांसपेशियों को खोलता है और तनाव को कम करता है। दूसरे चरण में दाएं और बाएं ओर झुकना या खिंचना शामिल है, जो गर्दन की मांसपेशियों को लचीला बनाता है। तीसरे चरण में दाएं और बाएं ओर गर्दन को घुमाना है, जो गतिशीलता को बढ़ाता है। चौथा चरण है गर्दन को पूरा घूमना, जो मांसपेशियों को मजबूती और स्थिरता प्रदान करता है।

गर्दन की मांसपेशियां खोपड़ी से लेकर कंधों और कॉलरबोन तक फैली होती हैं। ये मांसपेशियां सिर, गर्दन और रीढ़ के ऊपरी हिस्से को सहारा देती हैं, साथ ही चबाने, निगलने और सांस लेने जैसी गतिविधियों में मदद करती हैं। ये कंकालीय मांसपेशियां टेंडन के जरिए हड्डियों से जुड़ी होती हैं और स्वैच्छिक होती हैं, यानी इन्हें हम अपनी इच्छा से नियंत्रित कर सकते हैं। इन मांसपेशियों का जटिल मस्कुलोस्केलेटल तंत्र खोपड़ी को धड़ से जोड़ता है, जिससे विभिन्न गतिविधियां संभव हो पाती हैं।

# काम की आजादी पर बाधा न बने भाषा विवाद : कुमार सानू

**मुंबई,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। प्लेबैक सिंगर कुमार सानू ने देश में चल रहे भाषा विवाद पर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि काम के अवसरों के लिए प्रतिभा और अनुकूलन क्षमता भाषा से ज्यादा महत्वपूर्ण है।

सानु ने कहा कि देश में हर व्यक्ति को कहीं भी काम करने की आजादी होनी चाहिए, भले ही उनकी भाषा अलग हो। गायक ने भाषा विवाद पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि भाषाई मतभेदों के बावजूद, सभी को देश भर में काम करने की आजादी होनी चाहिए। किसी की सीखने की क्षमता और रुचि अलग-अलग है। मेरा मानना है कि इसकी वजह से काम में बाधा नहीं आनी चाहिए। कुमार सानू ने कहा कि मैं भाषा के बारे में ज्यादा कुछ नहीं कहना चाहता। लेकिन, हर किसी को देश में कहीं भी काम करने का अधिकार है। भाषा सीखना व्यक्ति की क्षमता और रुचि पर निर्भर करता है। काम के अवसरों में बाधा नहीं बनना चाहिए। हाल ही में भाषा और क्षेत्रीय पहचान को लेकर देशभर में विवाद देखने को मिला। सिंगर सोनू निगम बेंगलुरु में अपने कॉन्सर्ट के बाद विवादों में घिर गए। सामने आए वीडियो में वह एक प्रशंसक के कन्नड़ गाना गाने के अनुरोध को अस्वीकार करते दिखे, जिसे उन्होंने गलत बताया। दरअसल, सोनू ने इस घटना की तुलना जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले से की थी, जिसके बाद उनकी आलोचना हुई। कन्नड़ भाषी समुदाय में नाराजगी फैल गई और एक कन्नड़ समर्थक संगठन ने उनके खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसमें उन पर भाषाई मतभेद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया गया। इसके अलावा, पिछले साल दिसंबर में बंगाली गायिका ईमान चक्रवर्ती भी विवाद में आई थीं। उनके राजारहाट, पश्चिम बंगाल में हुए कॉन्सर्ट का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें उन्होंने एक दर्शक को बंगाली गाने पर प्रतिबंध लगाने की मांग करने पर कड़ा जवाब दिया था।

# अनियमित दिनचर्या के चलते शरीर को जकड़ लेती हैं कई बीमारियां

**नई दिल्ली,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में सेहत को बनाए रखना किसी चुनौती से कम नहीं है। अनियमित दिनचर्या, गलत खान-पान और तनाव के चलते कई तरह की बीमारियां हमारे शरीर को जकड़ लेती हैं। 30-40 की उम्र में ही लोग शुगर, ब्लड प्रेशर, जोड़ों के दर्द, थायराइड और यूरिक एसिड जैसी दिक्कतों से जूझ रहे हैं। जब तक हम अपनी सेहत की देखभाल नहीं करेंगे, तब तक इन बीमारियों से छुटकारा पाना मुश्किल है। हमारे शरीर में कई तरह के तत्व होते हैं, जिनमें से कुछ जरूरी होते हैं और कुछ हानिकारक। ऐसा ही एक तत्व है यूरिक एसिड।

अमेरिका की नेशनल लाइब्रेरी



■ शुगर, ब्लड प्रेशर, जोड़ों के दर्द, थायराइड और यूरिक एसिड जैसी समस्या

■ यूरिक एसिड किडनी स्टोन, ब्लड प्रेशर और दिल की बीमारियों का कारण

ऑफ मेडिसिन के मुताबिक, यूरिक एसिड शरीर में तब बनता है जब हम जो खाना खाते हैं, उसमें मौजूद प्यूरिन नाम के तत्व टूटते हैं।

## यूरिक एसिड से बचने के उपाय

सबसे पहले हमें ऐसी चीजें खाने से बचना चाहिए जिनमें प्यूरिन ज्यादा हो। तले-भुने, मसालेदार और बहुत ज्यादा प्रोटीन वाले भोजन से भी दूरी बनानी चाहिए। इसकी जगह हल्का और संतुलित खाना खाएं। हरी पत्तेदार सब्जियां, मौसमी फल, फाइबर युक्त चीजें और विटामिन सी वाले फल जैसे संतरा, आंवला, और अमरूद को अपने आहार में शामिल करें। पानी पीना बहुत जरूरी है। दिन भर में कम से कम 8-10 गिलास पानी जरूर पिएं ताकि शरीर से यूरिक एसिड आसानी से बाहर निकल सके।

# खयाल से कजरी तक, हर सुर में लय जोड़ने वाली बनारस की 'मां'

**वाराणसी,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। शिवनगरी काशी की संकरी गलियों में सुर और ताल की खुशबू बिखरी हुई है। यहीं, 8 अगस्त 1908 को एक ऐसी शख्सियत ने जन्म लिया, जिसने ठुमरी को न सिर्फ नया आयाम दिया, बल्कि उसे शास्त्रीय संगीत की ऊंचाइयों तक पहुंचाया। ये थीं सिद्धेश्वरी देवी, जिन्हें प्यार से 'मां' कहा गया और जिन्हें समकालीन गायिका केसरबाई केरकर ने 'ठुमरी क्वीन' का खिताब दिया।

बनारस घराने की इस गायिका ने खयाल, ध्रुपद, दादरा, टप्पा, कजरी, चैती, होरी और भजन के जरिए संगीत के हर रंग को जीवंत किया। सिद्धेश्वरी देवी का जन्म वाराणसी के कबीर चौरा में एक संगीतज्ञ परिवार में हुआ। बचपन में उन्हें 'गोगो' पुकारा जाता था, लेकिन यह नाम जल्द ही ठुमरी की दुनिया में चमक का पर्याय बन गया। उनकी मौसी, बनारस घराने की मशहूर गायिका राजेश्वरी देवी ने उन्हें संगीत की शिक्षा दी। पंडित सिया जी मिश्र, बड़े रामदास जी, उस्ताद रज्जब अली खां और इनायत खां जैसे गुरुओं के सान्निध्य में उनकी प्रतिभा निखरती चली गई। सिद्धेश्वरी की गायिकी में ठहराव, भाव और बोल-बनाव की बारीकी के साथ बनारस घराने की खासियत थी, उनकी ठुमरी में वात्सल्य, कृष्ण-भक्ति, श्रृंगार और विरह जैसे रस इतने स्वाभाविक ढंग से उभरते थे कि सुनने वाला मंत्रमुग्ध हो जाता था। एक इंटरव्यू में सिद्धेश्वरी जी ने बताया था, संगीत मेरे लिए पूजा है। जब मैं गाती हूं, तो लगता है जैसे गंगा मैया और कृष्ण मुरारी मेरे सामने हैं। इस इंटरव्यू में उन्होंने बताया कि कैसे बनारस की गलियों, गंगा के घाटों और वहां की होली ने उनकी कजरी और होरी को प्रेरित किया। एक बार जब वह 'सांझ भई घर आओ नंदलाला' गा रही थीं, तो एक श्रोता



■ ठुमरी क्वीन की जयंती -

■ ठुमरी में वात्सल्य, कृष्ण-भक्ति, श्रृंगार और विरह जैसे रस

मंच पर आकर बोलीं, मुझे अपने बेटे की चिंता हो रही है, इजाजत दें। सिद्धेश्वरी ने मुस्कुराते हुए कहा, आपने मेरी गायकी को सार्थक कर दिया, जाइए अपने लाल से मिलिए।

गायिका की बेटी, ठुमरी गायिका सविता देवी ने उनके जीवन और संगीत पर आधारित किताब 'मां सिद्धेश्वरी' में उनके बनारसी अंदाज और संगीत के प्रति समर्पण को बखूबी उकेरा है। इस किताब में सिद्धेश्वरी के उस दौर की कहानी है, जब ठुमरी गायिकाओं को समाज में उपेक्षा झेलनी पड़ती थी। फिर भी, उन्होंने आध्यात्मिकता को ठुमरी में पिरोकर इसे सम्मान दिलाया। गायिका से संबंधित एक किस्सा है, जब वह ओरछा के राजदरबार में गा रही थीं। कुछ लोगों की कानाफूसी से खलल पड़ने पर उन्होंने गायन रोककर गरजते हुए कहा कि संगीत सुनने की क्षमता नहीं, तो बाहर जाओ! यह था उनका बनारसी अंदाज। सिद्धेश्वरी देवी को पद्मश्री, संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार मिला। उनकी बेटी सविता देवी ने उनकी विरासत को 'सिद्धेश्वरी देवी एकेडमी ऑफ इंडियन म्यूजिक' के जरिए आगे बढ़ाया। 18 मार्च 1977 को उन्होंने अंतिम बार 'राम-राम' कहा, तो ठुमरी का एक युग समाप्त हो गया।

# 400 वर्ष प्राचीन शिवालय में महादेव की सेवा में रत रहते हैं दर्जनों नाग

■ पंचमुखी शिवलिंग के स्पर्श से दूर होते हैं कई रोग ■ मंदिर में नंदी और नौ ग्रहों की मूर्तियां भी स्थापित

**उन्नाव,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। भोलेनाथ को प्रिय सावन माह समाप्त होने जा रहा है। इस माह में महादेव का दर्शन-पूजन विशेष फलदायी माना जाता है। देश भर में ऐसे कई प्राचीन मंदिर हैं, जिनकी कथा सुनकर देवाधिदेव पर भक्तों की श्रद्धा और भी बढ़ जाती है। ऐसा ही एक बोधेश्वर महादेव का मंदिर है, जो उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में स्थित है।

बांगरमऊ क्षेत्र में कल्याणी नदी के तट पर स्थित बोधेश्वर महादेव मंदिर आस्था और चमत्कार का संगम है। करीब 400 साल पुराना यह मंदिर न केवल प्राचीन स्थापत्य कला के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि पंचमुखी शिवलिंग और इसके चारों ओर विचरण करने वाले दर्जनों सांपों के लिए भी जाना जाता है। मान्यता है कि इस



शिवलिंग के स्पर्श मात्र से गंभीर रोगों से मुक्ति मिलती है, जिसके चलते सावन के महीने में यहां भक्तों की भीड़ उमड़ती है। मंदिर के गर्भगृह में स्थापित पंचमुखी शिवलिंग अपने आप में एक रहस्य है। पुरातत्व विशेषज्ञों के अनुसार, यह शिवलिंग उस दुर्लभ पत्थर से बना है, जो 400 साल पहले विलुप्त हो चुका था। इस पत्थर की खासियत और महादेव के पांच मुखों की अनूठी संरचना इसे विशेष बनाती है। मंदिर में नंदी और नौ ग्रहों की मूर्तियां भी स्थापित हैं, जिन पर 15वीं शताब्दी की उत्कृष्ट पाषाण कला का नमूना देखने को मिलता है। स्थानीय लोगों का मानना है कि इस शिवलिंग के दर्शन और स्पर्श से न केवल शारीरिक रोग, बल्कि मानसिक समस्याएं भी दूर हो जाती हैं। बोधेश्वर महादेव मंदिर की एक और विशेषता है, यहां रात में आने वाले काले सांप। स्थानीय लोगों का मानना है कि शिवालय में अर्धरात्रि में दर्जनों सांप मंदिर में प्रवेश करते हैं और पंचमुखी शिवलिंग को स्पर्श कर जंगल में लौट जाते हैं। कई भक्तों ने दावा किया है कि उन्होंने शिवलिंग पर सांपों के जोड़े को लिपटे देखा है। यह दृश्य न केवल रहस्यमयी है, बल्कि भक्तों की आस्था को गहरा करता है। मान्यता है कि सांप भगवान शिव के गण हैं, जो उनकी सेवा में रत रहते हैं। मंदिर से जुड़ी एक पौराणिक कथा के अनुसार, राज नेवल के राजा को भगवान शिव ने स्वप्न में पंचमुखी शिवलिंग, नंदी और नौ ग्रहों की स्थापना का आदेश दिया था। जब प्रतिमाएं रथ पर लाई जा रही थीं, तब राजधानी के प्रवेश द्वार पर रथ जमीन में धंस गया। लाख कोशिशों के बावजूद रथ नहीं निकला, जिसके बाद राजा ने उसी स्थान पर मंदिर बनवाकर प्रतिमाओं को स्थापित करवाया।

पुरातत्वविदों का मानना है कि मंदिर के आसपास का 3 एकड़ का टीला किसी प्राचीन बस्ती का अवशेष है, जो पांच सदी पहले किसी आपदा में नष्ट हो गई थी। बोधेश्वर महादेव मंदिर का न केवल धार्मिक, बल्कि ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व भी है।

रायपुर, शुक्रवार 8 अगस्त 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# राहुल गांधी ने बम फोड़ दिया

1 अगस्त को राहुल गांधी ने चेतावनी दे दी थी कि उनके पास चुनाव में वोट चोरी के पक्के सबूत हैं। जब वे इन्हें सार्वजनिक करेंगे तो एटम बम फूटेगा। सात अगस्त की दोपहर जब राहुल गांधी ने वोट चोरी के मुद्दे पर प्रेस कांफ्रेंस की, तो वाकई बड़ा धमाका हो गया। इस प्रेस कांफ्रेंस में राहुल गांधी ने चुनाव आयोग के ही आंकड़ों के जरिए साबित कर दिया कि कर्नाटक की एक विधानसभा सीट में किस तरह 1 लाख से ज्यादा फर्जी वोट पड़े हैं। राहुल गांधी का दावा है कि जिस तरह केवल इस एक सीट पर धांधली की गई है, वह असल में एक आसान तरीका है, जो पूरे देश में कहीं भी आजमाया जा सकता है, बल्कि आजमाया जा चुका है।

राहुल गांधी ने इस प्रेस कांफ्रेंस को 'वोट चोरी' का शीर्षक दिया। जिसमें मीडिया के सामने उन्होंने दिखाया कि भाजपा बेंगलुरु मध्य लोकसभा सीट के सभी सात विधानसभा क्षेत्रों में छह में पिछड़ गई, लेकिन महादेवपुरा में उसे एकतरफा वोट मिला। श्री गांधी ने महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र के मतदाता सूची के पूरे आंकड़े पत्रकारों के सामने पेश किए। 7 फीट से ऊंचे मतदाता सूची के इस पुलिंदे की पूरी पड़ताल में कांग्रेस की एक टीम को कुल छह महीने का समय लगा है। अगर कागज की जगह ये सूची चुनाव आयोग की तरफ से डिजिटली और वह भी मशीन के पढ़ने योग्य फार्म में उपलब्ध कराई जाती, तो शायद यह पड़ताल आसान होती। मगर राहुल गांधी का दावा है कि निर्वाचन आयोग मतदाता सूचियों को 'मशीन के पढ़ने योग्य' (मशीन रीडेबल) डेटा उपलब्ध नहीं करा रहा है ताकि ये सब पकड़ा नहीं जा सके। फिर भी कांग्रेस ने अभी एक ही संदिग्ध नतीजे वाली सीट का विश्लेषण किया तो हतप्रभ करने वाले आंकड़े सामने आए हैं। भाजपा द्वारा जीती गई इस सीट पर 1,00,250 मतों की चोरी की गई, ऐसा कांग्रेस का दावा है।

इन एक लाख दो सौ पचास मतों के विश्लेषण में सामने आया कि 11,965 डुप्लीकेट वोटर बनाए गए, 40,009 फर्जी पतों का इस्तेमाल हुआ, 10,452 वोटर बड़ी संख्या में एक ही पते पर रजिस्टर किए गए, 4,132 वोटर बिना फोटो या अवैध फोटो के साथ जोड़े गए, 33,692 नए वोटर फॉर्म-6 का गलत इस्तेमाल कर जोड़े गए। एक ही पते पर कहीं 40 कहीं 50 लोगों के वोटर आईडी बने हैं। एक ही नाम से कई मतदाता पहचान पत्र बने हैं, जिनमें कहीं कर्नाटक, कहीं महाराष्ट्र, कहीं उत्तरप्रदेश का पता दर्ज है। कई जगहों पर नाम एक थे, फोटो अलग-अलग थे। कई कार्ड्स में मकानों के पते पर शून्य लिखा है। कई में पिता के नाम पर अंग्रेजी के अक्षर अजीबोगरीब क्रम में लिख दिए गए हैं। फार्म 6, जिसके उपयोग से नए मतदाताओं के कार्ड बनते हैं और फिर उनका नाम वोटर लिस्ट में आता है, इस फार्म 6 के तहत 70, 80 साल के मतदाताओं के कार्ड भी बने हैं, जबकि कायदे से इसमें 18 साल वाले वोटर होने चाहिए। इस तरह के फर्जीवाड़े से महज एक सीट पर लाख से अधिक वोट बढ़ाए गए और मजे की बात ये है कि यहां भाजपा की जीत हुई है।

अकाट्य तथ्यों और सबूतों के साथ राहुल गांधी ने चुनाव आयोग की धांधली का उदाहरण देश के सामने पेश कर दिया। फिर अपनी बात दोहराई कि जो खेल इस एक सीट पर हुआ है, उसी तरह की आशंकाएं महाराष्ट्र और हरियाणा चुनावों में भी बनी हैं। इन दोनों राज्यों में कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को जीत की उम्मीद थी, एक्जिट पोल भी यही दर्शा रहे थे। सत्ता पर बैठे हर राजनैतिक दल के खिलाफ एंटी इनकमबेंसी सामान्य बात है, लेकिन भाजपा इससे हमेशा कैसे बच निकल रही है, इसका पूरा खुलासा राहुल गांधी ने किया। उन्होंने कहा कि चुनाव में धांधली की बात हम पहले भी कहते थे, लेकिन पूरे तथ्य नहीं थे, इसलिए झिझकते थे। मगर अब राहुल गांधी ने यह कहने में कोई संकोच नहीं किया कि विपक्ष कभी न कभी सत्ता में आएगा और तब हर छोटे-बड़े जिम्मेदार अधिकारी पर कार्रवाई होगी।

कायदे से इस समय तीनों चुनाव आयुक्तों को अपना इस्तीफा देकर इस धांधली की स्वतंत्र जांच का रास्ता तैयार करना चाहिए। क्योंकि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने के उसके दावे पर ये एक लाख 250 फर्जी वोट सवाल उठा रहे हैं। मगर हमेशा की तरह राहुल गांधी को ही कटघरे में खड़ा करने की कोशिश की जा रही है। भाजपा ने तो चुनाव आयोग की तरफ से जवाब देना शुरु कर ही दिया है। कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राहुल गांधी को पत्र लिखकर अपात्र मतदाताओं के जुड़े और पात्र मतदाताओं के नाम हटाने के आरोप पर शपथ पत्र मांगा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राहुल गांधी और कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल को शुक्रवार 1 से 3 बजे तक मिलने का समय भी दिया है। जब इस बारे में राहुल गांधी से सवाल हुए तो उन्होंने दो टूक कह दिया कि 'मैं एक राजनेता हूं। मैं लोगों से जो कहता हूं वह मेरा वचन है। मैं इसे सार्वजनिक रूप से सभी से कह रहा हूं। इसे शपथ के रूप में लें। यह उनका डेटा है, और हम उनका डेटा दिखा कर रहे हैं। यह हमारा डेटा नहीं है। यह चुनाव आयोग का डेटा है।

राहुल गांधी के इस बड़े खुलासे के बाद अब चुनाव आयोग के पाले में गेंद चली गई है कि वह या तो इन सबूतों को गलत साबित करे या फिर गलती की जिम्मेदारी स्वीकार करे। अगर चुनाव आयोग ऐसा नहीं करता है, तो फिर राहुल गांधी का यह आरोप भी पुख्ता होगा कि नरेन्द्र मोदी जिन 25 सीटों के कारण प्रधानमंत्री बने हैं, वे भी संदिग्ध हैं। लोकसभा के साथ-साथ महाराष्ट्र, हरियाणा, दिल्ली सारे चुनावों पर अब प्रश्नवाचक निशान लग चुका है। कांग्रेस के अलावा अन्य दल भी अब चुनाव आयोग की निष्पक्षता के सबूत मांग रहे हैं।

भाजपा इस लड़ाई को निजी बनाकर राहुल गांधी पर हमला बोल रही है, लेकिन भाजपा को भी यह याद रखना होगा कि इस लोकतंत्र के कारण ही उसे सत्ता मिली है। अगर लोकतंत्र नहीं बचेगा तो क्या भारत बच पाएगा, यह गंभीर सवाल देश के सामने है। इसलिए राहुल गांधी को कटघरे में खड़ा करने की जगह जो मुद्दे उन्होंने उठाए है, उस पर पूरे देश में विचार हो, माननीय सुप्रीम कोर्ट इस पर स्वत: संज्ञान लेकर कार्रवाई करे, तभी चुनाव की चोरी रोकी जा सकेगी।

# दुनिया का दादा क्यों फोड़ रहा है टैरिफ के सुतली बम ?

अपनी सनक में लिए गए फैसलों से हाहाकार मचा देने के आदी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अब भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लाद दिया है। पहले 25 प्रतिशत की घोषणा के बाद अब 25 फीसदी का अतिरिक्त टैरिफ बतौर पैनल्टी इसलिए लगा दिया क्योंकि भारत ने रूस से तेल ख़रीदना (कुल 80 प्रतिशत आयात का 36 प्रतिशत) जारी रखा है; और रखेगा। इसके संकेत भी दे दिए। इसके उलट भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने तो यहां तक कह दिया कि अमेरिका भी तो रूस से यूरेनियम और खाद ख़रीदता है। यही सवाल जब अमेरिकी राष्ट्रपति से एक संवाददाता ने पूछा तो वे इसे सीधे ही टाल गए। 50 प्रतिशत टैरिफ पर विचार के लिए दुनिया के दादा ने भारत को तीन हफ़्तों का समय दिया है क्योंकि तब उनका एक दल ट्रेड डील पर बात करने के लिए भारत में होगा।

यह तो पता नहीं कि बातचीत क्या रुख लेगी, लेकिन अब भारत अमेरिका से पैनल्टी खाने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। ऐसा तो ट्रम्प ने युद्ध सुलगाने वाले देशों के साथ भी नहीं किया। रूस और इजराइल के आगे अमेरिका की चाल ज़रा नहीं बदलती। विस्तारवादी चीन के आगे भी आंकड़ा 30 फ़ीसदी तक पहुंचा है। भारत के साथ केवल ब्राज़ील खड़ा है जिस पर भी 50 प्रतिशत वाला बम फोड़ा गया है। वहां के राष्ट्रपति लुला डी सिल्वा ने साफ़ कह दिया है कि ब्राज़ील व्यापार के नए अवसर तलाशेगा और अपने देश के उद्योगों को राहत देगा। उधर भारत के सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल अभी रूस में हैं और जल्द ही विदेश मंत्री जयशंकर भी जाने वाले हैं। चीन के साथ भी भारत अपनी पॉलिसी शिफ्ट करता हुआ नज़र आ रहा है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस माह के आख़िर में चीन जाएंगे। उनकी यह यात्रा पूरे सात साल बाद हो रही है। ऐसा क्यों हुआ कि 'अब की बार ट्रम्प सरकार' से मज़बूत हुई यह दोस्ती उस कग़ार पर पहुंच गई जहां द्विपक्षीय व्यापार इस क़दर टूटने लगा ?

जवाब अंग्रेज़ी में लिखने वाले एक पद्मश्री पत्रकार के लेख में खोजा जा सकता है। अमूमन वे इस सरकार के विचार से अलग होकर कम ही लिखते हैं लेकिन इस बार उन्होंने लिखा है। लेख में सवाल है कि अमेरिका के साथ ऐसी नौबत क्यों आई ? लेख के मुताबिक लगभग एक दशक से ऐसा लगता रहा था कि भारत अमेरिका का मज़बूत सहयोगी है। वाशिंगटन से मुक़ाबला करने में पाकिस्तान और बांग्लादेश हमसे बेहतर रहे जबकि हमारे यहां मोदी इकोसिस्टम तो आतंरिक सियासी संघर्ष का शिकार हो गया। सरकार को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अमेरिका को यूं नहीं नकारना चाहिए था। संसद की बहस में यह ध्वनि और स्पष्ट हुई कि सरकार यह नहीं स्वीकारना चाह रही है कि ऑपरेशन सिंदूर को रोकने में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की कोई भूमिका रही। क्या हो जाता जो सरकार कह देती कि 'धन्यवाद ट्रम्प जी, पाकिस्तान को सद्बुद्धि देने और उसे खुद को विनाश से बचाने के लिए !'

पत्रकार का सवाल वाजिब है। आखिर कूटनीति इसे ही तो कहा जाता है और यहां इस बार हम चूके हैं। युद्ध का रुकना कब ग़लत हुआ है। वे लिखते हैं- 'शुरुआत में भारत नरेन्द्र मोदी की नई सरकार के साथ लगातार अपनी ताकत का प्रदर्शन कर रहा था,


वर्षा भम्भाणी मिर्जा

> **ट्रम्प की ख़ब्त का कोई ओर-छोर नहीं है। जिस टैरिफ को वे एटम बम बता कर फोड़ते हैं उसकी ताकत सुतली बम से ज़्यादा की न हो क्योंकि इसके पहले मैक्सिको और कनाडा को वे अपना 51वां राज्य बनाने का मंसूबा भी ज़ाहिर कर चुके हैं। फिर उनका ग्रीनलैंड ख़रीदने का मन भी बन गया था। डेनमार्क के डेनिश साम्राज्य के तहत ही ग्रीनलैंड एक स्वतंत्र द्वीप है और इसके नागरिकों ने ही ट्रम्प को टका सा जवाब दे दिया था।**

जो अपने चरम पर उस वक्त दिखा, जब भारत मंडपम में मोदी से हाथ मिलाने और गले लगने के लिए जी-20 देशों के शासनाध्यक्ष कतार में खड़े नजर आए। भारत दुनिया को और खास तौर से पश्चिम को उपदेश पिला रहा था। यह सब मिलकर सत्तातंत्र के विरोधाभास के दो ध्रुवों का पहला ध्रुव बनाता है। दूसरा ध्रुव तब उभरता है जब जी-20 शिखर सम्मेलन में अमेरिका, कनाडा और दबे रूप से ब्रिटेन के साथ रिश्तों में खटास उभरती है। सिख अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर और गुरपतवंत सिंह पन्नू मसले की छाया उभरी, लेकिन ट्रूडो के कनाडा को छोड़ किसी ने कोई हंगामा नहीं खड़ा किया। पहला झटका लगा, जब तत्कालीन अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने घोषणा की कि बाइडेन को नई दिल्ली में जनवरी में होने वाले क्वाड शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया गया है और गणतंत्र दिवस की परेड में मुख्य अतिथि बनने का भी न्यौता दिया गया है। उन्होंने इसे रद्द कर दिया, तो फ्रांस के राष्ट्रपति ने हमें शर्मिंदगी से बचा लिया। इस समय तक हमारा विरोधाभास उभर आया था और उसमें वृद्धि हो रही थी। एक दशक तक यही धारणा बनी रही कि पश्चिमी खेमा भारत को एक महत्वपूर्ण रणनीतिक सहयोगी मानता है। चीन के साथ उत्तर-पश्चिमी और पूर्वी सेक्टरों में तनाव के दौरान अमेरिकी मदद की खामोश स्वीकृति भी उभरी। हम खुद को पश्चिम का अपरिहार्य व अनिवार्यत: स्वाभाविक सहयोगी मानकर खुश होते रहे लेकिन फिर उसके प्रति इंदिरा युग वाली चिढ़ उभरने लगी थी। लेख का अंत दिलचस्प है जो कहता है- ऐसा क्यों नहीं हुआ ? क्योंकि राहुल गांधी ने संघर्षविराम होने के चंद घंटे के भीतर ही पहला वार कर दिया था कि सरकार ने मध्यस्थता स्वीकार की। राहुल गांधी सरकार को अपना एजेंडा बदलने के लिए अक्सर उकसाते रहते हैं। यह सब पीड़ित होने के गहरे भाव में और इज़ाफा ही करता है।

तब क्या वाकई सरकार विपक्ष की भूल-भुलैया में फंस जाती है। जातिगत जनगणना में भी यही हुआ। इस गणना को सर्वथा नकारने वाली सरकार ने फिर इसे कराने की ठान ली। कुछ महीने पहले बिहार में राहुल गांधी की ज़िद और ललकार ने भी सरकार को प्रेरित किया। बिहार में उन्होंने कहा था- 'पहला कदम यह पता लगाना है कि सच्ची स्थिति क्या है। जाति जनगणना को हम छोड़ने वाले नहीं हैं।'

इससे पहले भी राहुल गांधी संसद में ख़म ठोक चुके थे कि, 'अर्जुन की ही तरह उन्हें भी केवल मछली की आंख दिख रही है और वे जातीय जनगणना करा कर रहेंगे।' वे द्रोणाचार्य द्वारा गुरु दक्षिणा में एकलव्य का अंगूठा लिए जाने का उदाहरण देकर कह रहे थे कि आपने किस-किस का अंगूठा काटा है, हम यह जानकर ही दम लेंगे।

भारत-अमेरिका के बीच इस तनाव की वजह जानने का एक सवाल जब एआई चैटजीपीटी से पूछा जाता है तो जवाब आता है- साल 2023 में यूएस डिपार्टमेंट ऑफ़ जस्टिस ने एक भारतीय नागरिक को पन्नू की हत्या की कोशिश का आरोपी ठहराया था और ऐसा ही एक मामला कनाडा में हरदीप सिंह निज्जर की हत्या से भी जुड़ा देखा गया। इन घटनाओं ने विदेशी धरती पर भारतीय ख़ुफ़िया विभाग को संदेह की निगाह से देखने पर मजबूर किया। समय-समय पर अमेरिकी सरकार और मानव अधिकार संगठनों ने भी भारत में प्रेस की आज़ादी और धार्मिक स्वतंत्रता के मसलों को गंभीर माना। भारत की ओर से असहमत आवाज़ों और गैर सरकारी संगठनों पर सख्ती भी एक वजह रही। अमेरिका में विदेश नीति के केंद्र में लोकतंत्र और मानव अधिकार का नैरेटिव काम करता है, लिहाज़ा तनाव भी बढ़ा। यूक्रेन युद्ध की पृष्ठभूमि में रूस से तेल ख़रीदना भी एक वजह है। बहरहाल इन तमाम कारणों से अलग राष्ट्रपति ट्रम्प जो टैरिफ का खेल चला रहे हैं, उसे खुद अमेरिकी कानून ही शक्ति का दुरुपयोग बता रहा है। पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को हिला देने वाले ट्रम्प का असल विरोध भी शायद उन्हीं के देश से होगा क्योंकि लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की आज़ादी को वहां बुनियादी हक़ माना गया है। नोबेल पुरस्कार विजेता (2008) और अर्थशास्त्र के जानकार पॉल क्रुगमैन ने भी कह दिया है कि व्यापार को लेकर ट्रंप जो भी कर रहे हैं वह ग़ैरक़ानूनी है और आंकड़े बता रहे हैं कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था अब धीमी हो चली है।

वैसे ट्रम्प की ख़ब्त का कोई ओर-छोर नहीं है। जिस टैरिफ को वे एटम बम बता कर फोड़ते हैं उसकी ताकत सुतली बम से ज़्यादा की न हो क्योंकि इसके पहले मैक्सिको और कनाडा को वे अपना 51वां राज्य बनाने का मंसूबा भी ज़ाहिर कर चुके हैं। फिर उनका ग्रीनलैंड ख़रीदने का मन भी बन गया था। डेनमार्क के डेनिश साम्राज्य के तहत ही ग्रीनलैंड एक स्वतंत्र द्वीप है और इसके नागरिकों ने ही ट्रम्प को टका सा जवाब दे दिया था। ट्रम्प की यही क़ारोबारी मानसिकता पूरी दुनिया में खलबली मचा रही है जिसका कोई आधार नज़र नहीं आता। अलबत्ता एक पासा है जो जब-तब उछाल दिया जाता है। सोचिए, जो शायर अकबर इलाहाबादी इस दौर में होते तो अपनी ग़ज़ल के इस शेर में क्या कुछ बदलाव करते। काश कि कवियों जैसा थोड़ा सब्र भी इन हुक्मरानों में आया होता-

दुनिया में हूं दुनिया का तलबगार नहीं हूं,
बाज़ार से गुज़रा हूं ख़रीददार नहीं हूं।।

**( लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं )**

# राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर शुल्क 50 फीसदी तक बढ़ाया : क्या होगा इस आदेश का असर

■ **अरुण कुमार डनायक**

6 अगस्त 2025 को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद के चलते अतिरिक्त 25फीसदी आयात शुल्क लगाने का आदेश जारी किया, जिससे कुल अमेरिकी शुल्क अब 50फीसदी हो गया।

अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति और आर्थिक हितों की रक्षा हेतु जारी इस कार्यकारी आदेश में कहा गया है कि यदि रूस या कोई अन्य प्रभावित देश अमेरिका के साथ समन्वय स्थापित कर आपात स्थिति के समाधान की दिशा में कदम उठाता है, तो राष्ट्रपति को आदेश संशोधित करने का अधिकार भी है, जिससे यह नीति लचीली बनती है।

इस आदेश के लागू होने की समय-सीमा 21 दिन तय की गई है, अर्थात भारत और रूस को इस अवधि के भीतर अमेरिका से बातचीत कर शुल्कों में किसी संभावित बदलाव की संभावनाएं तलाशने का अवसर मिलेगा।

इस आदेश से स्पष्ट है कि अमेरिका उन देशों पर दबाव बनाना चाहता है जो यूक्रेन युद्ध के बाद भी रूसी ऊर्जा का उपयोग कर रहे हैं।

ट्रंप के इस कदम से भारत की आर्थिक योजनाएं प्रभावित हो सकती हैं। जहां एक ओर भारत ने ऊर्जा जरूरतों एवं परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात हेतु रूस से तेल खरीद जारी रखी है, वहीं अमेरिका के साथ व्यापारिक तनाव बढ़ने का खतरा है। यह स्थिति भारत के लिए एक निर्णायक मोड़ साबित हो सकती है, खासकर जब कई अमेरिकी कंपनियां उसे चीन के विकल्प के रूप में देख रही थीं। इसका प्रतिकूल प्रभाव प्रवासी भारतीयों पर भी होगा— आयातित भारतीय वस्तुओं के मूल्य में वृद्धि उनके उपभोग व्यय को बढ़ाएगी, जिससे न केवल उनकी बचत क्षमता पर असर पड़ेगा, बल्कि भारत को भेजी जाने वाली विदेशी मुद्रा में भी गिरावट आने की संभावना है।

चीन भी रूस से तेल खरीदता है, फिर भी उसे अतिरिक्त अमेरिकी शुल्कों का सामना नहीं करना पड़ा, संभवत: इसलिए कि अमेरिका-चीन के बीच व्यापार वार्ताएं जारी हैं। फिलहाल अमेरिका ने चीनी वस्तुओं पर शुल्क लगाए हैं, जिसके जवाब में चीन ने अमेरिकी उत्पादों पर प्रतिशोधात्मक कर लगाया है।

भारत पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए दंडात्मक शुल्क ने वैश्विक राजनीति में हलचल मचा दी है और वैश्विक व्यापार, ऊर्जा-नीति और भू-राजनीतिक समन्वय को जटिल बना दिया है। ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने ट्रंप के फैसले का समर्थन करते हुए उन्हें 'साहसी' और 'तार्किक' बताया, साथ ही यूरोप से भी वैसा ही रुख अपनाने की अपील की। हालांकि ऐसा कहा जा सकता है कि जॉनसन ने इस बहाने वर्तमान ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर पर कटाक्ष किया है। लेकिन यदि ब्रिटेन और यूरोपीय संघ, विपक्ष व स्वदेशी के दबाव में अमेरिका की राह पर चलते हैं, तो भारत के लिए स्थिति और जटिल हो सकती है।

रूस से ऊर्जा खरीद पर अमेरिका के दबाव के बीच चीन ने पहली बार भारत का समर्थन करते हुए कहा कि उसकी विदेश नीति स्वतंत्र है। यह चीन की ओर से भारत को मिला एक दुर्लभ सार्वजनिक समर्थन है, विशेषकर ऐसे समय में जब अमेरिका दोनों देशों के साथ व्यापारिक टकराव की राह पर है। जो दोनों देशों के बीच संभावित रणनीतिक समीकरण का संकेत देता है। इसी संदर्भ में प्रधानमंत्री मोदी की इस महीने शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन हेतु प्रस्तावित चीन यात्रा, जो गलवान झड़प के बाद पहली होगी, अमेरिका को यह सूक्ष्म संदेश भी देती है कि भारत के पास वैकल्पिक कूटनीतिक रास्ते मौजूद हैं। इस तरह चीन द्वारा भारत को दिया गया यह समर्थन केवल एक कूटनीतिक वक्तव्य नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति-संतुलन में संभावित बदलाव की ओर संकेत करता है।

अब भारत को आत्मनिर्भरता और वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने की दिशा में अपने प्रयास तेज करने होंगे। अमेरिका के टैरिफ युद्ध ने कई देशों को अपनी नीतियों पर पुनर्विचार के लिए मजबूर किया है। फ्रांस, जर्मनी और कनाडा जैसे देश आर्थिक सुधार और सुरक्षा सुदृढ़ीकरण की दिशा में सक्रिय हैं। अमेरिका के आक्रामक कदमों ने अन्य देशों को सुधार का अवसर देकर सकारात्मक बदलाव की राह खोली है।

> **अब देखने की बात यह है कि भारत सरकार इस चुनौती का सामना किस तरह करती है—क्या वह कूटनीतिक संवाद और विवेकपूर्ण व्यापारिक रणनीतियों के माध्यम से इसे अवसर में बदल पाएगी, या फिर अमेरिकी प्रतिबंधों के आर्थिक दबाव को मौन रूप से सहने के लिए मजबूर होगी। यही निर्णय भारत की आगामी वैश्विक भूमिका को परिभाषित करेगा।**

भारत ने इस बार कड़ी प्रतिक्रिया दी। भारत के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में अमेरिका और उसके यूरोपीय सहयोगियों पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया। बयान में कहा गया, 'अमेरिका स्वयं अपनी परमाणु ऊर्जा उद्योग के लिए यूरेनियम हेक्साफ्लोराइड, इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र के लिए पैलेडियम, और उर्वरकों व रसायनों का रूस से आयात करता है। ऐसे में केवल भारत को निशाना बनाना अन्यायपूर्ण और तर्कहीन है।' भारत, जो अब तक अमेरिका और पश्चिमी देशों के साथ रणनीतिक संबंधों को प्राथमिकता देता रहा है, अब शायद यह दर्शाने की कोशिश कर रहा है कि यदि उस पर अत्यधिक दबाव डाला गया, तो वह अपनी विदेश नीति में विविधता लाने से नहीं हिचकिचाएगा।

भारत के लिए यह क्षण केवल प्रतिक्रिया का नहीं, बल्कि दूरदर्शी आत्ममंथन और रणनीतिक सशक्तिकरण का है। जब अन्य देश टैरिफ युद्ध के दबाव में भी अवसर तलाशते हुए आगे बढ़ सकते हैं, तो भारत क्यों नहीं ? यह समय है जब भारत को अपने आंतरिक व्यापार को सरल और पारदर्शी बनाना, विनिर्माण क्षेत्र को नई ऊर्जा देना, वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अपनी पकड़ मजबूत करना, और तकनीकी व नवाचार क्षमताओं को उभारते हुए वैश्विक नेतृत्व की दिशा में ठोस कदम बढ़ाना चाहिए।

यदि भारत इस चुनौतीपूर्ण परिस्थिति से एक सकारात्मक, परिवर्तनकारी रास्ता निकाल पाता है, तो यही तथाकथित 'अनपेक्षित प्रभाव' उसकी सबसे बड़ी रणनीतिक जीत सिद्ध हो सकता है।

निस्संदेह, हर संकट अपने साथ एक छिपा हुआ अवसर लेकर आता है। टैरिफ युद्ध के इस दौर में भारत को आत्मनिर्भर, सजग और रणनीतिक दृष्टि से परिपक्व बनकर न केवल वर्तमान दबावों का सामना करना है, बल्कि स्वयं को भविष्य की वैश्विक व्यवस्था में एक निर्णायक शक्ति के रूप में स्थापित भी करना है।

अब देखने की बात यह है कि भारत सरकार इस चुनौती का सामना किस तरह करती है—क्या वह कूटनीतिक संवाद और विवेकपूर्ण व्यापारिक रणनीतियों के माध्यम से इसे अवसर में बदल पाएगी, या फिर अमेरिकी प्रतिबंधों के आर्थिक दबाव को मौन रूप से सहने के लिए मजबूर होगी। यही निर्णय भारत की आगामी वैश्विक भूमिका को परिभाषित करेगा।

**( लेखक गांधी विचारों के अध्येता तथा समाजसेवी हैं )**

## आपके पत्र

### प्रलोभन का परिणाम : जब प्रकृति निगलने लगती है

आज भारत के पहाड़ों से लेकर मैदानों तक, हर जगह मनुष्य का प्रलोभन ही विनाश का बीज बन चुका है। हाल की घटनाएं — उत्तरकाशी, जोशीमठ, केदारनाथ, किन्नौर या हिमाचल की तबाही— सभी हमें याद दिलाती हैं कि जब मनुष्य अपने हित में प्रकृति की रेखाएं मिटा देता है, तो नदी, पहाड़, बादल और धरती एक दिन सब कुछ वापस ले लेते हैं।

मेरे घर के पास एक छोटा सा रेस्तरां है। उसके नल से दिन-रात पानी टपकता रहता है। मैंने कई बार कहा, लेकिन उन्हें फर्क नहीं पड़ा। एक ढीला वॉशर बदलने से समस्या हल हो सकती है, लेकिन सौ-पचास रुपये की मरम्मत उनके लिए बेमतलब है। पानी बहता है, तो बहता रहे। क्या यह एक रेस्तरां तक सीमित लापरवाही है ? बिल्कुल नहीं। यह प्रतीक है उस मानसिकता का जो कहती है —जो हो रहा है, होने दो। हमें क्या फर्क पड़ता है ? इस सोच के कारण हर दिन लाखों लीटर पानी व्यर्थ जाता है, गाड़ियों से निकलती धुआं-संस्कृति जारी रहती है, कचरे में दम तोड़ती गायें खड़ी रहती हैं, और हिमालय की छाती पर रिसॉर्ट्स उगते रहते हैं।

भारत का हिमालय क्षेत्र न सिर्फ़ भौगोलिक, बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक दृष्टि से भी हमारी धरोहर है परंतु अब वह पर्यटन का बाजार बन चुका है। पहाड़ों की आत्मा शांति थी, अब वह शोर में डूब चुकी है। दो दिन की छुट्टी मिलते ही लाखों लोग सेल्फी, शराब और शोरगुल की भूख लिए हिमालय पर टूट पड़ते हैं। वे वहां शांति खोजने नहीं जाते, बल्कि वहां भी उसी बाजार को बसाना चाहते हैं जिससे भागने का दावा करते हैं। रिसॉर्ट, होटल, रेस्टोरेंट, पार्किंग, रोड—हर जगह अतिक्रमण है। पहाड़ की सीमित सहनशक्ति की कोई चिंता नहीं। जिस ज़मीन को सदियों से पेड़ों ने थामा हुआ था, वहां अब कांक्रीट की मोटी परतें बिछ गई हैं। जब बरसात आती है, तो वह ज़मीन अपने भीतर पानी को नहीं समेट पाती— परिणामस्वरूप, वही जल वेग बनकर जान लेता है।

बादल फटते हैं, बाढ़ आती है, और हम सोशल मीडिया पर दुख प्रकट करके आगे बढ़ जाते हैं। लेकिन क्या हम पूछते हैं कि उस बाढ़ ने रास्ता क्यों बदला ? क्या वह प्राकृतिक था या उसे रोका गया था ? नदियां सदियों से बहती आई हैं, उन्होंने अपने लिए रास्ता बनाया है। लेकिन जब हम घाटी में मकान बना लेते हैं, नदी के किनारे होटल ठोक देते हैं, तो वह नदी अपने रास्ते को रिक्लेम करेगी ही। उत्तरकाशी की हालिया त्रासदी में पूरा गांव बह गया। लेकिन वह गांव पहाड़ों की गोद में नहीं था— वह नदी के पाट में बना था। यह कोई आस्था नहीं थी, यह लालच था और लालच कभी भी सुरक्षित नहीं रहता। कठोर शब्द हैं, लेकिन सच यही है कि हम एक मूर्ख और संवेदनहीन समाज में तब्दील हो चुके हैं। हम आपदाओं को रोकने के बजाय उनका इंतज़ार करते हैं ताकि मीडिया को दृश्य मिलें और सरकारें मुआवज़े का तमाशा कर सकें। हमने पर्यावरण को सिर्फ़ एक 'डॉक्युमेंट' बना दिया है। नीति आयोग से लेकर नगर पंचायत तक, हर स्तर पर विकास का मतलब अतिक्रमण हो गया है। क्या यह दुखद नहीं कि पहाड़ों पर हो रही तबाही के बीच भी लोग 'डील' खोज रहे हैं — 'इस सीजन होटल सस्ते मिल जाएंगे' ? क्या हमने चेतना खो दी है ?

-डॉ. प्रियंका सौरभ



## ललित सुरजन की कलम से

### संसाधनों का राष्ट्रीयकरण!

*'पंडित नेहरू साम्यवादी नहीं थे। वे साम्यवाद के अच्छे पहलुओं को स्वीकार करने के लिए तैयार रहते थे, लेकिन साम्यवाद के तौर-तरीकों से उन्हें कुछ बुनियादी आपत्तियां थीं और देश के भीतर साम्यवादी दल की रीति-नीति को लेकर उन्हें बहुत से संदेह भी थे। वे एक खुले विचारों वाले व्यक्ति थे और देश के नव-निर्माण में सबसे यथायोग्य योगदान की अपेक्षा करते थे। जब देशी उद्योगपतियों ने उन्हें बॉम्बे प्लान दिया तो उसको उन्होंने बिना देखे खारिज नहीं किया। किन्तु उनकी दृढ़ मान्यता थी कि स्वतंत्र भारत में सार्वजनिक क्षेत्र प्रमुख भूमिका निभाएगा। आर्थिक गतिविधि का कोई भी आयाम हो, वे मानते थे कि उसकी कमान केन्द्र सरकार के पास होना चाहिए।'*

**( देशबन्धु में 08 नवम्बर को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2012/11/blog-post.html

## रक्षाबंधन 9 अगस्त पर

### क्षमा करने और स्नेह बांटने का पर्व

श्रावण मास शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि के दिन मनाया जाने वाला पर्व यही वह सूत्र है जिसके द्वारा बहन,भाई के दीर्घायु की कामना करती है। इस पर्व की महत्ता इस लोक में ही नहीं देवलोक में भी होने का प्रमाण हमारे धर्म शास्त्रों में मिलता है। देवराज इंद्र से लेकर राजा बलि तक अनेक पौराणिक कथाएं राखी के सूत्र से भरी पड़ी हैं। इतना ही नहीं मुगलकालीन शासकों ने भी रक्षाबंधन के पर्व को सम्मान प्रदान करते हुए उसे अपनी कलाइयों में धारण किया। रक्षाबंधन भारतीय संस्कृति का एक ऐसा त्यौहार है जो यह बताता है कि रिश्तों की बुनियाद खून से ज्यादा भावनाओं और विश्वास पर टिकी होती है। यह पर्व जहां भाई- बहन के रिश्ते को मजबूती देता है, वहीं समाज में सुरक्षा, कर्तव्य और सामंजस्य की भावना को भी प्रगाढ़ करता है।

रक्षाबंधन का पर्व वास्तव में देखा जाए तो एक पवित्र अनुष्ठान है , जो प्रत्येक भाई-बहन को कर्तव्यों का स्मरण कराता है। सार्वभौमिक भाईचारे का यह पर्व असीमित दृष्टिकोण एवं शांति की स्थापना करता है। यह एक ऐसा पर्व है जो जाति, पंथ, आयु, लिंग, धर्म, सामाजिक- आर्थिक स्थिति, रंग और व्यक्तित्व के लक्षणों की सभी बाधाओं को तोड़ता है। रक्षा के पवित्र धागे 'राखी' से बंधे होते हैं। इसमें शांति, प्रेम,पवित्रता, ज्ञान, दया के मूल स्वभाव का संकल्प समाया होता है। रक्षाबंधन पर्व के दिन भाई-बहन एक-दूसरे से दूर रहने की स्थिति में साथ बिताए पलों को याद कर भावुकता एवं बचपन की हंसी-ठिठोली, लड़ाई- झगड़े, प्यार-स्नेह और हर तरह की उछल कूद वाली मस्ती भरी तस्वीरों में रंग भरने लगते हैं। यही इस पर्व का उल्लास कहा जा सकता है।

राखी महज एक धागा या सूत्र नहीं है , बल्कि यह एक बहन की भावनाओं, उसकी प्रार्थनाओं और भाई के प्रति अटूट विश्वास का प्रतीक है। यही वह स्नेह बंधन है जो भाई-बहन के बीच रिश्तों की मजबूती और स्थायित्व को प्रकट करता है। एक ओर जहां बहन रक्षा का सूत्र बांधकर अपने भाई से जीवन भर की सुरक्षा का वचन मांगती है तो दूसरी ओर भाई भी अपने इस कर्तव्य को निभाने की प्रतिबद्धता का पालन करने का विश्वास दिलाता है । यह पर्व पारिवारिक सदस्यों को एक साथ आने का अवसर भी प्रदान करता है। एक दूसरे के प्रति कर्तव्यों के स्मरण बोध को भी रक्षा बंधन मजबूती प्रदान करता है। राखी का पर्व न केवल भाई - बहन के रिश्ते को बल प्रदान करता है वरन समाज में प्रेम एवं सद्भाव को भी बढ़ाता है। वर्तमान की परिस्थितियों को देखकर बड़े दु:ख के साथ कहना पड़ता है कि बदलती जीवनशैली ने हमें इतना ज्यादा व्यस्त कर दिया है कि इस दिन को छोड़कर पूरे वर्ष भर हमारे पास इतना वक्त नहीं कि बहन कैसी है ? भाई क्या कर रहा है ? जानने का प्रयास कर सकें। ऐसे हालात कैसे बने ? इसका जिम्मेदार कौन है? काफी सिर फुटव्वल के बाद भी जवाब नकारात्मक ही है! कभी ऐसा लगता है कि यह सब समय का प्रभाव है, कभी लगता है सब अपने-अपने दायरों में कैद होकर रह गए हैं। आज की आरामतलब जिंदगी और प्रतिदिन के संघर्षों ने रिश्तों को खोखला करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। भागती-दौड़ती जिंदगी में पारिवारिक रिश्तों का स्वरूप तेजी के साथ बदलता जा रहा है। एक् परिवार में रहने वाले भाई- बहनों के बीच तकरार और तनाव की लकीरें गाढ़ी होती जा रही हैं! एक-दूसरे की तकलीफों को समझने की जरूरत महसूस नहीं की जा रही है! भाई-बहन के रिश्ते आज की स्थिति में अपने प्रभुत्व और मान-सम्मान का प्रदर्शन करते ही दिखाई पड़ रहे हैं!

**डॉ.सूर्यकांत मिश्रा**

# देश विदेश

## अमेरिका से बातचीत दोबारा करने पर फैसला नहीं : ईरान

**तेहरान,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। ईरानी उप विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि अमेरिका से परमाणु वार्ता फिर शुरू करने पर कोई अंतिम निर्णय नहीं हुआ है लेकिन दोनों पक्षों में संवाद बना हुआ है। श्री अराघची ने चैनल तेहरान पर एक साक्षात्कार में कहा कि अमेरिका से बातचीत को लेकर कोई आखिरी फैसला अभी नहीं हुआ है। इतना अवश्य है कि संपर्क बने हुए हैं। उनको अमेरिका से संदेश तो मिले हैं पर बातचीत होगी या नहीं, यह इस पर निर्भर करता है कि ईरानी हितों का सम्मान होता है या नहीं। उल्लेखनीय है कि ईरान और अमेरिका के बीच ओमान की मध्यस्थता से ईरानी परमाणु कार्यक्रम पर पांच दौर की बातचीत हुई है और इसका छठा दौर 15 जून को होने वाला था लेकिन उसका इजरायल से तनाव गहराने से यह वार्ता नहीं हो पाई।

### सर्गेई शोइगु ने भारत व रूस के बीच सुरक्षा संबंधों को और मजबूत करने का किया आह्वान, कहा

# भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करना अत्यंत महत्वपूर्ण

**मॉस्को,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। रूस से तेल खरीद को लेकर अमेरिका के साथ भारत के मौजूदा व्यापार विवाद और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की आर्थिक प्रतिबंधों की घोषणा के बीच, रूस के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी सर्गेई शोइगु ने भारत और रूस के बीच सुरक्षा संबंधों को और मजबूत करने का आह्वान किया है। आरटी की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रूसी सुरक्षा परिषद के सचिव ने गुरुवार को अपने भारतीय समकक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से बातचीत की, जो इस समय भारत और रूस के बीच सुरक्षा तथा रक्षा संबंधों पर चर्चा करने के लिए मॉस्को में हैं।

श्री डोभाल की अपने रूसी समकक्ष और अन्य उच्च पदस्थ रूसी अधिकारियों के साथ चर्चा मुख्य रूप से आतंकवाद-निरोध, सहयोग, और अधिक एस-400 प्रणालियों की आपूर्ति तथा रूस के पांचवीं पीढ़ी के सुखोई एसयू-57 लड़ाकू विमानों की संभावित खरीद पर केंद्रित होगी। दोनों पक्ष ऊर्जा, उर्वरक और अन्य वस्तुओं में सहयोग पर भी चर्चा करेंगे।

श्री शोइगु ने श्री डोभाल से कहा कि रूस और भारत मज़बूत, भरोसेमंद और समय-परीक्षित मित्रता के बंधनों से जुड़े हैं। हमारे देश के लिए, पारस्परिक सम्मान,



■ रूसी सुरक्षा प्रमुख सर्गेई ने की अजीत डोभाल से मुलाकात

एक-दूसरे के हितों के प्रति समान विचार और एक एकीकृत एजेंडे को आगे बढ़ाने की इच्छा पर आधारित, भारत के साथ विशेष रणनीतिक साझेदारी को व्यापक रूप से मज़बूत करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा कि रूस और भारत दोनों एक नई, अधिक न्यायसंगत और मजबूत विश्व व्यवस्था बनाने की कोशिश कर रहे हैं, जो अंतरराष्ट्रीय कानून की सर्वोच्चता सुनिश्चित करे और आधुनिक चुनौतियों और खतरों का मिलकर मुकाबला करने में सक्षम हो। श्री डोभाल की रूस की यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिसमें भारत से होने वाले सभी आयातों पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाया गया है, ताकि भारत पर रूस के साथ तेल व्यापार में कटौती करने का दबाव बनाया जा सके।


भारत ने इस कदम की आलोचना करते हुए व्हाइट हाउस के उपायों को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए, अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने का वादा करते हुए पीछे हटने से इनकार कर दिया है। बैठक में श्री शोइगु ने कहा कि दोनों देशों की सुरक्षा परिषद के माध्यम से नियमित परामर्श से रूसी-भारतीय संबंधों को मजबूत करने और वर्तमान कठिन अंतरराष्ट्रीय स्थिति में उन्हें एक नए स्तर पर ले जाने में मदद मिलती है। भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर के भी इस महीने के अंत में रूस का दौरा करने की उम्मीद है, क्योंकि राष्ट्रपति पुतिन की इस साल के अंत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ वार्षिक शिखर बैठक के लिए भारत में आगामी यात्रा की तैयारियां चल रही हैं।

## पुतिन की भारत यात्रा जल्द, दोनों देशों के रिश्ते होंगे मजबूत



**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इस महीने के अंत में भारत की यात्रा पर आ सकते हैं। यह जानकारी रूसी मीडिया ने दी है, जिसने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल के रूस दौरे के दौरान दिए गए बयान का हवाला दिया। मॉस्को में रूसी सुरक्षा परिषद के सचिव सर्गेई शोइगु से मुलाकात के दौरान डोभाल ने कहा कि हमारे बीच अब बहुत अच्छे संबंध स्थापित हो चुके हैं, जिन्हें हम काफी महत्व देते हैं। यह एक रणनीतिक साझेदारी है। हम उच्च स्तर पर संवाद कर रहे हैं। हमें यह जानकर खुशी हुई कि राष्ट्रपति पुतिन का भारत दौरा इस महीने के अंत में तय किया गया है। इससे पहले क्रेमलिन के सहायक यूरी उशाकोव ने भी पुष्टि की थी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर राष्ट्रपति पुतिन भारत आने वाले हैं। उन्होंने बताया कि यह वार्षिक द्विपक्षीय शिखर बैठक की परंपरा के तहत हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे नेताओं के बीच हर साल मिलने का समझौता है। इस बार हमारी बारी है। गौरतलब है कि राष्ट्रपति पुतिन ने पिछली बार 6 दिसंबर 2021 को भारत का दौरा किया था।

## ट्रंप ने पुतिन से मुलाकात की संभावना जताई



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से यूक्रेन में युद्धविराम को लेकर उनकी जल्द मुलाकात हो सकती है। जिससे यूक्रेन और रूस के युद्ध का अंत हो सकता है। गौरतलब है कि श्री ट्रम्प के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने बुधवार को पुतिन से मुलाकात की। श्री ट्रम्प ने इस बैठक को अहम बताया। क्रेमलिन ने भी इसे उपयोगी बातचीत बताया। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार कल ओवल ऑफिस में जब उनसे निकट भविष्य में मुलाकात की संभावनाओं के बारे में पूछा गया तो अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि आज राष्ट्रपति पुतिन के साथ हमारी बहुत अच्छी बातचीत हुई और इस बात की पूरी संभावना है कि हम इस समस्या का अंत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह डगर लंबी थी और अभी भी लंबी है, लेकिन इस बात की अच्छी संभावना है कि बहुत जल्द एक मुलाकात होगी।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शुक्रवार 8 अगस्त, 2025 श्रावण शुक्ल पक्ष 14

### राशिफल

मेष - घर, परिवार और संतान के मामले में आज आपको आनंद और संतोष की भावना का अनुभव होगा। आज आप सगे- संबंधियों और मित्रों से घिरे रहेंगे। व्यापार को बढ़ाने के लिए कहीं जाना होगा। इसमें लाभ होगा।

वृषभ - व्यापारियों के लिए आज का दिन शुभ है। नए काम शुरू कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त आर्थिक लाभ भी प्राप्त कर सकेंगे। विदेश में रहनेवाले मित्रों या स्वजनों का समाचार आपको भाव-विभोर करेगा। लंबी दूरी की यात्रा का योग है।

मिथुन - बेकाबू क्रोध पर लगाम रखें। बदनामी और नकारात्मक विचारों से दूर रहना आपके हित में होगा।अत्यधिक खर्च से आर्थिक तंगी का अनुभव होगा। इस कारण मन खिन्न होगा। नई चिकित्सा और ऑपरेशन न कराना उचित होगा।

कर्क - आज मौज-शौक और मनोरंजन की प्रवृत्ति में आप सराबोर होंगे। मित्रों, परिवार के साथ मनोरंजन के स्थान या पर्यटन पर जाने का अवसर मिलेगा। स्वादिष्ट भोजन और नए वस्त्राभूषण आदि की खरीदारी होगी।

सिंह - संदेह के बादल घिरे होने से कहीं मन नहीं लगेगा। हालांकि घर में शांति का वातावरण होगा। दैनिक कामों में थोड़ा अवरोध आएगा। अधिक परिश्रम के बाद अधिकारियों के साथ वाद- विवाद में न पड़ें। परिवार को समय दें।

कन्या - आज का दिन चिंता और उद्वेग से परिपूर्ण होगा। पेट की गड़बडी से स्वास्थ्य खराब होगा। विद्यार्थियों की पढ़ाई में अवरोध आएगा। अचानक धन खर्च होगा। बौद्धिक चर्चाएं और समझौते में असफलता मिलेगी।

तुला - अत्यधिक संवेदनशीलता और विचारों के बवंडर से आप मानसिक अस्वस्थता अनुभव करेंगे। माता और महिलाओं के मामले में आपको चिंता रहेगी। यात्रा के लिए आज का दिन अनुकूल न होने से यात्रा करना टालें।

वृश्चिक - कार्य सफलता, आर्थिक लाभ और भाग्यवृद्धि के लिए अच्छा दिन है। नए काम की शुरुआत भी कर सकते हैं। भाई- बंधुओं का व्यवहार आज अधिक सहयोगपूर्ण और प्रेमपूर्ण रहेगा। विरोधियों को परास्त कर सकेंगे।

धनु - आज आपका मन दुविधा में फंसा रहेगा। पारिवारिक वातावरण क्लेशपूर्ण रहेगा। निर्धारित कामों को पूर्ण न कर पाने से मन में हताशा भी बनी रहेगी। आज कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लेना आपके लिए बेहतर होगा।

मकर - ईश्वर के नाम के स्मरण से आपके दिन का शुभारंभ होगा। धार्मिक कार्य और पूजा पाठ होंगे। गृहस्थ जीवन में आनंदमय वातावरण रहेगा। आपके सभी काम सरलता से पूरे होंगे। मित्रों, सगे संबंधियों की तरफ से अनुकूल अवसर मिलेंगे।

कुंभ - आज किसी की जमानत लेना। आर्थिक लेन-देन न करना उचित होगा। खर्च की मात्रा अधिक रहेगी। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थता का अनुभव नहीं होगा। स्वजनों के साथ मतभेद उत्पन्न होंगे।

मीन - सामाजिक कामों या समारोहों में भाग लेने का अवसर आएगा। मित्रों-स्नेहीजनों के साथ की मुलाकात मन को खुशी देगी। सुंदर स्थान पर पर्यटन का आयोजन होगा। शुभ समाचार मिलेगा। पत्नी और संतान से लाभ प्राप्त होगा।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

## म्यांमार के कार्यवाहक राष्ट्रपति यू म्यिंट श्वे का निधन

**नेपिडॉ,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। म्यांमार के कार्यवाहक राष्ट्रपति यू म्यिंट श्वे का गुरुवार को राजधानी नेपिडॉ में 74 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। यह जानकारी नेशनल डिफेंस एंड सिक्योरिटी काउंसिल (एनडीएससी) ने दी। यू म्यिंट श्वे लंबे समय से पार्किंसन रोग और अन्य संबंधित तंत्रिका संबंधी बीमारियों से पीड़ित थे। जुलाई 2024 से वे नेपिडॉ स्थित डिफेंस सर्विसेज जनरल अस्पताल में गहन चिकित्सा में भर्ती थे। बीमारी के चलते वह पिछले वर्ष से चिकित्सकीय अवकाश पर थे और कार्यभार सीनियर जनरल मिन आंग हलाइंग को सौंप दिया गया था। एनडीएससी ने उनके सम्मान में राज्य स्तरीय अंतिम संस्कार आयोजित करने की घोषणा की है।



■ लंबे समय से पार्किंसन रोग व अन्य तंत्रिका संबंधी बीमारियों से पीड़ित थे यू म्यिंट श्वे

यू म्यिंट श्वे का जन्म 1951 में मंडाले क्षेत्र में हुआ था। उन्होंने 1971 में डिफेंस सर्विसेज अकादमी में प्रवेश लिया और म्यांमार की सेना तातमदाव में विभिन्न पदों पर कार्य किया। 2010 में वे लेफ्टिनेंट जनरल के पद से सेवानिवृत्त हुए। इसके बाद उन्होंने 2011 से 2016 तक यांगून क्षेत्र के मुख्यमंत्री के रूप में सेवा दी। मार्च 2016 में उन्हें म्यांमार का उपराष्ट्रपति नियुक्त किया गया था। 1 फरवरी 2021 को, तत्कालीन राष्ट्रपति यू विन म्यिंट को सैन्य तख्तापलट में हिरासत में लिए जाने के बाद यू म्यिंट श्वे कार्यवाहक राष्ट्रपति बने।

## भारत ने मॉरीशस को 10 इलेक्ट्रिक बसों की पहली खेप सौंपी

**पोर्ट लुईस,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। मॉरीशस में भारत के राजदूत अनुराग श्रीवास्तव ने प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम को 10 इलेक्ट्रिक बसों की पहली खेप सौंपी है। इससे भारत और मॉरीशस के बीच संबंधों को और मजबूती मिलेगी।

इस समारोह का आयोजन बुधवार को रेडुइट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी लोक सेवा एवं नवाचार संस्थान में किया गया था। यह संस्थान भारत-मॉरीशस मैत्री के प्रतीक के रूप में लोकप्रिय है। कार्यक्रम में भारतीय राजदूत और मॉरीशस के प्रधानमंत्री के अलावा सरकार के अन्य मंत्री और गणमान्य व्यक्ति शामिल थे।

पोर्ट लुइस स्थित भारतीय उच्चायोग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम ने मार्च में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मॉरीशस की ऐतिहासिक राजकीय यात्रा को याद किया और इस ई-बस परियोजना को सार्वजनिक परिवहन में क्रांतिकारी बदलाव और दोनों देशों के बीच के विशेष संबंधों का प्रतीक बताया। मॉरीशस के प्रधानमंत्री ने उच्च-स्तरीय बुनियादी ढांचे और भविष्य के लिए तैयार क्षेत्रों, नीली अर्थव्यवस्था, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और प्रौद्योगिकी, खाद्य और समुद्री सुरक्षा में भारत की भूमिका की सराहना की। उन्होंने अपने संबोधन में कार्बन उत्सर्जन कम करने, ईंधन आयात में कटौती और ई-मोबिलिटी में रोजगार सृजन में ई-बस परियोजना की भूमिका पर प्रकाश डाला।



■ मॉरीशस के प्रधानमंत्री ने जताया भारत के प्रति आभार

■ भारत व मॉरीशस के बीच संबंधों को मिलेगी मजबूती

भारत-मॉरीशस मेट्रो एक्सप्रेस परियोजना, नया सुप्रीम कोर्ट भवन, नया ईएनटी अस्पताल, 956 सामाजिक आवास इकाइयां और शैक्षिक टैबलेट जैसी कई उच्च-स्तरीय बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के सफल कार्यान्वयन में अहम भूमिका निभा रहा है।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**भाजपा के साथ मिलकर...**

लगाया कि राज्य विधानसभा चुनाव में धांधली हुई है और 40 लाख वोट रहस्यमयी तरीके से जोड़े गए।

**रीडेबल वोटर लिस्ट देने से आयोग का इनकार**

नेता प्रतिपक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने मशीन-रीडेबल वोटर लिस्ट देने से इनकार कर दिया। अगर हमारे पास सॉफ्ट कॉपी होती, तो हम पूरे डेटा को 30 सेकंड में एनालाइज कर सकते थे। लेकिन हमें कागज के सात-फुट लंबे बंडल मिले, जिन्हें पढ़ने और मिलाने में छह महीने लगे। सिर्फ एक विधानसभा सीट के लिए 30-40 लोगों की टीम ने दिन-रात काम किया। उन्होंने सवाल खड़े किए कि ईसी जानबूझकर ऐसा डेटा देता है, जिसे स्कैन कर पढ़ा न जा सके। ईसी ने सीसीटीवी फुटेज तक पहुंचने के नियम बदल दिए। इसके साथ ही चुनाव आयोग डिजिटल डेटा देने से इनकार करता है। ये सब इसलिए किया जा रहा है ताकि कोई जांच न कर सके। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कर्नाटक की महादेवपुरा विधानसभा सीट पर 1,00,250 वोटों की हेराफेरी हुई। उन्होंने पांच प्रकार की गड़बड़ियों का जिक्र किया, जिनमें डुप्लीकेट वोटर, फर्जी और अमान्य पते, एक पते पर बहुत सारे वोटर, अमान्य फोटो और फॉर्म 6 का गलत इस्तेमाल शामिल हैं। राहुल गांधी ने कहा कि जनता को पारदर्शिता का पूरा अधिकार है और चुनाव से जुड़ा कोई भी रिकॉर्ड नष्ट नहीं किया जाना चाहिए। कांग्रेस की टीम पूरे सिस्टम को समझ चुकी है और जनता के सामने सच लाकर रहेगी।

**40 हजार ऐसे वोटर, जिनके पते शून्य**

राहुल गांधी ने कहा, ऐसे 40 हजार वोटर हैं जिनके पते शून्य है या फिर है ही नहीं। अलग-अलग नाम और अलग-अलग परिवार के लोग और जब हम वहां जाते हैं तो पता चलता है कि वहां कोई रहता ही नहीं है। चुनाव आयोग के मुताबिक इन पतों पर कई लोग रहते हैं लेकिन जब हम वहां जाते हैं तो पता चलता है कि वहां कोई रहता ही नहीं है। वोटर लिस्ट में कई लोगों की तस्वीरे नहीं हैं और अगर है भी तो ऐसी जिन्हें देखकर मतदाताओं की पहचान ही नहीं हो सकती।

## पाकिस्तान में पुलिस वाहन पर हमला, 2 की मौत, 14 घायल

**इस्लामाबाद,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान के वजीरिस्तान में गुरुवार को एक पुलिस वाहन को निशाना बनाकर किए गए विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 14 अन्य घायल हो गए।



पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। यह घटना सुबह करीब 9:58 बजे (स्थानीय समय) वाना क्षेत्र में हुई, जब एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) पुलिस वाहन के पास विस्फोट हुआ। जिला पुलिस के सूत्रों के अनुसार, घायलों में पुलिसकर्मी और राहगीर दोनों शामिल हैं। सभी को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमले की जिम्मेदारी अभी तक किसी भी संगठन ने नहीं ली है। इलाके को सील कर जांच शुरू कर दी गई है। इससे पहले, पिछले शनिवार को पाकिस्तान के इसी उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में हुए एक अन्य विस्फोट में पांच बच्चों की मौत हो गई थी और 12 अन्य घायल हुए थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह विस्फोट तब हुआ जब बच्चों ने एक विस्फोटक वस्तु के साथ छेड़छाड़ की, जिससे वह फट गया। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया।

## आज का इतिहास

1509 - विजय नगर सम्राज्य के सम्राट के रूप में महाराज कृष्णदेव राय की ताजपोशी।
1549 - फ्रांस ने इंग्लैंड के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1609 - वेनिस की सीनेट ने गैलिलियो द्वारा तैयार दूरबीन का निरीक्षण किया।
1763 - वर्षों के संघर्ष के बाद अंतत- कनाडा फ्रांस के अधिकार से स्वतंत्र हुआ।
1864 - जिनेवा में रेड क्रॉस की स्थापना।
1876 - थॉमस अल्वा एडिसन ने मिमियोग्राफ का पेटेंट कराया।
1899 - ए.टी. मार्शल ने रेफ्रीजरेटर का पेटेंट कराया।
1900 - बोस्टन में पहली डेविस कप श्रृंखला की शुरूआत।
1908 -शास्त्रीय संगीत गायिका सिद्धेश्वरी देवी का जन्म।
1919 - ब्रिटेन ने अफगानिस्तान की आजादी को मंजूरी दी।
1942 - महात्मा गांधी ने भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत की।
1947 - पाकिस्तान ने अपने राष्ट्रीय ध्वज को मंजूरी दी।
1948 - देश के मशहुर राजनीतिज्ञ एवं वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल का जन्म।
1956 - भारत में परमाणु ऊर्जा प्रतिष्ठान, ट्रॉम्बे का, जिसे अब भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र के नाम से जाना जाता है।
1988 - अफगानिस्तान में नौ साल के युद्ध के बाद रूसी सेना की वापसी शुरू हुई।
1988 - आठ वर्ष तक चले संघर्ष के बाद ईरान और इराक के बीच युद्धविराम की घोषणा।
1988 - भारतीय संसद ने भारत में निर्वाचन कानून (संशोधन) विधेयक, 1988 पारित किया। इस विधेयक ने मतदान की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दी

### तैयारी — कंबोडिया व थाईलैंड ने संघर्षविराम समझौते पर किए हस्ताक्षर, कहा

# दोनों देशों ने संवाद बनाए रखने व विवाद सुलझाने पर जताई सहमति

**कुआलालंपुर,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। कंबोडिया और थाईलैंड ने गुरुवार को संघर्षविराम की व्यवस्था को औपचारिक रूप देने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह निर्णय मलेशिया की राजधानी में आयोजित एक विशेष जनरल बॉर्डर कमेटी (जीबीसी) बैठक के बाद लिया गया। कंबोडियाई पक्ष के अनुसार, दोनों देशों ने संघर्षविराम को लेकर विस्तृत चर्चा की और एक क्षेत्रीय निगरानी तंत्र स्थापित करने, आपसी विश्वास बहाली और पकड़े गए सैनिकों के साथ अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के तहत व्यवहार करने पर सहमति जताई। वहीं, थाई पक्ष ने बताया कि दोनों देशों ने द्विपक्षीय तंत्र के माध्यम से संवाद बनाए रखने और विवाद सुलझाने पर सहमति जताई है।

■ दोनों देशों की अगली विशेष जीबीसी बैठक एक महीने के भीतर होगी आयोजित

इसके अलावा, आसियान सदस्य देशों को संघर्षविराम की निगरानी की अनुमति दी जाएगी। दोनों देशों ने यह भी तय किया कि अगली विशेष जीबीसी बैठक एक महीने के भीतर आयोजित की जाएगी। इस बीच, 6 अगस्त को कंबोडियाई विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने थाईलैंड द्वारा कंबोडिया पर सैन्य बल और हथियारों के जरिए उसकी संप्रभुता का उल्लंघन करने को लेकर की गई कानूनी कार्रवाई को निराधार और राजनीतिक रूप से प्रेरित बताया।



विदेश मंत्रालय के सचिव और प्रवक्ता चुम सौनरी ने कहा कि यह कानूनी कदम पूर्णतः आधारहीन है और थाईलैंड की कंबोडिया-विरोधी नीतियों से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय ध्यान भटकाने का प्रयास है।

उन्होंने कहा कि आरोप बेबुनियाद, राजनीतिक रूप से प्रेरित और किसी ठोस प्रमाण पर आधारित नहीं हैं।

## थाईलैंड मंत्रिमंडल ने दी चीन, स्वीडन के साथ रक्षा सौदों की मंजूरी

**बैंकॉक।** थाईलैंड सरकार ने चीन और स्वीडन के साथ रक्षा सौदों को मंजूरी दी है जिसमें स्वीडिश ग्रिपेन लड़ाकू विमानों, दो विदेशी निर्मित युद्धपोत और चीन के साथ एक पनडुब्बी सौदे को अंतिम रूप देना शामिल है। द नेशन ने अपनी एक रिपोर्ट में जानकारी दी है। बुधवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि स्वीडिश लड़ाकू विमान अमेरिकी एफ-16 विमानों की जगह लेंगे जो 37 वर्षों से थाई वायु सेना में सेवारत हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस खरीद में तीन सिंगल-सीट एसएएबी जेएएस-39 ग्रिपेन ई विमान और एक दो-सीट ग्रिपेन एफ विमान, साथ ही सहायक प्रणालियाँ और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध उपकरण शामिल हैं। विमान आधुनिक मेटियोर एयर-टू-एयर मिसाइलों और अन्य हथियारों से लैस होंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन 12 विमानों की कुल लागत 60 अरब थाई बाहत (1.85 अरब डॉलर) होने का अनुमान है। रिपोर्ट के अनुसार कैबिनेट ने थाई नौसेना के लिए 35 अरब थाई बाहत की लागत से दो युद्धपोत खरीदने को भी मंजूरी दी है।

## सुडोकू 6998


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 8 | 6 | | | | | |
| | | 9 | 2 | 1 | | | 6 | |
| 2 | | | | | 8 | | 4 | |
| | | | 9 | | | 8 | | 6 |
| | | | | | | | | |
| 8 | | 4 | | | 2 | | | |
| | 7 | | 8 | | | | | 3 |
| | 3 | | | 7 | 5 | 9 | | |
| | | | | | 3 | 6 | | 2 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6998



**बायें से दायें:-**

१. अकेले रहने या विचरने वाला एकाकी
३. सज्जित, विभूषित
५. सेना या काफिले का मार्ग में कहीं रुकना, ऐसी रुकने की जगह
६. शुद्ध, पाक
७. पतला, संकीर्ण मार्ग
९. आराम, चैन (उर्दू)
१०. स्वेच्छारिता
१२. आसान, स्वभाव, आसानी से मिलने वाला
१३. असमंजस, द्वैधीभाव
१४. युद्ध संबंधी
१६. गिरवी रखना
१८. दासी, सेविका (उर्दू)
२०. बढ़ाया हुआ, बहता हुआ
२१. राजा (उर्दू)
२३. जो लेने देन में खरा न हो(उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. पगडंडी
२. बदचलन
३. जाना हुआ, विदित
४. मेहरबानी करके
५. राजा की सबसे बड़ी रानी
८. राजाओं या राष्ट्र प्रमुखों के रहने की जगह
१०. धीमा, मंद
११. एक प्रकार का बहुमूल्य रत्न
१२. मरम्मत, दोष या खराबी के दूर होने का भाव
१३. बैर, शत्रुता
१४. शाबासी देना
१५. घूस
१७. सदैव
१८. एकदम,, नितांत, पक्का (उर्दू)
१९. जिव्हा, भाषा (उर्दू)
२२. जिद

### वर्ग पहेली-6997



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन निगरानी करने वाले नासा के दो मिशन को बंद करेगा ट्रंप प्रशासन

**वाशिंगटन,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का कार्यालय ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन की निगरानी करने वाले नासा के दो मिशन बंद करेगा। न्यूज़मैक्स प्रसारक ने एजेंसी के हवाले से बुधवार को कहा ईमेल द्वारा भेजे गए एक बयान में नासा ने कहा कि ये मिशन अपने मुख्य उद्देश्य से परे हैं और राष्ट्रपति के एजेंडे और बजट प्राथमिकताओं के अनुरूप इन्हें समाप्त किया जा रहा है।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि श्री ट्रम्प के वित्तीय वर्ष 2026 के बजट अनुरोध में उन कार्बन वेधशालाओं के लिए फंडिंग शामिल नहीं है जो कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन और अवशोषण के साथ-साथ कृषि फसलों की स्थिति पर सटीक नज़र रख सकें।

पोलिटिको ने जुलाई की शुरुआत में बताया था कि व्हाइट हाउस के सरकारी खर्च में कटौती पर ध्यान केंद्रित करने के कारण नासा के 2,000 से ज़्यादा वरिष्ठ कर्मचारियों की छंटनी की जा सकती है। जुलाई के अंत में लगभग 300 वर्तमान और पूर्व नासा कर्मचारियों ने छंटनी, संघीय नियमों के उल्लंघन और एजेंसी के मिशनों को कमज़ोर करने के लिए ट्रम्प प्रशासन की आलोचना की।

# खेल जगत

## लक्ष्य को हासिल करने की भूख पैदा करें नवोदित खिलाड़ी: ललित उपाध्याय

**आजमगढ़,** 7 अगस्त (एजेंसियां) वर्ष 2020 और 2024 ओलंपिक में दो बार भारत को कांस्य पदक दिलाने वाली हॉकी टीम का हिस्सा रहे ललित उपाध्याय ने नवोदित खिलाड़ियों को सलाह दी कि लक्ष्य की प्राप्ति के लिये ऐसी तड़प और भूख होनी चाहिये कि लक्ष्य भी बौना पड़ जाये। तरवां चौरी बेलहा पी जी कालेज में एकेडमी के बच्चों से मिलने पहुंचे ललित उपाध्याय ने कहा कि संसाधन भले सीमित हो,लेकिन सपने असीमित होने चाहिए। लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए खिलाड़ी के पास भूख होनी चाहिये। इन प्रयासों से वह अपना मुकाम हासिल कर लेगा । गोल करने की अद्भुत क्षमता वाले एक स्वाभाविक प्लेमेकर, ललित उपाध्याय ने कहा कि इन खिलाड़ियों और एकेडमी को संचालित करने वाले प्रबंधक प्रभाकर सिंह से मिलकर बहुत खुश हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि यह बच्चे अगर पूरे जज्बे के साथ इस खेल को खेलते रहे तो यह भी एक दिन नेशनल इंटरनेशनल और ओलंपिक खेल में शिरकत करेंगे ।



# शुभमन गिल को सौंपी गई नॉर्थ जोन टीम की कमान

### 15 सदस्यीय टीम में अर्शदीप सिंह, अंशुल कंबोज और हर्षित राणा को शामिल किया गया




**नई दिल्ली,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। शुभमन गिल की कप्तानी में भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज 2-2 से बराबरी पर खत्म की। अब गिल को आगामी दलीप ट्रॉफी के लिए नॉर्थ जोन टीम की कमान सौंपी गई है। इस टूर्नामेंट की शुरुआत 28 अगस्त से होने जा रही है। शुभमन गिल ने इंग्लैंड दौरे पर पांच मुकाबलों में 65.57 की औसत के साथ 754 रन बनाए। शानदार प्रदर्शन के चलते उन्हें 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' खिताब से नवाजा गया।

शुभमन गिल के अलावा, इस 15 सदस्यीय टीम में अर्शदीप सिंह, अंशुल कंबोज और हर्षित राणा शामिल हैं। अंशुल कंबोज ने मैनचेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच में अपना इंटरनेशनल डेब्यू किया था। राणा इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत 'ए' की ओर से खेले, लेकिन अर्शदीप को इंग्लैंड के विरुद्ध टेस्ट सीरीज में खेलने का मौका नहीं मिल सका। गुरुवार को जोनल सेलेक्शन कमेटी ने घोषणा करते हुए बताया कि अगर गिल, अर्शदीप और राणा में से किसी को भी दलीप ट्रॉफी के साथ होने वाले मैचों के लिए भारतीय टीम में चुना जाता है, तो सर्विसेज के शुभम रोहिल्ला, पंजाब के गुरनूर बरार और हरियाणा के अनुज ठकराल को मुख्य टीम में शामिल किया जाएगा। टीम इंडिया 9-28 सितंबर के बीच टी20 एशिया कप खेलेगी। नॉर्थ जोन की टीम के अन्य प्रमुख सदस्यों में दिल्ली के ऑलराउंडर आयुष बडोनी और बल्लेबाज यश ढुल शामिल हैं, जिन्होंने 2022 अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप में भारत की कप्तानी की थी।

दलीप ट्रॉफी छह टीमों वाले जोनल फॉर्मेट में खेली जाएगी, जिसके साथ 2025/26 घरेलू क्रिकेट सीजन की शुरुआत होगी। नॉर्थ जोन अपने अभियान की शुरुआत ईशान किशन की अगुवाई वाले ईस्ट जोन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मुकाबले से करेगा। विजेता टीम सेमीफाइनल में साउथ जोन से भिड़ेगी।

**नॉर्थ जोन की टीम:** शुभमन गिल (कप्तान), शुभम खजूरिया, अंकित कुमार (उप-कप्तान), आयुष बडोनी, यश ढुल, अंकित कलसी, निशांत सिंधु, साहिल लोत्रा, मयंक डागर, युद्धवीर सिंह चरक, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, अंशुल कंबोज, औकिब नबी और कन्हैया वधावन (विकेटकीपर)।

**स्टैंडबाय:** शुभम अरोड़ा (विकेटकीपर), जसकरनवीर सिंह पॉल, रवि चौहान, आबिद मुश्ताक, निशंक बिड़ला, उमर नजीर और दिवेश शर्मा।

## विक्टोरिया म्बोको ने कैनेडियन ओपन के फाइनल में जगह बनाई

**मॉन्ट्रियल,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। कनाडा की युवा टेनिस खिलाड़ी विक्टोरिया म्बोको कैनेडियन ओपन के फाइनल में पहुंच गई हैं। 18 साल की म्बोको ने नौवीं वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना को 1-6, 7-5, 7-6(4) से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। म्बोको ने फाइनल में पहुंचने के साथ-साथ एक अनोखा रिकॉर्ड भी अपने नाम किया है। वह ओपन एरा में एक ही डब्ल्यूटीए इवेंट में तीन पूर्व ग्रैंड स्लैम चैंपियनों (रयबाकिना, कोको गॉफ, और सोफिया केनिन) को हराने वाली पहली कनाडाई खिलाड़ी बन गई हैं।



■ विक्टोरिया म्बोको इस प्रतिष्ठित इवेंट के फाइनल में जगह बनाने वाली चौथी कनाडाई खिलाड़ी बनी

विक्टोरिया म्बोको इस प्रतिष्ठित इवेंट के फाइनल में जगह बनाने वाली चौथी कनाडाई खिलाड़ी बनी हैं। उनसे पहले फेय अर्बन (1968 और 1969), विकी बर्नर (1969) और बियांका एंड्रीस्कू (2019) ने फाइनल में जगह बनाई थी। साथ ही म्बोको फाइनल में पहुंचने वाली सबसे युवा खिलाड़ी भी हैं। म्बोको की वाइल्डकार्ड एंट्री हुई थी। ऐसे में वाइल्डकार्ड खिलाड़ी के रूप में टूर्नामेंट में एंट्री करने और ओपन ऐरा फाइनल में जगह बनाने वाली वह तीसरी खिलाड़ी बन गई हैं। उनसे पहले वाइल्डकार्ड खिलाड़ी के रूप में मोनिका सेलेस (1995) और सिमोना हालेप (2015) ने फाइनल में जगह बनाई थी। जीत से बेहद उत्साहित विक्टोरिया म्बोको ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'टाईब्रेकर में हर पाइंट मायने रखता है। मुझे इसका ध्यान था। मैं कोर्ट में ज्यादा से ज्यादा गेंदें डालना चाहती थी और जितना हो सके उतनी ताकत लगाना चाहती थी। मैच के दौरान बहुत तनावपूर्ण पल भी होते हैं, ऐसे में मैं खुद को शांत रखने की कोशिश भी कर रही थी और हमेशा आगे के पाइंट पर ध्यान केंद्रित कर रही थी।'

## ऑस्ट्रेलिया महिला-ए टीम ने इंडिया-ए को 13 रनों से हराया




**मकाय,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। अनिका लीरॉइड (नाबाद 50) के बाद एमी एडगर और सियाना जिंजर (दो-दो विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर ऑस्ट्रेलिया महिला ए टीम ने गुरुवार को पहले टी-20 मुकाबले में इंडिया ए को 13 रनों से हरा दिया।

138 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंडिया ए की शुरुआत बेहद धीमी रही और उसने चौथे ओवर की पहली गेंद पर शेफाली वर्मा (तीन) का विकेट गंवा दिया। उस समय टीम का स्कोर 13 रन था। इसके बाद धारा गुज्जर (सात), दिनेश वृंदा (पांच) रन बनाकर आउट हुई। 12वें ओवर में उमा छेत्री (31) रन बनाकर चौथे विकेट के रूप में आउट हुई। इसके बाद राघवी बिष्ट और कप्तान राधा यादव ने पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 52 रनों की साझेदारी हुई।

17वें ओवर में सियाना जिंजर ने राघवी बिष्ट को आउट कर इंडिया ए के मैच जीतने की उम्मीदों को झटका दिया। राघवी बिष्ट ने 20 गेंदों में दो चौके और दो छक्के लगाते हुए 33 रनों की पारी खेली। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी की और भारतीय टीम निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 124 रन ही बना सकी और 13 रनों से मुकाबला हार गई। राधा यादव ने 22 गेंदों में तीन चौकों की मदद से नाबाद 26 रन बनाये। सजीवन सजना सात रन बनाकर नाबाद रही। ऑस्ट्रेलिया ए की ओर से एमी एडगर और सियाना जिंजर ने दो-दो विकेट लिये। टेस फ्लिंटॉफ ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां इंडिया ए टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में अनिका लीरॉइड 44 गेंदों में (नाबाद 50) की अर्धशतकीय पारी के दम पर छह विकेट पर 137 रनों का स्कोर खड़ा किया। एलिसा हीली ने 18 गेंदों में (27), तालिया विल्सन (17), कोर्टनी वेब (11) और कप्तान निकोल फॉल्टम (11) का योगदान दिया। इंडिया ए की ओर से प्रेमा रावत ने तीन, सजीवन सजना और साइमा ठाकोर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## अजित कुमार की रेसिंग टीम में नारायण कार्तिकेयन का स्वागत



**कार्तिकेयन शामिल होना सम्मान की बात: अजित**

चेन्नई, 7 अगस्त (एजेंसियां)। साउथ इंडिया के मशहूर अभिनेता अजित कुमार ने हाल ही में फिल्म इंडस्ट्री में 33 साल का सफल सफर पूरा किया। अब वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार रेसिंग की दुनिया में भी अपनी छाप छोड़ रहे हैं। हाल ही में, उन्होंने अपनी रेसिंग टीम में नारायण कार्तिकेयन को शामिल किया है। बता दें कि नारायण कार्तिकेयन भारत के ड्राइविंग क्षेत्र में दिग्गज हैं। उनका कार रेसिंग की दुनिया में एक बड़ा नाम है। नारायण कार्तिकेयन के टीम में शामिल होने पर खुशी जताते हुए अजित कुमार ने कहा, 'नारायण का हमारी टीम में शामिल होना हमारे लिए गर्व की बात है। उनके साथ रेसिंग करना मेरे लिए सम्मान की बात है। अब जब नारायण हमारे साथ हैं, तो 'एशियन ले मैन्स सीरीज' हमारे लिए और भी खास बन गई है।' वहीं नारायण कार्तिकेयन ने अजित कुमार की टीम से जुड़ने पर कहा, 'मैं अजित को कई सालों से जानता हूं, और अब उन्हें प्रोफेशनल रेसिंग करते देखना बहुत अच्छा लग रहा है। मैं उनके साथ आने वाली 'एशियन ले मैन्स सीरीज' में भाग लेने को लेकर काफी उत्साहित हूं और आगे के इस शानदार सफर का इंतजार कर रहा हूं।' बता दें कि अजित कुमार ने सिर्फ फिल्मों में ही नहीं, बल्कि कार रेसिंग की दुनिया में भी कमाल कर दिखाया है। अजित ने इस साल की शुरुआत में दुबई में आयोजित हुई रेस में हिस्सा लिया था और 991 कैटेगरी में तीसरा स्थान हासिल किया।

## जिम्बाब्वे पहली पारी में महज 125 रन पर ढेर

**न्यूजीलैंड बनाम जिम्बाब्वे**



■ जैक फौल्कस ने 16 ओवरों में 38 रन देकर चार विकेट चटकाए

**नई दिल्ली,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड और जिम्बाब्वे के बीच बुलावायो में दूसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है, जिसके पहले दिन महज 48.5 ओवरों के खेल में कीवी टीम ने मेजबान देश को 125 रन पर ढेर कर दिया। मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे को अपना ही फैसला भारी पड़ गया। मेजबान टीम ने खाता खुलने के तुरंत बाद ब्रायन बेनेट (0) का विकेट गंवा दिया। यहां से ब्रैंडन टेलर ने टीम को संभालने की कोशिश शुरू की। उन्होंने निक वेल्च (11), सीन विलियम्स (11) और कप्तान क्रेग इर्विन (7) के साथ छोटी-छोटी साझेदारियां कीं। ब्रैंडन टेलर 107 गेंदों में छह चौकों की मदद से 44 रन बनाकर आउट हुए। इनके अलावा तफादजवा सिगा ने 54 गेंदों में नाबाद 33 रन की पारी खेली, लेकिन टीम को सम्मानजनक स्कोर तक नहीं पहुंचा सके। न्यूजीलैंड की तरफ से मैट हैनरी ने 15 ओवरों में 40 रन देकर पांच विकेट अपने नाम किए, जबकि जैक फौल्कस ने 16 ओवरों में 38 रन देकर चार विकेट चटकाए। शेष एक विकेट मैथ्यू फिशर के नाम रहा। जिम्बाब्वे के लिए यह 'करो या मरो' का मुकाबला है। टीम ने इसी मैदान पर सीरीज का पहला टेस्ट नौ विकेट से गंवा दिया था। उस मुकाबले में जिम्बाब्वे की टीम पहली पारी में 149 रन पर सिमट गई थी। पहली पारी में मैट हैनरी ने छह विकेट अपने नाम किए। इसके जवाब में न्यूजीलैंड ने 307 रन बनाते हुए 158 रन की लीड हासिल की थी।

मेजबान टीम अपनी दूसरी पारी में 165 रन पर ढेर हो गई, जिसके बाद न्यूजीलैंड को जीत के लिए महज आठ रन का टारगेट मिला। मेहमान टीम ने इसे महज 2.2 ओवरों में हासिल कर लिया। न्यूजीलैंड ने दो मुकाबलों की इस सीरीज में 1-0 की बढ़त बना रखी है। ऐसे में अगर यह मैच ड्रॉ भी रहा, तो सीरीज न्यूजीलैंड के नाम होगी।

### जिम्बाब्वे के खिलाफ एक भी टेस्ट नहीं हारा है न्यूजीलैंड

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड और जिम्बाब्वे के बीच 7 अगस्त से बुलावायो में 2 टेस्ट मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला जाएगा। पहला मैच जीतकर न्यूजीलैंड सीरीज में 1-0 से आगे है। न्यूजीलैंड ने कभी भी जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट मैच नहीं गंवाया है। न्यूजीलैंड और जिम्बाब्वे के बीच 1992 में पहला टेस्ट खेला गया था। पिछले 33 सालों में दोनों टीमों के बीच 18 टेस्ट मैच खेले गए हैं। इसमें 12 मैचों में न्यूजीलैंड ने जीत हासिल की है। शेष 6 मैच ड्रॉ रहे हैं। ऐसे में दूसरे टेस्ट मैच से पहले जिम्बाब्वे का आत्मविश्वास जहां डिगा हुआ है, वहीं न्यूजीलैंड आत्मविश्वास से भरी हुई है। जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम के प्रदर्शन में पिछले एक दशक में लगातार गिरावट देखी गई है।

## सार संक्षेप

### लियोनल मेसी को आमंत्रित करने पर केरल सरकार के 13 लाख बेकार

**तिरुवनंतपुरम।** अर्जेंटीना के विश्व प्रसिद्ध फुटबॉलर लियोनल मेसी को राज्य में लाने से संबंधित केरल सरकार का एक दावा भ्रामक साबित हुआ है। केरल सरकार ने दावा किया था कि लियोनल मेसी को लाने के लिए सार्वजनिक धन का उपयोग नहीं किया गया है, जो गलत साबित हुआ है। दरअसल, केरल के खेल मंत्री वी. अब्दुरहीमान सितंबर 2024 में मेसी को आमंत्रित करने के उद्देश्य से स्पेन गए थे। उनके साथ खेल विभाग के सचिव और खेल एवं युवा मामलों के निदेशक भी थे। इस यात्रा पर 13 लाख रुपए खर्च हुए थे। यह खुलासा खेल मंत्री वी. अब्दुरहीमान के उस बयान का खंडन करता है, जिसमें उन्होंने कहा था कि लियोनल मेसी को केरल आमंत्रित करने में सरकार को 'एक रुपया' भी खर्च नहीं करना पड़ेगा।

### आईएसएल अनिश्चितता के बीच चेन्नईयिन एफसी ने फुटबॉल संचालन रोका

**नई दिल्ली।** दो बार की इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) चैंपियन चेन्नईयन एफसी ने लीग के भविष्य को लेकर जारी अनिश्चितता के चलते क्लब के संचालन को अस्थायी रूप से निलंबित करने का ऐलान किया है। क्लब ने बुधवार को यह घोषणा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर की। क्लब ने कहा, 'ऐसे फैसले कभी आसान नहीं होते। हमारा यह फैसला लंबे विचार-विमर्श और गहन समीक्षा के बाद लिया गया है। चेन्नईयन एफसी ने स्पष्ट किया है कि उन्होंने इस कदम से जुड़े मानवीय प्रभाव को भी गंभीरता से समझा है। बयान में कहा गया, 'भारतीय फुटबॉल में एक हिस्सेदार होने की चुनौतियां सभी को पता हैं। इंडियन सुपर लीग के भविष्य को लेकर जारी अनिश्चितता के मद्देनजर, चेन्नईयन एफसी ने क्लब संचालन को अस्थायी रूप से रोकने का बेहद कठिन फैसला लिया है।

### 11 नेशनल फ्रीडाइविंग रिकॉर्ड के साथ अर्चना शंकर नारायणन ने रचा इतिहास

**चेन्नई।** भारत की अग्रणी फ्रीडाइवर अर्चना शंकर नारायणन ने 1 से 3 अगस्त तक इंडोनेशिया में आयोजित मनाडो एपनिया प्रतियोगिता में दो नेशनल रिकॉर्ड तोड़कर एक और उपलब्धि हासिल की है।

## मीराबाई चानू जन्मदिन विशेष : भारोत्तोलन में भारत का नाम रोशन करने वाली एथलीट



**नई दिल्ली,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। मीराबाई चानू भारतीय खेल जगत का चमकता हुआ नाम हैं। उन्होंने ओलंपिक में भारोत्तोलन में देश को पहला पदक दिलाया था।

मीराबाई चानू का जन्म 8 अगस्त 1994 को इम्फाल, मणिपुर में हुआ था। उनका पूरा नाम सैखोम मीराबाई चानू है। लेकिन, खेल जगत में वह 'मीराबाई चानू' के नाम से ही प्रसिद्ध हैं। एक बेहद साधारण परिवेश से निकलकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम बनाने और सफलता अर्जित करने वाली मीराबाई चानू देश के लाखों खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा हैं। मीराबाई चानू ने 12 साल की उम्र में भारोत्तोलन का अभ्यास करना शुरू किया था। उन्हें परिवार का बड़ा सहयोग मिला था। चानू को पहली बड़ी सफलता 2014 में ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स में मिली थी, जब उन्होंने सिल्वर जीता था। इस सफलता के बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा है।

2018 में गोल्ड कोस्ट कॉमनवेल्थ गेम्स और 2022 में बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स में उन्होंने गोल्ड जीता था। 2017 में वर्ल्ड चैंपियनशिप में भी उन्होंने गोल्ड जीता था। चानू को सबसे बड़ी सफलता 2020 टोक्यो ओलंपिक में मिली, जब उन्होंने 49 किग्रा कैटेगरी में सिल्वर मेडल जीता था। वह भारोत्तोलन में पदक जीतने वाली देश की पहली एथलीट बनीं। इस सफलता से उन्होंने न सिर्फ देश का मान बढ़ाया, बल्कि दुनियाभर में बड़ी लोकप्रियता हासिल की। पेरिस ओलंपिक में मीराबाई चानू को सफलता नहीं मिली थी।

मीराबाई चानू को उनकी सफलता के लिए भारत सरकार ने 2018 में खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया था। 2018 में ही उन्हें पद्मश्री से भी सम्मानित किया गया। मीराबाई चानू भारतीय भारोत्तोलन महासंघ के एथलीट्स कमीशन की अध्यक्ष हैं। इस पद को संभालते हुए चानू ने एथलीटों की आवाज को बुलंद करने, उनके कल्याण को सुनिश्चित करने और उनके प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित रखने में सहायता करने का संकल्प लिया है।

## सीपीएल 2025 : डेविड विसे सेंट लूसिया किंग्स की कप्तानी करेंगे



**नई दिल्ली**, 7 अगस्त (एजेंसियां)। सीपीएल 2024 की विजेता सेंट लूसिया किंग्स ने आगामी सीजन (सीपीएल 2025) के लिए नामीबिया के अनुभवी ऑलराउंडर डेविड विसे को कप्तान बनाया है। सीपीएल के आगामी सीजन की शुरुआत 14 अगस्त से हो रही है। डेविड विसे ने पिछले सीजन में सेंट लूसिया किंग्स को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। विसे ने 11 मैचों में 168.05 के स्ट्राइक रेट और 40.33 की महत्वपूर्ण औसत से 121 रन बनाने के साथ 13 विकेट लिए थे। कप्तान नियुक्त किए जाने के बाद दिए बयान में डेविड विसे ने कहा, 'सेंट लूसिया किंग्स और सभी प्रशंसकों का विश्वास और समर्थन के लिए धन्यवाद। कप्तान चुने जाने पर मुझे बेहद खुशी है। इस टीम का नेतृत्व करना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। हम सीजन में जोश, दिल और एकता के साथ खेलेंगे।' उन्होंने कहा कि प्रशंसकों, स्टेडियमों को भरने, माहौल को बेहतर बनाने और सेंट लूसिया को नीले रंग से रंगने के लिए हमें आपके साथ की जरूरत है। सेंट लूसिया किंग्स सीजन में अपने अभियान की शुरुआत 23 अगस्त को सेंट लूसिया के ग्रोस आइलेट स्थित डैरेन सैमी नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में अपने घरेलू मैदान पर ट्रिनबागो नाइट राइडर्स के खिलाफ करेगा।

## पाकिस्तान का पुरुष हॉकी एशिया कप में शिरकत करने को लेकर असमंजस बरकरार

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



> अभी हमारी पाकिस्तान हॉकी टीम के पुरुष हॉकी एशिया कप में शिरकत करने को लेकर आधिकारिक रूप से कोई फैसला नहीं लिया गया है। इस बाबत पाकिस्तान सरकार ही अंतिम फैसला लेगी: तारीक बुगती अध्यक्ष, पाकिस्तान हॉकी संघ

> हमने ओलंपिक चार्टर की सभी प्रक्रियाओं का पालन किया: महासचिव, हॉकी इंडिया

**नई दिल्ली,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। पाकिस्तान के भारत में राजगीर (बिहार) में 29 अगस्त से सात सितम्बर तक होने वाले पुरुष हॉकी विश्व कप में शिरकत करने को लेकर असमंजस बरकरार है। पाकिस्तान हॉकी संघ (पीएचएफ) के अध्यक्ष तारीक बुगती हालांकि भारतीय मीडिया की पाकिस्तान के पुरुष हॉकी एशिया कप में शिरकत नहीं करने से इस तरह रिपोर्ट का खंडन कर रहे हैं। लाहौर से आ रही खबरों के मुताबिक बुगती ने वहां पाकिस्तानी मीडिया से बात करते हुए कहा,'अभी हमारी पाकिस्तान हॉकी टीम के पुरुष हॉकी एशिया कप में शिरकत करने को लेकर आधिकारिक रूप से कोई फैसला नहीं लिया गया है। इस बाबत पाकिस्तान सरकार ही अंतिम फैसला लेगी। यह फैसला पीएचएफ का नहीं है और इस बाबत पाकिस्तान सरकार का फैसला ही आखिरी फैसला होगा।' मेजबान भारत सहित पुरुष हॉकी एशिया में जापान, दक्षिण कोरिया, चीन, मलेशिया, पाकिस्तान, ओमान और चीनी ताइपे सहित आठ टीमों को शिरकत करनी है।

राजगीर में होने वाला पुरुष हॉकी एशिया कप अगले साल नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप के लिए क्वालीफाइंग टूर्नामेंट है। हॉकी एशिया कप का विजेता सीधा विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेगा। भारत के एशिया कप जीत सीधे हॉकी विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद है। पाकिस्तान यदि 2025 के पुरुष हॉकी एशिया कप में शिरकत नहीं करने आता है तो उसे ही सबसे ज्यादा नुकसान है। हालांकि पाकिस्तान हॉकी टीम बुरे दौर से गुजर रही है उसके एशिया कप में कोई उलटफेर की उम्मीद भी नहीं है।

जब पाकिस्तान के हॉकी एशिया कप में शिरकत करने को ले बने असमंजस की बाबत हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह से पूछा गया तो उन्होंने साफ साफ कहा, 'हम ओलंपिक चार्टर का पूरी शिद्दत से पालन करते हैं। हॉकी इंडिया ने ओलंपिक चार्टर के मुताबिक हॉकी एशिया कप के लिए भी सभी प्रक्रियाओं का पालन किया। हमारी भारत सरकार पाकिस्तान हॉकी टीम और उसके सभी खिलाड़ियों को वीजा तक देने को तैयार थी। हमने इसी के तहत पाकिस्तान सहित इसमें शिरकत करने आने वाली सभी टीमों को ओलंपिक चार्टर की प्रक्रिया के तहत न्योता भेजा था। अब यह टीमों को तय करना है कि वह हॉकी एशिया कप में शिरकत करने भारत आना चाहती हैं या नहीं ?

जब भोलानाथ सिंह से खासतौर पर पाकिस्तान के पुरुष हॉकी एशिया कप में शिरकत करने को लेकर स्थिति साफ करने की बाबत पूछना चाहा तो उन्होंने कहा कि मैं फिर दोहराना चाहूंगा कि हमने सभी टीमों के लिए ओलंपिक चार्टर का पूरी शिद्दत से पालन किया है फिर चाहे वह पाकिस्तान हो, जापान या कोई अन्य टीम। वह फिर बोले आप पाकिस्तान की टीम के एशिया कप में शिरकत करने को लेकर इतनी ज्यादा तवज्जो देना ही क्यों चाहते हैं।

दरअसल पहलगाम में 26 निर्दोष सैलानियों की उनका धर्म पूछ कर पाकिस्तानियों आतंकियों द्वारा की गई निर्मम हत्या के बाद भारत ने जवाब में 'ऑपरेशन सिंदूर' कर 11 एयरबेस को लगभग बर्बाद कर दिया था और इससे पूरा पाकिस्तान ही खौफ में है। ऐसे में राजगीर में हॉकी एशिया कप में अपनी टीम को न भेजने के लिए पाकिस्तान ने बेवजह सुरक्षा कारणों का हवाला देकर इसमें शिरकत न करने के लिए बहाने बाजी में जुटा है। बुगती ने कहा, 'हमारी न तो पहले और न ही अब तक हॉकी इंडिया से कोई बात हुई है। ऐसे में भारत यह कैसे कहा जा सकता है कि पाकिस्तान ने पुरुष हॉकी एशिया कप में शिरकत करने से इनकार कर दिया। पुरुष हॉकी एशिया में शिरकत करने की बाबत हमारी एशियन हॉकी फेडरेशन से बात हुई है न कि हॉकी इंडिया से। हॉकी इंडिया जो चाहे कह सकता है।हमें हमें इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि हमारी पाकिस्तान टीम की जगह बांग्लादेश को हॉकी एशिया कप में भाग लेने के लिए निमंत्रण भेजा गया है।' अब तक के हालात के मुताबिक पाकिस्तान हॉकी संघ के अध्यक्ष बुगती चाहे जो भी कहे लेकिन हकीकत यही लग रही है कि वह इस महीने के आखिर में हॉकी एशिया कप में शिरकत करने भारत नहीं ही आ रहा है।

### सुडोकू 6998 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 | 2 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 2 | 1 | 4 | 3 | 6 | 8 |
| 2 | 1 | 6 | 7 | 3 | 8 | 5 | 4 | 9 |
| 5 | 2 | 7 | 9 | 4 | 1 | 8 | 3 | 6 |
| 1 | 6 | 3 | 5 | 8 | 7 | 2 | 9 | 4 |
| 8 | 9 | 4 | 3 | 6 | 2 | 7 | 1 | 5 |
| 9 | 7 | 1 | 8 | 2 | 6 | 4 | 5 | 3 |
| 6 | 3 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 |
| 4 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 | 2 |

# [अर्थ जगत]



## डीएचएल एक्सप्रेस ने 'राखी एक्सप्रेस' की शुरुआत की

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय एक्सप्रेस लॉजिस्टिक्स में अग्रणी डीएचएल एक्सप्रेस ने अपनी वार्षिक त्योहार विशेष सेवा 'राखी एक्सप्रेस' की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य रक्षाबंधन पर्व के इस विशेष अवसर पर परिवारों को जोड़ना और दूरियों को मिटाना है। इस पहल के तहत ग्राहकों को आकर्षक छूट दी जा रही है, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय राखी और गिफ्ट शिपमेंट्स पर शुल्क 3,099* से शुरू होता है। यह ऑफर देशभर में डीएचएल के 700 से अधिक रिटेल आउटलेट्स और इसकी आधिकारिक वेबसाइट पर 9 अगस्त 2025 तक मान्य है।

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टेक महिंद्रा | 1.68 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.17 प्रतिशत |
| इटर्नल | 0.97 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 0.85 प्रतिशत |
| मारुति सुजुकी | 0.80 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| अडानी पोर्ट्स | 1.55 प्रतिशत |
| ट्रेंट | 1.06 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 0.85 प्रतिशत |
| हिंद यूनिलिवर | 0.74 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 0.69 प्रतिशत |

### सर्राफा

| दिल्ली | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 1,00,452 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,13,485 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौंड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |

# भारत के पास घरेलू बाजार, टैरिफ बड़ी समस्या नहीं : मोबियस

■ भारत चीन की तरह पूर्ण रूप से निर्यात पर निर्भर नहीं

■ 30 अरब डॉलर से ज्यादा मूल्य के शिपमेंट को अभी तक रखा बाहर



**नई दिल्ली,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। अरबपति निवेशक मार्क मोबियस ने गुरुवार को कहा कि भारत पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ का देश पर काफी कम असर होगा, क्योंकि यहां विशाल घरेलू बाजार मौजूद है।

दिग्गज निवेशक ने कहा कि भारत चीन की तरह पूर्ण रूप से निर्यात पर निर्भर नहीं है। इस कारण देश अन्य अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले टैरिफ से डील करने के लिए अच्छी स्थिति में है। इसके अलावा, भारतीय सॉफ्टवेयर निर्यात भी अच्छा है और यह टैरिफ से बचाने में मदद करेगा। मोबियस ने कहा कि इसका सारांश यह है कि टैरिफ भारत के लिए बड़ी समस्या नहीं है। अमेरिका की ओर से दवाईयों और कुछ इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं जैसे स्मार्टफोन, सेमीकंडक्टर और ऊर्जा से जुड़े 30 अरब डॉलर से ज्यादा मूल्य के शिपमेंट को अभी तक हाई टैरिफ लिस्ट से बाहर रखा गया है। ट्रंप प्रशासन ने इन प्रमुख उद्योगों को अभी तक नए टैरिफ में शामिल नहीं किया है, जो अगले 21 दिनों में लागू होने वाले हैं।

इसके अलावा, भारत ने वित्त वर्ष 25 में क्रमश: 10.5 अरब डॉलर और 14.6 अरब डॉलर मूल्य की दवाओं और फार्मास्यूटिकल्स के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों (ज्यादातर स्मार्टफोन) का निर्यात किया है, जो अमेरिका को उसके कुल निर्यात का 29 प्रतिशत है। वित्त वर्ष 25 में 4.09 अरब डॉलर मूल्य का पेट्रोलियम निर्यात भी फिलहाल ट्रंप के नए टैरिफ से सुरक्षित है, क्योंकि ऊर्जा को हाई टैरिफ की सूची से बाहर रखा गया है।

वित्त वर्ष 25 में अमेरिका को भारत ने 86.51 अरब डॉलर का निर्यात किया था। मोबियस के अनुसार, भारत जिस तरह की जीडीपी वृद्धि देख रहा है, वह उसे दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर आगे बढ़ने में मदद करेगी।

मोबियस ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद देश 6-7 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल कर रहा है, जो इसकी अर्थव्यवस्था के मजबूती को दर्शाता है।

## भारत, रूस के साथ एल्युमीनियम, उर्वरक, रेलवे व खनन क्षेत्र में बढ़ाएगा सहयोग




**नई दिल्ली।** भारत और रूस ने एल्युमीनियम, उर्वरक, रेलवे और खनन टेक्नोलॉजी में सहयोग को गहरा करने के लिए एक प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर करके अपनी रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाया है। आधुनिकीकरण और औद्योगिक सहयोग पर भारत-रूस के वर्किंग ग्रुप के 11वें सत्र में दोनों पक्षों ने एल्युमीनियम, उर्वरक और रेलवे परिवहन के क्षेत्र में साझेदारी का स्वागत किया, साथ ही खनन क्षेत्र के उपकरण, अन्वेषण और औद्योगिक एवं घरेलू अपशिष्ट प्रबंधन में क्षमता निर्माण और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर पर भी सहमति जताई। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार, यह बैठक व्यापार, आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी और सांस्कृतिक सहयोग पर भारत-रूस इंटरगवर्नमेंटल कमीशन के ढांचे के तहत आयोजित की गई थी।

## भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात पहली तिमाही में 47 प्रतिशत बढ़ा



■ वित्त वर्ष 2026 में 46-50 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान

**नई दिल्ली।** इंडस्ट्री डेटा से गुरुवार को मिली जानकारी के अनुसार, वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में भारी वृद्धि देखी गई, जिसमें मोबाइल फोन निर्यात में मजबूत प्रदर्शन के कारण सालाना आधार पर 47 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 12.4 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 8.43 अरब डॉलर था। इस गति के साथ, उद्योग निकाय का अनुमान है कि वित्त वर्ष के अंत तक इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 46-50 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। सबसे अच्छा प्रदर्शन मोबाइल फोन सेगमेंट का रहा, जो 55 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही के 4.9 अरब डॉलर से वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में अनुमानित 7.6 अरब डॉलर हो गया।

## अडानी पावर को बिहार में मिली 2400 मेगावाट की बड़ी बिजली परियोजना

**नई दिल्ली,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। भारत की प्रमुख विद्युत कंपनी अडानी पावर लिमिटेड को बिहार के भागलपुर जिले में 2400 मेगावाट की एक नई सुपर क्रिटिकल का बिजली परियोजना का ठेका मिला है। कंपनी ने गुरुवार को बताया कि उसे खुली प्रतिस्पर्धा में बिहार राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड से बिजली आपूर्ति के लिए आशय पत्र (एलओआई) प्राप्त हुआ है।



कंपनी की एक विज्ञप्ति के अनुसार उत्तर बिहार विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (एनबीपीडीसीएल) और दक्षिण बिहार विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (एसबीपीडीसीएल) को अडानी पावर की भागलपुर जिले में विकसित होने वाली 2400 मेगावाट की प्रस्तावित नयी ताप विद्युत परियोजना का विकास करेगी और वहां से अनुबंध के अनुसार विद्युत आपूर्ति की जाएगी। बिहार सरकार की वितरण कंपनी वहां पीरपैंती परियोजना से 2274 मेगावाट बिजली लेगी ।

कड़ी प्रतिस्पर्धा वाली निविदा प्रक्रिया में अडानी पावर सबसे कम दर पर बिजली देने की बोली लगाने वाली कंपनी घोषित की गई। कंपनी ने कीमत 6.075 रुपए प्रति यूनिट की बोली लगाई थी। अनुबंध के तहत, कंपनी भागलपुर जिले में 3 गुणा 800 मेगावाट क्षमता की अपनी नई अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल विद्युत संयंत्र से बिजली की आपूर्ति करेगी।

# घर में बनी थाली की कीमत में जुलाई में 14 प्रतिशत की गिरावट



■ प्याज के उत्पादन में वृद्धि से 2025 में कीमतों में गिरावट आई

**नई दिल्ली,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। क्रिसिल के फूड प्लेट कॉस्ट मंथली इंडीकेटर के अनुसार, कमोडिटी की कीमतों में नरमी के बीच, इस वर्ष जुलाई में घर में बनी शाकाहारी और मांसाहारी थाली की कीमत पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में क्रमश: 14 प्रतिशत और 13 प्रतिशत कम हुई।

शाकाहारी थाली की कीमत में सालाना आधार पर गिरावट सब्जियों की कीमतों में भारी गिरावट के कारण हुई, जो एक उच्च आधार पर थी, जिसमें मुख्य रूप से टमाटर, प्याज और आलू शामिल थे। टमाटर की कीमतें जुलाई में सालाना आधार पर 36 प्रतिशत गिरकर 66 रुपए प्रति किलोग्राम से 42 रुपए प्रति किलोग्राम हो गईं, जो एक उच्च आधार प्रभाव के कारण हुआ क्योंकि मौसमी कारणों से कीमतें आमतौर पर जुलाई/अगस्त के आसपास बढ़ जाती हैं। आलू और प्याज की कीमतें में सालाना आधार पर क्रमश: 30 प्रतिशत और 36 प्रतिशत की गिरावट आई, जो एक उच्च आधार पर थी। एक वर्ष पहले की समान अवधि में, आलू का उत्पादन झुलसा रोग और मौसम परिवर्तन के कारण 5-7 प्रतिशत कम हुआ, जिससे कीमतों में वृद्धि हुई। प्याज के वार्षिक उत्पादन में 18-20 प्रतिशत की वृद्धि के कारण 2025 में कीमतों में गिरावट आई। दालों की कीमतों में सालाना आधार पर 14 प्रतिशत की गिरावट आई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में अधिक उत्पादन और स्टॉक स्तर के कारण हुई और चावल की लागत में 4 प्रतिशत की गिरावट आई।

# ब्लूस्टोन ज्वैलरी एंड लाइफस्टाइल का आईपीओ 11 अगस्त को खुलेगा

**अहमदाबाद,** 7 अगस्त (एजेंसियां)। ब्लूस्टोन ज्वैलरी एंड लाइफस्टाइल लिमिटेड का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 11 अगस्त को खुलेगा। कंपनी ने गुरुवार को यहां जारी बयान में कहा कि उसने अपने आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 492 रुपये से 517 रुपए प्रति शेयर तय किया है। प्रत्येक शेयर का अंकित मूल्य एक रुपया है।

यह आईपीओ सोमवार, 11 अगस्त को खुलेगा और बुधवार, 13 अगस्त को बंद होगा। निवेशक कम से कम 29 इक्विटी शेयर और उसके बाद 29 शेयरों के गुणांक में बोली लगा सकते हैं।

यह आईपीओ दो हिस्सों में है। कुल 820 करोड़ रुपये मूल्य तक के नये शेयर जारी किये जायेंगे। इसके अलावा मौजूदा शेयरधारक ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के तहत 1,39,39,063 इक्विटी शेयरों की बिक्री करेंगे।

ब्लूस्टोन ज्वैलरी एंड लाइफस्टाइल लिमिटेड अपने फ्लैगशिप ब्रांड ब्लूस्टोन के तहत हीरा, सोना, प्लैटिनम और जड़ी वाले जेवरात बेचती है। साल 2011 में शुरू हुआ यह ब्रांड अब देश के प्रमुख ज्वैलरी रिटेलर्स में से एक है। यह एक डिजिटल-फर्स्ट डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर (डीटीसी) ब्रांड है।


**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**

**क्रमांक 8631/आर.सी./रा.वि.प्रा./25**
**रायपुर दिनांक 07/08/25**

प्राधिकरण की देवेन्द्र नगर योजना के अन्तर्गत श्रीमती हरशरण कौर भुटानी पति श्री रविन्दर सिंग भुटानी को भूखण्ड क्रमांक डी-19/4 (कार्नर) क्षेत्रफल 1500 वर्गफुट तीस वर्षीय पट्टे पर आबंटित है। आबंटिती द्वारा उक्त भूखण्ड / मकान / दुकान को फ्री-होल्ड किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखण्ड/मकान / दुकान को फ्री-होल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री-होल्ड की कार्यवाही सम्पादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 07.08.25 को जारी

**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**

**क्रमांक 8628/आर.सी./रा.वि.प्रा./25**
**रायपुर दिनांक 07/08/25**

प्राधिकरण की देवेन्द्र नगर योजना के अन्तर्गत श्री अविनाश कुमार छाबड़ा पिता श्री जसवंत सिंह छाबड़ा द्वारा भूखण्ड क्रमांक डी-15/4 क्षेत्रफल 1500 वर्गफुट फ्री-होल्ड पर धारित है। फ्री-होल्डधारी द्वारा उक्त सम्पत्ति को पंजीकृत विक्रय विलेख द्वारा दिनांक 07.07.2025 को क्रेता श्री विजय कुमार मूलचंदानी पिता श्री जेठानंद मूलचंदानी, श्रीमती सोहनी मूलचंदानी पति श्री अजय कुमार मूलचंदानी एवं श्रीमती बुलबुल मूलचंदानी पति श्री दीपक मूलचंदानी तीनों निवासी ब्लॉक ए फ्लैट नं. 102, क्रॉस विंड्स, दलदल सिवनी, मोवा, सड्डू रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में विक्रय कर दिया गया है।

क्रेता श्री विजय कुमार मूलचंदानी पिता श्री जेठानंद मूलचंदानी, श्रीमती सोहनी मूलचंदानी पति श्री अजय कुमार मूलचंदानी एवं श्रीमती बुलबुल मूलचंदानी पति श्री दीपक मूलचंदानी द्वारा पंजीकृत विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत कर प्राधिकरण अभिलेख में नाम दर्ज कराना चाहा है। अत: उक्त भूखण्ड/मकान के अभिलेख में क्रेता का नाम दर्ज किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नही होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नाम दर्ज की कार्यवाही सम्पादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 07.08.2025 को जारी।

**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**

**क्रमांक 8630/आर.सी./रा.वि.प्रा./25**
**रायपुर दिनांक 07/08/25**

प्राधिकरण की डॉ. खूबचंद बघेल, रावांभाठा ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत श्री सुजान सिंह चावला आत्मज स्व. ज्ञान सिंग चावला को ब्लॉक 13 में भूखण्ड क्रमांक एसएस2-48 क्षेत्रफल 269 वर्गफुट 30 (तीस) वर्षीय पट्टे पर धारित है, आबंटिती के द्वारा उक्त भूखण्ड को फ्री-होल्ड किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखण्ड/मकान / दुकान को फ्री-होल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री-होल्ड की कार्यवाही सम्पादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 07.08.25 को जारी

**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

**//मार्कशीट गुमा //**

मैं शपथकर्ती मधु साहू पिता श्री बोधी राम साहू, निवासी रावांभाठा बिरगांव रायपुर छ.ग., जो कि निम्न लिखित कथन शपथ पूर्वक करती हूँ कि:--

01. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य व सही है।

02 यह कि मैंने वर्ष 2021 में जी. एन. एम. नर्सिंग की परीक्षा को गौरमेंट जी.एन.एम. ट्रेनिंग सेन्टर जांजगीर चांपा छ.ग. से उत्तीर्ण कि हूँ जिसका रोल नं.-33486 है।

03. यह कि मेरे उक्त कक्षा जी. एन. एम. नर्सिंग का अंतिम वर्ष का मार्कशीट मेरे द्वारा दिनांक 05/06/2025 को स्थान- फाफाडीह रायपुर छ. ग. मे कहीं गुम हो गया है जो कि आज दिनांक तक अप्राप्त है। जिस किसी सज्जन को मिले कृपया उक्त पते पर सूचित करें।

**शपथकर्ती**
**मधु साहू**
**निवासी रावांभाठा**
**बिरगांव रायपुर छ.ग.,**
**मो. 9399990641**

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, NANDINI PURUSHOTTAM LANJEWAR W/O YOGESH BANTE resident of P-9 BASANT PARK, NEW PURENA, MAHAVEER NAGAR, RAIPUR (C.G.) 492001 have changed my old name NANDINI PURUSHOTTAM LANJEWAR W/O YOGESH BANTE so in future I should be recognized by my new name that is NANDINI YOGESH BANTE W/O YOGESH BANTE in all Government and other documents.

**NANDINI YOGESH BANTE**
P-9 BASANT PARK, NEW PURENA, MAHAVEER NAGAR, RAIPUR (C.G.) 492001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, UMA TRIPATHI D/O CHANDRIKA PRASAD TRIPATHI resident of FLAT NO D2 402, VIP KARISHMA, LIC COLONY, KACHANA PAHUCH MARG, SHANKAR NAGAR, RAIPUR, (C.G.) 492004 have changed my old name UMA TRIPATHI D/O CHANDRIKA PRASAD TRIPATHI so in future I should be recognized by my new name that is UMA MISHRA W/O MAYANK BHOOSHAN MISHRA in all Government and other documents.

**UMA MISHRA**
FLAT NO D2 402, VIP KARISHMA, LIC COLONY, KACHANA PAHUCH MARG, SHANKAR NAGAR, RAIPUR, (C.G.) 492004

**न्यायालय तहसीलदार तहसील धरसींवा**
**जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.मा.क्र.ब/121 वर्ष 2024-2025
धरसींवा, दिनांक 25.07.2025
ग्राम तेन्दुआ प.ह.नं. 32
रा.नि.मं. रायपुर-19 धनेली
तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)

एतद द्वारा सर्वसाधरण को सुचित किया जाता है कि आवेदक ललित कुमार सिंघानिया द्वारा संचालक इंडस टेक्निकल, एण्ड फाइनेंश्यिल प्रा.लि. पता-28 कॉलेज रोड, चौबे कालौनी रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम तेन्दुआ प.ह.नं. 32 रा.नि.मं. रायपुर-19 धनेली, तहसील धरसींवा, जिला रायपुर में स्थित भूमि ख.नं. 2 रकबा 0.441 हे. ख.नं. 7 रकबा 1.056 हे., ख.नं. 10/1 रकबा 0.384 हे. ख.नं. 13/1 रकबा 0.214 हे. ख.नं. 112/3 रकबा 0.344 हे., ख.नं. 114 रकबा 0.405 हे., ख.नं. 116/2 रकबा 0.077 हे, ख.नं. 117/2 रकबा 0.474 हे. कुल खसरा नंबर 08 कुल रकबा 3.395 हे. भूमि इंडसटेकनिकल एन्ड फाइनियल कनसल्टेन्स डायरेक्टर ललित कुमार व नत्थूलाल सिंघानिया साकिन समता कालोनी रायपुर के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि का ऋण पुस्तिका प्राप्त हुआ था जो कहीं गुम हो गया है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि का द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका जारी किये जाने का निवेदन किया गया है।

अत: आवेदक द्वारा प्रस्तुत द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका बाबत् आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 08.08.2025 तक स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 25.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**मुहर** **तहसीलदार धरसींवा**

**न्यायालय तहसीलदार तहसील धरसींवा**
**जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.मा.क्र./ब/121 वर्ष 2024-2025
धरसींवा दिनांक 25.07.2025
ग्राम बेन्द्री प.ह.नं. 30
रा.नि.मं. रायपुर-19 धनेली
तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग.

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदक सोहन लाल सिंघानिया पिता स्व. नत्थूलाल सिंघानिया निवासी चौबे कालोनी रायपुर (छ.ग.) द्वारा नया ऋण पुस्तिका बनाये जाने बाबत् आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम बेन्दरी, प.ह.नं. 30 रा.नि.मं. रायपुर-19 धनेली, तहसील धरसींवा, जिला रायपुर में स्थित भूमि ख.नं. 95/6 रकबा 0.4000 हे. भूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि का ऋण पुस्तिका आवेदक को प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि का नया ऋण पुस्तिका जारी किये जाने का निवेदन किया गया है।

अत: आवेदक द्वारा प्रस्तुत नया ऋण पुस्तिका बाबत् आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 08.08.2025 तक स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 25.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**मुहर** **तहसीलदार धरसींवा**

**न्यायालय तहसीलदार तहसील धरसींवा**
**जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.मा.क्र./ब/121 वर्ष 2024-25
धरसींवा, दिनांक 25.07.2025
ग्राम तेन्दुआ प.ह.नं. 32
रा.नि.मं. रायपुर-19 धनेली
तहसील धरसींवा, जिला रायपुर (छ.ग.)

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदक उमेश कुमार सिंघानिया द्वारा संचालक इंडस स्मेल्टर प्रा.लि. पता एच न ए/14/01 सेक्टर सी. उदय सोसईटी टाटीबंध रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम तेन्दुआ प.ह.नं. 32 रा.नि.मं. रायपुर-19 धनेली, तहसील धरसींवा, जिला रायपुर में स्थित भूमि ख.नं. 12/1 रकबा 0.154 हे. ख.नं. 12/4 रकबा 0.1500 हे., ख.नं. 14 रकबा 1.368 हे. ख.नं. 18/1 रकबा 0.166 हे. ख.नं. 18/2 रकबा 0.166 हे., ख.नं. 110/1 रकबा 0.40 हे. कुल खसरा नंबर 06 कुल रकबा 2.044 हे. भूमि इंन्द्रम इम्मीलटर लिमि द्वारा संचालक उमेश कुमार पिता नत्थूलाल के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि का ऋण पुस्तिका प्राप्त हुआ था जो कहीं गुम हो गया है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि का द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका जारी किये जाने का निवेदन किया गया है।

अत: आवेदक द्वारा प्रस्तुत द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका बाबत् आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 08.08.2025 तक स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 25.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**मुहर** **तहसीलदार धरसींवा**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण श्री कमल गुप्ता एवं प्रशांत गुप्ता दोनों पिता-श्री सुखई प्रसाद गुप्ता, निवासी-रायपुर (छ.ग.) के हक व स्वामित्व की भूमि स्थित ग्राम-कोटनी पलौद, मंदिर हसौद रायपुर, छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर-1065/2, रकबा 0.8800 हेक्टेयर भूमि को विक्रय करने बाबत् एक इकरारनामा दिनांक 26.03.25 को श्री सुयश सुंदरानी पिता-श्री एस. के. सुंदरानी, निवासी-ई-304, पॉम रेसीडेंसी कटोरातालाब रायपुर, छ.ग. निष्पादित कर विक्रय सौदा पक्का किया जाकर बतौर बयाना राशि 5,00,000/-रूपये अक्षरी पांच लाख रूपये प्राप्त किये थे तथा शेष राशि क्रेता द्वारा समय पर अदा ना किये जाने से उक्त सौदा निरस्त किया जाकर शून्य हो चुका है जिसकी सूचना रजिस्टर्ड नोटिस द्वारा क्रेता को सूचित कर दिया गया है और बयाना राशि 5,00,000/-रूपये अक्षरी पांच लाख रूपये वापस कर लेने का सूचना दी गई है, इस कारण अब उक्त सौदा पूर्णत: निरस्त एवं शून्य हो चुका है साथ ही उक्त संपत्ति को मेरा पक्षकार किसी अन्य व्यक्ति को विक्रय करने हेतु पूर्ण रूप से स्वतंत्र हो गया है जिसके संबंध में आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण पर उक्त सौदा पूर्णत: प्रभावहीन है। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करा लेवें अन्यथा बाद-म्याद किसी भी प्रकार की कोई दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जाने, धन्यवाद

स्थान-रायपुर, छ.ग.
दिनांक 07.08.2025

**सजल कुमार साहा ( अधिवक्ता )**
**संस्कार लोटस हॉस्पिटल के पास**
**राजातालाब, रायपुर ( छ.ग. )**
**मो. 8839810016. 9827114763**

**न्यायालय नजूल अधिकारी रायपुर के न्यायालय में मामला**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

क्रमांक: 202507112800046/249
विषय-अ-20 (3) सन् 2024-2025
रायपुर प.ह.नं. 00062 हे.

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार 1. श्रीमती रितु दुल्हानी पति श्री मोहनलाल दुल्हानी 2. मोहन लाल दुल्हानी पिता श्री उत्तम चंद दुल्हानी, अनावेदक पक्षकार-दयालदास हीरवानी पिता स्व. हरपाल दास हीरवानी

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं मौजा ग्राम तेलीबांधा रायपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण 1. श्रीमती रितु दुल्हानी पति श्री मोहनलाल दुल्हानी, 2. मोहन लाल दुल्हानी पिता श्री उत्तम चंद दुल्हानी, निवासी-गली नंबर-03, सिंधी कॉलोनी, रविग्राम, तेलीबांधा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता अधिनियम 1959 की धारा 110 के तहत् इस आशय का आवेदन पेश किया है कि मौजा ग्राम तेलीबांधा स्थित, भूखण्ड क्रमांक-7133, खसरा नंबर-138/1 का भाग, क्षेत्रफल 1980 वर्गफुट भूमि को आवेदक ने पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 24.03.2025 के आधार विक्रेता/अनावेदक दयाल दास हीरवानी से क्रय किया है। अतएव आवेदक द्वारा क्रय हक के आधार पर अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र के साथ विक्रय विलेख की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 14.08.2025 तक न्यायालयीन अवधि में कार्यालय कलेक्टर नजूल अधिकारी रायपुर कक्ष क्रमांक-07 में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25.07.2025 को जारी किया जाता है।

**मुहर** **नजूल अधिकारी रायपुर**

**न्यायालय नजूल अधिकारी रायपुर के न्यायालय में मामला**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

क्रमांक: 202507112800040/243
विषय-अ-20 (3) सन् 2024-2025
रायपुर प.ह.नं. 00062 हे.

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार श्री गौरव उदासी पिता स्व. जगदीश उदासी, अनावेदक पक्षकार-पंकज उदासी पिता स्व. जगदीश उदासी

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं मौजा कटोरातालाब, रायपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री गौरव उदासी पिता स्व. जगदीश उदासी, निवासी मकान नंबर-1753, गली नंबर-03, कटोरातालाब, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता अधिनियम 1959 की धारा 110 के तहत् इस आशय का आवेदन पेश किया है कि मौजा कटोरातालाब स्थित ब्लॉक नंबर-292, कुल रकबा 1250 वर्गफुट आवेदक एवं अनावेदक के नाम पर संयुक्त रूप से दर्ज है, जिसमें से 500 वर्गफुट भूमि का विक्रय किया जा चुका है शेष 750 वर्गफुट में से अनावेदक द्वारा अपने हिस्से के अविभाजित अंश रकबा 375 वर्गफुट को आवेदक के पक्ष में हकत्याग किया गया है। अतएव आवेदक द्वारा हकत्याग विलेख के आधार पर अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र के साथ हकत्याग विलेख की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 14.08.2025 तक न्यायालयीन अवधि में कार्यालय कलेक्टर नजूल अधिकारी रायपुर कक्ष क्रमांक-07 में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपित्त दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25.07.2025 को जारी किया जाता है।

**मुहर** **नजूल अधिकारी रायपुर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम,**
**रायपुर (जोन क्र.-6)**
**आई.एस.बी.टी., चतुर्थ तल रावणभाठा रायपुर**
**ईश्तहार**

**पत्र क्र./23256/न.पा.नि./जोन क्र.-6/2025**
**रायपुर, दिनांक 06.08.2025**
**नामांतरण प्र.क्र. 23256**
**वार्ड का नाम- 59-मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 59 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR651E00362 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती RAHUL KUMAR GOYAL पिता/पति श्री/श्रीमती GHANSHYAMDAS GOYAL के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती MEMON HEALTH CARE PRIVATE LIMITED पिता/पति श्री/श्रीमती BY DIRECTOR DR. YOUSUF MEMON S/o ABDUL GAFFAR MEMON ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**श्री हितेन्द्र यादव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन ( 6 )**
**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

**शपथ पत्र**

मैं, जागृति दुबे, उम्र 37 वर्ष, पति-श्री मनोज कुमार दुबे, निवासी-बमलेश्वरी मंदिर के पास, बमलेश्वरी मार्ग तेंदुआ, रायपुर, तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूं कि :-

1-यह कि, मेरा नाम व पता उपनरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।

2-यह कि, मेरा विवाह दिनांक 22.11.2010 को आर्य समाज आमानाका रायपुर छ.ग. में मनोज दुबे पिता कल्लू प्रसाद दुबे के साथ हुई है।

3-यह कि, विवाह से पूर्व मेरा नाम जबिदुन निशा पिता मोहम्मद रफिक खान धर्म मुस्लिम निवासी-कालीबाड़ी चौक, इंडस्ट्रीयल एरिया, पावर हाउस भिलाई जिला दुर्ग छ.ग. थी जो कि उक्त नाम जबिदुन निशा मेरे सभी अंकसूची में दर्ज है

4-यह कि, विवाह पश्चात् मेरा नाम जागृति दुबे पति मनोज कुमार दुबे हो गयी है जो कि मैं उक्त नाम जागृति दुबे अपने आधार कार्ड (8662 9559 5946) में दर्ज करवा चुकी हूं। अब मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचना जावे

5-यह कि, मैं उक्त नाम जागृति दुबे पति मनोज कुमार दुबे का राजपत्र में प्रकाशित करने के संबंध में यह शपथपत्र प्रस्तुत कर रही हूं।

**शपथकर्ती**

**आम सूचना**

मेरे पक्षकार का विवाह पूर्व आधार कार्ड में उसका नाम मीना (अनीता) नाहटा (जैन) पिता गुलाबचंद अंकित है तथा विवाह पश्चात के आधार कार्ड में उसका नाम अनिता जैन पति मंगल चंद जैन एवं पेन कार्ड में अनीता जैन पिता गुलाब चंद चोपड़ा अंकित है। इस प्रकार मीना (अनीता) नाहटा (जैन) पिता गुलाबचंद, अनिता जैन पति मंगल चंद जैन एवं अनीता जैन पिता गुलाब चंद चोपडा तीनों एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे पक्षकार के ही नाम हैं, मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त संबंध में एक शपथ पत्र निष्पादित किया गया है। अत: मैं इस आम-सूचना के द्वारा आम जनता /सर्वसाधारण को यह सूचित करता हूं कि अब मेरे पक्षकार को उसके सही व वास्तविक नाम अनिता जैन पति मंगल चंद जैन के नाम से जानी, मानी व पहचानी जाये तथा मेरे पक्षकार से संबंधित केन्द्र/राज्य सरकार के समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय अभिलेखों में मेरे पक्षकार को इसी नाम से संबोधित, सं संव्यवहारित एवं अभिलिखित किया जाये।

स्थान- बालोद (छ.ग.)
दिनांक-25.02.2025

**भवदीय**
**लोकश मंनाडे ( अधिवक्ता )**
**झण्डा चौक के पास पंडरी**
**रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम,**
**रायपुर (जोन क्र.-1)**
**संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी रायपुर**
**ईश्तहार**

**पत्र क्र./23371/न.पा.नि./जोन क्र.-7/2025**
**रायपुर, दिनांक 07.08.2025**
**नामांतरण प्र.क्र. 23371**
**वार्ड का नाम- 17-ठक्कर बापा वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 17 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR108A00011 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती RADHA DEVI SHARMA पिता/पति श्री/श्रीमती R.D. SHARMA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती 01. KAMAL KISHOR SHARMA 02. SHRAVAN KISHOR SHARMA 03. PAWAN KISHOR SHARMA पिता/पति श्री/श्रीमती S/o RAM DAS SHARMA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**( जोन कमिश्नर )**
**जोन ( 1 )**
**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

**न्यायालय तहसीलदार धरसींवा**
**मामले की श्रेणी:राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भ:- जिला रायपुर तहसील-धरसींवा प.ह.नं. 00018 तिवरैया ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440716900018

तहसील धरसींवा के प.ह.नं. 00018 के अंतर्गत ग्राम तिवरैया के वर्तमान भूमिस्वामी रूपौतिन बेवा गंगाराम पिता/पति पता सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 110/5 0.0040, 227/1 0.4170 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता लीला, गायत्री, अनिता पिता/पति स्व. आनंद राम पता तिवरैया, निर्मला, नीलम, सीमा पिता/पति स्व. दयादास पता तिवरैया, सतवंतीन पिता/पति स्व. आनंदराम पता तिवरैया, सरस्वती पिता/पति दयादास पता तिवरैया, तिरिथ, महेश, अश्वनी, मनहरण पिता/पति स्व. आनंद राम पता तिवरैया, संतोष, अरूण पिता/पति स्व. दयादास पता तिवरैया, सुकालदास, रूपबाई पिता/पति स्व. गंगाराम पता तिवरैया, नोहर पिता/पति स्व. जथाराम पता तिवरैया के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 14.08.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार धरसींवा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22.07.2025 को जारी किया जाता है।

**मुहर** **तहसीलदार उप तहसील धरसींवा**

**न्यायालय तहसीलदार धरसींवा**
**मामले की श्रेणी:राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भ:- जिला रायपुर तहसील-धरसींवा प.ह.नं. 00018 तिवरैया ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440716900019

तहसील धरसींवा के प.ह.नं. 00018 के अंतर्गत ग्राम तिवरैया के वर्तमान भूमिस्वामी दयाराम पिता/पति गंगाराम पता सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 110/4, 0.0040, 219/3 0.1820, 227/2 0.2020, 298/2 0.0970, 402/1 0.2020 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता तिरिथ, महेश, अश्वनी, मनहरण पिता/पति स्व. आनंदराम पता तिवरैया, निर्मला, नीलम, सीमा पिता/पति स्व. दयादास पता तिवरैया, लीला, गायत्री, अनीता पिता/पति स्व. आनंद राम पता तिवरैया, सरस्वती पिता/पति स्व. जथाराम पता तिवरैया, सतवंतीन पिता/पति स्व. आनंद राम पता तिवरैया, अरूण, संतोष पिता/पति स्व. दयादास पता तिवरैया, सुकालदास, रूपबाई पिता/पति स्व. गंगाराम पता तिवरैया, नोहर पिता/पति स्व. जथाराम पता तिवरैया के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 14.08.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार धरसींवा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22.07.2025 को जारी किया जाता है।

**मुहर** **तहसीलदार उप तहसील धरसींवा**

**न्यायालय तहसीलदार खरोरा**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्रं./अ/6/2024-2025
ग्राम खरोरा-31, रा.नि.मं. खरोरा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स-निर्मल इन्फ्राहोम कार्पोरेशन लिमि. भोपाल द्वारा भावेश परमार पिता श्री भगवान लाल परमार निवासी सा. एल.आई.जी. 183 तिलक नगर, जनता कॉलोनी गुढ़ियारी रायपुर के द्वारा दस्तावेज सहित आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम खरोरा प.ह.नं. 31 रा.नि.मं. खरोरा में स्थित भूमि ख.नं. 406/4, 406/5, 406/6 रकबा क्रमश: 0.193, 0.194, 0.193 हे. भूमि वर्तमान बी-1 खसरा में निर्मल इन्फ्राहोम कार्पोरेशन लिमि. भोपाल द्वारा हरीश शर्मा पिता श्री अशोक शर्मा निवासी 12 अर्चना काम्पलेक्स म.प्र. नगर जोन-2 भोपाल म.प्र. के नाम पर दर्ज है। मेसर्स-निर्मल इन्फ्राहोम कार्पोरेशन लिमि. भोपाल के पूर्व डायरेक्टर प्रतिनिधि हरीश शर्मा के द्वारा आवेदक भावेश परमार पिता श्री भगवान लाल परमार निवासी सा. एल.आई.जी. 183 तिलक नगर जनता कॉलोनी गुढ़ियारी रायपुर को दिनांक 05.11.2024 को विशेषाधिकार पत्र प्रदान किया गया है। जिसके अनुसार आवेदित भूमि के डायरेक्टर का नाम परिवर्तन कर आवेदक अपना नाम आवेदित कंपनी के डायरेक्टर प्रतिनिधि के रूप में दर्ज किये जाने की मांग किया है।

तत्संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो वे पेशी दिनांक 11.08.2025 को न्यायालयीन समय में मेरे समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

**मुहर** **तहसीलदार खरोरा**

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**

**क्रमांक 8598/आर.सी./रा.वि.प्रा./25**
**रायपुर दिनांक 07/08/25**

प्राधिकरण की देवेन्द्र नगर पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी व्यावसायिक परिसर (महालक्ष्मी मार्केट) योजना के अन्तर्गत श्री शिवशंकर अग्रवाल पिता पी.एल. अग्रवाल को भूखण्ड क्रमांक 31 क्षेत्रफल 968.40 वर्गफुट तीस वर्षीय पट्टे पर आबंटित है। आबंटिती द्वारा उक्त भूखण्ड/मकान/दुकान को फ्री-होल्ड किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखण्ड/मकान / दुकान को फ्री-होल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री-होल्ड की कार्यवाही सम्पादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 07.08.25 को जारी

**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**

**क्रमांक 8627/आर.सी./रा.वि.प्रा./25**
**रायपुर दिनांक 07/08/25**

प्राधिकरण की देवेन्द्र नगर योजना के अन्तर्गत श्री ओमप्रकाश रामानी पिता स्व. बालचंद रामानी को भूखण्ड क्रमांक डी-33/4 (कॉर्नर) क्षेत्रफल 1700 वर्गफुट तीस वर्षीय पट्टे पर आबंटित है। आबंटिती द्वारा उक्त भूखण्ड/मकान/दुकान को फ्री-होल्ड किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखण्ड/मकान / दुकान को फ्री-होल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री-होल्ड की कार्यवाही सम्पादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 07.08.25 को जारी

**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**

**क्रमांक 8593/आर.सी./रा.वि.प्रा./25**
**रायपुर दिनांक 07/08/25**

प्राधिकरण की कटोरातालाब सेक्टर 07 (न्यू राजेन्द्र नगर) योजना के अंतर्गत श्री कृपाशंकर पिता स्व. नामनिहोर को भूखण्ड क्रमांक 437 सी क्षेत्रफल 520 वर्गफुट 30 (तीस) वर्षीय पट्टे पर धारित है, आबंटिती के द्वारा उक्त भूखण्ड को फ्री-होल्ड किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखण्ड/मकान / दुकान को फ्री-होल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री-होल्ड की कार्यवाही सम्पादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 07.08.25 को जारी

**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

# 3 बसों में सवार होकर धीवर समाज के 200 लोग गए श्री कोटेश्वर, भूतेश्वर और योगेश्वर महादेव का दर्शन करने

**धमतरी, 7 अगस्त (देशबन्धु)।** धीवर समाज में सावन महोत्सव की धूम है। शीतला मंदिर में सावन महोत्सव धूमधाम से मनाने के बाद बुधवार को धीवर समाज की ओर से धार्मिक यात्रा कराई गई। बता दे कि समाज की ओर से हर साल सावन और नवरात्र महोत्सव में धार्मिक यात्रा कराई जाती है जिसमें छत्तीसगढ़ के प्रमुख तीर्थस्थलों में जाकर दर्शन पूजन किया जाता है। दानीटोला स्थित मां शीतला मंदिर परिसर में विशेष पूजा अर्चना करने के बाद समाज के करीब 200 से ज्यादा लोग 3 बसों में सवार होकर धार्मिक यात्रा में रवाना हुए। सबसे पहले नगरी वनांचल के कोटेश्वर महादेव धाम डोंगरडुला का दर्शन करेंगे। इसके बाद गरियाबंद के भूतेश्वर महादेव धाम पहुंचकर दर्शन पूजन कर धीवर समाज की सुख समृद्धि की कामना करेंगे। धार्मिक यात्रा के तीसरे पड़ाव में उड़ीसा के नुआपाडा जिला स्थित योगेश्वर महादेव धाम पतोरा डैम जाएंगे, जहां पर धीवर समाज धमतरी परगना की ओर से भगवान योगेश्वर महादेव की विशेष आराधना की जाएगी एवं समाजजनों की सुख समृद्धि, स्वस्थ जीवन और निरोगी काया के लिए मनोकामना कर सामूहिक पूजा अर्चना करेंगे। सुबह 10 बजे तीर्थयात्रियों को धमतरी नगर निगम के प्रथम नागरिक रामू रोहरा ने भगवा ध्वज दिखाकर यात्रा को रवाना किया। उन्होंने कहा कि धीवर समाज की सामूहिक रूप से धार्मिक यात्रा की पहल बहुत ही सराहनीय पहल है। इससे समाजजनों में आपस में एक-दूसरे के साथ मेलजोल बढ़ता है और आपसी भाईचारा बढ़ती है। ऐसे ही धीवर समाज के लोग आपस में मिलजुल कर सामाजिक उत्थान की दिशा में अपना योगदान देते रहे। आज धीवर समाज से अन्य समाज को प्रेरणा लेने की जरूरत है।



**महापौर रामू रोहरा और धीवर समाज अध्यक्ष नर्मदा जगबेड़हा ने भगवा ध्वज दिखाकर किया तीर्थयात्रियों को रवाना**

इस अवसर पर धीवर समाज के महासंरक्षक परमेश्वर फुटान, अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद जगबेड़हा, होरीलाल मत्स्यपाल, सोहनलाल धीवर, सोनूराम नाग, दुर्गेश रिगरी, शैलेंद्र नाग, यशवंत कौशल्या, फिरोज हिरवानी, चेतन धर्मगुडी, तीरथ राज फुटान, धृति हिरवानी, मीना बैग नाग, कमलेश्वरी निषाद, करण हिरवानी, लेखराम नाग, गणेश नाग, राजू ओझा, विनोद ओझा, गजेश कोसरिया, नगर निगम के एमआईसी मेंबर अखिलेश सोनकर, पार्षद कुलेश सोनी, पिंटू यादव समेत बड़ी संख्या में धीवर समाज के लोग शामिल थे।

# धमतरी पुलिस की बड़ी कार्यवाही, रायपुर से चिट्टा ला रहे तीन आरोपी गिरफ्तार



- तस्करी का पूरा नेटवर्क उजागर
- नाकेबंदी के दौरान बाइक से पकड़े गए चिट्टा तस्कर, मोबाइल से हुई डीलिंग से खुले कई राज

**धमतरी, 7 अगस्त (देशबन्धु)।** पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के निर्देश पर धमतरी जिले में चलाए जा रहे मादक पदार्थ विरोधी अभियान के तहत चौकी बिरेझर (थाना कुरूद) पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कुरूद निवासी अमन चंद्राकर एवं दुष्यंत चंद्राकर रायपुर से हेरोइन (चिट्टा) लेकर बाइक से लौट रहे हैं। बिरेझर पुलिस द्वारा ग्राम बिरेझर, राष्ट्रीय राजमार्ग 30 मार्ग में चंद्राकर हार्डवेयर दुकान के पास नाकाबंदी की गई। मौके पर दोनों आरोपियों दुष्यंत चंद्राकर उर्फ सोनू उम्र 26 ग्राम भोथली कुरूद थाना कुरूद जिला धमतरी और मेहुल उर्फ अणांक चंद्राकर उम्र 26 बस स्टैंड सांधा चौक कुरूद थाना कुरूद जिला धमतरी को पकड़ा गया जिसके कब्जे से कुल 4 किलो 85 ग्राम हेरोइन कीमत लगभग 39 हजार रूपये नगदी व मोटर सायकल सहित मोबाईल फोन जब्त किया गया।

डीलिंग और नेटवर्क का खुलासा- अमन ने 7,900 रूपये स्कैन कर भेजे, दुष्यंत ने 8,000 रूपये नकद दिए। दो झिल्लियों में से एक अमन ने अन्य को देना, दूसरी दुष्यंत ने मेहुल चंद्राकर को देना स्वीकार किया। तीनों ने खुद भी नशे का सेवन करना स्वीकार किया। तीनों आरोपी न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है, मोबाइल डिटेल और सबूत के आधार पर जल्द कार्रवाई की जाएगी।

इस कार्यवाही में चौकी बिरेझर थाना कुरूद की टीम ने मुस्तैदी, सटीक सूचना और साहसिक कार्यवाही के जरिए तस्करों के नेटवर्क को उजागर किया।


**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, NITESH KUMAR SHUKL S/O DEVENDRA PRASAD SHUKL resident of MIG-2, NEW KAILASH NAGAR HOUSINGH BOARD IE BHILAI DURG. DISTRICT -DURG-490026 (C.G.) have changed my old name NITESH KUMAR SHUKL S/O DEVENDRA PRASAD SHUKL so in future I should be recognized by my new name that is NITESH SHUKLA S/O DEVENDRA PRASAD SHUKLA in all Government and other documents.

**NITESH SHUKLA**
MIG-2, NEW KAILASH NAGAR HOUSINGH BOARD IE BHILAI DURG. DISTRICT -DURG-490026 (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, ANAM RIYAZ KHAN D/O QAUZI M. A. RIYAZ KHAN resident of H.NO. 6/260 SHEET-LA PARA KANKER (C.G.) have changed my old name ANAM RIYAZ KHAN D/O QAUZI M. A. RIYAZ KHAN so in future I should be recognized by my new name that is ANAM KHAN W/O SHEIKH KASIF in all Government and other documents.

**ANAM KHAN**
H.NO. 6/260 SHEETLA PARA KANKER (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SANJAY KUMAR AGRAWAL S/O SANTOSH SINGHANIA resident of HOUSE NO. 99 WARD NO-4, GOAL BAZAR, THAN- KHAMHARIA (NP), PO. KHAMHARIA DIST. BEMETARA (C.G.) 491338 have changed my old name SANJAY KUMAR AGRAWAL S/O SANTOSH SINGHANIA so in future I should be recognized by my new name that is SANJAY SINGHANIA S/O SANTOSH SINGHANIA in all Government and other documents.

**SANJAY SINGHANIA**
HOUSE NO. 99 WARD NO-4, GOAL BAZAR, THAN-KHAMHARIA (NP), PO. KHAMHARIA DIST. BEMETARA (C.G.) 491338

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, MAYADEVI AGRAWAL W/O SANJAY SINGHANIA resident of HOUSE NO. 99 WARD NO-4, GOAL BAZAR, THAN- KHAMHARIA (NP), PO. KHAMHARIA DIST. BEMETARA (C.G.) 491338 have changed my old name MAYADEVI AGRAWAL W/O SANJAY SINGHANIA so in future I should be recognized by my new name that is MAYA SINGHANIA W/O SANJAY SINGHANIA in all Government and other documents.

**MAYA SINGHANIA**
HOUSE NO. 99 WARD NO-4, GOAL BAZAR, THAN-KHAMHARIA (NP), PO. KHAMHARIA DIST. BEMETARA (C.G.) 491338

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, TUSHAR KIDIA S/o ARUN KUMAR KEDIA, Resident of 24, Kailash Dham, Ekta Chowk, BHILAI, DURG (C.G.) have changed my old Name TUSHAR KIDIA S/o ARUN KUMAR KEDIA so in future I should be recognized by my new name that is TUSHAR KEDIA S/o ARUN KUMAR KEDIA in all Government and other documents.

**TUSHAR KEDIA**
24, Kailash Dham, Ekta Chowk, BHILAI, DURG (C.G.)

**शपथ पत्र ( नाम परिवर्तन )**

मैं शपथकर्ता आर्मी नंबर JC 877604A पद नायब सुबेदार नाम SUPENDRA SINGH, UNIT 13FD REGT. हूँ जो कि निम्नलिखित् शपथपूर्वक कथन करता हूँ, यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है, यह कि मै आर्मी नंबर JC 877604A,पद नायब सुबेदार SUPENDRA SINGH, UNIT 13FD REGT. कार्यरत हूँ मेरे सर्विस रिकार्ड मे मेरी पत्नी का नाम SAJJEET KAUR अंकित है, यह कि मेरी पत्नी के आधार कार्ड नं 9964 7692 9495 व पैन कार्ड नं. EWWPS7268J मे उनका नाम SAJJIT KAUR अंकित है। जो कि सही व सत्य है। यह कि SAJJEET KAUR व SAJJIT KAUR ये दोनो नाम एक ही व्यक्ति का है जो कि मेरी पत्नी है तथा वह अपने सही नाम SAJJIT KAUR के नाम से जानी व पहचानी जाती है। यह कि उक्त शपथ पत्र सक्षम प्रधिकारी समक्ष मेरी पत्नी का सही नाम SAJJIT KAUR होने सबंध मे प्रस्तुत कर रहा हूँ। अतः शपथ. पत्र प्रस्तुत है। मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि शपथ पत्र में दी गई जानकारी सही व सत्य है।

**शपथकर्ता**
**SUPENDRA SINGH**

**खोया ( गुमा )**

मैं प्रेमा राम बेरा पिता स्व .सुखाराम 61 वर्ष निवासी 15/सी, रशियन काम्लेक्स सेक्टर-7 भिलाई जिला-दुर्ग शपथ पूर्व व पुलिस रिपोर्ट में दर्ज कराया कि उनका जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जारी भूखण्ड् क्रमांक एफ-182 कल्पनानगर का कब्जा पत्र क्रमांक-..जविपा/डी209 दिनांक 20.10.2009 गुम (खो) जाना बताया गया है। आस-पास तलाश (खोजबीन) करने पर नही मिलने की बात कही गई। प्रेमा राम बेरा को उक्त कागजात मिलने पर निम्न पता पर पहुंचाने की अपील की है।

**शपथकर्ता**
**प्रेमा राम बेरा**
**15/सी, रशियन काम्लेक्स सेक्टर-7 भिलाई, जिला-दुर्ग**
**पिन 49000 मोबाइल 9300409026, 9406096333**

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, DULLICHAND GOYAL S/O SHRIKISHAN GOYAL resident of WARD NO. 16, SINDHI COLONY, BALOD (C.G.) 491226 have changed my old name DULLICHAND GOYAL S/O SHRIKISHAN GOYAL so in future I should be recognized by my new name that is DULI CHAND GOYAL S/O SHRIKISHAN GOYAL in all Government and other documents.

**DULI CHAND GOYAL**
WARD NO. 16, SINDHI COLONY, BALOD (C.G.) 491226

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, AKRITI SONI S/O RAJENDRA KUMAR SONI resident of MAKAN NO 114,WARD 21, SONI PARA, BEMETARA, (C.G.) 491335 have changed my old name AKRITI SONI S/O RAJENDRA KUMAR SONI so in future I should be recognized by my new name that is AAKRITI SONI S/O RAJENDRA KUMAR SONI in all Government and other documents.

**AAKRITI SONI**
MAKAN NO 114,WARD 21, SONI PARA, BEMETARA, (C.G.) 491335

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, गरियाबंद, छत्तीसगढ़**

**निविदा निरस्तीकरण सूचना**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा सूचना क्रमांक 07/व.ले.लि./का.अ./लो. स्वा.यां./2025 गरियाबंद, दिनांक 03-07-2025 (जी क्रमांक 252601748/दि. 24.06.2025) एवं 08/व.ले.लि./का.अ./लो.स्वा.यां./2025 गरियाबंद, दिनांक 03-07-2025 (जी क्रमांक 252601749/दि. 24.06.2025) के द्वारा निविदा आमंत्रित की गई थी, जिसे अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड**
**गरियाबंद ( छ.ग. )**
जी-252602676

**न्यायालय नजूल अधिकारी बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**क्रमांक, 1266, नजूल, वाचक-2, 2025**
**बलौदाबाजार दिनांक 06.08.2025**

एतद द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण विनीत कुमार अग्रवाल, विजय अग्रवाल पिता राम लखन लाल अग्रवाल दोनो निवासी नगर भवन के बाजू मेन रोड बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. द्वारा नगर बलौदाबाजार स्थित तहसील नवापारा नजूल शीट क्रमांक 14 ए प्लाट नं. 8/10 क्षेत्रफल 4000 वर्गफीट भू-भाटक 362.00 रू. की मकान भू-धारक विनित अग्रवाल, विजय अग्रवाल पिता रामलखन अग्रवाल सा. बलौदाबाजार के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त नजूल भूमि/मकान के भू-धारकगण/आवेदकगण द्वारा पंजीकृत बटवारा नामा पारिवारिक पंजीयन क्रमांक सीजी-2024-25-135-1-3697 पंजीयन दिनांक 24 मार्च 2025 को निष्पादित किया है। जिसके आधार पर आवेदकगण अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन सहित पंजीकृत बटवारा नामा पारिवारिक की छायाप्रति तलवाना सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जो सुनवाई हेतु इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त नामांतरण के संबंध में जिस किसी को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा प्रकरण सुनवाई हेतु नियत दिनांक 20.08.2025 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 06.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील **नजूल अधिकारी बलौदाबाजार**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, (रा.) भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग)**

**उद्घोषणा**

**रा.प्र.क्र.....अ/2**
**वर्ष 2024-25**

एतद द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक वंश विनायक सोनी पिता प्रकाशचंद सोनी निवासी बजरंग वार्ड भाटापारा, तहसील- भाटापारा, जिला बलौदाबाजार- भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम पटपर प.ह.न. 39, रा.नि.मं. पटपर, तहसील-भाटापारा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 200/25 रकबा 0.0133 हेक्टेयर अर्थात 1429 वर्गफुट भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत पुनर्निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र के साथ खसरा, नक्शा, बी-प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो प्रकरण नियत 14/08/2025 तक आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 31/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील **अनुविभागीय अधिकारी ( रा ) भाटापारा**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, (रा.) भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग)**

**उद्घोषणा**

**रा.प्र.क्र.....अ/2**
**वर्ष 2024-25**

एतद द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि -आवेदक सुरेश दुलानी पिता नानक राम दुलानी निवासी मातादेवालय वार्ड भाटापारा, तहसील-भाटापारा, जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम- हथनी प.ह.न. 40 तहसील-भाटापारा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 710/22 रकबा 0.0088 हेक्टेयर अंर्थात 945 वर्गफुट, लगान 0.02 रुपये भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59 (2). के तहत पुनर्निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र के साथ शपथपत्र, खसरा, नक्शा, बी-1 प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति / दावा हो तो प्रकरण नियत 14/08/2025 तक आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 31/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील **अनुविभागीय अधिकारी ( रा ) भाटापारा**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, (रा.) भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

**रा.प्र.क्र.....अ/2**
**वर्ष 2024-25**

एतद द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक देवेन्द्र कुमार साहू पिता अशोक कुमार साहू निवासी हथनीपारा वार्ड भाटापारा, तहसील भाटापारा, जिला- बलौदाबाजार- भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम तरेंगा प.ह.न. 01, रा.नि.मं. तरेंगा, तहसील-भाटापारा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 2023/13 रकबा 0.0220 हेक्टेयर अर्थात 2392 वर्गफुट, लगान 0.07 रुपये भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 59(2) के तहत पुनर्निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र के साथ खसरा, नक्शा, बी-1 प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति / दावा हो तो प्रकरण नियत 14/08/2025 तक आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 31/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील **अनुविभागीय अधिकारी ( रा ) भाटापारा**

**न्यायालय नायब तहसीलदार महासमुंद जिला-महासमुंद ( छ.ग. )**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि ग्राम चिगरौद निवासी आवेदक/आवेदिका गुलशन साहू पति/पिता रोमनाथ जाति तेली द्वारा आवेदक/आवेदिका की पिता रोमनाथ निवासी ग्राम चिगरौद तहसील व जिला महासमुंद की मृत्यु दिनांक 19.03.2011 को हो चुकी है तथा आवेदक/आवेदिका की पिता रोमनाथ तहसील व जिला महासमुंद की मृत्यु दिनांक 19.03.2011 को हो चुकी है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय की पेशी तारीख 16.08.2025 को पेश कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर **नायब तहसीलदार महासमुंद**

**कार्यालय संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-दुर्ग ( छ.ग. )**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती चन्द्रकांता सहगल पति स्व. एम.एल. सहगल, निवासी फ्लैट नं.-5/बी, ब्लॉक-15, चौहान ग्रीन, स्मृति नगर जुनवानी भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग अन्तर्गत भवन क्रमांक एम.आई.जी.-226, पद्मनाभपुर, जिला-दुर्ग (छ.ग.) में आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का विक्रय पत्रक उप पंजीयक कार्यालय, दुर्ग से दिनांक 02.08.1995 एवं फ्री-होल्ड दिनांक 08.06.2023 के अनुसार, उक्त भवन बयनामा रजिस्ट्री दिनांक 02.02.2024 को श्रीमती चन्दन सुराना पति श्री प्रवीण चंद सुराना के नाम पर विक्रय कर दिया गया है। नवीन क्रेता श्रीमती चन्दन सुराना के द्वारा आवेदन एवं पंजीकृत दस्तावेज आधार पर उक्त भवन का स्वामित्व मण्डल अभिलेख में अपने नाम पर दर्ज कराने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः नवीन क्रेता श्रीमती चन्दन सुराना के नाम पर हस्तान्तरण/नामांतरण किया जाता है, तो किसी भी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था बैंक, वित्तीय निकायों इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर लिखित में आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करे बाद में प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामान्तरण की कार्यवाही करने के लिए मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 15.07.2025 जारी किया गया।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़, गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र-दुर्ग ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगरपालिका परिषद्, जिला नारायणपुर (छ.ग.)**
दूरभाष - 07781-252278 Email- cmonarayanpur@rediffmail.com

क्रमांक/987/न.पा.परि. / 2025-26 नारायणपुर, दिनांक 05/08/2025

**``रुचि की अभिव्यक्ति'' (EOI) (2ND CALL)**

नगर पालिका परिषद् नारायणपुर द्वारा "Amrut Mitra" योजना अंतर्गत समूह चयनके स्व सहायता समूहों से रूचि की अभिव्यक्ति (EOI)- (Project Code: AMT-CG-NARAYANPUR-6260, (Project Code: AMT-CG-NARAYANPUR-6276, (Project Code: AMT-CG-NARAYANPUR-6279, (Project Code: AMT-CG-NARAYANPUR-6286, (Projeci Code: AMT-CO-NARAYANPUR-6292, (Project Code: AMT-CG-NARAYANPUR-6296, (Project Code: AMT-CG-NARAYANPUR-6300, (Project Code: AMT-CG-NARAYANPUR-6303, (Project Code: AMT-CG-NARAYANPUR-6308, (Project Code: AMT-CG-NARAYANPUR-6313 दिनांक 13/08/2025 को सायं 5.30. बजे तक स्पीडपोस्ट/पंजीकृत डाक द्वारा आमंत्रित की जाती है कार्य का विस्तृत विवरण एवं नियम तथा शर्ते अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से रुपये 100.00 का भुगतान कर अथवा संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग छ.ग. नवा रायपुर अटल नगर की वेबसाईट से डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद् नारायणपुर**

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम मनीष कुशरो पिता देवी प्रसाद कुशरो निवासी सी-302, ब्लॉक सी अर्शिया स्काई अपार्टमेंट अघनपुर, धरमपुरा, जगदलपुर, जिला बस्तर छग यह शपथ करती/करता हूँ कि मैंने अपना पुराना नाम मनीष कुशरो को त्याग कर नया नाम मनीष कुमार कुशरो पिता देवी प्रसाद कुशरो रख लिया हूँ। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम मनीष कुमार कुशरो से ही जाना पहचाना जाये।

**मनीष कुमार कुशरो**
**निवासी सी-302, ब्लॉक सी अर्शिया स्काई अपार्टमेंट अघनपुर, जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग.**

**कार्यालय सेनानी 4थी वाहिनी छसबल, माना-रायपुर ( छ.ग. )**

क्रं.-4थी वाहिनी/छसबल/माना/सा0अ0/0/2022/2025, दिनांक 01.08.2025

**निविदा विज्ञप्ति**

इकाई में निम्नानुसार कार्य कराये जाने हेतु सेनानी 4थी वाहिनी की ओर से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारों से 02 लिफाफा पद्धति में (लिफाफा 'अ' में टेक्निकल बीड एवं लिफाफा 'ब' में फायनेंसियल बीड) दर्शाए अनुसार कार्य कराये जाने बाबत् मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। सीलबंद लिफाफे के ऊपर निविदा सूचना क्रमांक तथा निविदाकर्ता का पूरा नाम/पता लेख किया जाना आवश्यक है।

| क्र. | कार्य विवरण | स्वीकृति राशि रू. | अमानत राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | इकाई के नवीन सेन्ट्रल आर्म्स रक्षित भंडार में प्रवेश द्वार के साथ कंसर्टिना कॉइल एवं चेन लिंक कार्य। | 8,91,000/- | 8910/- |

निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से आवेदन पत्र (आयकर प्रमाण पत्र सहित) के साथ रू. 300.00 कोषालय में लेखा शीर्ष 0055 पुलिस मिसलिनियस पुलिस रिसिप्ट के अंतर्गत सेनानी 4थी वाहिनी छसबल, माना रायपुर के नाम से जमा कर चालान की मूल प्रति सेनानी 4थी वाहिनी छसबल, माना रायपुर छ.ग. को प्रस्तुत कर दिनांक 14.08.2025 के 17.00 बजे तक कार्यालयीन दिवस में निविदा फार्म प्राप्त किये जा सकते है।

1. निविदा बिक्री की अंतिम तिथि 14.08.2025 को समय 17.00 बजे तक।
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 21.08.2025 को समय 15.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि 21.08.2025 को ममय 16.00 बजे तक।

नोटः- 1. उपरोक्तानुसार कार्य हेतु निविदा की नियम एवं शर्तें टेण्डर फार्म के साथ कार्यालयीन समय में कार्यालय सेनानी 4थी वाहिनी छसबल, माना से प्राप्त किए जा सकते हैं।

**सेनानी**
**4थी वाहिनी छसबल**
**माना-रायपुर ( छ.ग. )**
जी-252662651

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग ( भ/स ) संभाग-मोहला-मानपुर-अं.चौकी ( छ.ग )**
ईमेल : ee.pwd-mmac@cg.gov.in

दर आमंत्रण विज्ञप्ति क्रमांक/1685 टेन्ट/1337/बले.लि/2025-26

मो.मा.चौकी, दिनांक 06.08.2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग संभाग मोहला-मानपुर-अं. चौकी के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत वर्ष 2025-26 के दौरान समय-समय पर आवश्यक टेन्ट/शमियाना कार्य के दिये पंजीकृत संस्थान (शॉप एक्ट पंजीयन एवं जी.एस.टी. पंजीयन) से निविदा प्रपत्र-बी (आयटम दर निविदा) में निविदाए आमंत्रित की जाती है।

1. आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 19.08.2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
2. भावपत्र प्राप्त करने की प्रस्तुत अंतिम तिथि - 26.08.2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
3. भाव पत्र खोलने की तिथि - 27.08.2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक

| | |
|---|---|
| अमानत राशि | रु. 2,00,000/- (अनुसूचित बैंक का एफ.डी.आर.) |
| स्वीकृत दर | दिनांक 31.03.2026 तक के लिए मान्य होगा। |
| निविदा प्रपत्र मूल्य | रू. 750/- |
| दर अनुसूची | अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग दुर्ग मंडल दुर्ग का ज्ञाप के. 1916/सा/2022 दुर्ग दिनांक 13.03.2023 द्वारा स्वीकृत दर (टेन्ट, शमियाना हेतु) अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग (वि/यां) रायपुर मंडल रायपुर का ज्ञाप क्रमांक 2015/सा/विविध-09/2018-19 दिनांक 27.10.2021 द्वारा स्वीकृत दर (माईक, लाईट हेतु) (उपरोक्त दर जी.एस.टी. सहित है) |

टीप :- शेष नियम एवं शर्ते कार्यालय से प्राप्त करे।

**कार्यपालन अभियंता**
**लो.नि.वि. ( भ/स ) संभाग**
**मोहला-मानपुर-अं.चौकी**
जी-252602666

**कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग (छ.ग.)**

क्रमांक/तकनीकी/निविदा/25-26/क्रमांक/2015 दिनांक 7.8.2025

**संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना**

बैंक की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए मुहरबंद निविदा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग के द्वारा निर्माण कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग रायपुर (छ.ग.) के भवन निर्माण में लागू दिनांक 01.01.15 से प्रभावशील एस.ओ.आर. पर निविदा विज्ञप्ति जारी होने के दिनांक तक संशोधित दर सहित लोक निर्माण विभाग में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों को प्रपत्र 'अ' में प्रतिशत आधार पर दो लिफाफा पद्धति में (निविदा दर तथा अमानत राशि लिफाफा) पंजीकृत पावती डाक या स्पीड पोस्ट से आमंत्रित की जाती है।

(1) निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - 27.08.2025 सायं 5.30 बजे तक
(2) निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि - 01.09.2025 सायं 3.00 बजे तक
(3) निविदा खोले जाने की तिथि - 01.09.2025 सायं 4.00 बजे से

| क्र. | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र की कीमत | निविदा हेतु सक्षम ठेकेदार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | टीप | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मरम्मत् एवं रिनोवेशन कार्य शाखा भरदाकला जिला-बालोद (छ.ग.) | 5.95 | 6,000/- | 1500/- | सक्षम श्रेणी | 2 माह काल | प्रथम | - |

नोटः- निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिए ठेकेदार को आवेदन पत्र के साथ निम्न दस्तावेजो की छायाप्रति संलग्न करें।
4. वैध पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रति.
5. विगत 3 वर्षों का आयकर रिटर्न जमा करने का प्रमाण पत्र एवं पेनकार्ड.
6. जीएसटी पंजीयन की प्रति,
4. बैंक साल्वेन्सी जो 12 माह से पुरानी ना हो
5. धरोहर राशि के लिए जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. दुर्ग का ही एफ.डी.आर. मान्य होगा।
6. किसी भी कार्य/समस्त कार्य को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार बैंक को होगा।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. दुर्ग**

# दो से अधिक बार शराब तस्करी पर होगी संपत्ति जब्ती की कार्रवाई : गृहमंत्री

- सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में शीघ्र शुरू हो ओपीडी
- ग्राम पंचायतों की आय बढ़ाने कॉम्प्लेक्स निर्माण का सुझाव, मक्का व मिलेट्स किसानों को मिलेगा प्रोत्साहन



**जगदलपुर**, 7 अगस्त(देशबन्धु)। उपमुख्यमंत्री एवं बस्तर जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने आज जगदलपुर स्थित जिला कार्यालय के प्रेरणा सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा जिले में किए जा रहे नवाचारों और योजनाओं के क्रियान्वयन की गहन समीक्षा की उपमुख्यमंत्री शर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि कोई व्यक्ति दो से अधिक बार शराब या अन्य नशे की तस्करी में संलिप्त पाया जाता है, तो उसकी संपत्ति जब्त करने की कानूनी कार्यवाही तत्काल आरंभ की जाए। उन्होंने नशा उन्मूलन के लिए पुलिस विभाग, जनप्रतिनिधियों और दवा व्यापारियों के साथ समन्वय बैठक आयोजित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने जगदलपुर के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में शीघ्र ओपीडी सेवा प्रारंभ करने को कहा, ताकि आम जनता को विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाएं सुलभ हो सकें।

उपमुख्यमंत्री ने राज्य और राष्टीय राजमार्गों के किनारे स्थित ग्राम पंचायतों में कॉम्प्लेक्स निर्माण कर पंचायतों को स्वावलंबी बनाने का सुझाव दिया, जिससे पंचायतों को स्थायी राजस्व प्राप्त हो सके। उन्होंने पंचायत सचिवों को अविवादित बंटवारे के मामलों को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज कराने हेतु ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण देने और जनजागरूकता हेतु मुनादी एवं होर्डिंग लगाने के निर्देश भी दिए। मिलेट्स उत्पादन करने वाले किसानों के उत्पाद को बाजार तक पहुँचाने की ठोस व्यवस्था बनाने तथा मक्का उत्पादक किसानों को स्प्रिंकलर एवं विभागीय योजनाओं से जोड़ने की बात भी कही।

श्री शर्मा ने गृह विभाग के अंतर्गत अवैध शराब, सट्टा, जुआ, गोधन तस्करी, यातायात नियंत्रण, हिट एंड रन, मोटरयान अधिनियम की धाराओं पर की गई कार्रवाई, ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन, गुम इंसानों के प्रकरण और एनडीपीएस एक्ट के मामलों की स्थिति की जानकारी ली गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए गए नवाचारों, आयुष्मान कार्ड वितरण, मोबाइल हेल्थ वैन संचालन, जनऔषधि केंद्रों की उपलब्धता, सिकलसेल डायग्नोसिस, डॉक्टरों और पैरा मेडिकल स्टाफ की स्थिति तथा आगामी तीन माह के लिए निर्धारित कार्ययोजना की समीक्षा की गई। वन विभाग द्वारा किए गए लाख उत्पादन, तेंदूपत्ता बोनस वितरण, चरण पादुका वितरण और निर्माण कार्यों की स्थिति की समीक्षा के साथ-साथ कैंपा मद में दो वर्षों के आवंटन और व्यय की जानकारी भी ली गई।

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने जल संसाधन विभाग के तहत प्रमुख बांध, नहर और जलाशयों में जलभराव की स्थिति की समीक्षा की गई। विद्युत विभाग की प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, ट्रांसफार्मर की उपलब्धता, आरडीएसएस योजना के तहत क्रियान्वयन की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया गया। लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा तथा राष्टीय राजमार्ग विभाग द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों और आगामी तीन माह के कार्यों की कार्ययोजना पर भी चर्चा हुई।

उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए तथा यह ध्यान रखा जाए कि इन योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि विकास के कार्यों में शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, महापौर संजय पांडेय, सचिव पंचायत भीम सिंह, कलेक्टर हरिस एस., पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, वनमंडलाधिकारी उत्तम गुप्ता सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## नक्सल पीड़ित परिवारों और आत्मसमर्पित नक्सलियों के लिए बन रहे तीन हजार पीएम आवास



- विशेष परियोजना के तहत इस साल मार्च में स्वीकृति के बाद मई में शुरू हुआ था काम
- प्रदेश सरकार के आग्रह पर केंद्र सरकार ने विशेष परियोजना के तहत मंजूर किए हैं 15 हजार आवास

**रायपुर**, 7 अगस्त(देशबन्धु)। नक्सल प्रभावित दूरस्थ वनांचलों के हर परिवार को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने सरकार लगातार पहल कर रही है। राज्य में नक्सल पीड़ित परिवारों और आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास के लिए विशेष परियोजना के तहत करीब तीन हजार आवास बन रहे हैं। छत्तीसगढ़ सरकार ने केंद्र सरकार से विशेष आग्रह कर आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल हिंसा से प्रभावित परिवारों के लिए जो प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्रता की शर्तों में नहीं आ पा रहे थे, उनके लिए विशेष परियोजना के तहत 15 हजार आवास स्वीकृत कराया है।

विशेष परियोजना के तहत राज्य में अब तक पात्र पाए गए पांच हजार परिवारों में से तीन हजार परिवारों के लिए आवास स्वीकृत कर 2111 परिवारों को आवास निर्माण के लिए पहली किस्त और 128 परिवारों को दूसरी किस्त भी जारी की जा चुकी है। सुदूर वनांचलों में रहने वाले इन परिवारों के आवास तेजी से बन रहे हैं। नक्सल हिंसा से प्रभावित सुकमा की सोडी हुंगी और कांकेर की दशरी बाई का विशेष परियोजना के अंतर्गत स्वीकृत पीएम आवास दुर्गम क्षेत्र और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद मात्र तीन महीनों में ही बनकर तैयार हो गया है। इस साल मार्च में स्वीकृति के बाद मई में इनके आवासों का निर्माण प्रारंभ हुआ था।

बस्तर में नक्सल हिंसा से प्रभावित और आत्मसमर्पित नक्सलियों के परिवारों में खुशियों ने फिर से दस्तक देना शुरू कर दिया है। विशेष परियोजना के तहत स्वीकृत उनके पक्के आवास तेजी से आकार ले रहे हैं। दूरस्थ और कठिन भौगोलिक क्षेत्र होने के बावजूद इन परिवारों के हौसले और शासन-प्रशासन की मदद से उनके सपनों के आशियाने मूर्त रूप ले रहे हैं। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास की दिशा में यह विशेष परियोजना न केवल एक ठोस कदम है, बल्कि पीड़ित परिवारों के पुनर्वास की दिशा में मील का पत्थर भी है।

## राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में दो सिल्वर मेडल जीतकर रचा कीर्तिमान

### धमतरी की बेटियों ने जीते सिल्वर मेडल

**धमतरी**, 7 अगस्त (देशबन्धु) ।धमतरी कोरबा में आयोजित छठवें छत्तीसगढ़ स्टेट योगासन स्पोर्टस चैंपियनशिप 2025-26 में धमतरी के सात बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें दो बालिका खिलाड़ियों ने स्पर्धा में दो अलग अलग इवेंट में सिल्वर मेडल जीता। कोरबा में एक से तीन अगस्त तक छठवां छत्तीसगढ़ स्टेट योगासन स्पोर्टस चैंपियनशिप स्पर्धा आयोजित किया गया। इस स्पर्धा में धमतरी से जूनियर वर्ग में 14 से 18 वर्ष की आयु समूह में आर्टिस्टिक युगल में रुचि साहू एवं थामेश्वरी साहू, आर्टिस्टिक सिंगल में थामेश्वरी साहू, लेग बैलेंस में दिव्या मंडावी एवं भूमिका पटेल, सब जूनियर वर्ग में रिथमिक युगल में उर्वशी मीनपाल एवं कुमकुम ध्रुव, आर्टिस्टिक सिंगल में केनिश्का सिंह गौतम ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसमें आर्टिस्टिक सिंगल इवेंट में थामेश्वरी साहू ने दूसरा स्थान प्राप्त करते हुए सिल्वर मेडल जीता। वहीं जूनियर वर्ग ग्रुप से आर्टिस्टिक युगल में रुचि साहू और थामेश्वरी साहू ने दूसरा स्थान प्राप्त करते हुए सिल्वर मेडल जीता। उन्नंत योग प्रशिक्षक उमराव साहू ने बताया कि जिले के बालिका योग खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय स्पर्धा के अनुरूप अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आने वाले समय में यहां की बालिका खिलाड़ी गोल्ड मेडल जीत कर राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धा में शामिल होगी। इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। इस स्पर्धा में धमतरी से योग प्रशिक्षक उत्तरा सिंह गौतम, जिला सचिव योगासन स्पोर्टस एसोसिएशन भोजेंद्र साहू उपस्थित थे।



## मुख्यमंत्री की घोषणा हुई साकार, हाई मास्ट लाइट से रोशन हुआ बल्दाकछार



**बलौदाबाजार**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य में सुशासन तिहार का तीसरा चरण सकारात्मक बदलावों का प्रतीक बनता जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय की घोषणा को अमलीजामा पहनाने कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री की घोषणा पर वनांचल क्षेत्र में बसा विशेष पिछडी जनजाति कमार बाहुल्य ग्राम बल्दाकछार में क्रेड़ा द्वारा सोलर हाई मास्ट लाईट लगाने का काम पूरा किया गया है। अब बल्दाकछार के लोगों को रात में भी दिन के उजाले का अहसास हो रहा है। गांव में ऐसी प्रकाश व्यवस्था होने पर ग्रामीणों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की और शासन-प्रशासन को धन्यवाद दिया है।

गौरतलब है कि सुशासन तिहार अंतर्गत 9 मई 2025 को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आकस्मिक निरीक्षण में विकासखंड कसडोल के ग्राम बल्दाकछार पहुंचे थे। यहां ग्रामीणों से रूबरू होने के दौरान ग्रामीणों ने गांव में अंधेरे की समस्या को लेकर हाई मास्ट लाइट लगाए जाने की मांग की थी। मुख्यमंत्री श्री साय ने ग्रामीणों की मांग को गंभीरता से लेते हुए तत्काल आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के निर्देश पर क्रेडा विभाग द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्रामीणों की सहमति पर गांव के गुड़ी चौक एवं कमारपारा में सोलर सयंत्रयुक्त हाई मास्ट लाइट स्थापित कर दी गई है। अब गुड़ी चौक और कमारपारा क्षेत्र रात्रि में भी पूरी तरह रोशन हो गए हैं, जिससे ग्रामीणों को सुरक्षा एवं आवागमन में सुविधा मिली है। क्रेडा विभाग के इंजीनियर ने बताया कि हाई मास्ट लाइट की स्थापना हेतु स्थल चयन ग्राम सरपंच एवं स्थानीय ग्रामीणों के साथ संयुक्त रूप से किया गया। चयन के उपरांत गुड़ी चौक एवं कमारपारा में हाई मास्ट संयंत्र सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया गया है। राज्य सरकार की सुशासन तिहार जैसी पहल यह सिद्ध करती हैं कि जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक तंत्र की सजगता से जनसमस्याओं का त्वरित समाधान संभव है। ग्राम बल्दाकछार में अंधेरे से प्रकाश की ओर यह बदलाव, शासन की संवेदनशीलता और कार्यकुशलता का प्रत्यक्ष उदाहरण है।

## अवैध रूप से गांजा और शराब बेचने वाली दो महिलाओं को आरंग पुलिस ने भेजा जेल

**आरंग**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। रायपुर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर आरंग थाना क्षेत्र में पुलिस अवैध शराब,गांजा,जुआ और सट्टा के खिलाफ अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई कर रही है।

आरंग थाना प्रभारी राजेश सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरंग के देवार पारा,कॉलेज चौक के पास तरीका देवार पति जुगनू देवार (उम्र 47 वर्ष) के पास 48 पौवा अवैध देशी शराब बरामद किया ।पुलिस ने आरोपी तरीका देवार को आबकारी एक्ट 34(02) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

वही देवार पारा में ही आरंग पुलिस ने 01 किलो 600 ग्राम अवैध गांजा के साथ आरोपी महिला चमेली नागरे पति उत्तम नागरे(उम्र 45 वर्ष) को नारकोटिक्स एक्ट 20 (बी) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है ।कार्रवाई के बाद आरंग थाना प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि आरंग क्षेत्र में किसी भी प्रकार से अवैध शराब, गांजा, जुआ बर्दाश्त नहीं की जाएगी ।क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रतिबद्ध है और ऐसे असामाजिक तत्वों पर लगातार कार्रवाई की जाएगी।

## आरंग के मुक्तिधाम से अस्थियां गायब होने से मचा हड़कंप

- तांत्रिक गतिविधियों की जताई जा रही आशंका

**आरंग**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। आरंग में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है ।आपने किसी सामान के गायब या चोरी होने की घटनाएं तो सुनी होगी लेकिन आरंग में एक मुक्तिधाम से दाह संस्कार के बाद मृतक की अस्थियां गायब होने की हैरान करने वाली घटना सामने आई है ।ये अस्थियां इसलिए महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि हिन्दू रीति रिवाज में शरीर के जिन अंगों की अस्थियां पवित्र नदियों में विसर्जित की जाती है वही अस्थियां गायब है ।ये पूरी घटना आरंग नगर पालिका अंतर्गत वार्ड नं 06 के नया तालाब मुक्तिधाम की है। वार्ड नं.12 निवासी श्रीमती नोना धुरंधर पति संतराम धुरंधर का आकस्मिक निधन हो गया था जिसका अंतिम संस्कार बुधवार को हिंदू रीति रिवाज से किया गया। मृतिका के परिजन जब गुरुवार सुबह मृतिका की अस्थियों को देखने मुक्तिधाम पहुंचे तो वे अचंभित हो गए ।जिस जगह पर दाह संस्कार हुआ था वहां से अस्थियां गायब थी और सिर के पास 03 मिट्टी के बर्तनों में जले हुए बत्ती,एक शर्ट पीस और हड्डियों को निकालने में उपयोग हुई लकड़ी का टुकड़ा था ।परिजन अब मृतात्मा की शांति के लिए नदी में विसर्जित करने गायब अस्थियों को ढूंढने में लगे है ।परिजनों ने इसकी जानकारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी और आरंग थाना प्रभारी को दी है ।परिजनों ने जो घटना उनके साथ हुई दोबारा ऐसा किसी के साथ न हो इसके लिए प्रशासन से मुक्तिधाम में चौकीदार और सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की मांग कर रहे है।

जानकारों की माने तो सावन माह में तांत्रिक क्रियाओं की गतिविधियां बढ़ जाती है ।तंत्र विद्या और साधना में अंधविश्वास करने वाले असामाजिक तत्वों द्वारा अस्थियों के साथ इस प्रकार की हरकत की जा सकती है।

## श्रावणी अनुष्ठान में वरिष्ठ कवि डॉक्टर, पत्रकार सहित पंच विभूतियों का सम्मान



**नवापारा राजिम** 7 अगस्त (देशबन्धु)।त्रिवेणी संगम तट पर स्थित श्री लोमस ऋषि आश्रम में चल रहे श्रावणी अनुष्ठान पूरे महीने तक नित्य पार्थिव लिंगों के निर्माण व साथ ही साथ अभिषेक कार्य संपन्न हो रहे हैं। जिसमें अलग-अलग दिन अलग-अलग शिवलिंग का निर्माण करके पूजा अभिषेक कर श्रद्धा पूर्वक त्रिवेणी संगम में विसर्जित किए जा रहे हैं। आयोजनकर्ताओ डॉ.पन्नालाल वशिष्ठ ने संतों की उपस्थिति में कार्यक्रम के दौरान 7 अगस्त को वरिष्ठ पत्रकार रमेश चौधरी,आलोक पहाड़िया,डॉ लीलाराम साहू के अलावा डॉ.बलजीत सिंह,डॉ.टीएन रमेश,डॉ राजेंद्र गदिया, वरिष्ठ कवि काशीपुरी कुन्दन सहित उपस्थित संतों एवं पंच विभूतियों का स्मृति चिन्ह श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया ।डॉ.पन्नालाल वशिष्ठ ने बताया कि 8 अगस्त को 11रू00 बजे से दोपहर 2रू00 बजे तक यज्ञ हवन एवं पूर्णाहुति के अलावा 9 अगस्त को प्रातः 10रू00 बजे से 1रू30 तक शिवगढ़ यात्रा के साथ समस्त कार्यक्रम का समापन होगा,उन्होंने बताया कि इस प्रकार का धार्मिक आयोजन अंचल में पहली बार आयोजित हो रहा है,ऋषि परंपरा सनातनी वैदिक श्रावणी अनुष्ठान में हिस्सा लेने वाले सभी भक्तों से सादर निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर समापन अवसर की पुण्य धार्मिक लाभ ले।

## जेवलिन डे पर जय प्रकाश ने स्वर्ण, लेश कुमार एवं करन ने जीता रजत पदक



**महासमुंद** 07 अगस्त (देशबंधु)।4था नेशनल जेवलिन डे जो कि नीरज चोपड़ा द्वारा टोक्यो ओलंपिक 2020 में स्वर्ण पदक जीता था के उपलक्ष्य मे प्रतिवर्ष 7 अगस्त को पूरे भारत में मनाया जाता हैं। विदित हो कि एथलेटिक्स के जेवलिन थ्रो इवेंट में नीरज चोपड़ा ने स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था। जिसके उपलक्ष्य में गुरूवार को स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा रायपुर में जेवलिन डे मनाया गया, जिसमें अंडर 16 वर्ष में टिकेश्वर साहू, सहदेव, 18 वर्ष में जय प्रकाश पांडे, राहुल नायक, कृष्णा प्रधान, लेश कुमार, अंडर 23 में करन प्रधान, शिवा चौहान एवं टीम प्रशिक्षक गुलाब नंद ने भाग लिया। जिसमें अंडर 18 वर्ष में जय प्रकाश पांडे ने स्वर्ण पदक, लेश कुमार ने रजत पदक जीता। अंडर 23 में करन प्रधान ने रजत पदक जीता। जिले के खिलाड़ियों को पदक जीतने के लिए जिला आगमन पर जिला एथलेटिक्स संघ द्वारा स्वागत किया गया। पदक जीतने पर खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, अध्यक्ष जिला एथलेटिक्स संघ महासमुंद पंकज चंद्राकर, सचिव डॉ. सुनील कुमार भोई, गुलाब नंद, हेमंत द्विवेदी, चारु लता, सेवन मानिकपुरी, हेमंत बारीक, मुकेश साहू, कामता साहू, जिला एथलेटिक्स संघ के पदाधिकारियों एवं खिलाड़ियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## बिजली बिल हाफ योजना बंद करने के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदेशव्यापी प्रदर्शन

- सरकार का पुतला फूंका गया बिजली बिल की प्रतिया जलाई गई



**रायपुर**, 07 अगस्त (देशबन्धु)। बिजली बिल हाफ योजना बंद करने के विरोध में तथा आम जनता को न्याय दिलाने व हाफ बिजली योजना के तहत 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना वापस फिर से शुरू किये जाने की मांग को लेकर कांग्रेस पूरे प्रदेश में धरना दिया। प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय स्थित बिजली ऑफिस के समक्ष विरोध प्रदर्शन करके पुतला दहन किया गया।

कांग्रेस का कहना है कि राज्य भाजपा सरकार द्वारा हाफ बिजली बिल योजना के तहत 400 यूनिट की सीमा को समाप्त कर आम जनता के ऊपर अत्याचार कर रही है। बिजली की दरों में हुई बेतहाशा वृद्धी और हाफ बिजली बिल योजना को समाप्त किये जाने से आमजनता को बिजली बिल के नाम पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ेगा।

आज रायपुर शहर, रायपुर ग्रामीण, बिलासपुर, बस्तर, बलौदाबाजार, गरियाबंद, महासमुंद, धमतरी, दुर्ग शहर, दुर्ग ग्रामीण, भिलाई, बेमेतरा, राजनांदगांव शहर, राजनांदगांव ग्रामीण, कवर्धा, जगदलपुर शहर, सुकमा, नारायणपुर, कोण्डगांव, बीजापुर, कांकेर, दंतेवाड़ा, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, मुंगेली, कोरबा शहर, कोरबा ग्रामीण, जांजगीर चांपा, रायगढ़ शहर, रायगढ़ ग्रामीण, जशपुर, सरगुजा, बलरामपुर, कोरिया में सरकार का पुतला फूंका गया। बिजली बिल की प्रतिया जलाई गयी।

## कैट की तिल्दा, धमतरी एवं एमसीबी इकाइयों का गठन

- तीनों जिलों को मिले नए अध्यक्ष



**रायपुर**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश कार्यालय में आज हुई महत्वपूर्ण बैठक में आगामी दो वर्षों के लिए कैट तिल्दा धमतरी एवं एमसीबी. इकाई का गठन किया गया।

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं सदस्य राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) अमर पारवानी को छत्तीसगढ़ राज्य की विभिन्न जिला इकाइयों के गठन हेतु अधिकृत किया गया है। श्री पारवानी के मार्गदर्शन में आयोजित बैठक में कैट की तिल्दा, धमतरी एवं एम.सी.बी. इकाइयों के गठन की प्रक्रिया पूर्ण की गई। जिसमें तीनों जिलों के अध्यक्ष सर्वसम्मति से मनोनीत किए गए।

कैट तिल्दा इकाई के प्रभारी वासु माखीजा द्वारा कन्हैया हरिरमानी का नाम तिल्दा इकाई अध्यक्ष पद हेतु प्रस्तुत किया गया। कैट धमतरी इकाई प्रभारी राम मंधान ने महेश जसूजा का नाम धमतरी इकाई अध्यक्ष पद हेतु प्रस्तुत किया। कैट कोरिया इकाई प्रभारी विक्रम सिंह देव ने रघुनाथ पोद्दार का नाम कोरिया इकाई अध्यक्ष पद हेतु प्रस्तुत किया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने प्रस्तावित नामों का सर्वसम्मति से समर्थन किया।

इस अवसर पर अमर पारवानी ने नवमनोनीत अध्यक्षों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि तीनों जिला इकाइयाँ स्थानीय व्यापारियों के हितों की रक्षा हेतु संगठित प्रयास करेंगी। व्यापारी समाज को सशक्त आवाज प्रदान करेंगी।

**NECC**

| 08.08.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 470 | 80 | 180 |
| चिल्हर | 6.00 | 100 | 200 |
| डिलीवरी | 485 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 78 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

## संपादकीय

### औद्योगिक सुरक्षा का प्रशिक्षण अहम

सार्वजनिक तथा निजी सेक्टर दोनों में ही छत्तीसगढ़ ने काफी बड़ी छलांग लगाई है। एक चौथाई दशक पहले जब वह स्वतंत्र राज्य बना, तभी से निवेशकों के आकर्षण का केन्द्र बन गया था। देश के नक्शे में इसकी जगह या कहें कि लाभदायी भौगोलिक स्थिति, प्रचुर मात्रा में खनिज तथा वन सम्पदा, कुशल, अर्द्ध कुशल एवं अकुशल मानव संसाधन की उपलब्धता आदि अनेक ऐसे कारण हैं जिनके चलते जल्दी ही बड़ी तादाद में उद्योग यहां लगे। व्यवसाय भी बढ़ चला। अनेक बड़ी सरकारी कम्पनियों की इकाइयां यहां पहले से चल रही थीं। तत्पश्चात निजी क्षेत्र का विकास भी हुआ।

इस तरक्की ने प्रदेश को सम्पन्न तो बनाया ही और शासन की राजस्व आय में बढ़ोतरी भी की, परन्तु औद्योगिक सुरक्षा की तरफ पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया जो वांछनीय है। मानव जीवन से अधिक अनमोल कुछ भी नहीं होता। दुर्भाग्य से सार्वजनिक क्षेत्रों की इकाइयों में भी अक्सर बड़े व गम्भीर औद्योगिक हादसे होते रहते हैं जिनमें लोगों को जान गंवानी पड़ती है। औद्योगिक सुरक्षा पर निजी कम्पनियां अक्सर बड़ा खर्च करने से बचती हैं लेकिन शासकीय कम्पनियों में ऐसी कोई मजबूरी नहीं होती। उन्हें तो इस मामले में उदाहरण बनना चाहिये तथा सम्भव हो तो निजी कम्पनियों का मार्गदर्शन करना चाहिये। इसी कारण से अक्सर सरकारी कम्पनियों से भी औद्योगिक हादसों की खबरें आती रहती हैं।

राष्ट्रीय ताप बिजली परियोजना (एनटीपीसी) के सीपत संयंत्र में बुधवार को बड़ा हादसा हो गया। 5वीं इकाई में मेंटेनेंस कार्य जारी था तभी प्री-एयर हीटर का प्लेटफॉर्म टूट गया। इससे पांच मजदूर घायल हो गये। एक की उपचार के दौरान सिम्स में मृत्यु हो गयी जबकि चार का इलाज जारी है। एक की हालत गम्भीर बताई गई है। मजदूरों ने इस दुर्घटना पर नाराजगी जताते हुए सड़क जाम कर दी थी जबकि प्रबन्धन ने मुआवजे तथा इलाज का खर्च उठाने की बात कही।

निजी हो या सार्वजनिक- दोनों ही तरह की औद्योगिक इकाइयों में कार्य करने वाले श्रमिकों, कर्मचारियों तथा अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिये लेकिन दुर्भाग्य से इसकी ज़हमत कम ही इकाइयां उठाती हैं। इसका सबसे बड़ा कारण है इस पर होने वाला भारी-भरकम खर्च जिसे अक्सर टाला जाता है। हालांकि एनटीपीसी समेत प्रदेश में कार्यरत अनेक सरकारी तथा प्राइवेट सेक्टर में संचालित हो रही कम्पनियां इस मामले में संवेदनशील हैं तथा उनके पास पैसों की कोई कमी भी नहीं है।

इस दुर्घटना की जांच की जा रही है इसलिये उस पर पहले से कोई निष्कर्ष निकालना अथवा टिप्पणी करना उचित नहीं परन्तु पाया जाता है कि सुरक्षा सम्बन्धी आवश्यक उपकरण प्रदान करने तथा आदर्श कार्य प्रणाली (एसओपी) अपनाने के बाद भी होने वाले हादसों का कारण ज्यादातर मानवीय चूक होती है। ठेका मजदूरों, कर्मचारियों व अधिकारियों को सुरक्षा सम्बन्धी कड़ा प्रशिक्षण दिया जाना कम्पनियों का ही उत्तरदायित्व है।

उल्टा पुल्टा

शराबी- मुझे एस.वी. रोड पर एक पर्स मिला है जिसमे 15000 कैश, एक आईफोन 5 एस, एक क्रेडिट कार्ड और किसी पल्लवी नाम की लड़की का आई.डी.मिला है।

रेडियो जॉकी- वाह ! आप कितने ईमानदार हैंतो आप उन्हें वो पर्स वापस करना चाहेंगे राईट?

शराबी- नही ! मै चाहता हूँ की पल्लवी के लिए एक दर्द भरा गाना हो जाए।

# मछली बीज उत्पादन में आत्मनिर्भरता की राह पर बस्तर

## रिकॉर्ड उत्पादन और किसानों को मिल रहा भरपूर लाभ



**जगदलपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। बस्तर जिले में मछली पालन विभाग द्वारा संचालित शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्रों और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से मछली पालन के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हासिल की गई है। इससे स्थानीय मछुआरों और किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त भी किया जा रहा है। बस्तर जिला मछली बीज उत्पादन में भी आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ रहा है। जिले में मछली पालन विभाग द्वारा मछली बीज उत्पादन के लिए दो प्रमुख केंद्र संचालित हैं। मत्स्य बीज प्रक्षेत्र बालेंगा और मोती तालाब मत्स्य बीज प्रक्षेत्र जगदलपुर। इन दोनों इकाइयों ने मत्स्य बीज उत्पादन में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। वर्ष 2024-25 में, बालेंगा केंद्र ने 8 करोड़ स्पान मछली बीज का उत्पादन करके अपने लक्ष्य को शत-प्रतिशत प्राप्त किया। इसके साथ ही 60 लाख 32 हजार स्टैंडर्ड फ्राय का भी उत्पादन किया गया, जो लक्ष्य 60 लाख से अधिक रहा। यह उत्पादित मछली बीज जिले के मत्स्य पालकों को उनके तालाबों में पालन के लिए वितरित किया गया। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में भी बालेंगा हैचरी ने शानदार प्रदर्शन जारी रखा है, जिसमें 8 करोड़ 32 लाख स्पान का उत्पादन किया गया है, जबकि लक्ष्य 9 करोड़ था। इसके अलावा, 2 लाख 32 हजार स्टैंडर्ड फ्राय का भी वितरण किया गया है। मोती तालाब मत्स्य बीज प्रक्षेत्र जगदलपुर ने भी वर्ष 2024-25 में 2 करोड़ 06 लाख 2 हजार 860 स्टैंडर्ड फ्राय का उत्पादन और वितरण करके अपने लक्ष्य 1 करोड़ 80 लाख को पार कर लिया। वित्तीय वर्ष 2025-26 में भी इस केंद्र से मछली बीज वितरण का कार्य प्रगति पर है और अब तक 60 लाख स्टैंडर्ड फ्राय वितरित किए जा चुके हैं। फिंगरलिंग मत्स्य बीज संचयन योजना के तहत भी मत्स्य पालकों को प्रक्षेत्रों से मछली बीज का वितरण लगातार जारी है।

**किसानों को सशक्त बनाने वाली योजनाएं:** मछली पालन विभाग विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों और मछुआरों को मछली पालन के लिए प्रोत्साहित कर रहा है, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो रही है।

**मौसमी तालाबों में मत्स्य बीज संवर्धन योजना:** यह योजना निजी मत्स्य बीज उत्पादन को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। विभाग मौसमी तालाबों में मछली बीज उत्पादन के लिए किसानों को शत-प्रतिशत अनुदान पर स्पान (मछली बीज) और अनुपूरक आहार सामग्री प्रदान करता है। इससे किसानों को अपने तालाबों में मछली बीज तैयार कर उन्हें बेचकर आर्थिक लाभ कमाने का अवसर मिलता है। वर्ष 2024-25 में 15 कृषकों को इस योजना से लाभ हुआ था, और इस वित्तीय वर्ष में 17 कृषकों को लाभान्वित किया गया है, जो योजना की बढ़ती लोकप्रियता और प्रभावशीलता को दर्शाता है।

**मत्स्य अंगुलिका क्रय कर संचयन पर आर्थिक सहायता योजना:** इस महत्वपूर्ण योजना के तहत, सभी वर्गों के मछुआरे जो निजी या पट्टे पर लिए गए 1.00 हेक्टेयर से 10.00 हेक्टेयर तक के तालाबों में मत्स्य बीज अंगुलिका संचयन कर अधिक मत्स्य उत्पादन करना चाहते हैं, उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। प्रति हितग्राही को आगामी पांच वर्षों तक प्रति वर्ष चार हजार रुपए के व्यय पर दो हजार रुपए का अनुदान दिया जाता है, जबकि दो हजार रुपए कृषक का अंशदान होता है। इस योजना में कृषक को पैकिंग सहित पांच हजार नग मत्स्य बीज प्रदान किए जाते हैं। वर्ष 2024-25 में 796 मत्स्य पालकों को 1 करोड़ 5 लाख 96 हजार मछली बीज प्रदान किया गया। इस वित्तीय वर्ष में एक है हजार इकाई मत्स्य बीज वितरण का लक्ष्य रखा गया है, जो दर्शाता है कि विभाग अधिक से अधिक मत्स्य पालकों तक पहुंच बना रहा है। इन सफलताओं के साथ बस्तर जिला मछली पालन के क्षेत्र में एक अग्रणी भूमिका निभा रहा है, जिससे न केवल खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है।

## जगदलपुर में जिला स्तरीय नेटबॉल चयन प्रतियोगिता



**14, 17 व 19 आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग**

**जगदलपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला क्रमांक-2, में जिला स्तरीय शालेय खेलकूद चयन प्रतियोगिता के अंतर्गत नेटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 14, 17 और 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। चयन समिति में वरिष्ठ व्यायाम प्रशिक्षकों की सहभागिता रही, संजय मूर्ति, प्रदीप राव, डी. कोटेश्वर राव नायडू, प्रेमलाल जानी, नवीन ठाकुर, मोनिका नवतानी, लेखनी धीवर एवं मुकेश्वरी टेकाम शामिल रहे। खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए चयन समिति ने निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन प्रक्रिया पूरी की। आयोजन में अनुशासन, खेल भावना और उत्साह का सुंदर समन्वय देखने को मिला। इस अवसर पर वरिष्ठ संयोजक संजय मूर्ति ने खिलाड़ियों को उनके श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए बधाई दी। वरिष्ठ व्यायाम अनुदेशक प्रदीप राव ने खिलाड़ियों को अनुशासित होकर खेल भावना के साथ प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी।

## डिजिटल बैंकिंग फ्रॉड प्रिवेंशन एंड इन्वेस्टीगेशन विषय पर कार्यशाला



**जगदलपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। पुलिस महानिरीक्षक पी. सुंदरराज एवं पुलिस अधीक्षक बस्तर शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन एवं पहल पर बुधवार को शौर्य भवन लालबाग जगदलपुर में बस्तर पुलिस के समन्वय से महाराष्ट्र हेड आईसीआईसीआई बैंक फाइनेंशियल क्राइम प्रिवेंशन टीम के तकनीकी विशेषज्ञ एवं वरिष्ठ अधिकारी सुमित महाबलेश्वरकर कमलेश वाल्दे एवं गुरजीत सिंह के द्वारा फाइनेंशियल फ्रॉड रोकथाम, साइबर अपराध विवेचना करने संबंधी एक दिवसीय कार्यशाला डिजिटल बैंकिंग फ्रॉड प्रिवेंशन एंड इन्वेस्टीगेशन विषय का आयोजन किया गया। जिसमें विशेषज्ञ द्वारा डिजिटल बैंकिंग फ्रॉड, डेबिट क्रेडिट कार्ड फ्रॉड फिसिंग, यूपीआई फ्रॉड , इंटरनेट बैंकिंग फ्रॉड, बैंकिंग डाटा का तकनीकी विश्लेषण से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदाय की गई। इस कार्यशाला का >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## बुनकरों द्वारा बनाए गए कपड़े का उपयोग करना चाहिए : विधायक लखेश्वर बघेल



**राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर ग्राम बाजवान्ड में कार्यक्रम का आयोजन**

**जगदलपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय जगदलपुर एवं जिला हथकरघा विभाग जगदलपुर द्वारा राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर बस्तर जिले के बकावंड ब्लॉक के ग्राम बाजावंड में एक विशेष प्रचार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक लखेश्वर बघेल ने उपस्थित लोगों को हथकरघा की विशेषता बताते हुए कहा कि हम सभी को बुनकरों के द्वारा निर्मित कपड़ों का उपयोग करना चाहिए इससे हमारे बुनकर भाइयों को एक और जहां रोजगार में बढ़ोतरी होगी वहीं क्षेत्र के विकास में भी सहयोग मिलेगा। जिला पंचायत सदस्य बनवासी मोरे, पूर्व जनपद सदस्य नारायण बघेल , पूर्व सरपंच भगवान भारती, ग्राम सरपंच भगवती भारती, जिला हथकरघा कार्यालय जगदलपुर के उपसंचालक अनिल कुमार सोम, निरीक्षक रोहित पात्रे, एवं रमेश कुमार भी कार्यक्रम शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में उपसंचालक अनिल कुमार सोम एवं निरीक्षक रोहित पातरे ने विभाग द्वारा चलाया जाए रहे योजनाओं के बारे में जानकारी दी एवं आज राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के महत्व के बारे में जानकारी दी। खंड स्वास्थ्य अधिकारी बकावंड के सहयोग से बुनकरों के लिए आंख जांच शिविर एवं चश्मा का वितरण किया गया जिसमें करीब 50 बुनकर लाभान्वित हुए। तद उपरांत केंद्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय जगदलपुर के प्रभारी बी एस ध्रुव द्वारा एक प्रश्न मंच का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के बारे में कुछ छोटे-छोटे प्रश्न किए गए सही उत्तर देने वाले प्रतिभागी को विभाग की ओर से तुरंत पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के द्वारा मां के नाम एक पेड़ भी लगाया गया। कार्यक्रम में बुनकर समिति के 10 हितग्राहियों को लूम प्रदान किया गया। साथी बुनकर समिति के तीन मेधावी छात्र-छात्राओं को विभाग द्वारा पुरस्कृत किया गया जिसमें मुख्य रूप से गौरव चंदेल, सुमित मंडल एवं निमिषा झाली को प्रदान किया गया। हैंडलूम वितरण घनश्याम झाली, रामचंद्र झाली, कुसनो झाली, फूलचंद नेताम, चौवन मरकाम, बैद्यनाथ झाली, गुप्ता मरकाम, शंभू नाथ नेताम, नकुल नाग, लक्षीम झाली को प्रदान किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन रमेश कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कंकालिन प्राथमिक बुनकर सहकारी समिति मर्यादित बजावान्ड का विशेष सहयोग रहा, साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में बुनकरों के अलावा ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## बिजली बिल हाफ योजना में कटौती करना साय सरकार की जनविरोधी नीतियों का प्रमाण : सुशील मौर्य




**बिजली बिल छूट का लाभ नहीं मिलेगा, सीधे आम जनता पर अत्याचार : प्रेमशंकर शुक्ला**

**जगदलपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर व ग्रामीण के संयुक्त नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा आमजनता को न्याय दिलाने व हाफ बिजली बिल योजना के तहत 400 यूनिट की सीमा को वापस लिए जाने की मांग को लेकर गीदम रोड बिलजी विभाग के समक्ष भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर पुतला दहन किया गया । शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा कि राज्य भाजपा सरकार द्वारा हाफ बिजली बिल योजना के तहत 400 यूनिट की सीमा को समाप्त कर आम जनता के ऊपर अत्याचार कर रही है। बिजली बिल हाफ योजना में कटौती करना साय सरकार की जनविरोधी नीतियों का प्रत्यक्ष प्रमाण है। बिजली की दरों में हुई बेतहाशा वृद्धि और हाफ बिजली बिल योजना को समाप्त किये जाने से आमजनता को बिजली बिल के नाम पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ेगा जो कि सीधे आमजनता पर बुरा प्रभाव डालेगा। लाखों उपभोक्ताओं विशेषकर मध्यम वर्गीय परिवारों को बेहद कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। विष्णुदेव साय सरकार ने मात्र 100 यूनिट के भीतर की खपत वाले का ही बिजली बिल हॉफ करने का निर्णय लिया है। इससे प्रदेश के अधिसंख्यक उपभोक्ता बिजली बिल हाफ योजना से वंचित हो गये है। वर्तमान निर्देश के अनुसार 100 यूनिट से अधिक खपत होने पर बिजली बिल पूरा लगेगा तथा 100 यूनिट का छूट भी नहीं मिलेगा। जबकि पिछले माह ही सरकार ने बिजली के दाम चौथी बार बढ़ाया था।

केंद्र की मोदी सरकार के गलत नीतियों के चलते बिजली का उत्पादन लागत बढ़ा है। कांग्रेस पार्टी इस कटौती का पुरजोर विरोध करती है और अगर मांगे पूरी नहीं होती है तो कांग्रेस पार्टी और भी उग्र प्रदर्शन करेगी। बस्तर जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा की जा रही संशोधन से बिजली बिल छूट का लाभ नहीं मिलेगा, जो कि सीधे आम जनता पर अत्याचार है। घरेलू खपत पर 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है। गैर घरेलू बिजली की दर 25 पैसे यूनिट महंगी कर दी गई है। सर्वाधिक बढ़ोत्तरी कृषि पंप के बिजली के दाम में 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि करके की गई थी। डेढ़ साल के भीतर साय सरकार ने घरेलू बिजली की दरों में अब तक कुल 80 पैसे प्रति यूनिट बढ़ोत्तरी की है। कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार के ऐसे अन्यायपूर्ण फैसले का विरोध करती है, कोयला हमारा, पानी हमारा, जमीन हमारी और हमें ही महंगे दर पर बिजली बेचा जा रहा है। सरकार के इस जन विरोधी निर्णय के खिलाफ कांग्रेस पुरजोर विरोध करती है। इस दौरान पूर्व महापौर जतिन जायसवाल, नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, उपनेता कोमल सेना, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश राय, बलराम यादव, संतोष सेठिया, प्रभारी महामंत्री जाहिद हुसैन, यूंका अध्यक्ष अजय बिसाई, एनएसयूआई अध्यक्ष विशाल खंबारी, अल्पसंख्यक अध्यक्ष रोजवीन दास, सुभाष गुलाटी, सुषमा सुता, जावेद खान, रामशंकर राव, अतिरिक्त शुक्ला, विक्रम सिंह डांगी, संतोष यादव, अनवर खान, हेमू उपाध्यय, हनुमान द्विवेदी, रविशंकर तिवारी, शहनाज बेगम, महामंत्री निकेत झा, अल्ताफ उल्ला खान, आदित्य बिसेन, संदीप दास, महादेव नाग, शादाब अहमद, तरनजीत सिंह, लव मिश्रा, सायमा अशरफ, ज्योति राव, अंकित सिंह, पंकज केवट, उस्मान रजा, पार्षद सूर्यापानी, सुशीला बघेल, अफरोज बेगम, गौतम पाणिग्रही, शुभम् यदु, लोकेश चौधरी, जस्टिन भवानी, ललिता राव, कमलेश पाठक, माही श्रीवास्तव, जयमती मौर्य, सुनीता दास, अंजुम हुसैन, हेमंत >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## सरकारी योजना पर रोक लगाया वन विभाग ने



**केंदूगुड़ा में 25 .22 हेक्टेयर और मैलबेड़ा में 10 हेक्टेयर शासकीय भूमि पर काजू पौधरोपण की थी योजना**

**जगदलपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। वन विभाग की आपत्ति से शासन की एक महत्वकांक्षी योजना पर ग्रहण लग गया है। इससे यहां के ग्रामीणों की आजीविका पर भी संकट खड़ा हो गया है। मामला बस्तर वन मंडल के करपावंड वन परिक्षेत्र से जुड़ा हुआ है। वन विभाग की आपत्ति के कारण से सतोषा-मैलबेड़ा के ग्रामीणों की आजीविका पर संकट आ गया है और वन विकास निगम का रोपण कार्य ठप हो गया है। बस्तर जिले के बकावंड विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सतोषा व मैलबेड़ा में काजू पौधा रोपण को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। वन विकास निगम जगदलपुर द्वारा 24 जून 2025 से शुरू किए गए काजू रोपण कार्य को करपावंड वन परिक्षेत्र के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा रोक दिए जाने से ग्रामीणों की आजीविका पर संकट मंडराने लगा है। ग्रामीणों ने बताया है कि शासन द्वारा वन विकास निगम के माध्यम से ग्राम केंदूगुड़ा में 25.22 हेक्टेयर और मैलबेड़ा में 10 हेक्टेयर शासकीय भूमि पर काजू पौधरोपण की योजना शुरू की गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य बस्तर में काजू की पैदावार कर यहां के लोगों को रोजगार से जोड़ना था। काजू रोपण से जुड़ा कार्य का 60 प्रतिशत हो चुका है। जमीन की सफाई व गड्ढा खुदाई कार्य पूर्ण हो चुकी है और अच्छे किस्म के काजू पौधे स्थल पर लाकर रखे जा चुके हैं। बावजूद इसके करपावंड वन विभाग ने 19 जुलाई को रोपण कार्य पर यह कहते हुए आपत्ति जता दी कि यह भूमि वन विभाग की है। ग्रामीणों का सवाल है कि यदि यह भूमि वन विभाग की है तो कार्य प्रारंभ होने के 25 दिनों तक विभाग के कर्मचारी कहां सो रहे थे? कार्य के प्रारंभ में ही आपत्ति क्यों नहीं जताई गई? इससे विभागीय निष्क्रियता और कार्य में बाधा डालने की मंशा स्पष्ट होती है। ग्रामीणों का कहना है कि इस विवाद के चलते जहां एक ओर रोपण स्थल में रखे काजू पौधों के खराब होने का खतरा बढ़ गया है, वहीं दूसरी ओर सैकड़ों ग्रामीणों का रोजगार भी प्रभावित हो रहा है। ग्राम पंचायत सतोषा व मैलबेड़ा सहित समस्त ग्रामीणों ने इस कार्य में कोई आपत्ति नहीं जताई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि विभागीय समन्वय स्थापित कर तत्काल रोपण कार्य को पुन: प्रारंभ कराया जाए, ताकि पौधे खराब होने से बचाए जा सकें और ग्रामीणों को रोजगार का अवसर मिल सके। संलग्न दस्तावेजों में खसरा नक्शा व ग्राम पंचायत के प्रस्तावों की प्रतिलिपि भी शामिल की गई है, जिससे स्पष्ट है कि उक्त भूमि शासकीय है। ग्रामीणों ने इस मुद्दे पर उच्च अधिकारियों के हस्तक्षेप की मांग की है।

## चोरी के तीन मामले में 4 आरोपी पुलिस गिरफ्त में



**आरोपियों के कब्जे से चोरी की गयी स्कूटी सुजुकी एक्सेस, पल्सर मोटर सायकल, लैपटॉप, वाच, सोने तथा हीरे के जेवरात लगभग 8,00,000 रुपए को किया गया बरामद**

**जगदलपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। शहर में तीन अलग अलग स्थानों में चोरी करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में बस्तर पुलिस को सफलता मिली। थाना बोधघाट में प्रार्थीया शीतल कुशवाहा पति शैलेन्द्र कुशवाहा निवासी शांति नगर वार्ड जगदलपुर ने थाना बोधघाट में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 23 जुलाई को वह अपने पति का ईलाज कराने के लिए रायपुर गई थी। इसी दौरान 27 जुलाई को अज्ञात व्यक्ति द्वारा घर का दरवाजा तोड़कर सोने चांदी के जेवरात, डायमंड रिंग, नगदी रकम जुमला किमती 1,90,000 को अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ले गया है। इसी तरह से पी नागराजन पिल्लाई के द्वारा उसके गायत्री नगर में स्थित मकान से 26 जुलाई को अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया, तथा इसी तरह से प्रार्थी बुकया मालेश के द्वारा उसके निवास स्थान शांति नगर से एक लैपटॉप व इंडियन गैस सिलेंडर को अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया । रिपोर्ट पर तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में तत्काल कार्यवाही टीम के द्वारा आसपास के लोगों से पूछताछ करते हुए, घटना स्थान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा एवं अन्य तकनीकियों का सहायता लेकर गहनता से अवलोकन किया गया। जिसके आधार पर बोधघाट क्षेत्रांतर्गत रहने वाले चोरी के मामलों में रहने वाले आदतन संदेही अभय मसीह उर्फ भेड निवासी गांधीनगर , अनमोल वासनिक निवासी नया मुंडा, सिद्धार्थ वासनिक उर्फ सिद्धू निवासी मदर टेरेसा वार्ड और आदित्य उर्फ अंकित पीटर निवासी मदन मोहन मालवीय वार्ड को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। सभी के द्वारा अपने एक अन्य साथी दशरथ उर्फ बीनू पिता शरद सिंह जो एक दिन पूर्व नशीली दवाई बिक्री करते पकड़े गया है के साथ मिलकर चोरी करना तथा चोरी के सामान को आपस में बाँट लेना कबूल करते हुए चोरी किये गए दो नग सोने का बड़ा एयरिंग, 06 नग एयरिंग, एक नग सोने का लंबा मंगलसूत्र, एक नग >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# दंतेवाड़ा में वरदान बनेगी पीएम सूर्य घर योजना

## कलेक्टर ने क्रियान्वयन में तेजी लाने के दिये निर्देश

- स्कूल-आंगनबाड़ी केन्द्रों में निर्बाध बिजली आपूर्ति पर जोर



**दंतेवाड़ा,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। जिले में बिजली और अक्षय ऊर्जा योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कलेक्टर कुणाल दुदावत ने की। समीक्षा बैठक में विद्युत विभाग और क्रेडा (अक्षय ऊर्जा) के अधिकारियों ने विभिन्न योजनाओं की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी, जिसे गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने योजनाओं के संबंध में प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए।

बैठक में सर्वप्रथम प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने इसे केंद्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली योजना बताते हुए इसके त्वरित और प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जिले में ऐसे सभी उपभोक्ताओं को चिन्हित किया जाए, जिनकी मासिक बिजली खपत 200 यूनिट से अधिक है। इन उपभोक्ताओं में जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों, उद्योगपतियों तथा अन्य बड़े बिजली बिल भरने वालों को प्राथमिकता देते हुए उनके पंजीयन की प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाए।

इसके लिए विशेष बैठक आयोजित कर एक सूची तैयार करने के भी निर्देश दिए गए। साथ ही, सभी सब इंजीनियरों को कम से कम 100 कनेक्शन कराने के लिए उपभोक्ताओं को प्रेरित करने और अधिक से अधिक आवेदन जुटाने की जिम्मेदारी दी गई। तत्पश्चात बैठक में कलेक्टर ने आगे, जिले के स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में सुचारू विद्युत व्यवस्थापन की स्थिति की समीक्षा की। कलेक्टर ने इस दौरान विद्युत विभाग से अपूर्ण और पूर्ण विद्युतीकरण की अद्यतन जानकारी ली और स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में विद्युतीकरण कार्य लम्बित है उन्हें चिन्हांकित करते हुए प्राथमिकता के साथ विद्युतीकरण कार्य पूरा किया जाए।

इसके बाद क्रेडा विभाग की समीक्षा के दौरान संचालित सौर सुजला योजना फेज-9 की समीक्षा की गई। गौरतलब है कि जिले को इस योजना के तहत 250 सोलर पंप का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, लेकिन वर्तमान में 135 पंपों का ही आवंटन हो पाया है। इनमें से 128 स्थानों पर फाउंडेशन का कार्य किया जा चुका है, जबकि केवल 26 पंपों की स्थापना ही पूर्ण हो सकी है। इस धीमी प्रगति पर असंतोष जताते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि लक्ष्य की पूर्ति के लिए युद्धस्तर पर कार्य किया जाए और शीघ्र सभी यूनिट्स की स्थापना सुनिश्चित की जाए।

इसके अलावा जल जीवन मिशन योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर को जानकारी दी गई कि जिले को 578 सोलर ड्यूल पंप संयंत्रों की स्थापना का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसमें से अब तक 505 कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं। शेष 34 कार्य प्रगति पर हैं, जिनमें 23 साइट्स पर स्ट्रक्चर का कार्य और 11 पर फाउंडेशन कार्य संपन्न हो चुका है। वहीं 12 स्थल अब तक अप्रारंभ हैं और 27 स्थान तकनीकी दृष्टि से अनुपयुक्त पाए गए हैं। कलेक्टर ने इन शेष मामलों में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के साथ समन्वय कर सभी बाधाओं को दूर करने और कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस समीक्षा बैठक में मुख्य अभियंता विद्युत,एवं अनुविभागीय क्रेडा के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# गृहमंत्री विजय शर्मा दंतेवाड़ा में मनायेंगे रक्षा बंधन

- समर्पित महिला नक्सली और दंतेश्वरी फाइटर्स की कमांडो बांधेंगी राखी
- शासन और जनता के बीच विश्वास का सेतु बनेगा पर्व
- संवेदनशील उप मुख्यमंत्री की नई पहल

**दंतेवाड़ा,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। राज्य के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति और पुनर्वास की दिशा में एक महत्वपूर्ण संदेश देने वाला आयोजन इस रक्षाबंधन के दिन आयोजित किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा इस दिन दंतेवाड़ा और सुकमा जिलों के दौरे पर रहेंगे, जहां आत्मसमर्पण कर चुकी नक्सली महिलाएं और दंतेश्वरी फाइटर्स की महिला कमांडो उन्हें राखी बांधेंगी।

दंतेवाड़ा जिले में आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा उन आत्मसमर्पित नक्सली महिलाओं से मुलाकात करेंगे, जो अब समाज की मुख्यधारा से जुड़कर कार्य कर रही हैं। दंतेश्वरी फाइटर्स की महिला कमांडो सुरक्षा और शांति व्यवस्था को बनाए रखने में सहयोग दे रही हैं। रक्षाबंधन के अवसर पर इन बहनों द्वारा उपमुख्यमंत्री को राखी बांधने का कार्यक्रम निर्धारित है। इसके पश्चात श्री शर्मा सुकमा जिले के पुनर्वास केंद्र का भ्रमण करेंगे जहां आत्मसमर्पित नक्सली महिलाएं राखी बांधेंगी। यह आयोजन राज्य सरकार की पुनर्वास नीति की दिशा में एक संवेदनशील पहल है, जिसके माध्यम से नक्सलवाद छोड़ चुकी महिलाओं को समाज में पुन: सम्मानजनक जीवन की ओर अग्रसर किया जा रहा है।



सरकार द्वारा नक्सल प्रभावित जिलों में पुनर्वास नीति के अंतर्गत आत्मसमर्पण करने वाले व्यक्तियों को न केवल सुरक्षा प्रदान की जा रही है, बल्कि उन्हें शिक्षा, स्वरोजगार, कौशल प्रशिक्षण और सामाजिक पुन:स्थापना का अवसर भी दिया जा रहा है। रक्षाबंधन पर यह आयोजन इसी प्रक्रिया की एक अभिव्यक्ति है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि शासन की मंशा है कि जो लोग हिंसा का मार्ग छोड़कर समाज में लौटना चाहते हैं, उन्हें हरसंभव सहायता और मार्गदर्शन दिया जाए। रक्षाबंधन जैसे सामाजिक पर्वों के माध्यम से यह संदेश भी देना आवश्यक है कि शासन और प्रशासन ऐसे लोगों को स्वीकार करता है और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देता है। उन्होंने कहा राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं कि लोग विकास की मुख्यधारा से जुड़ें, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं इन क्षेत्रों तक पहुंचे और युवाओं को रोजगार के अवसर मिलें। रक्षाबंधन का यह आयोजन केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि शासन और जनता के बीच विश्वास के सेतु को और मजबूत करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

# भाला फेंक प्रतियोगिता में रविंदर एवं नेहा रहे प्रथम

- नारायणपुर जिला एथलेटिक्स संघ का आयोजन
- सीनियर एवं जूनियर वर्ग में प्रतियोगिता आयोजित



**नारायणपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ एथलेटिक संघ द्वारा महान एथलीट नीरज चोपड़ा द्वारा टोक्यो ओलंपिक में भारत को पहली बार एथलेटिक्स के भाला फेंक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक दिलाने की याद को चिरस्थाई बनाए रखने के लिए 7 अगस्त को भाला फेंक दिवस के रूप में मनाया जाता है। नारायणपुर जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष अनिल खोबरागड़े ने बताया कि छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र आहूजा एवं महासचिव अमरनाथ सिंह के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ प्रदेश एवं जिला स्तर पर भाला फेंक प्रतियोगिता का का आयोजन किया जाता है। इसी परिपेक्ष में नारायणपुर जिला एथलेटिक्स संघ द्वारा रामकृष्ण मिशन आश्रम के खेल मैदान में 7 अगस्त को प्रात: 8ः00 बजे भाला फेंक दिवस का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता के शुभारंभ में मुख्य अतिथि रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी व्याप्तानन्द जी महाराज एवं अध्यक्षता कर रहे नारायणपुर जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष अनिल खोबरागड़े एवं सचिव नरेंद्र मेश्राम ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उत्साहवर्धन किया। तत्पश्चात नारायणपुर जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष अनिल खोबरागड़े ने भाला फेंक कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग में सीनियर एवं जूनियर वर्ग में प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। बालक सीनियर वर्ग में रविंदर कुमार ने प्रथम, सुरेश कोवाची ने द्वितीय, मैनू राम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर बालक वर्ग में रज्जू सलाम ने प्रथम, डमरू ने द्वितीय, संतू राम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार बालिका सीनियर वर्ग में नेहा उसेंडी ने प्रथम,कल्याणी पावे ने द्वितीय, अपराजिता उसेंडी ने तृतीय एवं जूनियर बालिका वर्ग में भुवनेश्वरी ने प्रथम, सृष्टि सोरी ने द्वितीय एवं कु. अनुप्रभा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाला फेंक प्रतियोगिता में विजय खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि स्वामी व्याप्तानन्द जी महाराज के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर श्री सुजान सेन ,एथलेटिक्स कोच विपिन द्विवेदी,खेल प्रभारी हनुमंत राव, लोचन बघेल, रोहित यादव,सुनकू , तुलसी मंडावी आदि उपस्थित रहे एवं प्रतियोगिता को सम्पन्न कराया।

# कांग्रेस ने फूंका सीएम विष्णुदेव का पुतला

## बिजली बिल हाफ योजना बंद किए जाने का विरोध

- बिजली बिलों में राहत देने और पूर्व योजना फिर शुरू करने की मांग
- राजीव भवन से बिजली आफिस तक निकली रैली



**दंतेवाड़ा,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। बिजली बिल हाफ योजना बंद करने के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आह्वान पर दंतेवाड़ा जिला कांग्रेस कमेटी ने भी आज प्रदर्शन किया।

आम जनता को न्याय दिलाने व हाफ बिजली योजना के तहत 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना वापस फिर से शुरू किये जाने की मांग को लेकर यह प्रदर्शन हुआ। कांग्रेस पदाधिकारी तथा कार्यकर्ताओं द्वारा राजीव भवन दंतेवाड़ा से लेकर जिला मुख्यालय स्थित बिजली ऑफिस के समक्ष केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर विरोध जताया और आम जनता पर थोपे जा रहे आर्थिक बोझ को लेकर केंद्र व राज्य सरकार को आड़े हाथों लिया। नारे बाजी करते हुए सरकार से तत्काल बिजली बिलों में राहत देने और पूर्व की योजना को पुन: लागू करने की मांग की।

जिला कांग्रेस महामंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार जनता से किए गए वादों से मुकर रही है और महंगाई से जूझ रही आम जनता को बिजली बिल के ज़रिए और अधिक परेशान कर रही है। बिजली बिल हाफ योजना को बंद कर देना गरीब, किसान, मजदूर और मध्यमवर्गीय परिवारों के खिलाफ सीधा हमला है। इस दौरान जिला महामंत्री विमल सलाम, ब्लॉक अध्यक्ष सुमित्रा सोरी, मिडिया प्रभारी जिला कांग्रेस मनीष ठाकुर पार्षद एं नागराज, पार्षद राधा नाग, पार्षद संजय विश्वकर्मा, शिवकुमारी ध्रुव, जितेन्द्र कश्यप, उमेश यादव, दिनेश गुप्ता, गायेंद्र सिंह, सचिन पटेल, वाशिम, निखिल तोपों, राजवीर सिंह, नोबेल वसुदेव कार्यकर्ता मौजूद थे। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि बिजली दरों में कटौती नहीं की गई और पुरानी योजना को बहाल नहीं किया गया, तो पार्टी चरणबद्ध आंदोलन करेगी।

### हादसे रोकने मवेशियों में लगेगी रेडियम पट्टी समय सीमा बैठक में कलेक्टर ने दिये जरूरी निर्देश

**दंतेवाड़ा,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। सड़कों पर मवेशियों की वजह से लगातार हादसे हो रहे हैं। समय सीमा बैठक में यह मुद्दा उठा। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने घुमन्तु पशुओं की वजह से हो रहे आकस्मिक दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए अधिकारियों को प्रभावी कार्यवाही के लिए निर्देश दिए।



इसके तहत सभी संबंधित विभागों को काउ कैचर खरीदी के प्रस्ताव भेजने को कहा गया। इसके अलावा सड़कों में घुमन्तु पशुओं की उपस्थिति एवं उनके विचरण को रोकने के लिए ग्राम सभाओं में प्रस्ताव पारित करने को भी कहा गया। इसके साथ ही पशुओं में रेडियम पट्टी लगाने, चौक चौराहों में पशुओं के विचरण स्थल का चिन्हांकन, एनएच मार्गों में मवेशियों की उपस्थिति संबंधित वोर्ड लगाने, निगरानी दल गठन करने के साथ-साथ डेयरी मालिकों पर जुर्माने संबंधी कार्यवाही किये जाने के लिए भी कलेक्टर ने निर्देशित किया। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर ने समस्त विभागों द्वारा किये जाने वाले शासकीय सामग्री क्रय जैम पोर्टल के माध्यम से करने की अनिवार्यता पर जोर देते हुए कहा कि इसके लिए सभी प्रकार की निविदाएं ऑनलाइन पर ही अपलोड होगी और इस संबंध में भण्डार क्रय विनियम का पालन करना जरूरी होगा। इसके अलावा बैठक में एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन के तहत हर धान विक्रेता के शत प्रतिशत पंजीयन, दिव्यांग पंजीयन शिविर के अंतर्गत लक्षित दिव्यांग लाभार्थियों का चिन्हांकन किए जाने सहित अन्य विभागीय मसलों पर भी कलेक्टर द्वारा दिशा निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# ट्राइबल विभाग के निर्माणाधीन और स्वीकृत कार्यों की समीक्षा

- अग्रिम राशि जारी करने और पूर्ण कार्यों की सीसी देने के निर्देश
- छात्रावासों के मरम्मत-रखरखाव पर विशेष फोकस

**दंतेवाड़ा,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। आदिम जाति विकास विभाग अन्तर्गत चल रहे स्वीकृत एवं निर्माण कार्यों के संबंध में कलेक्टर कुणाल दुदावत के द्वारा विभागीय बैठक ली गई। बैठक में विभागीय मद अन्तर्गत नाबार्ड पोषित भवन निर्माण कार्य, यथा कन्या/बालक छात्रावास, अतिरिक्त कक्ष निर्माण,बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण अन्तर्गत आरसीसी स्लेब पुलिया निर्माण, छात्रावासों में वाटर कूलर प्रदाय, सीसी नाली निर्माण कार्य, मिट्टी मुरूम सड़क निर्माण कार्य, छात्रावासों के मरम्मत रखरखाव, के अलावा डीएमएफ निधि से स्वीकृत कार्यो के संबंध में कलेक्टर द्वारा विस्तृत दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर ने स्वीकृत कार्यो हेतु अग्रिम राशि जारी करने तथा पूर्ण कार्यो का उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने को कहा। साथ ही सभी निर्माणाधीन कार्यों को समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में सहायक आयुक्त राजीव नाग एवं सभी जनपद पंचायत के सीईओ और विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# गुणवत्ता के साथ तय सीमा में हो निर्माण: कलेक्टर

- निर्माण एजेन्सियों की बैठक में निर्देश
- अंदरूनी इलाकों में निर्माण पर मंथन



**दंतेवाड़ा,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय राज्य मार्ग विभाग के अन्तर्गत प्रारंभ,अप्रारंभ एवं कार्यशील निर्माण कार्यों की हुई समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, के समस्त निर्माण कार्यो गुणवत्ता सहित समय-सीमा में पूर्ण कराये, साथ ही लंबित भुगतानों का भी निराकरण विलम्ब ना करें। बैठक में लोक निर्माण विभाग अन्तर्गत गीदम बारसूर, तुमरीगुण्डा मार्ग, हारला पेरमापारा, हिरोली से गुमियापाल, गीदम, दन्तेवाड़ा एनएच, पखनाचुआं मार्ग, उदेनार रायकोदी मार्ग, हिड़पाल बारसूर, तुमरीगुण्डा हांदावाड़ा, उदेला, खुंटेपाल, चोलनार मड़कामिरास, मटेनार, मुरकी, नेरली से बेहनार में चल रहे निर्माण कार्यो की अद्यतन स्थिति जानकारी कलेक्टर द्वारा ली गई। इसी प्रकार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बीटी सड़क मा बीटी सड़क माहराकरका से छोटे हड़मामुण्डा, मुख्य मार्ग से पोन्दुम बतुमपारा से पटेलपारा, गीदम बीजापुर मार्ग, फरसमुदुर, मोखपाल से दुधीरास सरहद से कवासीपारा छोटेगुडरा, बुरजीपारा, पुलिया निर्माण कामालुर से बासनपुर, आर.सी.सी. स्लेब पुलिया निर्माण बालुद से मंझारपारा, आर.सी.सी. स्लेब पुलिया निर्माण बालुद से कुआपारा, टेटम से खालेपारा व्हाया कोडरीपाल तक मिट्टी मुरूम सड़क कार्य एवं पुल पुलिया निर्माण कार्य, कामालूर से बासनपुर मार्ग पर पुलिया निर्माण, की भी जानकारी बैठक में प्रस्तुत की गई। बैठक में पीडब्ल्यूडी ईई, पीएमजीएसवाय, सहित संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# दो दिन रेलवे क्रासिंग से कमालूर रेल लाईन तक मरम्मत

- भारी वाहनों के लिए होगा बाईपास का उपयोग
- हल्के वाहन टेकनार चौक-परदेशी होटल बाईपास से गुजरेंगे
- 10 और 11 अगस्त को प्रभावित रहेगा यातायार्त

**दंतेवाड़ा,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा आंवराभाटा रेलवे लेवल क्रॉसिंग केके लाइन-103 से कमालूर तक के रेलवे मार्ग की मरम्मत 10 अगस्त रविवार प्रात: 7 बजे से 11 अगस्त रात्रि 9 बजे तक किया जावेगा। इस संबंध में सभी भारी वाहन बाईपास मार्ग से परिवहन होगें। किरन्दुल, बचेली एवं सुकमा से गीदम की तरफ आने वाली वाहन जेलबाड़ी चौक मार्ग से चितालंका बाईपास चौंक मार्ग होते हुये गीदम की ओर प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गीदम की ओर से आने वाली वाहन चितालंका बाईपास मार्ग से जेलबाड़ी चौंक मार्ग होते हुये बचेली, कुआकोण्डा एवं कटेकल्याण की ओर प्रस्थान करेगी।

दो पहिया एवं हल्के वाहन किरन्दुल, बचेली एवं सुकमा से गीदम की तरफ आने वाली वाहन हिरो शो-रूम आंवराभाटा बाईपास मार्ग से गीदम की ओर प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गीदम की ओर से आने वाली दो पहिया एवं हल्के वाहन टेकनार बाईपास मार्ग होते हुये बचेली, कुआकोण्डा एव कटेकल्याण की ओर प्रस्थान करेगी। इस संबंध में कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा सहायक मंडल अभियंता पूर्व तट रेलवे किरंदुल को कार्य स्थल पर संकेतक बोर्ड, रेडियम युक्त रिबन लगाने, कार्य स्थल पर बेरिकेट लगाये जाने, परिवर्तित मार्ग के प्रारंभ में चितालंका बाईपास, जेलबाड़ी बाईपास, आवराभाटा बाईपास एवं टेकनार बाईपास के पास बेरिकेट लगाये जाने के साथ-साथ दो कर्मचारी की ड्यूटी लगाये जाने के निर्देश दिए गए है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### डिजिटल बैंकिंग फ्रॉड...

उद्देश्य बस्तर पुलिस को साइबर अपराध अन्वेषण में दक्ष व बैंक और पुलिस के मध्य बेहतर समन्वय बनाना रहा ।कार्यशाला में बस्तर संभाग के सभी जिलों के पुलिस विभाग के राजपत्रित अधिकारी, निरीक्षक, उप निरीक्षक, स.उ.निरीक्षक, प्र. आरक्षक एवं आरक्षक लगभग 100 से अधिक अधिकारी, कर्मचारीगण सम्मिलित हुए।

### बिजली बिल हाफ योजना...

कश्यप,रंगा राव,धर्मा पाढ़ी, राजेंद्र पटवा, राजा खान, सलीम जाफर अली,मोहसिन खान, रजत जोशी,एडविन मार्क, आदर्श नायक,आदर्श दलाई,विजय ध्रुव,मोंटी,हंशू नाग,कमला,खीरेंद्र यादव,समीर कुरैशी आदि मौजूद रहे।

### चोरी के तीन मामले...

सोने का हार व कान का सेट, एक नग डायमंड अंगूठी, एक नग सोने की अंगूठी, एक नग चांदी की बिछिया, नगदी रकम 5000 रुपया, एक सुजुकी एक्सेस स्कूटी क्रमांक सीजी 17 केवी 1688, एक लैपटॉप, एक नग इंडियन गैस सिलेंडर, पल्सर मोटर सायकल सभी कीमती लगभग 8,00,000/ रुपए को विभिन्न जगहों आरोपियों के मेमोरेंडम मुताबिक जगहों से बरामद तथा जप्त कर उक्त आदतन आरोपियों को गिरफ्तार कर 07 अगस्त को न्यायिक अभिरक्षा हेतु माननीय न्यायालय में भेजा गया है।

# जोन्दरापदर में पालक शिक्षक बैठक सम्पन्न गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर दिया जोर

- बच्चों ने प्रस्तुत किया देशभक्ति व पर्यावरण रक्षा पर आधारित नाटक



**कोण्डागांव** 07 अगस्त (देशबन्धु)। प्राथमिक शाला जोन्दरापदर में सात अगस्त को प्राथमिक व माध्यमिक शाला जोन्दरापदर में संयुक्त पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। माँ सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्पांजलि के पश्चात् बच्चों ने सुमधुर स्वर में वन्दना प्रस्तुत किया। तत्पश्चात् राज्य शासन द्वारा निर्धारित एजेंडा पर बिंदुवार चर्चा किया गया। प्रधान पाठक मधु तिवारी ने ई जादुई पिटारा, बच्चों के लिए पढ़ाई कोना बनाने पर जोर दिया। माध्यमिक शाला की प्रधान पाठक मनोरमा कश्यप ने बच्चों को नियमित स्कूल भेजने व स्वास्थ्य रक्षा पर जोर दिया। शाला प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष ईश्वर शर्मा, माध्यमिक शाला की प्रधान पाठक मनोरमा कश्यप, गिरीश गोस्वामी, नोडल अधिकारी ममता मंडावी, सरिता शोरी ने एजेंडा पर विस्तार से चर्चा किया। अंत में 'एक पेड़ माँ के नाम' के तहत पालकों व बच्चों ने पौधा रोपण कर सुरक्षा का संकल्प लिया। बैठक में बड़ी संख्या में पालकगण सम्मलित हुए।

# मुलेर में ग्रामीणों के बीच जिपं उपाध्यक्ष अरविंद

- सरकारी योजनाओं की देखी जमीनी हकीकत
- स्कूल, आंगनबाड़ी और राशन दुकान का जायजा
- सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प



**दंतेवाड़ा,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। नियद नेल्लानार ग्राम पंचायत अंतर्गत मुलेर गांव का दौरा करते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम ने विभिन्न शासकीय संस्थाओं और योजनाओं की जमीनी स्थिति का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सबसे पहले आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचकर वहां बच्चों की उपस्थिति, पोषण आहार की व्यवस्था, स्वच्छता और देखरेख की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आंगनबाड़ी सेवाओं में सुधार के लिए सुझाव भी मांगे। इसके पश्चात वे प्राथमिक विद्यालय पहुंचे जहां उन्होंने शिक्षकों की उपस्थिति, विद्यार्थियों की संख्या, कक्षा संचालन और शैक्षणिक गुणवत्ता का अवलोकन किया। विद्यार्थियों से संवाद कर उन्होंने पढ़ाई के स्तर की जानकारी ली और शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

श्री कुंजाम ने गांव की राशन दुकान का भी निरीक्षण किया और वहां वितरण प्रणाली, स्टॉक रजिस्टर, लाभार्थियों की संतुष्टि तथा पारदर्शिता की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर यह जाना कि उन्हें समय पर और पूरी मात्रा में राशन प्राप्त हो रहा है या नहीं। इसके अतिरिक्त उन्होंने निवासरत ग्रामीणों से केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा संचालित योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, नल-जल योजना, राशन कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन, मनरेगा जैसी सुविधाओं की उपलब्धता के संबंध में सीधा संवाद किया। ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं भी उनके समक्ष रखीं, जिन्हें श्री कुंजाम ने गंभीरता से सुनते हुए त्वरित समाधान हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। श्री कुंजाम ने कहा कि शासन की मंशा है कि अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति तक योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचे। इसी उद्देश्य से वे स्वयं गांव-गांव जाकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाएगा।

# अल्प संख्यकों पर हो रहे हमले रोकने और आदिवासी प्रताड़ना मामले में एफआईआर दर्ज करने सौंपा ज्ञापन



**कोण्डागांव** 07 अगस्त (देशबन्धु)। सीपीआई जिला परिशद् कोण्डागांव के कम्युनिश्ट सदस्यों द्वारा महामहिम राज्यपाल छत्तीसगढ़ षासन को सम्बोधित एक ज्ञापन को जिला कलेक्टर कोण्डागांव के माध्यम से प्रेशित किया गया है। ज्ञापन में अल्प संख्यकों पर लगातार हो रहे हमलों पर कड़ाई से रोक लगाने तथा दुर्ग में आदिवासी युवक-युवतियों के साथ दुर्व्यवहार करके प्रताड़ित करने वाले मामले में ज्योति षर्मा एवं उनके सभी सहयोगियों पर एट्रोसिटी एक्ट के तहत 07 दिवस के भीतर एफ.आई.आर. दर्ज करने के निर्देश देने का आग्रह महामहिम राज्यपाल से किया गया है। हम सभी कम्युनिश्ट, आम जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं के समाधान और जायज मांगों को पूरी कराने के लिए पीड़ितजनों का मार्गदर्षन करके उनकी समस्याओं के समाधान व जायज मांगों को पूरी कराने के लिए पत्राचार और जन आंदोलनों का नेतृत्व करके ज्ञापन सौंपकर निरंतर संघर्श करते रहते हैं। हम कम्युनिश्ट के सामने आम जनता ने प्रष्न रखे हैं जिनमें से ''कुछ लोग क्यों अनर्गल आरोप लगाकर अल्प संख्यकों को बार-बार प्रताड़ित कर रहे हैं ? कभी धर्मांतरण का आरोप लगाकर, तो कभी धर्मांतरित व्यक्ति के षव को दफनाने को लेकर, तो कभी गौ तस्करी का आरोप लगाकर अल्प संख्यकों के साथ गम्भीर रुप से मारपीट किया जा रहा है ? कई बार तो मारपीट के दौरान मौतें तक हो जाती है। दुर्ग में आदिवासी समाज के युवक-युवतियों के साथ सामान्य वर्ग की महिला ज्योति षर्मा एवं उनके साथियों के द्वारा किए गए व्यवहार सम्बन्धी वायरल विड़ीयो में जैसा व्यवहार किया गया है, वह जायज है क्या ? '' मामले को संज्ञान में लेकर हमने अल्प संख्यकों पर हो रहे हमलों के मामलों सहित दुर्ग में हुई बड़ी घटना जिसमें एक सामान्य वर्ग की महिला एवं उनके साथियों के द्वारा आदिवासी युवक-युवतियों के साथ किए गए व्यवहार सम्बन्धी वायरल विड़ीयो को गौर से देखा, तो पाया कि सामान्य वर्ग की महिला एवं उनके साथियों के द्वारा आदिवासी युवक-युवतियों के साथ किया गया व्यवहार, व्यवहार नहीं बल्कि गम्भीर रुप से दुर्व्यवहार है, आदिवासियों को प्रताड़ित करना है। उपरोक्त कारणों से ही कम्युनिश्ट पार्टी ऑफ इंड़िया जिला परिशद् कोण्डागांव के हम सभी कम्युनिश्ट सदस्य, आदिवासी बाहुल्य बस्तर संभाग सहित पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में अल्प संख्यकों के उपर निरंतर हो रहे हमलों, अत्याचार, अन्याय तथा दुर्ग में सामान्य वर्ग की महिला एवं उनके साथियों के द्वारा आदिवासी युवक-युवतियों के साथ किए गए गम्भीर रुप से दुर्व्यवहार की कड़ी षब्दों में नींदा करते हुए अल्प संख्यकों पर लगातार हो रहे हमलों पर कड़ाई से रोक लगाने तथा दुर्ग में आदिवासी युवक-युवतियों के साथ गम्भीर रुप से दुर्व्यवहार करने तथा प्रताड़ित करने वाली ज्याति षर्मा एवं उनके सभी सहयोगियों पर एट्रोसिटी एक्ट के तहत 07 दिवस के भीतर एफ.आई.आर. दर्ज करने के लिए निर्देशित करने की मांग करते हैं। वहीं समय सीमा के भीतर कार्यवाही नहीं किए जाने पर सीपीआई जिला परिशद् कोण्डागांव आंदोलन करने को बाध्य होगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी षासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान षैलष, जयप्रकाष, दिनेष, रामचंद, मुकेष, सोमारु, कौषल आदि कम्युनिश्ट साथीगण मौजुद रहे।

# कोंडागांव प्रभारी सचिव ने अचानक पहुंचकर परखी व्यवस्थाएं



## ◆स्वास्थ्य केंद्र में दिए निर्देश, छात्रों से संवाद कर सुनी समस्याएं—

**फरसगांव** 07 अगस्त (देशबन्धु)। कोंडागांव के प्रभारी सचिव भीम सिंह ने गुरुवार को 10:30 बजे अचानक फरसगांव का दौरा किया, जिससे प्रशासनिक अमले में हलचल मच गई। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कन्या हाई स्कूल और पीएमश्री सेजेस का औचक निरीक्षण कर जमीनी हकीकत का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना और जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

### स्वास्थ्य सुविधाओं का लिया जायजा

प्रभारी सचिव ने सबसे पहले फरसगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली और दवाओं के स्टॉक को ठीक से मेंटेन करने के निर्देश दिए। विशेष तौर पर, उन्होंने आपातकालीन दवाओं का स्टॉक हमेशा पूरा रखने पर जोर दिया ताकि किसी भी स्थिति से निपटने के लिए अस्पताल तैयार रहे।

### छात्राओं से किया सीधा संवाद

स्वास्थ्य केंद्र के बाद, भीम सिंह कन्या हाई स्कूल पहुंचे, जहाँ उन्होंने छात्राओं से सीधा संवाद किया। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता और छात्रावास में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने छात्राओं को उनके भविष्य के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए और उन्हें करियर में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### पालकों की मांग पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश

अंत में, प्रभारी सचिव ने पीएमश्री सेजेस फरसगांव में आयोजित शिक्षक-पालक बैठक में भाग लिया। यहाँ उन्होंने पालकों की समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुना। पालकों ने स्कूल की बाउंड्री वॉल, पहुंच मार्ग की मरम्मत और अतिरिक्त कक्ष की मांग की। सचिव ने इन मांगों को तुरंत पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने पालकों से अपने बच्चों की मासिक टेस्ट परीक्षा की कॉपी देखने और उनके प्रदर्शन पर ध्यान देने की अपील भी की। इस बैठक में कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना ने हिंदी माध्यम के पुराने और जर्जर भवन को गिराकर नया भवन बनाने की स्वीकृति दी। इस दौरे के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र और शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रवीर सिंह बदेशा सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

## प्रधान मंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत जागरूकता कार्यशाला संपन्न



*कोण्डागांव 07 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के जनपद पंचायत कोण्डागांव के छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के सभा कक्ष में 7 अगस्त को प्रधान मंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) के अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में संभावनाओं को बढ़ावा देना तथा इच्छुक हितग्राहियों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करना रहा। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को खाद्य पदार्थों के निर्माण एवं स्थानीय स्तर पर खाद्य उद्योग की स्थापना संबंधी प्रक्रियाओं, लाभ एवं आवश्यकताओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विशेष रूप से महिला स्व सहायता समूहों की सक्रिय भागीदारी रही। इस अवसर पर कोण्डागांव ब्लॉक के डीआरपी राजेन्द्र कुमार नेताम, स्थानीय व्यवसायी हितेश गांधी, उद्यमी सुश्री गायत्री नेताम उपस्थित रहे। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कोण्डागांव से सहायक प्रबंधक श्रीमती नम्रता एल्मा तथा जनपद पंचायत कोण्डागांव के डीपीएम हेमेन्द्र भारद्वाज की उपस्थिति में कार्यशाला का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यशाला के माध्यम से प्रतिभागियों को योजना के तहत ऋण सुविधा, प्रशिक्षण, ब्रांडिंग, पैकेजिंग और विपणन संबंधी सहयोग की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई, जिससे जिले में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को एक नई दिशा मिल सके।*

# मेगा पालक-शिक्षक बैठक का सफल आयोजन

## मेगा पालक-शिक्षक बैठक में विद्यार्थियों ने संभाली नेतृत्व की बागडोर और लिया शपथ






**नारायणपुर,** 7 अगस्त । राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना और छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप बालक उमावि में 6 अगस्त 2025 को मेगा पालक-शिक्षक बैठक का भव्य आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य विद्यालय और पालकों के बीच समन्वय स्थापित कर बच्चों के शैक्षणिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के पूजन से हुई। इसके पश्चात मुख्य अतिथि पद्मश्री हेमचंद मांझी, विशिष्ट अतिथि पद्मश्री पंडीराम मंडावी और अपर कलेक्टर नारायणपुर वीरेंद्र बहादुर पंचभाई का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुदीप झा ने की। इस अवसर पर पार्षद जय वट्टी, शिक्षाविद अजय प्रसाद रंघाटी तथा शाला प्रबंधन समिति के सदस्य राजकुमारी देवांगन और लक्ष्मी प्रसाद कोरी की उपस्थिति ने भी कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की। बैठक के दौरान विद्यालय में बाल कैबिनेट, अनुशासन समिति, स्वच्छता समिति, शाला नायक तथा कक्षा नायक जैसे पदों के लिए लोकतांत्रिक प्रक्रिया से निर्वाचित विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई। विद्यार्थियों ने अपने दायित्वों को ईमानदारी और समर्पण से निभाने का संकल्प लिया। पालक-शिक्षक संवाद के इस मंच पर शासन द्वारा निर्देशित कई महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। इसमें बच्चों की दिनचर्या, घर का वातावरण, शैक्षणिक प्रगति, परीक्षा की तैयारी, बस्ता रहित शनिवार, स्वास्थ्य व पोषण, प्रमाणपत्रों की अद्यतन स्थिति, प्रतियोगी परीक्षाएं, छात्रवृत्तियाँ, डिजिटल शिक्षा मंचों का उपयोग और पॉक्सो एक्ट 2012 जैसे बिंदु शामिल रहे। इन विषयों पर विद्यालय के प्राचार्य मनोज बागड़े ने पालकों से विस्तारपूर्वक चर्चा की, उन्हें अपने सुझाव साझा करने के लिए प्रेरित किया और उनकी बातों को गंभीरता से सुना। विशिष्ट अतिथि पद्मश्री पंडीराम मंडावी ने इस अवसर पर गोंडी भाषा में अत्यंत आत्मीयता से अपना उद्बोधन दिया। उन्होंने सभी से सरल और आत्मीय भाषा में संवाद स्थापित करते हुए प्रेरणादायी बातें साझा कीं, और शिक्षा को जीवन का अभिन्न अंग बताते हुए पारंपरिक ज्ञान एवं मूल्यों को महत्व देने पर बल दिया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर वीरेंद्र बहादुर पंचभाई ने विद्यार्थियों, पालकों और शिक्षकों से सीधा संवाद कर उनकी शंकाओं, सुझावों एवं अनुभवों को सुना तथा अपने अनुभव भी साझा किए। उन्होंने कहा कि बच्चों को प्रतिदिन गृहकार्य (होमवर्क) अवश्य करना चाहिए, जिससे वे पढ़ाई के प्रति जिम्मेदार बनेंगे और शिक्षक से भय नहीं महसूस करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि आय, जाति एवं निवास जैसे विभिन्न प्रमाणपत्रों की प्रक्रिया को सरलीकृत किया गया है, ताकि जिले के सभी विद्यार्थियों का शत-प्रतिशत प्रमाणपत्र समय पर बन सके। सुदीप झा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में विद्यालय के शैक्षणिक परिवेश की सराहना करते हुए विद्यार्थियों से नेतृत्व की भूमिका को गंभीरता से निभाने और पालकों से विद्यालय के साथ सतत् संवाद बनाए रखने का आग्रह किया। शिक्षाविद अजय प्रसाद रंघाटी ने गीत के माध्यम से अपनी बात रखी, जो सभी के लिए प्रेरणास्पद रहा। पार्षद जय वट्टी ने अपने उद्बोधन में पालकों से विद्यालय के साथ निरंतर सहयोग बनाए रखने की अपील की। इसके बाद पालकों ने भी अपने विचार साझा किए। पालक तुलसीराम साहू ने सभी पालकों से विद्यालय के साथ मिलकर बच्चों के भविष्य के निर्माण में योगदान देने का आग्रह किया। पालक ममता सोनी ने बताया कि उन्होंने अपने बच्चों में विद्यालय में पढ़ाई के बाद सकारात्मक परिवर्तन देखे हैं। पालक पद्मा देवांगन ने विद्यालय के शैक्षणिक स्तर की प्रशंसा करते हुए शिक्षकों के प्रयासों को सराहा। विद्यार्थियों ने भी आत्मविश्वास के साथ मंच साझा किया। छात्रा जान्हवी देवांगन ने कहा कि इस विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। छात्र लिलेश करंगा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पालकों को अपने बच्चों की तुलना अन्य बच्चों से नहीं करनी चाहिए, बल्कि उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि वे पढ़ाई में रुचि लें और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि पद्मश्री हेमचंद मांझी और विशिष्ट अतिथि पद्मश्री पंडीराम मंडावी को उनके सामाजिक योगदान और उत्कृष्ट कार्यों के लिए विद्यालय परिवार द्वारा शॉल भेंटकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का औपचारिक आभार प्रदर्शन प्रधान अध्यापक उमाशंकर यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन व्याख्याता संगीता देवांगन द्वारा प्रभावशाली एवं सुचारु रूप से किया गया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में सभी शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों का अहम योगदान रहा।

# नियमों का उल्लंघन, साढ़े 32 हजार जुर्माना

### कार्रवाई के दायरे में आए 58 वाहन

### एनएच पर यातायात पुलिस का अभियान

**दंतेवाड़ा**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों पर एक बार फिर पुलिस ने कार्रवाइ की है। नियमित चेकिंग के दौरान 58 वाहनों पर 32 हजार 500 का जुर्माना लगाया। एसपी गौरव राय एवं एडिशनल एसपी उदित पुष्कर, आरके बर्मन तथा डीएसपी यातायात नसर उल्लाह सिद्धीकी के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद साहू और उनकी टीम ने यह कार्रवाई की। इस दौरान आज कारली में टीम जुटी रही। बिना सीट बेल्ट के 5, बिना हेलमेट के 45, एलईडी लाईट 5, बिना लायसेंस 1, तीन सवारी 2 इस प्रकार 58 वाहन चालकों पर यह कार्रवाई हुई। इसके साथ ही वाहन चालको को यातायात नियमों के पालन की समझाईश भी दी गई। इस कार्रवाई में प्रधान आरक्षक संपत लाल, विरेन्द्र एक्का, आरक्षक ललित, कन्हैया, विरेन्द्र और इंद्रजीत का भी योगदान रहा।



# भाजपा संगठन में मरार समाज को जगह नहीं देना समाज के साथ मजाक

## भाजपा से जुड़े सामाजिकजनों को मुख्य संगठन में जगह दे भाजपा : रितेश पटेल



**कोण्डागांव** 07 अगस्त (देशबन्धु)। मरार पटेल समाज छत्तीसगढ़ युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष रितेश पटेल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करके कहा है कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा सभी जिलों मे जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया जा रहा है, जिसमें कहीं भी मरार समाज के लोगों को जगह नहीं दिया गया है। जिससे ऐसा प्रतित हो रहा है कि भाजपा नहीं चाहती कि मरार समाज राजनीतिक रूप से आगे बढ़े। अगर भाजपा मरार समाज को राजनीतिक रूप से मजबूत करना चाहती तो, संगठन के पदों में सामाजिकजनों को स्थान जरूर देती। वैसे भी अब तक शाकंभरी बोर्ड विस्तार नहीं होने से यह तो स्पष्ट हो ही चुका है कि समाज को शासन स्तर में आगे नहीं लाना चाह रही है सरकार। पर संगठन के पदों में भी अगर मरार समाज को तवज्जो नहीं दिया जा रहा है, तो यह कहीं न कहीं मरार समाज का अपमान है। समाज के साथ मजाक है। समाज को उपेक्षित किया जा रहा है। सामाजिकजन स्वयं को उपेक्षित महसूस कर रहें हैं। कटघोरा विधान सभा से विधायक सीट एवं कोंडागांव नगर पालिका अध्यक्ष सीट मरार समाज को समर्पित करना स्वागत योग्य कदम है, परन्तु प्रदेश के कई जिलों में भाजपा जिला कार्यकारिणी का विस्तार हुआ है, जिसमें मुख्य संगठन में मरार समाज को कहीं भी जगह नहीं मिला है। इससे भाजपा से जुड़े हमारे सामाजिक साथी कहीं न कहीं अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रहें हैं। किसी भी समाज का विकास तभी सम्भव है, जब राजनीतिक के क्षेत्र में दखल हो, परन्तु ऐसे ही राजनितिक दलों द्वारा सामाजिकजनों की सक्रियता को नजरअंदाज किया जाना कतई उचित नहीं है। मरार समाज प्रगतिशील समाज है, सभी राजनितिक पार्टियों में अच्छी खासी दखल रखते हैं, हम समाज स्तर से यही मांग करना चाहते हैं कि हमारे मरार समाज के सामाजिकजनों की क्षमता अनुसार संगठन के पदों में स्थान दें, ताकि राजनीति में समाज का दखल हो सके और प्रतिनिधित्व का अवसर मिल सके।

# शाउमा विद्यालय आलोर में पालक-बालक-शिक्षक सम्मेलन का आयोजन




**फरसगांव** 07 अगस्त (देशबन्धु)। दिनांक 7 जुलाई 2025 को राज्य शासन के आदेश और जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान के निर्देश पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आलोर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 का पहला पालक-बालक-शिक्षक सम्मेलन आयोजित किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में स्कूल प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष संतोष दीवान और सभी सदस्य, पूर्व एस.एम.सी. अध्यक्ष रामलाल कोर्राम, ग्राम पंचायत आलोर के उपसरपंच बसंत नेताम और पंचगण, अन्य जनप्रतिनिधि, आमंत्रित अभिभावक और स्कूल के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। विद्यालय के प्रमुख ललित राम सिन्हा ने सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए माता-पिता और शिक्षकों दोनों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों की दैनिक दिनचर्या पर ध्यान दें और घर में पढ़ाई के लिए उचित माहौल बनाएं, जिसमें बिजली और प्रकाश की व्यवस्था हो ताकि उनकी पढ़ाई में कोई बाधा न आए।

इस अवसर पर व्याख्याता जितेंद्र कुमार झा ने बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के महत्व पर जोर दिया, जिसे उन्होंने राष्ट्र की प्रगति के लिए आवश्यक बताया। सम्मेलन में एक विशेष पहल की घोषणा की गई। विद्यालय प्रमुख ने बताया कि जिन बच्चों के माता-पिता नहीं हैं और वे इस विद्यालय में पढ़ते हैं, उन्हें स्कूल द्वारा गोद लिया जाएगा और उनकी पढ़ाई की पूरी जिम्मेदारी स्कूल की होगी।

इस बैठक में बच्चों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई और सभी अभिभावकों से उनके बच्चों के विकास में सहयोग करने का आग्रह किया गया। सम्मेलन में अभिभावकों और छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं, डिजिटल पढ़ाई के उपकरण और पॉक्सो एक्ट जैसी महत्वपूर्ण जानकारियाँ भी दी गईं। इस आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के सभी कर्मचारियों ने विशेष योगदान दिया।

# 3 सितंबर को खुलेगा माता लिंगेश्वरी गुफा का द्वार



**फरसगांव** 07 अगस्त (देशबन्धु)। इस साल कोंडागांव जिले के फरसगांव ब्लॉक के ग्राम झाटीबन (आलोर) में स्थित माता लिंगेश्वरी गुफा का द्वार आगामी 03 सितंबर 2025, बुधवार को खुलेगा। यह खास गुफा सिर्फ साल में एक बार भादो एकादशी के दिन ही खुलती है।

यह फैसला मंदिर सेवा समिति की रविवार को हुई बैठक में लिया गया है। इस बारे में अधिक जानकारी मंदिर समिति द्वारा सोमवार दोपहर 1:30 बजे फरसगांव के रेस्ट हाउस में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दी गई।

**मंदिर दर्शन के नियम—**

समिति ने दर्शनार्थियों की भारी भीड़ को देखते हुए कुछ नियम बनाए हैं, जिनका पालन सभी भक्तों को करना होगा।

**वीआईपी दर्शन:** वीआईपी दर्शनार्थियों के साथ केवल पांच लोग ही दर्शन कर सकेंगे। इस साल भी, वीआईपी दर्शन को गुफा के बाहर से ही करवाया जाएगा।

**मन्नत पूरी होने पर:** जिन भक्तों की मन्नत पूरी हो गई है, उनके साथ सिर्फ तीन लोग ही दर्शन कर पाएंगे। ऐसे दर्शनार्थियों को समिति द्वारा बताए गए स्थान पर ही दर्शन करना होगा।

**नए दर्शनार्थी:** जो भक्त पहली बार मन्नत मांगने आ रहे हैं, वे लाइन से गुफा में प्रवेश करके दर्शन कर सकते हैं। दर्शन के लिए यह लाइन रात तक लगी रहेगी।

**देशभर में विख्यात है लिंगेश्वरी माता—**

झाटीबन की पहाड़ियों में स्थित माता लिंगेश्वरी गुफा अपनी प्राकृतिक सुंदरता और धार्मिक महत्व के लिए पूरे देश में प्रसिद्ध है। यहां शिवलिंग के रूप में विराजमान माता लिंगेश्वरी के दर्शन के लिए हर साल हजारों भक्त आते हैं। खासतौर पर, संतान प्राप्ति की मन्नत पूरी होने की मान्यता के चलते निसंतान दंपतियों की यहां भारी भीड़ उमड़ती है। छत्तीसगढ़ के साथ-साथ अन्य राज्यों से भी श्रद्धालु बड़ी बेसब्री से इस मेले का इंतजार करते हैं। समिति ने सभी भक्तों से शांति बनाए रखने और नियमों का पालन करते हुए माता के दर्शन करने की अपील की है।

# नन्हे हाथ तैयार कर रहे राखी, पेड़ों को बांधने के लिए



**कोण्डागांव** 07 अगस्त (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले के करंजी स्कूल में संचालित शासकीय प्राथमिक शाला डोंगरीपारा के नन्हे छात्र-छात्राएं शिक्षक टी.ऐंकट राव के मार्गदर्शन में एक विशाल राखी के साथ-साथ 101 अन्य आकर्षक राखियों को अपने हाथों से बनाने का बीड़ा उठाया है। ताकि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रक्षाबंधन के पवन पर्व पर पेड़ों को रक्षासूत्र बांधकर पर्यावरण की रक्षा का संदेश आमजनों को दे सकें। ये छात्र-छात्राएं प्रतिवर्ष विद्यालय के नजदीक के साल वन में जाकर साल के वृक्षों को रक्षा सूत्र बांधते हैं और पर्यावरण संरक्षण के प्रति ग्रामवासियों को जागरूक करते हैं। शिक्षक टी.ऐंकट राव के अनुसार प्राथमिक स्तर के ये विद्यार्थी प्रति वर्ष बड़े उत्साह के साथ इन राखियों का निर्माण करते हैं। इस दौरान ये छात्र छात्राएं भाई बहन के पवित्र रिश्ते के इस पर्व के महत्व को तो जानते ही हैं, साथ ही पेड़ों को रक्षासूत्र बांधकर पर्यावरण संरक्षण के महत्व के संदेश को भी लोगों तक पहुंचाते हैं।

CMYK

उल्टा पुल्टा

बनिया-जब भी मेरी बीवी मंदिर जाती है, मंदिर में फूल गिरते हैं।
दुकानदार- तो फिर?
बनिया- हम मंदिर से उनकी सप्लाई करते हैं!

## संपादकीय

### औद्योगिक सुरक्षा का प्रशिक्षण अहम

*सार्वजनिक तथा निजी सेक्टर दोनों में ही छत्तीसगढ़ ने काफी बड़ी छलांग लगाई है। एक चौथाई दशक पहले जब वह स्वतंत्र राज्य बना, तभी से निवेशकों के आकर्षण का केन्द्र बन गया था। देश के नक्शे में इसकी जगह या कहें कि लाभदायी भौगोलिक स्थिति, प्रचुर मात्रा में खनिज तथा वन सम्पदा, कुशल, अर्द्ध कुशल एवं अकुशल मानव संसाधन की उपलब्धता आदि अनेक ऐसे कारण हैं जिनके चलते जल्दी ही बड़ी तादाद में उद्योग यहां लगे। व्यवसाय भी बढ़ चला। अनेक बड़ी सरकारी कम्पनियों की इकाइयां यहां पहले से चल रही थीं। तत्पश्चात निजी क्षेत्र का विकास भी हुआ।*

*इस तरक्की ने प्रदेश को सम्पन्न तो बनाया ही और शासन की राजस्व आय में बढ़ोतरी भी की, परन्तु औद्योगिक सुरक्षा की तरफ पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया जो वांछनीय है। मानव जीवन से अधिक अनमोल कुछ भी नहीं होता। दुर्भाग्य से सार्वजनिक क्षेत्रों की इकाइयों में भी अक्सर बड़े व गम्भीर औद्योगिक हादसे होते रहते हैं जिनमें लोगों को जान गंवानी पड़ती है। औद्योगिक सुरक्षा पर निजी कम्पनियां अक्सर बड़ा खर्च करने से बचती हैं लेकिन शासकीय कम्पनियों में ऐसी कोई मजबूरी नहीं होती। उन्हें तो इस मामले में उदाहरण बनना चाहिये तथा सम्भव हो तो निजी कम्पनियों का मार्गदर्शन करना चाहिये। इसी कारण से अक्सर सरकारी कम्पनियों से भी औद्योगिक हादसों की खबरें आती रहती हैं।*

*राष्ट्रीय ताप बिजली परियोजना (एनटीपीसी) के सीपत संयंत्र में बुधवार को बड़ा हादसा हो गया। 5वीं इकाई में मेंटेनेंस कार्य जारी था तभी प्री-एयर हीटर का प्लेटफॉर्म टूट गया। इससे पांच मजदूर घायल हो गये। एक की उपचार के दौरान सिम्स में मृत्यु हो गयी जबकि चार का इलाज जारी है। एक की हालत गम्भीर बताई गई है। मजदूरों ने इस दुर्घटना पर नाराजगी जताते हुए सड़क जाम कर दी थी जबकि प्रबन्धन ने मुआवजे तथा इलाज का खर्च उठाने की बात कही।*

*निजी हो या सार्वजनिक- दोनों ही तरह की औद्योगिक इकाइयों में कार्य करने वाले श्रमिकों, कर्मचारियों तथा अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिये लेकिन दुर्भाग्य से इसकी ज़हमत कम ही इकाइयां उठाती हैं। इसका सबसे बड़ा कारण है इस पर होने वाला भारी-भरकम खर्च जिसे अक्सर टाला जाता है। हालांकि एनटीपीसी समेत प्रदेश में कार्यरत अनेक सरकारी तथा प्राइवेट सेक्टर में संचालित हो रही कम्पनियां इस मामले में संवेदनशील हैं तथा उनके पास पैसों की कोई कमी भी नहीं है।*

*इस दुर्घटना की जांच की जा रही है इसलिये उस पर पहले से कोई निष्कर्ष निकालना अथवा टिप्पणी करना उचित नहीं परन्तु पाया जाता है कि सुरक्षा सम्बन्धी आवश्यक उपकरण प्रदान करने तथा आदर्श कार्य प्रणाली (एसओपी) अपनाने के बाद भी होने वाले हादसों का कारण ज्यादातर मानवीय चूक होती है। ठेका मजदूरों, कर्मचारियों व अधिकारियों को सुरक्षा सम्बन्धी कड़ा प्रशिक्षण दिया जाना कम्पनियों का ही उत्तरदायित्व है।*

# महादेव घाट का 20 करोड़ की लागत से होगा सौंदर्यीकरण



**नगर निगम की एमएसी बैठक में लिए गए कई अहम फैसले**

**रायपुर**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। नगर निगम की महापौर परिषद (एमआईसी) की बैठक गुरुवार को हुई ।जिसमें कई अहम फैसले लिए गए ।शहर के प्रमुख धार्मिक स्थल महादेव घाट के सौंदर्यीकरण के लिए 20 करोड़ रुपये की योजना बनाई गई है।

नगर निगम की अधोसंरचना मद से च्गौरव पथज्ज निर्माण का प्रस्ताव भी बैठक में रखा गया, जिस पर सकारात्मक चर्चा हुई। इसके साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए 18 प्रमुख चौक-चौराहों की पहचान की गई है, जहां सुधार कार्य किए जाएंगे ।तेलीबांधा क्षेत्र में 4 करोड़ रुपये की लागत से एक टेक्निकल टावर बनाने की योजना है। शहीद स्मारक भवन के रखरखाव के लिए भी विस्तृत योजना बनाई जा रही है। इसके अलावा, 5 करोड़ रुपये की लागत से एक महिला शांति गृह की स्थापना की जाएगी ।शहर की वायु गुणवत्ता सुधारने के लिए केंद्र सरकार से फंड प्राप्त हुआ है। इस विषय पर भी बैठक में चर्चा हुई और आगामी कार्ययोजना बनाई गई। तीन स्थानों पर वर्किंग वुमन हॉस्टल बनाए जाने की योजना भी तय की गई है। जिससे नौकरीपेशा महिलाओं को सुरक्षित और सुविधाजनक आवास मिल सकेगा।

बैठक के बाद महापौर मीनल चौबे ने पत्रकारों को बताया कि कुल 42 विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। महापौर के अनुसार, पेंशन योजनाओं के तहत 428 हितग्राहियों से जुड़े मामलों पर विचार किया गया।

तेलीबांधा में बनाए जाने वाले टेक्नीकल टॉवर में नीचे दो फ्लोर पर अंडरग्राउंड पार्किंग के साथ ऊपर 9 फ्लोर बनेंगे। इस तरह यह 11 फ्लोर वाला कामर्शियल कॉम्पलेक्स होगा। पहले व दूसरे फ्लोर में ऑडिटोरियम व बेंकेट्स होगा। तीसरे फ्लोर में रूफटॉप रेस्टॉरेंट होगा। चौथे व पांचवे फ्लोर में कॉर्पोरेट दफ्तर, छठवें फ्लोर में क्लब हाउस सातवें एवं आठवें फ्लोर में हॉटल तथा 9 वें फ्लोर में छत (टैरेस) होगी।

**शहीद स्मारक भवन की बदलेगी सूरत**

शहीद स्मारक भवन शहर की एक महत्वपूर्ण धरोहर है। इस भवन का संपूर्ण उपयोग नहीं हो पाने से संचालन में अधिक राशि व्यय हो रही है और आय कम है। शहीद स्मारक भवन का वांछनीय उपयोग सुनिश्चित करने तथा इससे निर्धारित आय निर्मित करने हेतु इसे आर एफ पी आमंत्रित कर हेतु दिया जाना प्रस्तावित है। इस हेतु चयनित एजेंसी द्वारा शहीद स्मारक भवन की छत, पार्किंग परिसर तथा खुले स्थानों पर अस्थायी संरचना निर्मित कर रेस्टोरेंट के रूप में उपयोग, पार्किंग क्षेत्र में पार्किंग शुल्क लेने का प्रावधान तथा खुले स्थानों पर अन्य कार्यक्रम कराने हेतु वेंडर को दिया जाना प्रस्तावित है। यह 10 वर्षों के लिए आमंत्रित की जा रही है। इसमें कोई भी फर्म जिसे इस प्रकार के कार्य करने का पूर्व अनुभव हो भाग ले सकती है।

**महिला शांति गृह का होगा निर्माण**

नरैया तालाब के समीप स्थित रिक्त भूमि में महिला शांति गृह का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। इस परियोजना के अंतर्गत एक ऐसी संरचना का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है जिसका उद्देश्य महिलाओं को अस्थायी आश्रय देना, परामर्श सेवाएं प्रदान कराना होगा। यह गृह उन महिलाओं के लिए उपयोगी होगा जो घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना या किसी भी प्रकार की समस्या में हैं और जिन्हे तत्काल सहायता की आवश्यकता है। इस परियोजना के लिए नरैया तालाब के समीप स्थित भूमि का चयन विभाग द्वारा किया गया है। इस योजना हेतु राशि रू. 4 करोड़ 99 लाख 25 हजार रुपये का प्राक्कलन तैयार किया गया है।

**महादेव घाट का होगा कायाकल्प**

महादेव घाट खारून नदी के किनारे स्थित एक ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल है। यह घाट भगवान शिव को समर्पित प्रसिद्ध हट्टकेश्वर महादेव मंदिर के कारण पूज्यनीय है। वर्ष भर यहां श्रद्धालुओं का आना-जाना लगे रहता है। यह घाट केवल पूजा-पाठ एवं धार्मिक आस्था का केन्द्र ही नहीं, बल्कि एक प्राकृतिक और सांस्कृतिक आकर्षण का केन्द्र भी है। नगर निगम व्दारा महादेवघाट के पुनर्विकास हेतु 20 करोड़ की राशि प्रस्तावित की गई है। प्रस्तावित कार्यों में मुख्य रूप से भव्य प्रवेश व्दार, आकर्षक लैण्ड स्कैपिंग, ग्रास पेवर, यज्ञशाला, शैडयुक्त गलियारा (कॉरिडोर), पाथ वे इत्यादि का विकास कार्य किया जायेगा। इसके अलावा व्यवस्थित रूप से वैण्डर शॉप की स्थापना की जायेगी, ताकि घाट क्षेत्र में अनियंत्रित व्यवसाय पर रोक लगायी जा सके। श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के लिये सौर ऊर्जा से संचालित लाईट पोल, एल.ई.डी. बोलार्ड्स एवं डेकोरेटिव लाईट्स लगाये जायेंगे, जिससे घाट क्षेत्र दिन और रात दोनों समय सुरक्षित और सुन्दर बना रहे। इस पुनर्विकास योजना का उद्देश्य महादेवघाट को रायपुर का एक आदर्श धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करना है।

**पचपेड़ीनाका से सीएसईबी चौक तक गौरव पथ**

सी.एस.ई.बी. बूढ़ापारा चौक से पचपेड़ी नाका तक सड़क चौड़ीकरण कर गौरव पथ निर्माण प्रस्तावित है। इस सड़क की लंबाई 2.3 किलीमोटर होगी। प्रस्तावित सड़क मिक्स यूज ट्रैफिक के अंतर्गत विभाजित है। इसमें लो राइज मकान, हाई राइज व्यवसायिक परिसर, शैक्षिणिक संस्थान, हॉस्पिटल, प्रशासनिक कार्यालय, कब्रिस्तान एवं धर्मिक संरचनाएं स्थित हैं। अनाधिकृत वेडिंग क्षेत्र, अव्यवस्थित ट्रैफिक सिस्टम, शौचालय की कमी एवं पार्किंग जैसी समस्याएँ इस सड़क की मुख्य चुनौतियाँ हैं। इसे ध्यान में रखते हुए मुख्य मार्ग का चौड़ीकरण एवं फुटपाथ का निर्माण किया जाएगा। ट्रैफिक व्यवस्था के लिए बोलार्ड एवं रैंप का निर्माण होगा। पब्लिक टॉयलेट का निर्माण होगा।

**दिव्यांग पार्क बनेगा**

छत्तीसगढ़ राज्य में 27 अलग-अलग कैटेगिरी में लगभग 7 लाख से अधिक दिव्यांगजन हैं जिन्हे विशेष सुविधा, चिकित्सीय सहायता एवं एक केन्द्रीयकृत स्थल की आवश्यकता है। इस हेतु केन्द्र शासन के समाज कल्याण विभाग द्वारा दलदलसिवनी में दिव्यांग पार्क निर्माण हेतु 9 करोड़ 95 लाख 76 हजार 285 रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस दिव्यांग पार्क में दिव्यांगजनों को विशेष चिकित्सीय सहायता एवं अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। पार्क में दिव्यांगजनों के ठहरने के लिये डारमेट्री समेत अन्य रूम एवं शौचालय का निर्माण किया जाएगा।

**नवीन मार्केट की बदलेगी तस्वीर**

रायपुर शहर के मुख्य व्यावसायिक क्षेत्र जयस्तंभ चौक एवं शारदा चौक के समीप स्थित नवीन मार्केट एक महत्वपूर्ण व्यावसायिक परिसर है। नवीन मार्केट भवन का निर्माण कार्य सन् 1973 में किया गया था। समय के साथ इस परिसर को एक बहुउद्देशीय एवं आधुनिक वाणिज्यिक परिसर के रूप में विकसित किये जाने की आवश्यकता है। परिसर का कुल क्षेत्रफल 4.62 एकड़ है।

नवीन मार्केट भवन के पीछे की रिक्त भूमि तथा पुराने स्कूल को शामिल करते हुए नई परियोजना तैयार की जाएगी। नवीन मार्केट के विकास से आसपास में स्थित महत्वपूर्ण स्थल जैसे तात्यापारा, कंकालीपारा, आजाद चौक, सदर बाजार, मालवीय रोड जैसे 4.52 वर्ग कि.मी. का क्षेत्रफल नये बहुउद्देशीय व्यापारिक परिसर से उन्नत होगा।

## कोलकाता पुलिस ने रायपुर में कारोबारी के ऑफिस में मारा छापा

- धोखाधड़ी करके कंपनी हड़पने का आरोप,
- आरोपी फरार

**रायपुर**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। पश्चिम बंगाल की कोलकाता पुलिस ने रायपुर में छापा मारा है। पुलिस ने कोलकाता में दर्ज धोखाधड़ी के एक मामले में आरोपियों की तलाश कर रही है। हालांकि तलाशी के दौरान कई डॉक्यूमेंट की जांच पुलिस ने की है। बताया जा रहा है कि आरोपियों पर एक कंपनी हड़पने का आरोप है। रजबंधा मैदान फरिश्ता काम्पलेक्स में उक्त कारोबारी का आफिस है। हालांकि पुलिस की दबिश से पहले ही आरोपी फरार हो गया है।

## बीरगांव में डेढ़ साल की बच्ची लावारिश हालात में मिली

### चिट्ठी में लिखा-मैं मरने जा रहा हूं बच्ची को अपना लेना

- पुलिस ने बच्ची को बाल आश्रम को सौंपा

**रायपुर**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। रायपुर के बीरगांव इलाके के व्यास तालाब के पास एक लवारिश हालत में बच्ची मिली है। जिसे आसपास के मोहल्ले वालों और समाज सेवकों ने देखा फिर पुलिस को सूचना दी। बच्चों के पास एक चिट्ठी भी बरामद हुई है। जिसमें लिखा है कि मैं मरने जा रहा हूं बच्ची को अपना लेना। इस मामले में खमतराई पुलिस ने बच्ची को बाल कल्याण समिति के माध्यम से बाल आश्रम को सौंपा है।

बताया जा रहा है कि बच्ची बीरगांव नगर निगम के एमआईसी सदस्य इकराम अहमद को मिली थी। इसके बाद मोहल्ले वालों से उन्होंने पूछताछ की। बच्ची के साथ एक चिट्ठी भी बरामद हुई जिसमें लिखा था मेरे पास रहने की कोई जगह नही इसलिए बच्ची को छोड़ रहा हूँ इसे कोई अपना लेना। मैं जीना नहीं चाहता मरने जा रहा हूँ।



**बच्ची के साथ एक चिट्ठी भी बरामद हुई थी**

स्थानीय लोगों ने बच्ची को खमतराई पुलिस को सौंप दिया। जिसके बाद पुलिस ने कोटा स्थित बाल आश्रम के संरक्षण में बच्ची को रखवाया है। खमतराई थाना के प्रभारी फागुलाल भोई ने बताया कि कई लोग बच्ची को गोद लेने के लिए थाने पहुंचे थे। लेकिन नियमों के मुताबिक बच्ची को बाल आश्रम भेजा गया है। बाल कल्याण से जुड़ी संबंधित संस्था भेजा गया है। बाल कल्याण से जुड़ी संबंधित संस्था ही नियमों के तहत और कोर्ट के आदेश के बाद बच्ची किसी को सौंप सकती है।

# बिजली बिल वृद्धि एवं हाफ बिल समाप्ति के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**मुख्यमंत्री साय का पुतला फूंका**



**रायपुर**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। शहर एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में बिजली बिलों में बेतहाशा वृद्धि एवं पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा दी जा रही 400 यूनिट तक हाफ बिजली बिल योजना को बंद किए जाने के विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। यह प्रदर्शन बुढ़ापारा स्थित बिजली ऑफिस के सामने किया गया। प्रदर्शन में पहुंचे कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियो ने आम जनता की बढ़ती परेशानियों को लेकर तीव्र आक्रोश व्यक्त किया।

कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तिया लिए भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। काँग्रेस नेताओ ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा जनहितकारी योजनाओं को बंद करना और बिजली दरों में अत्यधिक बढ़ोतरी कर आम नागरिकों पर आर्थिक बोझ डालना असंवेदनशीलता का परिचायक है।

शहर अध्यक्ष गिरिश दुबे ने कहा की भाजपा सरकार ने जनविरोधी नीति अपनाते हुए कांग्रेस शासन की सबसे बड़ी लोक-हितैषी योजना 400 यूनिट तक हाफ बिजली बिल को बंद कर दिया है। इसके परिणामस्वरूप आम जनता पर बिजली बिल का बोझ दुगुना होगा। आज गरीब, मजदूर, मध्यम वर्ग सभी इस अन्यायपूर्ण निर्णय से त्रस्त हैं। बिजली जैसी मूलभूत आवश्यकता पर सरकार मुनाफाखोरी कर रही है। जब तक यह योजना फिर से लागू नहीं होती और बिजली दरों में राहत नहीं मिलती, कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा। धरना प्रदर्शन के पश्चात कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर चेतावनी दी गई। यदि सरकार ने शीघ्र ही बिजली बिल की दरों में कटौती कर 400 यूनिट तक हाफ बिल योजना पुनः लागू नहीं की, तो पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन छेड़ा जाएगा।

इस धरना प्रदर्शन मे प्रमोद दुबे उधोराम वर्मा कुलदीप जुनेजा पंकज शर्मा कन्हैया अग्रवाल ऐजाज ढेबर प्रमोद चौबे मदन तालेडा सुर्यमणि मिश्रा सुरेश ठाकुर ज्ञानेश शर्मा सुरेश उपाध्याय श्रीकुमार मेनन सुंदर जोगी राधेश्याम विभार सारिक रईस खान दिलीप चौहान दिनेश ठाकुर सुरेश उपाध्याय शिव सिह ठाकुर अमन गिल धनंजय ठाकुर देवकुमार साहू अरुण जंघेल अविनय दुबे प्रवीण चंद्राकर राहुल तिवारी बंशी कन्नोजे सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जेल में शोएब ढेबर का मुलाकात कक्ष में आना प्रतिबंधित

**रायपुर**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। शोएब ढेबर पिता अनवर ढेबर को सेंट्रल जेल रायपुर के मुलाकात कक्ष से आगामी तीन माह के लिए प्रतिबंधित किया गया है। शोएब ढेबर जेल अधिकारियों की अनुमति के बिना जबरदस्ती मुलाकात कक्ष में प्रवेश कर शासकीय कार्य में बाधा डाला था, जिसके चलते यह प्रतिबंध लगाया गया है।

जेल अधीक्षक रायपुर की ओर से जारी आदेश अनुसार शोएब ढेबर ने अधिवक्ता मुलाकात के समय संबंधित अधिकारियों द्वारा मना किए जाने के बावजूद जबरन




**काम में बाधा डालने पर जेल अधीक्षक ने जारी किया आदेश**

प्रवेश किया, जिससे जेल के सुरक्षा और संचालन व्यवस्था में बाधा उत्पन्न हुआ। इस घटना की जांच उप जेल अधीक्षक एमएन प्रधान ने की, जिनकी रिपोर्ट में पुष्टि की गई कि शोएब ढेबर ने शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न किया है।

जेल नियमावली के नियम 690 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय जेल रायपुर के जेल अधीक्षक ने आदेश जारी करते हुए शोएब ढेबर को तीन माह तक किसी भी बंदी से किसी भी प्रकार की मुलाकात से प्रतिबंधित कर दिया है। जेल अधीक्षक ने कहा कि जेल परिसर की सुरक्षा एवं अनुशासन बनाए रखने के लिए ऐसे कृत्यों को गंभीरता से लिया जाएगा और भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति रोकने कड़े कदम उठाए जाएंगे।

## काम के बदले कमीशन मामले में भूपेंद्र सवन्नी को क्लीनचिट

**रायपुर**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) के चेयरमैन भूपेंद्र सवन्नी को भ्रष्टाचार के आरोपों में क्लीनचिट मिल गई है। कुछ वेंडरों द्वारा उन पर 3 फीसदी कमीशन मांगने और धमकी देने के आरोप लगाए गए थे। जिसके बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मामले की जांच के निर्देश दिए थे। जांच की जिम्मेदारी ऊर्जा सचिव डॉ. रोहित यादव को सौंपी गई थी।

ऊर्जा सचिव ने अपनी रिपोर्ट मुख्यमंत्री सचिवालय को सौंप दी है, जिसमें उन्होंने स्पष्ट किया कि आरोपों की पुष्टि के लिए कोई प्रामाणिक साक्ष्य नहीं मिले। शिकायतें बिना आधार की पाई गईं और इस आधार पर भूपेंद्र सवन्नी को आरोपमुक्त कर दिया गया है ।अब जब जांच रिपोर्ट में उन्हें क्लीनचिट मिल चुकी है,



- ऊर्जा विभाग के सचिव ने सौंपी जांच रिपोर्ट

तो उनके खिलाफ किसी तरह की कार्रवाई की संभावना समाप्त हो गई है।

वहीं, कांग्रेस ने इस मुद्दे पर सवन्नी के खिलाफ सख्त कदम उठाने की मांग की थी, जिससे मामला कुछ दिनों तक राजनीतिक गरमाहट का कारण बना रहा।

गौरतलब है कि क्रेडा से जुड़े कुछ ठेकेदारों ने सवन्नी पर आरोप लगाया था कि वे अपने निजी सहायक वैभव दुबे के जरिए 3 प्रतिशत कमीशन की मांग कर रहे हैं। उन्होंने यह भी दावा किया था कि भुगतान न करने पर उन्हें कार्य रद्द करने, जांच कराने और ब्लैकलिस्ट करने की धमकी दी जा रही है। उन्होंने इस पूरे मामले की शिकायत सीधे मुख्यमंत्री से की थी ।मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री सचिवालय ने जांच के आदेश दिए थे।

## समग्र शिक्षा विभाग में हुए महाघोटाले की जाँच रिपोर्ट सार्वजनिक करने एनएसयूआई की माँग

**रायपुर**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। समग्र शिक्षा विभाग में 1400 से अधिक पदों पर हुई भर्ती में धांधली के आरोप लगाए गए हैं। एनएसयूआई ने विभागीय कार्यालय का घेराव कर जांच सीबीआई से कराने की मांग की। जिसपर जाँच कमिटी बना दिया गया था ।यह भर्ती जेम पोर्टल के माध्यम से 7 निजी कंपनियों को ठेका देकर मात्र 7 दिन में पूरी कराई गई थी।

एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे के नेतृत्व में विभागीय कार्यालय का दौरा कर रिपोर्ट जल्द जारी करने की माँग की गई।



एनएसयूआई ने समग्र शिक्षा विभाग में अब तक के सबसे बड़े शिक्षा घोटाले का खुलासा किया है। यह घोटाला एक सुनियोजित षड्यंत्र का हिस्सा है, जिसमें 40,000 से अधिक युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया गया। अज्ञात कॉलेजों में एक ही दिन में परीक्षा कराई गई, न मेरिट सूची बनी, न अंक विवरण दिया गया, और सिर्फ 10 रु के स्टाम्प पेपर पर जबरन एग्रीमेंट करवा लिया गया। चयन प्रक्रिया पूरी तरह अपारदर्शी रही, जिसमें केवल इंटरव्यू के आधार पर एजेंटों के ज़रिए 3-4 लाख लेकर नियुक्तियाँ हुईं। दस्तावेज़ों और मार्कशीटों की जांच में भारी फर्जीवाड़ा सामने आया है।

कोविड काल में सेवा देने वाले नर्सिंग, आईटी और हेल्थ ट्रेड के कर्मियों को न सरकार की 10 फीसदी छूट मिली, न वरीयता। विभाग के पास सभी साक्ष्य होने के बावजूद कार्रवाई ➤➤ शेष पृष्ठ 4 पर ➤

## अवैध खनन के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्यवाही, 7 जेसीबी और 11 हाईवा जब्त

**रायपुर**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। नया रायपुर क्षेत्र में लगातार अवैध मुरुम खनन की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर चल रेह रेह अवैध मुरुम खनन करने वालों पर बड़ी कार्यवाही की गई है। 6-7 अगस्त की रात को सत्य साइ अस्पताल के पीछे स्थित जमीन में अवैध खनन की सूचना मुखबीर के माध्यम से प्राप्त हुई थी।





इसके बाद नवा रायपुर के अतिरिक् पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के नेतृत्व में और एनआरडीए के डिप्टी कलेक्टर अरविंद शर्मा के साथ एक विशेष टीम गठित की गई। विशेष टीम के वहां पर पहुंचने से अवैध खनन में लिप्त ड्राइवर और चालक सब गाड़ी छोड़कर भागने लगे जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। मौके पर से कुल 7 जेसीबी और 11 हाईवा तथा एक ट्रैक्टर की जप्ती की गई है।

मामले में ज्ञात हुआ कि अवैध खनन माफियाओं द्वारा लगातार क्षेत्र की सरकारी जमीन को खोदकर करोड़ों रुपयों का नुकसान पहुंचाया जा रहा था इसलिए विशेष अभियान चलाकर उपरोक्त संपूर्ण कार्यवाही की गई है।

# अब अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण का बजट 75 करोड़ हर साल 5 युवाओं को मिलेगा पायलट प्रशिक्षण

रायपुर, 7 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जांजगीर-चांपा में अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण की बैठक में बजट को 75 करोड़ तक बढ़ाने की मंजूरी दी। उन्होंने प्राधिकरण के सभी कार्यों को समय पर और गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में जांजगीर-चांपा में हुई अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मुख्यमंत्री साय ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राधिकरण मद से स्वीकृत कार्यों को गंभीरता से लिया जाए और समयसीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए।




### हर साल समय पर होगी प्राधिकरण की बैठक

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि अब प्राधिकरण की बैठक हर साल समय पर आयोजित होगी और योजनाओं की गहन समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ बजट का सवाल नहीं है, बल्कि यह सामाजिक बदलाव और समानता का माध्यम है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सरकार बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा दिए गए संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करते हुए गुरु घासीदास जी के 'मनखे-मनखे एक समान' के संदेश को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता यह है कि योजनाओं का लाभ हर अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। गिरौधपुरी धाम और शिक्षा पर विशेष ध्यान मुख्यमंत्री साय ने गिरौधपुरी धाम के विकास के लिए 2 करोड़ रुपये और एस सीवर्ग के विद्यार्थियों के लिए कोचिंग सुविधा हेतु 50 लाख की घोषणा की। मुख्यमंत्री साय ने प्राधिकरण मद से वर्षों से लंबित कार्यों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि चाहे बजट कम हो, इन कार्यों का सामाजिक महत्व बहुत बड़ा है। उनका समय पर पूरा न होना गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कलेक्टर्स को कार्यों में देरी के लिए, चेतावनी भी दी और जल्द ही समीक्षा के आदेश दिए।

# जीवन में अनुकूलता चाहिए तो प्रतिकूलता में आंनद में रहो : मनीष सागर

रायपुर, 7 अगस्त (देशबन्धु) टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में गुरुवार को चातुर्मासिक प्रवचनमाला में परम पूज्य उपाध्याय प्रवर युवा मनीषी श्री मनीष सागरजी महाराज ने कहा कि अपना आनंद लूटना मत छोड़ो। प्रतिकूलता में आनंद में रहो अपने आप अनुकूलता आएगी। पाप कर्म का उदय आए तो सकारात्मक पुरुषार्थ मत छोड़ो। पाप कर्म थोड़े समय का मेहमान है। हमेशा शांत रहो और धैर्य रखो। मन की शक्ति सबसे बड़ी शक्ति है। वर्तमान शांति को कभी नहीं खोना है। विपरीत से विपरीत परिस्थितियों में विवेक रखना चाहिए। अशांत मन में धर्म न छूटे। पाप कर्म का उदय तब तक आपकी शांति को छीन नहीं सकता जब तक आप शांत हो। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि बिना विवेक के जीवन होगा तो पतन के गर्त में गिरोगे। जब जब आप संयम की राह में बढ़ेंगे तो हो सकता है गति धीमी रहे। कठिनाई महसूस हो। मन, तन व व्यवस्थाएं थोड़ी दिक्कत देगी। आपका आदर्श,नियम कायदे, आपको संबल देंगे। आत्मविश्वास होता तो कुछ मुश्किल नहीं होगा। हमेशा संयम से प्रेम करो। जीवन में आनंद ही आएगा। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि संयम का अर्थ है खुद पर कंट्रोल। यम अर्थात विश्राम। स्वयं पर विश्राम रखता है वह आनंद में रहता है। हमेशा शांत और सुखी रहता है। एक पक्ष बहुत बोले जा रहा है और दूसरा पक्ष शांत रहे तो बात बिगड़ेगी नहीं। क्रोध करने वाले की शक्ति अधिक खपती है। शांत रहने वालों को सिर्फ धैर्य चाहिए। अधिक क्रोधी के सामने यदि कुछ कह दो तो वह उत्साह में आकर चिल्लाने लगता है। जबकि शांत व्यक्ति सामने वाले के क्रोध को भी शांत करने का गुण रखता है। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि संयम का अर्थ केवल दीक्षा लेना नहीं है। संयम का अर्थ है अपनी सीमा में रहना। व्यक्ति को हमेशा पता होना चाहिए कि मेरा पड़ाव क्या है। साथ ही पता रहना चाहिए कि मेरा कर्तव्य क्या है। जो व्यक्ति अपने सीमा में रहेगा। अपने कर्तव्यपथ पर धैर्य पूर्वक अडिग रहेगा, वह सदा सुखी रहेगा। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि समझदार व्यक्ति वही होता है जो अपने अतीत से सबक ले और वर्तमान को अच्छा बनाए। इससे भविष्य सुधर जाएगा। ना समझ व्यक्ति अपने अतीत का दोषारोपण किसी और पर करता है। भविष्य की कल्पना इतनी सुनहरी बनाता है कि वर्तमान में कुछ करने की आवश्यकता नहीं।



## विधायक सोनी ने छात्राओं को सायकिल वितरित किया

रायपुर, 7 अगस्त (देशबन्धु)। रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने कटोरा तालाब के संत कंवरराम शासकीय कन्या उच्च. माध्य. शाला में आज सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत 9वीं कक्षा



की छात्राओं को सायकल वितरित किया। उन्होंने कहा कि सायकल मिलने से अब स्कूल आने-जाने में सहूलियत होगी। आप सब खूब पढ़ें, अपने सपने साकार करें और अपने परिवार, प्रदेश व देश के विकास में भागीदार बनें। सुनील सोनी ने मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन के अंतर्गत सरस्वती योजना अंतर्गत मिली साइकिल का पूर्ण सदुपयोग जीवन में अच्छा समय प्रबंधन कर अच्छे परिणाम लाने करने संकल्प लेने अपील की।

# कुम्हारी टोल प्लाजा पर नितिन गडकरी का बयान हास्यास्पद

- **टोल बंद करने आंदोलन किया जाएगा - विकास**

रायपुर, 7 अगस्त (देशबन्धु)। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा कि कुम्हारी टोल प्लाजा को लेकर देश के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडगरी के द्वारा सांसद बृजमोहन अग्रवाल को यह पत्र प्रेषित करना कि कुम्हारी टोल प्लाजा को जो अवैध रूप से संचालित हो रही है को जून 2026 में लंबा बाईपास (दुर्ग-रायपुर-आरंग) बनने तक भी कुछ नहीं किया जायेगा। उसके पश्चात् सिफ विचार करने जो लिखित प्रतिक्रिया दी है वह राजधानी सहित छत्तीसगढ़वासियों के लिए बेहद न्यायविरोधी बयान है, जिसे छत्तीसगढ़ का जन-जन स्वीकार नहीं करेगा।

उपाध्याय ने बताया कि नितिन गडगरी ने सांसद बृजमोहन अग्रवाल को पत्र में लिखा है कि छत्तीसगढ़ में एनएच-53 पर किलोमीटर 281 पर स्थापित कुम्हारी टोल प्लाजा को बंद करने के संबंध में अपने 28 जुलाई, 2025 के पत्र का संदर्भ लें, जिसमें मैंने मामले की जाँच करवा ली है। मुझे बताया गया है कि कुम्हारी टोल प्लाजा पर कोई खास ट्रैफिक जाम नहीं है। हालाँकि, मेरे मंत्रालय ने कुम्हारी टोल पर मल्टी-लेन फ्री फ्लो (बैरियर फ्री टोल प्लाजा) लागू करने का फैसला किया है जिससे ट्रैफिक जाम कम होगा, यात्रा का समय कम होगा, ईंधन की खपत कम होगी और वाहनों से होने वाला उत्सर्जन कम होगा। इसके अलावा, 92 किलोमीटर लंबा दुर्ग-रायपुर-आरंग बाईपास निर्माणाधीन है और जून 2026 तक पूरा होने की उम्मीद है। इस बाईपास के चालू होने के बाद, कुम्हारी टोल प्लाजा को बंद करने पर विचार किया जाएगा।

विकास उपाध्याय ने सांसद बृजमोहन अग्रवाल से कहा है कि झूठी वाह वाही लेना बंद करें। यह टोल प्लाजा जो कि अवैध वसूली का केन्द्र बना हुआ है जिसको बंद करने के लिए भी परिवहन मंत्री का विचार किया जाने वाला बयान अत्यंत हास्यास्पद है जो जनता के बिल्कुल हित में नहीं है। कुम्हारी टोल प्लाजा में नियम और शर्तों के अनुसार अधिकृत दिनांक 2 मार्च 2015 को टोल वसूली समाप्त किया जाना था। लेकिन विभाग द्वारा 40 प्रतिशत बढ़ाकर इसे 16 अगस्त 2020 तक वसूली की गई। किन्तु इसके बावजूद उक्त टोल प्लाजा में अभी तक अनाधिकृत रूप से टोल शुल्क की वसूली की जा रही है, जो नियमों और सरकारी दिशा-निर्देशों का घोर उल्लंघन है। लंबे समय से रायपुर और दुर्ग के बीच संचालित कुम्हारी टोल नाके की अनियमितताएं एवं अवैध वसूली के खिलाफ कांग्रेस ने मोर्चा खोला हुआ है इस संबंध में चरणबद्ध आंदोलन कर अवैध वसूली को रोकने की मांग समय-समय पर की गई है, लेकिन अब तक इस मामले में ना ही राज्य सरकार ने कोई सार्थक कदम उठाया है ना ही केंद्र सरकार इस अवैध वसूली को लेकर गंभीर है। अब कुम्हारी टोल प्लाजा को जल्द बंद करने एक बड़ा जन आंदोलन कांग्रेस पार्टी तैयार करेगी।

# विधायक गुरु खुशवंत साहेब को राष्ट्रीय स्तर पर मिला सम्मान


रायपुर/आरंग, 7 अगस्त (देशबन्धु)। रामायण रिसर्च काउंसिल के तत्वावधान में नई दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह में छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री दर्जा, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब जी को भारतीय संस्कृति, संस्कृत भाषा एवं रामायण परंपरा के प्रचार-प्रसार हेतु किए गए उनके समर्पित प्रयासों के लिए च्संस्कृत भूषण सम्मान से सम्मानित किया गया। गुरु खुशवंत साहेब जी ने इस सम्मान को अपने व्यक्तिगत गौरव के बजाय, उन सभी व्यक्तियों और संस्थाओं को समर्पित किया जो हमारी गौरवशाली परंपराओं, विशेषकर संस्कृत भाषा और रामायण परंपरा के संवर्धन में



निरंतर कार्यरत हैं। आरंग विधानसभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित होने के बाद गुरु खुशवंत साहेब जी ने विधानसभा सदस्य के रूप में शपथ संस्कृत भाषा में ली थी। यह संस्कृत भाषा के प्रति उनके समर्पण एवं सम्मान का प्रमाण है। उन्होंने ने कहा कि संस्कृत भाषा हमारी सभ्यता की आत्मा है और इसके संरक्षण व प्रचार-प्रसार हेतु वे आजीवन समर्पित रहेंगे। यह सम्मान केवल एक पदक नहीं, बल्कि एक उत्तरदायित्व है जो हमारी सांस्कृतिक विरासत को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने की प्रेरणा देता है। गुरु खुशवंत साहेब जी स्वयं सतनामी समाज के गुरु हैं और वर्तमान में वे मेकेनिकल इंजीनियरिंग विषय में पीएचडी कर रहे हैं। वे सामाजिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए, विशेष रूप से संस्कृत एवं भारतीय परंपराओं की गरिमा एवं परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी के संदेश मानव मानव एक समान का संदेश को आत्मसात कर जन-जन तक पहुंचाने हेतु निरंतर कार्य कर रहे हैं।


छत्तीसगढ़ में खुशी की लहर गुरु साहेब जी को मिले इस सम्मान पर आरंग विधानसभा क्षेत्र सहित छत्तीसगढ़ में खुशी की लहर है। प्रदेशभर के सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों, शिक्षाविदों और संस्कृत प्रेमियों ने इस सम्मान को छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक प्रतिष्ठा के रूप में देखा है। उक्ताशय की जानकारी गुरु खुशवंत साहेब के देवेन्द्र निराला ने दी है।

# चेकिंग के दौरान मिले 13 लाख कार्रवाई नहीं करने पर टीआई लाइन अटैच, तीन सिपाही सस्पेंड




रायपुर, 7 अगस्त (देशबन्धु)। रायपुर के माना इलाके में चेकिंग के दौरान एक वाहन चालक से 13 लाख बरामद हुए थे। इस मामले में चेकिंग में शामिल सिपाहियों ने कोई कार्रवाई नहीं की। थानेदार को भी कोई सूचना नहीं दी गई। मामला अधिकारियों तक पहुंचा तो तीनों सिपाहियों को निलंबित कर दिया गया। मामले में अनदेखी करने पर टीआई को भी लाइनअटैच कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक देर रात माना थाने की पेट्रोलिंग टीम में तैनात सिपाहियों को तेलीबांधा इलाके से जा रहे संदिग्ध कार की सूचना मिली थी। इस पर सिपाही रमेश हेमंत व अन्य ने कार चालक को रोका। कार की जांच की तो उसमें 13 लाख कैश रखा हुआ था। सिपाहियों ने रकम रख ली लेकिन थाने में कोई विधिवत कार्रवाई नहीं की। इसकी जानकारी टीआई यामन देवांगन को हुई तो उन्होंने सिपाहियों को बुलाया और पूरी रकम कार चालक को लौटा दी। इस मामले में किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गई। इसकी जानकारी पुलिस अफसरों को हुई तो उन्होंने तीनों सिपाहियों को निलंबित कर दिया। माना टीआई को भी लाइन अटैच कर दिया गया है। चर्चा है कि कार चालक ने यह रकम जुए में जीता था। उसके जीतकर निकलते ही किसी ने माना पेट्रोलिंग को इसकी जानकारी दे दी।

# 5 दिन मांस.मटन बिक्री पर रहेगा प्रतिबंध उल्लंघन पर होगी कार्रवाई




रायपुर, 7 अगस्त (देशबन्धु)।- रायपुर नगर निगम क्षेत्र में अगस्त 2025 के पावन पर्वों के मद्देनजर कुल 5 दिनों तक मांस.मटन की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लागू रहेगा। यह प्रतिबंध 15 अगस्त से 27 अगस्त तक विभिन्न तिथियों में पड़ने वाले पर्वों स्वतंत्रता दिवस श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्युषण पर्व के दो दिवस और श्रीगणेश चतुर्थी के अवसर पर प्रभावी रहेगा। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश पर महापौर मीनल चौबे के आदेश अनुसार यह फैसला लिया गया है। स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त कृष्ण जन्माष्टमी 16 अगस्त पर्युषण पर्व के प्रथम दिवस 19 अगस्त गणेश चतुर्थी 26 अगस्त पर्युषण पर्व के अंतिम दिवस 27 अगस्त को मांस.मटन का विक्रय पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा।

### मांस.मटन विक्रय करने पर होगी कार्रवाई

रायपुर नगर पालिक निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से नगर पालिक निगम स्वास्थ्य अधिकारी प्रीति सिंह द्वारा आदेश जारी किया गया है जिसके अनुसार नगर पालिक निगम रायपुर के जोन के सभी स्वास्थ्य अधिकारीगण अपने संबंधित क्षेत्रों में मांस.मटन की दुकानों होटल आदि का निरिक्षण करेंगे। अगर इन दिनों कहीं मांस.मटन की बिक्री होती है तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई होगी।

# चार्टर्ड अकाउंटेंट्स प्रतिनिधिमंडल ने पंजाब एंड सिंध बैंक के एमडी और सीईओ से की मुलाकात

रायपुर, 7 अगस्त (देशबन्धु)। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की रायपुर शाखा के प्रतिनिधिमंडल ने आज पंजाब एंड सिंध बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्वरूप कुमार साहा और बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व आईसीएआई रायपुर के चेयरमैन सीए विकास गोलछा और सीआईसीएएसए चेयरमैन सीए ऋषिकेश यादव ने किया। उनके साथ वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स सीए किशोर बरडिया, सीए अंकुश गोलछा, सीए धवल शाह, सीए अभिषेक महावर, सीए के. सुरेश, सीए मनीष अग्रवाल और सीए दिलीप जैन उपस्थित रहे। बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य में बैंकिंग क्षेत्र में मौजूद संभावनाओं पर गहन चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल ने राज्य की हालिया उपलब्धियों को साझा करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ ने देश में सर्वाधिक 18 फीसदी की गस्त वृद्धि दर हासिल की है। साथ ही छत्तीसगढ़



सरकार द्वारा घोषित नई औद्योगिक नीति 2024-30, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड), और लॉजिस्टिक्स नीति जैसे कई महत्वपूर्ण पहलुओं को भी साझा किया गया।

बैंक अधिकारियों ने इन प्रयासों की सराहना की और राज्य में बैंकिंग सेवाओं के विस्तार एवं उद्योगों के लिए वित्तीय समर्थन को लेकर सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया।

# बीच सड़क पति ने पत्नी को दौड़ाकर चाकू मारा फरार

रायपुर, 7 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में एक बार फिर बड़ी वारदात की खबर सामने आयी है। जहां एक पति ने अपनी ही पत्नी को बीच सड़क में दौड़ाकर चाकू से हमला कर दिया। पत्नी को गंभीर हालत में निजी अस्पताल ने



भर्ती किया गया है। वहीं आरोपी पति सड़क पर चाकू फेंककर फरार हो गया है। यह घटना विधानसभा थाना क्षेत्र में विधानसभा रोड में डेकाथलन के पास हुई है। घटना के बाद विधानसभा थाना पुलिस मौके पर पहुंची है और मामले की जांच कर रहा है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### समग्र शिक्षा विभाग में हुए ...

नहीं हुई। फर्जी तरीके से 7 निजी कंपनियों को भर्ती का ठेका देकर अधिकारियों के रिश्तेदारों को सीधे जॉइनिंग दे दी गई। नीरज पांडेय पांडे ने कहा कि विभाग द्वारा जाँच कमेटी तो गठित कर दी गई, लेकिन प्रक्रिया की पारदर्शिता और उत्तरदायित्व की स्पष्टता अभी तक नजर नहीं आ रही है। यह जनता और विशेष रूप से युवाओं के साथ एक प्रकार की अनदेखी है। एनएसयूआई की ओर से इस विषय में लगातार सवाल उठाए जा रहे हैं, जिन पर अब तक कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला है। इस दौरान रिपोर्ट सार्वजनिक करने की माँग के साथ-साथ पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की माँग भी की है। प्रदेश उपाध्यक्ष अमित शर्मा, हेमंत पाल, चेयरमैन संकल्प मिश्रा, प्रशांत गोस्वामी, रजत ठाकुर, प्रशांत चंद्राकर, पूनेश्वर लहरे, गावेश साहू, आशीष तिवारी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बिलासपुर हाईकोर्ट के 3 वकील बने सीनियर एडवोकेट

रायपुर, 7 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने राज्य के तीन वरिष्ठ और प्रतिष्ठित अधिवक्ताओं को सीनियर एडवोकेट की उपाधि से अलंकृत किया है। यह नामांकन एडवोकेट्स एक्ट 1961 की धारा 16 तथा छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट सीनियर एडवोकेट्स का नामांकन नियम 2018 के प्रावधानों के तहत किया गया है। इस निर्णय को उच्च न्यायालय की पूर्ण पीठ ने दिनांक 7 अगस्त 2025 को पारित किया। जिन अधिवक्ताओं को यह प्रतिष्ठित दर्जा प्रदान किया गया है उनके नाम हैं अशोक कुमार वर्मा मनोज विश्वनाथ परांजपे सुनील ओटवानी इन अधिवक्ताओं को उनकी दीर्घकालिक विधिक सेवाए न्यायिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदानए उच्चतम स्तर की पेशेवर नैतिकता और विधि के प्रति समर्पण को ध्यान में रखते हुए सीनियर एडवोकेट के रूप में नामित किया गया है। यह चयन प्रक्रिया उच्चतम न्यायालय के दिशा.निर्देशों के अनुरूप की गईए जो वर्ष 2017 में माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा रिट याचिका ;सिविल संख्या 454 2015 इंदिरा जयसिंह बनाम सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया में पारित आदेश के माध्यम से निर्धारित किए गए थे।



अधिसूचना जारी

# पं. हरिशंकर शुक्ल स्मृति महाविद्यालय में व्यास पूजन का आयोजन

रायपुर, 7 अगस्त (देशबन्धु) राष्ट्रीय सेवा योजना एवं भारतीय शिक्षण मंडल छत्तीसगढ़ प्रांत के संयुक्त तत्वाधान में गुरू शिष्य परंपरा को जीवंत करते हुए पं. हरिशंकर शुक्ल स्मृति महाविद्यालय में व्यास पूजा समारोह का आयोजन किया गया। व्यास पूजा गुरू वेद व्यास की जयंती (गुरू पूर्णिमा) के दिन आयोजित किया जाता है इसी परंपरा का वहन करते हुए व्यास पूजा की परंपरा को आगे पीढ़ी में बढ़ाने के उद्देश्य से छात्रों ने भारतीय संस्कृति को इस पूजा के माध्यम से गुरू के लिए अपनी



श्रद्धा को समर्पित किया। ऐसे आयोजन प्रत्येक व्यक्ति के मन में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करते हैं। इस अवसर पर छात्रों ने सभी गुरूओं का वंदन नमन कर गुरु के गुणों को जाना। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ममता शर्मा ने कहा कि ऐसे उत्सव जो हमारे जीवन में मूल्यों, संस्कारों और आत्मिक उन्नयन को प्रेरित करते है यह गुरू शिष्य का पावन दिन हमें यह स्मरण कराता है। ज्ञान केवल पुस्तकों में नहीं बल्कि गुरू के सानिध्य की

## निधन

### श्रीमती मंजू विश्वकर्मा



रायपुर।भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सदस्य एवं छत्तीसगढ़ लौह शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष,नगर पालिक निगम रायपुर के सभापति प्रफुल्ल विश्वकर्मा की धर्मपत्नी *श्रीमती मंजू विश्वकर्मा का स्वर्गवास आज हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा सुबह 10.30 उनके निवास स्थान ललिता चौक बढ़ई पारा से महादेव घाट मुक्तिधाम धाम के लिए जाएगी।

# राजधानी में युवकों की ड्रग्स पार्टी का वीडियो वायरल

## एमडीएम और कोकीन जैसी ड्रग्स लेते आए नजर, जांच में जुटी पुलिस

**रायपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी में एक बार फिर युवाओं द्वारा ड्रग्स सेवन का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर दो वीडियो तेजी से वायरल हो रहे है जिसमें कुछ युवक एटीएम कार्ड और प्लेट की मदद से संदिग्ध सफेद पाउडर ;संभावित एमडीएम या कोकीन की लाइनें तैयार करते और उसका सेवन करते नजर आ रहे हैं। घटना का वीडियो वायरला होने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार एक वीडियो पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के भाटागांव के किसी फॉर्म हाउस का बताया जा रहा है। वहीं दूसरी वीडियो में एक युवक कार के अंदर बैठे.बैठे अपने मोबाइल पर सफेद पाउडर की लेने बनाकर एक पेपर के सहारे उसका सेवन करता दिख रहा है। मामले की जांच में पुलिस ने दो युवकों की पहचान की पुष्टि भी कर दी है जो वीडियो में ड्रग्स लेते नजर आ रहे हैं। बताया यह भी जा रहा है कि वीडियो करीब 5 दिन पुराना है और इसे एक फार्म हाउस में शूट किया गया था। इस वीडियो के सामने आने के बाद पुलिस अब अन्य लोगों की पहचान और लोकेशन की भी



छानबीन कर रही है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही रायपुर की एक युवती का ड्रग्स लेते हुए वीडियो वायरल हुआ था जिसने प्रशासन और पुलिस को चौकन्ना कर दिया था। अब दोबारा ऐसा मामला सामने आने से राजधानी में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति को लेकर चिंता बढ़ गई है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और आरोपियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई की उम्मीद जताई जा रही है।

रायपुर पुलिस ने 550 से ज्यादा ड्रग तस्करों पर कसा शिकंजा

गौरतलब है कि राजधानी पुलिस ने इस साल नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 550 से ज्यादा ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी गांजा एमडीएमए एलएसडी ओजी ;विदेशी गांजा हेरोइन नशीली गोलियां अफीम और कफसिरप जैसे प्रतिबंधित पदार्थों की तस्करी और बिक्री में शामिल पाए गए। पूछताछ में पुलिस को अहम जानकारियाँ मिली हैं। पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि वे गांजा मुख्य रूप से ओडिशा से जबकि एमडीएमए एलएसडी और हेरोइन जैसी ड्रग्स महाराष्ट्र दिल्ली पंजाब और हरियाणा से लाकर रायपुर सहित कई जिलों में सप्लाई करते थे। इनमें से कुछ आरोपी छत्तीसगढ़ के बाहर भी ड्रग्स की तस्करी में लिप्त हैं। जांच में सामने आया है कि रायपुर के होटलों पब्स और फार्म हाउस में आयोजित निजी पार्टियों में ड्रग्स की बिक्री कोडवर्ड्स के ज़रिए की जाती है। यह तरीका पुलिस की पिछली जांचों में भी उजागर हो चुका है। महज दो दिन पहले ही रायपुर पुलिस ने एक ड्रग्स सिंडिकेट का भंडाफोड़ करते हुए 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान इन आरोपियों ने पाकिस्तान से आई हेरोइन बेचने की बात स्वीकार की है।

# पीडब्लूडी इंजीनियर बनकर किया शादी का वादा, रेप

- 4 लाख कैश और 1 लाख के जेवर ऐंठा
- राजनांदगांव से प्रोडक्शन वारंट पर ले आई पुलिस

**रायपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। रायपुर में एक युवती से फेसबुक में दोस्ती कर रेप का मामला सामने आया है। आरोपी ने खुद को पीडब्लूडी विभाग में इंजीनियर बताया। फिर शादी करने का वादा किया। इस दौरान आरोपी ने युवती से करीब 4 लाख कैश और 1 लाख के जेवर भी ऐंठ लिए। युवती को जब असलियत पता चली तो उसने थाने में जाकर आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई। यह पूरा मामला पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र का है। पीड़िता ने 2 जुलाई को थाने में आकर शिकायत दर्ज करवाई। उसने बताया कि जय प्रकाश बघेल नाम के व्यक्ति ने फेसबुक के माध्यम से फ्रेंड रिचेस्ट भेजकर संपर्क किया। उसने खुद को पीडब्ल्यूडी विभाग में इंजीनियर बताया। इसके बाद युवती के साथ उसकी दोस्ती हो गई। धीरे.धीरे दोनों की दोस्ती प्यार में बदल गई। इस दौरान आरोपी ने अपनी परेशानी बताते हुए युवती से रुपए की मांग की। पीड़िता ने उस पर भरोसा कर लिया और 25 जुलाई से 17 सितंबर 2024 के बीच युवती से कई किस्त में फोन पे के जरिए 3 लाख 57 हजार रुपए दे दिए। आरोपी ने युवती के परिवार वालों से मिलकर शादी की बात की। फिर उसने घरेलू समस्या बताते हुए युवती से सोने की चेन लॉकेट और कान की बाली समेत करीब 1 लाख रुपए के गहने ले लिए। इसके बाद उसने वादा किया कि एक.दो दिन में गहने वापस कर देगा लेकिन बाद में बहाने बनाने लगा और टालता रहा। इससे युवती को शक हो गया कि वह झूठ बोल रहा है।

**फ्लैट में ले जाकर शारीरिक संबंध बनाएं**

पीड़िता के मुताबिक आरोपी ने शादी की बात कहते हुए 17 अगस्त 2024 को उसे भाटागांव के अपने फ्लैट पर लेकर गया। जहां उसने जबरन शारीरिक संबंध बनाए। युवती को जब धोखाधड़ी का पता चला तो उसने आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत मिलने के बाद पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी प्रकाश बघेल की खोजबीन शुरू की। पता चला कि आरोपी पहले से ही डोंगरगढ़ थाने जिला राजनांदगांव में एक धोखाधड़ी के मामले में जेल में बंद है। इसके बाद पुलिस उसे प्रोडक्शन वारंट पर रायपुर लेकर आई। इस मामले में पुलिस अब आगे की कार्रवाई कर रही है।

# जूठा फेंकने को लेकर विवाद में मारपीट व चाकूबाजी, फरार 3 आरोपी युवक पकड़ाए



**रायपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी में खम्हारडीह थाने की पुलिस ने जुठा फेकने के विवाद में हुए मारपीट व चाकूबाजी के मामले में पुलिस ने फरार 3 आरोपी युवकों को पकड़ लिया है बताया गया कि प्रार्थी राकेश चन्द्र तिवारी ने थाना खम्हारडीह में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके घर के सामने चौक के पास रोड में संजय चौधरी रोज कचरा एवं खाने का जूठा डालते है। 7अगस्त की रातरात करीब 11.00 बजे संजय चौधरी फिर से चौक में जूठा डाल रहे थे जिन्हे अपने घर से मना किया तो संजय चौधरी उसे मां बहन की अश्लील गाली गलौच करने लगा। तब प्रार्थी अपने घर से बाहर निकल कर उन्हे गाली गलौच करने से किया मना किया और बोला कि यहां पर रोज साफसफाई कराता हूं आप जूठा व कचरा क्यो डालते हो। वाद.विवाद की आवाज सुनकर इनका बेटा ऐश्वर्य तिवारी व उसके तीन दोस्त रचित माटे शिवांग शुक्ला गगन कुमार उर्फगोकुल जो घर आये हुए थे मौके पर आये तो संजय चौधरी बोला कि तुम लोग मुझे धमका रह हो फिर इतने में संजय चौधरी के बाजू में रहने वाले यासिन शेख उर्फलाल सोनू एवं उसका भाई भतीजा वहा पर आ गये और सभी मिलकर अश्लील गाली गलौच करने लगे फिर वे लोग इसके बेटे ऐश्वर्य के साथ धक्का मुक्की करने लगे तथा मना करने पर हाथ मुक्का व लात से मारना पीटना शुरू कर दिया। भीड़ इकट्ठा हो जाने पर ये लोग अपने घर के अंदर चले गये तो कुछ देर बाद याशिन शेख उर्फ सोनू एवं उसके 10.15 साथी प्रार्थी के घर में घुसकर लाठी.डण्डे हाथ मुक्केए पाईपए चाकू से इनके उपर प्राणघातक हमला कर मारपीट किये जिससे इन लोगों को चोंटे आई है कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध किया गया प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना खम्हारडीह को निर्देशित किया गया।अधिकारियों के दिशा निर्देशानुसार प्रकरण में फरार आरोपी शेख जावेद पिता स्वर्गीय शेख हारून उम्र 42 साल निवासी भावना नगर अनिका हाइट्स के सामने लतीफा मंजिल थाना खम्हारडीह,मोहसिन खान उर्फमोंटू फकीर मोहम्मद उम्र 34 साल निवासी रेलवे पुल के पास राजातालाब मुश्ताक अली उर्फचिंटू पिता स्वर्गीय मोहम्मद अली उम्र 31 साल निवासी गुलशन अपार्टमेंट के पास राजातालाब को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा जाकर जेल दाखिल किया गया प्रकरण में अब तक कुल 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है घटना में संलिप्त अन्य फरार आरोपियों की लगातार पतासाजी कर गिरफ्तार करने के हर संभव प्रयास किया जा रहे हैं।

# देशभर के दर्जनों राज्यों में घूम-घूमकर बाजारों से मोबाइल फोन चोरी कर रकम ट्रांसफर, 4 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस ने एक बडे गिरोह का पर्दाफाश किया है जिसमें यह देश भर में घूम घूम कर बाजारों से मोबाइल फोन करता था और उसके बाद उसके यू पीआई नंबर का इस्तेमाल कर रकम ट्रांसफर करता था बताया गया किप्रार्थी गोविंद राम वाधवानी ने थाना तेलीबांधा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह 22 जून को सुबह सब्जी लेने तेलीबांधा गली नंबर 01 स्थित बाजार में गया था तथा अपने मोबाईल फोन को हाथ में पकड़ा था इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति आकर प्रार्थी के हाथ में पकड़े मोबाईल फोन को झपट्टा मारकर चोरी कर ले लिया तथा उसके मोबाईल फोन के यू पी आई के माध्यम से 02 खातों से कुल 1,85 000 रूपये ट्रांजेक्शन कर लिया कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना तेलीबांधा में अपराध पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में उक्त तरीका वारदात के आधार पर पूर्व में थाना गुढियारी क्षेत्र में घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात आरोपियों की पतासाजी कर थाना गुढियारी दर्ज प्रकरण में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना गुढ़ियारी पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा पश्चिम बंगाल व झारखण्ड के अंतर्राज्यीय आरोपी विकास महतो पिता लालचंद महतो उम्र 33 साल निवासी महाराजपुर नया टोला थाना कल्याणी जिला साहेबगंज झारखण्ड यासीन कुरैशी पिता इकबाल कुरैशी उम्र 34 साल निवासी कुलीपाड़ा थाना व जिला



साहेबगंज झारखंड। शेख सुलेमान उर्फराजन पिता शेख बच्चू उम्र 29 साल निवासी जे.127 शेरखान मैदान के पास थाना गार्डनरिच जिला 24 परगना जिला कलकत्ता पश्चिम बंगाल अंकित शर्मा पिता सुरेंदर शर्मा उम्र 23 साल निवासी एफ62 गार्डनरिच मारिया थाना गार्डन रिच जिला 24 परगना पश्चिम पश्चिम बंगाल। सोनू कुमार मंडल पिता बबलू मंडल उम्र 18 साल निवासी मिर्जा चौकी महादेववरन थाना मिर्जा चौकी जिला साहेबगंज झारखंड पिंटू कुमार मोहले पिता मंगलू मोहले उम्र 18 साल पता मिर्जा चौकी महादेव वरन थाना मिर्जा चौकी जिला साहेबगंज झारखंड को गिरफ्तार कर आरोपियों के कब्जे से प्रकरण से संबधित 10 नग मोबाईल फोन 1,00 000 रूपये नगदी रकम तथा 10 नग ए टी एम कार्ड जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया था। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ व तकनीकी विश्लेषण के आधार पर अन्य आरोपियों के संबंध में जानकारी एकत्र किया गया तथा आरोपियों को झारखण्ड़ के साहेबगंज व पश्चिम बंगाल के कोलकाता में लोकेट किया गया। आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में उनि मुकेश सोरी के नेतृत्व में 10 सदस्यीय टीम को झारखण्ड़ व पश्चिम बंगाल रवाना किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा झारखण्ड़ साहेबगंज के ग्राम महराजपुर व पश्चिम बंगाल के कोलकाता पहुंच कर लगातार कैम्प कर आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ करते हुये उनके संबंध में जानकारी एकत्र कर आरोपियों को चिन्हांकित किया गया तथा श्रावण मास होने से आरोपियों को पकड़ने हेतु टीम के सदस्यों द्वारा कावंडियों का वेषभूषा धारण कर चारों आरोपियों को पकड़ा गया। आरोपियों ने पूछताछ में बताया गया कि आरोपी देवा उर्फदेव कुमार महतो द्वारा आरोपी कन्हैया कुमार मंडल विष्णु कुमार मंडल एवं अन्य 02 लोगों को रायपुर मोबाईल फोन चोरी करने हेतु भेजा गया था जो रामनगर गुढियारी में किराये के मकान में रहकर सब्जी बाजार सहित भीड़भाड़ वाले स्थान में जाकर मोबाईल फोन चोरी करते थे इसके एवज में देवा उर्फदेव कुमार महतो द्वारा उन्हें 25 000 रूपये प्रतिमाह दिया जाता था एवं कोलकाता निवासी आरोपी ओम प्रकाश ठाकुर रकम को कोलकाता से निकालकर साहेबगंज झारखण्ड स्थानांतरित करता था। आरोपी देवा उर्फदेव कुमार महतो कन्हैया कुमार मंडल विष्णु कुमार मंडल एवं ओम प्रकाश ठाकुर थाना गुढियारी में दर्ज अपराध में भी संलिप्त है इस मामले में भी उनकी गिरफ्तारी की जायेगी। चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना से संबंधित 03 नग मोबाईल फोन एवं 02 नग सिम कार्ड ;दूसरे के नाम पर आबंटितद्ध जप्त किया गया है। आरोपियों के मोबाईल फोन में लगभग 40.50 क्यू आर कोड प्राप्त हुये है जिनमें करोड़ों रूपये के ट्रांजैक्शन होने के साथ.साथ आरोपियों का मुव्हमेंट प्रदेश के विभिन्न जिलों के साथ दीगर प्रांत बिहार झारखण्ड मध्य प्रदेश महाराष्ट्र तेलंगाना तमिलनाडू गुजरात राजस्थान दिल्ली उत्तर प्रदेशए उत्तराखण्ड में भी नोटिस किया गया है। प्रकरण में संलिप्त अन्य आरोपियों के गिरफ्तार हेतु टीम के द्वारा लगातार दीगर प्रांतो में छापेमारी कार्यवाही की जा रही है।

# घर खाना खाने जा रहे दुकानदार से चाकू की नोंक पर लूट

**रायपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस गत दिनों एक दुकानदार के साथ चाकू के नोक पर हुई लूट के मामले में 3 आरोपी युवकों को पकड़ा है बताया गया कि प्रार्थी अजहर खान पिता जमाल खान उम्र 33 साल साकिन बंजारी नगर रावाभांठा थाना खमतराई जिला रायपुर छ.ग द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि ट्रांसपोर्ट नगर रावांभाठा में प्रिंस गेस्ट हाऊस के सामने मेरा छतरपुर एकता मोटर गैरेज का दुकान है 5अगस्त की दोपहर के समय में अपने मोटर सायकल पैशन एक्स प्रो क्रमांक सीजी 04एलएफ.2505 से अपने घर खाना खाने जा रहा था दोपहर करीबन 01.00 बजे ट्रासपोर्ट नगर पार्किंग नंबर 9 सुलभ शौचालय के पीछे पहुंचा था कि दो तीन लडके प्रार्थी के मोटर सायकल के सामने खड़ा होकर रोककर लुटपाट करने की नियत से एक लड़का मोटर सायकल का चाबी निकाल लिया एवं दूसरा लड़का शर्ट के ऊपर जेब में रखे 500 रू को निकाल



लिया एवं तीसरा लडका लोवर के जेब में हाथ डालकर मोबाईल निकाल लिया फिर उन तीनो लड़को ने मोटर सायकल की चाबी मोबाईल एवं 500 को लेकर भागने लगे तो जिसका पीछा करने पर एक लड़का ने चाकू निकालकर फेंक कर मुझे मारा जो चाकू नहीं लगा फिर तीनो लड़के पीछा करने लगे तब प्रार्थी अपने जान पहचान के सुभाष कुण्डु विजय कुमार राय को आवाज देकर बुलाया। तीनो लड़के हम लोगों के साथ हाथ मुक्का पत्थर एवं लकड़ी के पटिया से मारपीट करने लगे और वहां से मेरा पैसा लुटकर भागने लगे और मोटर सायकल की चाबी और मोबाईल को फेंक दिये कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना खमतराई में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना कि गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी खमतराई को अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने निर्देशित किया गया। थाना खमतराई पुलिस की टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर घटना के संबंध में प्रार्थी सहित आसपास के लोगों से विस्तृत पूछताछ कर आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों को मुखबिर से जानकारी प्राप्त हुआ कि उक्त घटना शिवशंकर फिरोज साहू एवं उसके साथी द्वारा किया गया हैं। टीम द्वारा आसपास पतासाजी कर तीनो संदिग्धों को पकडकर कड़ाई से पूछताछ करने प्रार्थी के साथ मारपीट कर नगदी 500 को लूट कर ले जाना स्वीकार किये एंव घटना में प्रयुक्त चाकू लकड़ी का बत्ता को झड़ियों में फेंक देना बताये जिसे विधिवत् जप्त कर कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया।

**3 आरोपी युवक पकड़ाए**

# शेयर ट्रेडिंग के नाम से ठगी आरोपी युवक राजस्थान से गिरफ्तार

**रायपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। शेयर ट्रेडिग के नाम पर ठगी के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया है बताया गया कि प्रार्थी विकास लाहोटी पिता मोतीलाल लाहोटी पता जयश्री विहार पंडरी रायपुर ने शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा कमाने के नाम से उनसे 59 लाख रुपए की धोखाधड़ी होने की रिपोर्ट रेंज साइबर थाना रायपुर में पंजीबद्ध कराई थी जिसमें अपराध पंजीबद्ध किया गया था। साइबर थाना रायपुर की टीम को तकनीकी साक्ष्य एकत्र कर आरोपियों को गिरफ्तार करने के संबंध में निर्देश दिया गया था निर्देसानुसार कार्यवाही करते हुए विवेचना क्रम में आरोपियों द्वारा उपयोग किए जा रहे वॉट्सएप नंबर बैंक खातों एवं मोबाइल नंबरों की जानकारी प्राप्त कर विश्लेषण किया गया। राजस्थान निवासी प्रदीप जैन द्वारा पता बदल बदल कर फर्जी कम्पनी बनाकर विभिन्न बैंकों में खाता खुलवाकर अपने अन्य साथी की सहायता से उक्त बैंक खातों में प्रार्थी से रकम जमा करवाए गए थे। इन बैंक खातों में अलग अलग राज्यों के 57 से अधिक पुलिस थाना एवं साइबर सेल मे रिपोर्ट दर्ज है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।



# दोपहिया की चोरी, आरोपी युवक हिरासत में

**रायपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस मंहगी गाडियों को चोरी करने वाले एक शातिर बदमाश को पकड़ा है जिसने शहर के अलग अलग स्थान से मोटरसायकल की चोरी की थी बताया गया कि प्रार्थी चितरंजन सरकार ने थाना न्यू राजेन्द्र नगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह 30 जुलाई को अपनी आर.15 मोटर सायकल क्रमांक सी जी 04 पी बी 7226 को अमलीडीह स्थित स्वीगी इस्ट्रामार्ट के सामने खड़ी कर ऑफिस अंदर गया था। कुछ देर बाद बाहर आकर देखा तो उसकी उक्त दोपहिया वाहन खड़े किये हुए स्थान पर नहीं था। कोई अज्ञात चोर प्रार्थी की खड़ी उक्त मोटर सायकल को चोरी कर ले गया मामले में अपराध पंजीबद्ध किया गया इसी प्रकार प्रार्थी स्वप्निल मिश्रा ने थाना मौदहापारा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह अपने दोस्त के नाम से पंजीकृत मोटर सायकल रायल इनफिल्ड क्लासिक 350 क्रमांक सी जी 04 एल एस 3595 को चलाता है। प्रार्थी 25 जुलाई की रात में उक्त मोटर सायकल को मौदहापारा क्षेत्रांतर्गत पुराना मेडिकल काम्पलेक्स का पार्किंग स्थल में खडी कर लॉक कर महाराष्ट्र गया था। 4 अगस्त की दोपहर में रायपुर वापस आकर उक्त स्थान पर जाकर देखा तो उसकी मोटर सायकल खड़ी किये स्थान पर नहीं था। कोई अज्ञात चोर मोटर सायकल को चोरी कर ले गया था एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा संबंधित थानों की संयुक्त टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर घटना के संबंध में प्रार्थियों सहित आसपास के लोगो से विस्तृत पूछताछ कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटनास्थल तथा उसके आस.पास लगे सी सी टी व्ही कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ.साथ अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु प्रकरण में मुखबीर भी लगाये गये। इसी दौरान टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त आरोपी के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई तथा आरोपी को मौदहापारा निवासी फैजान खान उर्फफज्जू के रूप में चिन्हांकित किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी की पतासाजी कर उसे पकड़कर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा वाहन चोरी की उक्त घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया गया। जिस पर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की मोटरसायकल जप्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।



# जिला पुलिस बल के पात्र अभ्यार्थियों का लिखित परीक्षा 14 सितंबर को

**रायपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा जिला पुलिस बल के आरक्षक संवर्ग के सीधी भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा उपरांत लिखित परीक्षा के लिए पात्र पाये गये अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा 14 सितंबर को व्यापमं द्वारा आयोजित किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन सबमिट करने की अंतिम तिथि 27 अगस्त है और प्रवेश पत्र 8 सितंबर को जारी किया जाएगा। लिखित परीक्षा हेतु पात्र आवेदकों को व्यापम की वेबसाईट के लिंक में जाकर पंजीयन करना ;प्रोफाइल आई डी के माध्यम से व परीक्षा केन्द्र हेतु जिले का चयन करना अनिवार्य होगा। आवेदन को सफलतापूर्वक सबमिट करना अनिवार्य होगा। तदुपरांत ही व्यापम पंजीयन नंबर व रोल नंबर पर अभ्यर्थी लिखित परीक्षा हेतु ऑनलाईन से प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकेंगे। अन्यथा प्रवेश पत्र नहीं मिलेगा। आवेदक व्यापम की वेबसाईट के लिंक में पंजीयन एवं ऑनलाईन आवेदन लेने की प्रक्रिया निम्नानुसार करनी पुरी करनी होगी

**ऑनलाइन आवेदन सबमिट करने की अंतिम तिथि 27 अगस्त**

# दोपहिया में शराब परिवहन करते आरोपी युवक पकड़ाया

**रायपुर,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। अवैध रूप से शराब की खरीदी.बिक्री करने वाले लोगों के संबंध में पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं प्रभारी ए सी सी यू सहित थाना प्रभारियों द्वारा इस संबंध में सूचना संकलन कर मुखबीर लगाने के साथ ही अन्य माध्यमों से भी जानकारी एकत्रित किए जा रहे है। इसी क्रम एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना विधानसभा क्षेत्रांतर्गत आमासिवनी पास दोपहिया वाहन सवार व्यक्ति अपने पास शराब रखा है तथा कहीं जाने की फिराक में है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना विधानसभा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान जाकर मुखबीर द्वारा बताये दोपहिया वाहन एवं हुलिए के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम रघु सोनी निवासी रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके दोपहिया वाहन की तलाशी लेने पर वाहन में शराब रखा होना पाया गया। शराब रखने एवं परिवहन करने के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा उसे गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखें 50 पौवा देशी शराब तथा घटना में प्रयुक्त 01 नग दोपहिया वाहन जुमला कीमती लगभग 45,000द्ध रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34;2 आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।



**शराब बेचने ग्राहम तलाश करते युवक पकड़ाया**

एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना विधानसभा क्षेत्रांतर्गत आमासिवनी पास एक व्यक्ति अपने पास शराब रखा है तथा बिक्री की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहा है। जिस पर विधानसभा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिए के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम ओमप्रकाश जोशी निवासी रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखें थैले की तलाशी लेने पर थैले में शराब रखा होना पाया गया।



## संपादकीय

### औद्योगिक सुरक्षा का प्रशिक्षण अहम

*सार्वजनिक तथा निजी सेक्टर दोनों में ही छत्तीसगढ़ ने काफी बड़ी छलांग लगाई है। एक चौथाई दशक पहले जब वह स्वतंत्र राज्य बना, तभी से निवेशकों के आकर्षण का केन्द्र बन गया था। देश के नक्शे में इसकी जगह या कहें कि लाभदायी भौगोलिक स्थिति, प्रचुर मात्रा में खनिज तथा वन सम्पदा, कुशल, अर्द्ध कुशल एवं अकुशल मानव संसाधन की उपलब्धता आदि अनेक ऐसे कारण हैं जिनके चलते जल्दी ही बड़ी तादाद में उद्योग यहां लगे। व्यवसाय भी बढ़ चला। अनेक बड़ी सरकारी कम्पनियों की इकाइयां यहां पहले से चल रही थीं। तत्पश्चात निजी क्षेत्र का विकास भी हुआ।*

*इस तरक्की ने प्रदेश को सम्पन्न तो बनाया ही और शासन की राजस्व आय में बढ़ोतरी भी की, परन्तु औद्योगिक सुरक्षा की तरफ पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया जो वांछनीय है। मानव जीवन से अधिक अनमोल कुछ भी नहीं होता। दुर्भाग्य से सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों में भी अक्सर बड़े व गम्भीर औद्योगिक हादसे होते रहते हैं जिनमें लोगों को जान गंवानी पड़ती है। औद्योगिक सुरक्षा पर निजी कम्पनियां अक्सर बड़ा खर्च करने से बचती हैं लेकिन शासकीय कम्पनियों की ऐसी कोई मजबूरी नहीं होती। उन्हें तो इस मामले में उदाहरण बनना चाहिये तथा सम्भव हो तो निजी कम्पनियों का मार्गदर्शन करना चाहिये। इसी कारण से अक्सर सरकारी कम्पनियों से भी औद्योगिक हादसों की खबरें आती रहती हैं।*

*राष्ट्रीय ताप बिजली परियोजना (एनटीपीसी) के सीपत संयंत्र में बुधवार को बड़ा हादसा हो गया। 5वीं इकाई में मेंटेनेंस कार्य जारी था तभी प्री-एयर हीटर का प्लेटफॉर्म टूट गया। इससे पांच मजदूर घायल हो गये। एक की उपचार के दौरान सिम्स में मृत्यु हो गयी जबकि चार का इलाज जारी है। एक की हालत गम्भीर बताई गई है। मजदूरों ने इस दुर्घटना पर नाराजगी जताते हुए सड़क जाम कर दी थी जबकि प्रबन्धन ने मुआवजे तथा इलाज का खर्च उठाने की बात कही।*

*निजी हो या सार्वजनिक- दोनों ही तरह की औद्योगिक इकाइयों में कार्य करने वाले श्रमिकों, कर्मचारियों तथा अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिये लेकिन दुर्भाग्य से इसकी ज़हमत कम ही इकाइयां उठाती हैं। इसका सबसे बड़ा कारण है इस पर होने वाला भारी-भरकम खर्च जिसे अक्सर टाला जाता है। हालांकि एनटीपीसी समेत प्रदेश में कार्यरत अनेक सरकारी तथा प्राइवेट सेक्टर में संचालित हो रही कम्पनियां इस मामले में संवेदनशील हैं तथा उनके पास पैसों की कोई कमी भी नहीं है।*

*इस दुर्घटना की जांच की जा रही है इसलिये उस पर पहले से कोई निष्कर्ष निकालना अथवा टिप्पणी करना उचित नहीं परन्तु पाया जाता है कि सुरक्षा सम्बन्धी आवश्यक उपकरण प्रदान करने तथा आदर्श कार्य प्रणाली (एसओपी) अपनाने के बाद भी होने वाले हादसों का कारण ज्यादातर मानवीय चूक होती है। ठेका मजदूरों, कर्मचारियों व अधिकारियों को सुरक्षा सम्बन्धी कड़ा प्रशिक्षण दिया जाना कम्पनियों का ही उत्तरदायित्व है।*

**उल्टा पुल्टा**

बनिया-जब भी मेरी बीवी मंदिर जाती है, मंदिर में फूल गिरते हैं।
दुकानदार- तो फिर?
बनिया- हम मंदिर से उनकी सप्लाई करते हैं!

# भाजपा सरकार में बिजली बिल हाफ योजना का दायरा कम करने के विरोध में कांग्रेस ने खोला मोर्चा

## सैकड़ों कांग्रेसजनों ने किया लालटेन प्रदर्शन, पुतला दहन, सौंपा ज्ञापन







**दुर्ग**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। शहर एवं ग्रामीणजिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आज विद्युत बिल हाफ योजना का भाजपा शासन द्वारा दायरा कम किए जाने के विरोध में आज शाम विद्युत कार्यालय के सामने जबर्दस्त नारेबाजी के साथ ही बुझी लालटेन दिखाकर प्रदर्शन किया गया। पटेल चौक में छत्तीसगढ़ सरकार का पुतला दहन किया गया। इस बीच कांग्रेसजनों व पुलिस के बीच काफी झूमाझटकी भी हुई।

उल्लेखनीय है कि पिछली भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार द्वारा 4 सौ यूनिट तककी घरेलू बिजली मुफ्त देने की योजना उपभोक्ताओं को दी गई थी किंतु वर्तमान भाजपा सरकार ने 4 सौ यूनिट की जगह 3 सौ घटाते हुए मात्र सौ यूनिट बिजली को ही मुफ्त रखा है। इसके अलावा विगत डेढ़ माह में बिजली बिल में 80 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि कर दी है। इसे लेकर कांग्रेस ने कड़ा विरोध करते हुए आज जबर्दस्त प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने आज इस मामले में लालटेन प्रदर्शन व प्रदेश सरकार का पुतला दहन करने की घोषणा की थी। घोषणा के अनुरूप आज दोपहर बाद राजीव भवन में गांव गांव से आकर ग्रामीण कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित होने लगे। शाम 4 बजे के बाद ग्रामीण कांग्रेस कार्यकर्ता कांग्रेस भवन से पटेल चौक के लिये रवाना हुए। इससे पूर्व राजीव भवन में भी कांग्रेसजनों ने जबर्दस्त नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया।

पटेल चौक में शहर जिला और ग्रामीण जिला कांग्रेस के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में एकत्रित हुए। यहां एकत्रित कांग्रेसजनों में ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर, शहर जिला अध्यक्ष गया पटेल, पूर्व विधायक अरूण वोरा, प्रतिमा चंद्राकर, ग्रामीण जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष विशाल देशमुख, वरिष्ठ नेता टी.वी.एस. बंछोर, पूर्व महापौर आर.एन.वर्मा, धीरज बाकलीवाल, प्रदेश कांग्रेस महामंत्री राजेन्द्र साहू, प्रदेश प्रतिनिधि दीपक दुबे, प्रदीप चंद्राकर, शहर जिला उपाध्यक्ष रत्ना नारमदेव, सुशील भारद्वाज, वरिष्ठ नेता पूर्व जनपद अध्यक्ष मोहनलाल हरमुख, दीपक साहू, परमजीत भुई. भोला महोबिया, अजय मिश्रा, रिवेन्द्र यादव, सुमित घोष, संदीप वोरा, देवेन्द्र देशमुख, अभय वर्मा, सहित बड़ी संख्या में नये पुराने कांग्रेसजन उपस्थित थे। पिछले कुछ आंदोलनों की तुलना में कांग्रेस का यह आंदोलन ज्यादा आक्रामक था।

**और करेंगे जबर्दस्त आंदोलन :** ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि यदि राज्य सरकार 4 सौ यूनिट बिजली निःशुल्क देने की योजना को बहाल नहीं करती है तो कांग्रेस अपने आंदोलन को और भी ज्यादा आक्रामक बनायेगी। लोगों को उनके बढ़े हुए बिजली बिल की वास्तविकता से अवगत कराया जायेगा।

# भाजपा की हर घर तिरंगा अभियान को लेकर कार्यशाला






**दुर्ग**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। संगठन के हर कार्यक्रम को हम सभी के सामूहिक प्रयास से संपादित हुआ है इस अभियान को भी हमें सफल बनाना है। सुरेंद्र कौशिक भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर मोर तिरंगा मोर अभिमान तिरंगा यात्रा कार्यक्रम के तहत प्रदेश स्तरीय कार्यशाला के पश्चात दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में मोर तिरंगा मोर अभिमान कार्यशाला का आयोजन भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राजनांदगांव महापौर मधुसूदन यादव के मुख्य अतिथ्य में संपन्न हुई आयोजित कार्यशाला में दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, विधायक ललित चंद्राकर, गजेंद्र यादव, ईश्वर साह, निवृत्तमान जिला अध्यक्ष एवं अभियान के जिला संयोजक जितेंद्र वमा, महापौर अलका बाघमार, प्रदेश कार्य समिति सदस्य उषा टावरी, पूर्व विधायक सांवलाराम डहरे, डॉ बालमुकुंद देवांगन, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन शर्मा, सभापति श्याम शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रितपाल बेलचंदन, शिव चंद्राकर, अभियान की सदस्य गायत्री वर्मा उपस्थित रहे।

> ■ मोर तिरंगा मोर अभिमान तिरंगा यात्रा इस बार मंडल स्तर से उतरकर शक्ति केंद्र से बुथ स्तर तक शत प्रतिशत सफ्ल उसका हमें चिंतन करना है : मधुसूदन यादव महापौर राजनांदगांव

आयोजित कार्यशाला में मोर तिरंगा मोर अभिमान तिरंगा यात्रा कार्यक्रम को शत-शत सफ्ल बनाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश वरिष्ठ नेताओं द्वारा दिया गया साथ ही कार्यक्रम की सफ्लता को लेकर दायित्व का भी निर्धारण किया गया कार्यशाला के पश्चात 17 मंडल के अध्यक्ष को तिरंगा भेंट किया गया।

# जिला जेल में महिला संगठन ने कैदियों को बांधी राखी

**दुर्ग**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। भिलाई की महिला सामाजिक संगठनों ने जिला जेल में निरूद्ध कैदियों को विधिवत राखी बांधकर चार दिवसीय रक्षा बंधन महोत्सव का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल की पत्नी रजनी बघेल थीं। रक्षा बंधन के इस आयोजन में शामिल महिला सदस्यों की 14 टीमों ने बंदियों को तिलक लगाकर राखी बांधी व मुंह मीठा कराया। जेल अधीक्षक के अनुसार ये ऐसे बंधी है जिनसे मिलने विगत कई वर्षों से कोई नहीं आया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि रजनी बघेल ने कहा कि रक्षा बंधन का यह पर्व स्नेह, सुरक्षा और विश्वास का प्रतीक है। आयोजन की अध्यक्षता कर रही नीता चौरसिया ने कहा कि भारत एक सांस्कृतिक राष्ट्र है जहां प्रत्येक जीव, पेड़ पौधे पर्व व रिश्ते का विशेष महत्व है। महिला संगठन प्रेम के इसी संदेश को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाया चाहती है। महिलाओं ने जेल अधीक्षक मनीष को भी राखी बांधी।



# अनुकंपा नियुक्ति के मामले में दोषी पाये जाने पर निगम राजस्व प्रभारी भूपेन्द्र गोईर निलंबित

**दुर्ग**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। नगर निगम दुर्ग में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 एवं प्रभारी राजस्व व बाजार प्रभारी भूपेन्द्र गोईर को अनुकंपा नियुक्ति पदोन्नति के मामले में दोषी पाये जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई उपसंचालक संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास द्वारा 23 अगस्त 23 को जारी निर्देशों के तहत की गई जिसमें संयुक्त संचालक क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग के जांच प्रतिवेदन के आधार पर श्री गोईर के विरूद्ध अनुशासन की कार्रवाई के निर्देश दिये गये है।

इस निर्देश के अनुसार 31 जुलाई 25 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था जिसके जवाब में श्री गोईर ने 31 जुलाई को अपना उत्तर प्रस्तुत कर दिया गया था। इसे असंतोषजनक और असमाधानकारक मानते हुए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम 1986 के नियम के अंतर्गत कर विभागीय जांच प्रारंभ कर दी गई है। निलंबन अवधि में गोईर को जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जायेगा और उनका मुख्यालय विद्युत विभाग रहेगा। बिना पूर्व अनुमति वे मुख्यालय नहीं छोड़ सकेंगे। इस मामले को लेकर नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने नगर निगम कार्यालय से भी उन्हें निलंबन आदेश जारी कर दिया है।

# आबादी क्षेत्रों में बगैर अनुमति नहीं खोली जा सकेंगी मटन, मुर्गा की दूकानें

**दुर्ग**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। नगर निगम दुर्ग में आबादी वाले क्षेत्रों में अब नये मटन व मुर्गा दूकानें खोलने की अनुमति नहीं दी जायेगी। साथ ही पहले से ही बिना अनुमति चल रही है दूकानों पर भी जल्दी ही कार्रवाई की जायेगी। यह निर्णय महापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल पर लिया गया है। इस संबंध में नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मटन मुर्गा दूकानों से निकलने वाली दुर्गंध, गंदगी व कचरों से फैलने वाले प्रदूषण को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

> ■ अवैध दूकानों पर भी की जायेगी कार्रवाई

# करबला के शहीदों की याद में निकाला ईरानी समाज ने मातमी जुलूस



**दुर्ग**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। स्थानीय ईरानी समाज द्वारा आज करबला के शहीद ईमाम हुसैन और उनके साथियों की कुर्बानी के बाद चालीसवां पर विशाल मातमी जुलूस निकालकर विभिन्न रास्तों से होते हुए पुराने बस स्टैंड पहुंचे जहां पर समाज प्रमुख उत्तरप्रदेश के सीमेंद असगर साहब ने उपस्थित समाज के लोगों को संबोधित करते हुए इस्लाम और इंसीनियत की रक्षा के साथ अपने मुल्क और कौम की हिफाजत के लिये हर समय तैयार रहने की अपील की। आज दोपहर बाद ईरानी समाज के सैकड़ों स्त्री-पुरूष व बच्चे मातम करते हुए पटेल चौक से तहसील कार्यालय, मोती काम्पलेक्स का गश्त करते हुए पुराना बस स्टैंड पहुंचे जहां पर जंजीर व ब्लेड से मातन मनाया। इस मौके पर अली हुसैन, नासिर हुसैन, सरन सेन, सरफराज अली, पासी अली सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

# प्रकाश सकलेचा के निधन उपरांत किया गया नेत्रदान व देहदान

**दुर्ग**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। आपापुरा निवासी प्रकाश सकलेचा के निधन के उपरांत उनके परिजनों की सहमति से नवदृष्टि फाउंडेशन के माध्यम से नेत्रदान एवं देहदान किया गया। अब उनके नेत्रों से दो व्यक्तियों की दुनियां रोशन हो सकेगी।



दिवंगत प्रकाश सकलेचा के भाई डोंगरमल सकलेचा, सुरेश सकलेचा, पुत्र डॉ विकास सकलेचा, किशोर सकलेचा, विनय सकलेचा एवं बहू डॉ. सोनम, स्वाति एवं प्रिया जैन ने नेत्रदान कर निर्णय लिया गया। प्रकाश सकलेचा उनके नेत्रदान उपरांत देहदान की कर उनका पार्थिव शरीर चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कालेज के सुपुर्द कर दिया गया। नेत्रदान की प्रक्रिया श्री शंकराचार्य मेडिकल कालेज जुनवानी के संदीप वाचकर एवं नेत्रसहायक विवेक कसार ने पूरी कराई।

# सिकसेल दिव्यांगता प्रमाण पत्र का वितरण




**दुर्ग**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। श्री महावीर जैन श्वेताम्बर सेवा समिति दुर्ग एवं स्वास्थ्य विभाग जिला दुर्ग के सौजन्य से 28 जुलाई से 2 अगस्त तक महावीर धर्मशाला दुर्ग जिले के सिकलसेल मरीजों का नियमित रूप से हाईड्रोक्सी यूरिया की दवा खा रहे दिव्यांग मरीजो का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 337 लोगो की जांच की गयी जिसमें सिकलसेल के 231 मरीज का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाया गया।

ललित चन्द्राकर विधायक गजेन्द्र यादव विधायक, अल्का बाघमार महापौर दुर्ग, प्रीतपाल बेलचन्दन पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक, ए.पी. गौतम डिप्टी डायरेक्टर समाज कल्याण विभाग, अध्यक्ष श्री महावीर जैन श्वेताम्बर समिति के भवरलाल पारख, सचिव दिनेश मरोठी कोषाध्यक्ष बसंत गोगड, राजेन्द्र मरोठी, पूनम श्रीमाल, निर्मल बोथरा की उपस्थिति में 231 लोगो को दिव्यांग प्रमाण प्रदाय किया गया। शिविर में विशेष योगदान दिनेश मरोठी, प्रितिका पवार जिला सलाहकार सिकलसेल, चंद्रहास देशमुख सुपरवाईजर, रजनीश डड्सेना एवं जिले के मितानिनो का सहयोग रहा।

# आरक्षक ने फांसी लगाकर कर ली आत्महत्या

**दुर्ग**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। पद्मनाभपुर थाने में पदस्थ आरक्षक सुरेश साहू (35) ने अपने निवास में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस के अनुसार इस घटना से आरक्षक का पूरा परिवार भारी सदमे में है। अतः कुछ बताने की स्थिति में नहीं है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक आरक्षक सुरेश साहू न्यू पुलिस लाईन पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र में रहता था। वह राखी पर अपनी पत्नी को मायके छोड़कर आया था। उसके बाद घर पर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले का खुलासा तब हुआ जब पत्नी द्वारा बार बार फोन लगाने पर भी आरक्षक ने फोन नहीं उठाया। इसके किसी आशंसा से घबराई उसकी पत्नी तत्काल घर लौटी तो देखा कि सुरेश की लाश एक फंदे पर लटकी हुई है। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद लाश उसके परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# सकारात्मक सोच जादुई शक्ति से कम नहीं : लब्धियशा

**दुर्ग**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। प्रत्येक मनुष्य का विचार और आचार अलग होता है। इस कारण अनेक प्रसंग पर विचारों की टकराहट होती है। इससे वैमनस्य और कटुता का बीजारोपण हो जाता है। व्यक्ति को चाहिए कि दूसरों के विचारों को नकारने के बजाय स्वयं में सकारात्मक विचारों का बीजारोपण करें। इससे वैमनस्य और कटुता उत्पन्न होने से पहले ही उसे भगाया जा सकता है।

सकारात्मक सोच जीवन को उर्ध्वगति की ओर ले जाता है। नकारात्मक विचार हमें मन से ही नहीं अपितु तन से भी कमजोर कर देता है। श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा में चातुर्मासिक प्रवचन श्रृंखला में साध्वी लब्धियशा ने उक्त उद्गार व्यक्त किए। उन्होंने कहा हम आसपास के वातावरण को देखकर उसको बदल नहीं सकते, लेकिन अपनी सकारात्मक सोच से वातावरण में फैले दुर्गुणों से स्वयं को बचा सकते हैं। सामान्य व्यवहार में सकारात्मक सोच महत्वपूर्ण तो है ही, कर्म के सिद्धांत में भी सकारात्मक सोच का महत्वपूर्ण स्थान है। सकारात्मक विचारों के कारण हम दूसरों में सद्गुण देखेंगे, उनके दुर्गुणों की ओर ध्यान नहीं जाएगा। हम सद्व्यवहार को देखेंगे दुर्व्यवहार की ओर दृष्टि नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि सकारात्मक दृष्टिकोण जीवन में जादुई शक्ति का काम करता है। जिनका दृष्टिकोण सकारात्मक है, उन्हें हरकाम में सफ्लता मिलती है। हमे दृष्टि के साथ दृष्टिकोण को, चित्र के साथ चरित्र को, साधन के साथ साधनाओं की ओर नजर के साथ नजरिये को सुंदर बनाना चाहिए।



पेड़ के तने से लाखों तीलियां बनती है, लेकिन एक तीली लाखों पेड़ों को जला सकती है। वैसे ही नकारात्मक नजरिया जिन्दगी की लाखों खुशियों को खत्म कर सकता है। व्यक्ति में भूल सुधारने के लिए दिमाग के साथ भूल स्वीकारने का दिल होना चाहिए। स्वीकारने का भाव होगा तभी सुधरने का प्रयास होगा।

रविवार 10 अगस्त को प्रातः 9 बजे से 108 सजोड़े के साथ महाप्रभाविक श्री पार्श्व.पद्मावती महापूजन आयोजित है। शुक्रवार को श्री पद्मावती माता को चुनरी समर्पण का अनुष्ठान सम्पन्न होगा।

# संगीत के साथ भारतीय ज्ञान परंपरा का इतिहास जुड़ा हुआ : डॉ. राजेश पांडे

**दुर्ग**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालय दुर्ग द्वारा छात्र छात्राओं के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ राजेश पाण्डे अपर संचालक उच्च शिक्षा दुर्ग संभाग ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर विस्तार से बताते हुए कहा कि संगीत विषय में ही भारतीय ज्ञान परंपरा का इतिहास समाया हुआ है।

उन्होंने कहा कला को सीखने की कोई उम्र नहीं होती, शासकीय संगीत महाविद्यालय दुर्ग के प्रभारी प्राचार्य डॉ एस एन झा ने कहा संगीत अंतरात्मा को छू जाता है, उन्होंने मोहम्मद रफी के गाने से समां बाँध दिया। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ अभिनेश सुराना ने उदबोधित करते हुए एनईपी के दिशानिर्देशों को बताया साथ ही कहा कि संगीत महाविद्यालय ने बहुत जल्द ही अपनी पहचान बना ली है। महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नारायण शर्मा ने कहा कि मुझे यहाँ आकर बहुत अच्छा लग रहा, इसके लिए भवन का प्रयास जारी है, अन्य विकास के लिए भी हर संभव प्रयास करेंगे। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ ऋचा ठाकुर ने कार्यक्रम की रुपरेखा बताई।







इस अवसर पर सत्र की गतिविधियों को समाहित करती हुई पत्रिका कला सृजन का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया। महाविद्यालय की वेबसाइट का अनावरण किया गया। सांस्कृतिक प्रदर्शन के सवरूप में सुमन जोशी राजेश्वरी ने सरस्वती वंदना एवं इंदिरा कला संगीत विवि खैरागढ़ का कुल गीत सुन्दरता के साथ प्रस्तुत किया। पंकज और कल्याण ने तबले और हारमोनियम में संगतिकी, वही कुस्मिता और दुष्यंत ने छत्तीसगढ़ी युगल नृत्य की शानदार प्रस्तुति देकर माहौल सुरमई बना दिया। नवप्रवेशी छात्र छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति को पॉवर पॉइंट माध्यम से समझाया गया। अंत में छात्र छात्राओं के सामूहिक गान के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।

कार्यक्रम का संचालन हिंदी अतिथि प्राध्यापक डॉ निधि वर्मा एवं आभार प्रदर्शन कार्यालय प्रमुख यशवंत साहू ने किया। प्राचार्य ने बताया अभी महाविद्यालय में 14 अगस्त तक प्रवेश जारी है, इच्छुक लोग आवश्यक दस्तावेजों के साथ संपर्क कर सकते हैं।

# 2503 फर्जी राशन कार्डधारियों पर होगी कार्यवाही

## स्वविवरणी में गलत जानकारी देने पर निगम ने संयत्र को भेजा नोटिस



**भिलाईनगर**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा साप्ताहिक समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से स्व विवरणी में दिए गए गलत जानकारी के संबंध में कार्रवाइ, संपत्ति कर वसूली, निर्यात कर, एजेंसी द्वारा रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निर्माण, पावर हाउस पार्किंग स्थल, खुर्सीपार स्टेडियम, मदर मार्केट एवं सी मार्ट के संबंध में चर्चा किया गया। निगम आयुक्त द्वारा रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के कार्य में गति लाने एवं वर्षा ऋतु समाप्ति से पहले कार्य पूर्ण किये जाने के संबंध में निर्देशित किया गया है। रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निर्माण हेतु चयनित एजेंसी को प्रति दिवस अपना प्रगति प्रस्तुत करना होगा। मकान मालिक जो भवन अनुज्ञा के समय अपना धरोहर राशि जमा किये हैं, वे अपने घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निर्माण कर लाभ ले सकते हैं। लाभ के रूप में अपना राशि वापस पा सकते हैं। निगम आयुक्त द्वारा दिए गए निर्देशानुसार नाली के उपर अतिक्रमण करने वालो के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही किया जायेगा। पेयजल, पाईपलाईन संधारण कार्य कराया जाना निगम का प्राथमिकता का विषय है। भवन अनुज्ञा के बगैर भवन निर्माण करने वालों पर सख्ती से करवाई किया जाएगा। बी.एस.पी प्रबंधन द्वारा नियम विरुद्ध स्वमेव भवन अनुज्ञा एवं बिक्री किया गया है,जो कि विधिवत गलत है। संपत्ति के संबंध में बी एस पी प्रबंधन द्वारा स्वविवरणी में गलत जानकारी दिया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 की जांच के पश्चात् 228 करोड़ का संपतिकर वसुली हेतु भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन को नोटिस जारी किया गया है।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बेस्ट वार्ड, बेस्ट स्कूल एवं बेस्ट कॉलेज का अवार्ड प्रदान किया जाएगा, चयन प्रक्रिया हेतु विशेष मॉनिटरिंग टीम लगातार सक्रियता से कार्य कर रही है। निगम भिलाई द्वारा राशन कार्ड जांच में 2593 फर्जी पाये गये हैं। पाए गए फर्जी राशन कार्ड के सम्बन्ध में कारवाई की जाएगी। मोर संगवारी योजना अंतर्गत किए जा रहे जनहित के कार्य में भिलाई पूरे छत्तीसगढ़ में द्वितीय स्थान पर है। शहर में हो रहे अवैध प्लाटिंग रजिस्ट्री को शून्य कराये जाने की कार्यवाही के संबंध में निगम आयुक्त द्वारा निर्देश दिया गया है। कलेक्टर जनदर्शन, कलेक्टर टी.एल, जनशिकायत, पी एम ओ शिकायत, निदान 1100 संबंधी कई विषयों पर चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को यथाशीघ्र निराकरण हेतु निर्देशित गया है। पुष्पवाटिका योजनांतर्गत उद्यानों के विकास हेतु प्रस्ताव शासन को भेजा जाना है। जिसमें राज्य प्रवर्तित योजना अंतर्गत पुष्प वाटिका योजना अंतर्गत प्रति हेक्टेयर उद्यान विकास हेतु 37 लाख रुपये की लागत तैयार किया जायेगा। ज्ञात हो कि नगर पालिक निगम भिलाई के अयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा प्रतिदिन अलग-अलग वार्डो का दौरा करके विकास कार्यो की गुणवत्ता व सफाई कार्य का निरीक्षण करने के कारण विकास कार्य व सफाई कार्य में काफ परिवर्तन हुआ है। आयुक्त श्री पाण्डेय के निर्देश के बाद विकास अथवा सफाई कार्य का अनुपालन नही करने वालों को खिलाफ कार्यवाही भी की जाती है। जिससे ठेकेदार अथवा अन्य निर्देश का पालन कर रहे है।

## मुख्यमंत्री से संयंत्र के निदेशक ने की सौजन्य मुलाकात




**भिलाईनगर**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय स राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में भिलाई स्टील प्लांट के नवनियुक्त निदेशक चित्त रंजन महापात्र ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर श्री भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक श्री महापात्र ने मुख्यमंत्री श्री साय को पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने संयंत्र के निदेशक श्री महापात्र को उनकी नवीन पदस्थापना पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। मुख्यमंत्री श्री साय ने आशा व्यक्त की कि भिलाई स्टील प्लांट प्रदेश के विकास में हमेशा प्रभावी योगदान देता रहा है। आगे भी यह सहयोग रहेगा। निदेशक प्रभारी श्री महापात्र ने मुख्यमंत्री श्री साय से भिलाई इस्पात संयंत्र के विस्तारिकरण में सहयोग देने का अनुरोध किया। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के पवन कुमार कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन एवं भिलाई इस्पात संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस सौजन्य मुलाकात में मुख्य मंत्री श्री साय व संयंत्र के निदेशक श्री महापात्र ने संयंत्र की अनेक उपलब्यिों की जानकारी भी प्रदान की गई।

## विधायक कार्यालय में मनाया रक्षाबंधन पर्व



**भिलाईनगर**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। रक्षाबंधन के अवसर पर भिलाई विधायक ने अपने अनोखे और भावनात्मक आयोजन सेक्टर.5 स्थित किया गया। जहां उनके विधानसभा क्षेत्र से हजारों महिलाएं और युवतियां विधायक को राखी बांधने के लिए उमड़ीं। यह आयोजन हर साल की तरह इस वर्ष भी विधायक द्वारा स्वयं के स्तर पर आयोजित किया गया था। जिसमें राखी बांधने के साथ साथ महिलाओं के लिए विशेष भोजन, मनोरंजन, गीत.संगीत, और छत्तीसगढ़ी सुआ नृत्य की भी आकर्षक प्रस्तुति हुई। भिलाईनगर विधायक देवेन्द्र यादव का पूरा हाथ राखियों से भर गया था। बहनों के स्नेह और आशीर्वाद से अभिभूत विधायक ने भावुक होते हुए कहा पूरा भिलाई मेरा परिवार है। यह रक्षाबंधन सिर्फ एक पर्व नहीं, बल्कि हमारे विश्वास और प्रेम का प्रतीक है। यह परंपरा सालों से चल रही है, और इसे मैं हर साल अपनी बहनों के साथ मनाता हूं। विधायक ने याद करते हुए कहा पिछले साल जब मैं जेल में था, तब भी मेरी बहनें राखी लेकर वहां पहुंचीं थीं। यह सिर्फ धागा नहीं, बल्कि प्यार, विश्वास और आशीर्वाद का प्रतीक है। यही मेरा सबसे बड़ा धन है। राखी बांधने पहुंची महिलाओं ने विधायक को तिलक कर रक्षा सूत्र बांधा और उनकी लंबी उम्र, सफलता और स्वस्थ जीवन की कामना की। कई बहनों ने कहा कि विधायक से उनका रिश्ता सिर्फ एक जनप्रतिनिधि का नही, बल्कि भाई जैसा है, जो हर समय उनके साथ खड़ा रहता है। रक्षाबंधन पर्व के इस आयोजन में सुबह से ही महिलाओं की भीड़ लगने लगी थी। आयोजन समिति द्वारा पंडाल में बैठने, खाने और सुरक्षा की समुचित व्यवस्था की गई थी। छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य और गीत संगीत ने महौल को और अधिक उत्साहपूर्वक बना दिया गया।

## सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता का व्यापारी संघ ने किया स्वागत

**भिलाईनगर**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। आज गुरुवार को सेक्टर 10 काफी हाउस में भिलाई स्टील सिटी चैंबर की बैठक हुई। जिसमें विशेष रूप से सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट हिमांशु चौबे उपस्थित हुए। ऐसे करीब 60 व्यापारी जिनके लीज नवीनीकरण के केस बिलासपुर उच्च न्यायालय में लंबित हैं। उन्हें हिमांशु चौबे ने केस की वास्तविक जानकारी उपलब्ध कराई व्यापारियों ने लीज नवीनीकरण से संबंधित जो भी प्रश्न थे उनसे पूछे उन सबका उन्होंने समाधान किया और बताया कि लीज नवीनीकरण से संबंधित सारी जानकारी तथ्यों व प्रमाण के साथ उच्च न्यायालय में फाइल की जा चुकी हैं। स्टील सिटी चेंबर के प्रभावित व्यापारियों ने उच्च न्यायालय में व्यापारियों की तरफसे मजबूती से व्यापारियों का पक्ष रखने के लिए हिमांशु चौबे को गुलदस्ता भेंट कर सम्मान किया और पूरा विश्वास हिमांशु चौबे के प्रति व्यक्त किया। हिमांशु चौबे का स्वागत ज्ञानचंद जैन, रामकुमार गुप्ता, पीयूष जैन, अजय दीक्षित, ललित अग्रवाल, शांतनु, मित्र सरकार, उमा महेश्वरी, रवि नारायण, राकेश ढोडी, उमा महेश्वर, वेद प्रकाश गुप्ता, जयंत जैन, गौतम मित्र सरकार, मोतीलाल जैन सहित अनेक व्यापारियों ने किया ।



## हिरोशिमा दिवस पर नुक्कड़ सभा आयोजित



**भिलाईनगर**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। जन संघर्ष मोर्चा छत्तीसगढ़ एवं अन्य साथी जन संगठनों द्वारा हिरोशिमा दिवस के अवसर पर सिविक सेंटर परिवार चौक में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया।विदित हो कि 6 अगस्त 1945 को द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति पर दुनिया के साम्राज्यवादी ताकतों का सरगना अमरीका ने आत्मसमर्पण के लिए तैयार जापान के हिरोशिमा नगर पर परमाणु बम गिरा कर भीषण तबाही मचाई थी। इस अवसर पर वक्ताओं ने नाभिकीय विनाशकारी हथियारों, जंग और परमाणु ऊर्जा के खिलाफ रोजी रोटी, लोकतंत्र और अमन की जरूरत पर बात की। साथ ही मौजूदा छत्तीसगढ़ में नफरत और विभाजन के जहर को मिटाने की बात भी की गई । यही नहीं इस अवसर पर देश की गंगा जमुनी तहज़ीब और सांझी शहादत साझी विरासत की परंपरा को ऊंचा उठाने की बात भी की गई । नुक्कड़ सभा का संचालन भाकपा माले रेड स्टार के राज्य सचिव सौरा ने किया। अध्यक्षता जन संघर्ष मोर्चा छत्तीसगढ़ संयोजक प्रसाद राव ने किया। प्रमुख वक्ताओं में क्रांतिकारी सांस्कृतिक मंच और जाति उन्मूलन आंदोलन के संयोजक तुहिन, पीयूसीएल के राज्य सचिव कलादास, जन संघर्ष मोर्चा के संयोजक मंडल सदस्य एडवोकेट शाकिर कुरैशी, ऑल इंडिया बुद्धिस्ट फोरम की छत्तीसगढ़ संयोजक सविता बौद्ध, आम आदमी पार्टी भिलाई संयोजक के ज्योति, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद सदस्य विनोद सोनी, कॉमरेड सुरेन्द्र महंती, अखिल भारतीय क्रांतिकारी विद्यार्थी संगठन के पुरुषोत्तम, आप से अखिलेश गायकवाड़, छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा मजदूर कार्यकर्ता समिति से नीरा डहरिया व महेश, आर एन यादव, पास्टर चोआराम, रुस्तम मलिक और बिशप पॉल सोमनाथन ने अपनी बात रखी। सभा में लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और भारत की बहुलतावादी गंगा जमुनी तहजीब पर आधारित जन गीत प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर

प्रसाद राव, कलादास, नीरा, सविता बौद्ध, लखन सुबोध, एडवोकेट शाकिर कुरैशी, सौरा, तुहिन आदि उपस्थित थे।

## नौकरी लगाने के नाम से ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**भिलाईनगर**, 7 अगस्त ( देशबन्धु)। स्मृतिनगर पुलिस ने नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी को आज गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अरोपी मंत्रालय में बाबू होना बताकर नौकरी लगाने के नाम से 30,94,000 रुपए की ठगी की है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी ढालसिंह वर्मा रिपोर्ट दर्ज कराया कि 6 मार्च 2020 को आरोपी साबास के साथ प्रार्थी का परिचय हुआ था जो अपने आपको मंत्रालय में बाबू होना बताकर प्रार्थी एवं उनके साथीयो को अपने विश्वास में लेकर मंत्रालय रायपुर एवं पोस्ट ऑफिस में सरकारी नौकरी लगने के नाम पर नगद एवं बैंक के माध्यम से धोखाधड़ी किए जाने की रिपोर्ट पर पुलिस चौकी स्मृति नगर में अपराध क्रमांक 910/2025 धारा 420 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए तत्काल आरोपी साबास की पता तलाश हेतु पुलिस टीम महासमुंद भेजा गया था, जो स्थानीय पुलिस की मदद से आरोपी साबास के घर में दबिश देकर पकड़ा गया। पूछताछ पर आरोपी के द्वारा अपराध घटित करना स्वीकार किया। उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक गुरूविन्दर सिंग संधु, प्रआर अनुप साहू, आरक्षक अनिकेत चंद्राकर, कौशलेन्द्र सिंह, कमल नारायण की कार्यवाही सराहनीय रही।

## मिशन लक्ष्मी, स्त्री रोग स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**भिलाईनगर** 7 अगस्त (देशबन्धु)। संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाएं विभाग के अंतर्गत सेक्टर-9 अस्पताल के सहयोग से शासकीय डा. वामन वासुदेव पाटणकर गर्ल्स पीजी कॉलेज में 15वां मिशन लक्ष्मी स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया। महिलाओं एवं किशोरियों में स्वास्थ्य जागरूकता को प्रोत्साहित करने हेतु आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में छात्राओं और शिक्षकों ने भाग लिया और उन्हें व्यापक चिकित्सा परामर्श, निदान सेवाएं एवं स्वास्थ्य शिक्षा का लाभ मिला। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर द्वारा शिविर का शुभारंभ किया गया। सेक्टर-9 चिकित्सालय के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने स्वास्थ्य जांच, निदान सेवाएं और परामर्श प्रदान किया। शिविर में हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, ब्लड ग्रुप, सिकलिंग और पीएपी स्मीयर जैसी जांचें की गईं। कुल 85 हीमोग्लोबिन टेस्ट, 30 सिकलिंग टेस्ट, 25 ब्लड ग्रुप टेस्ट और 10 पीएपी स्मीयर सैंपल लिए गए। छात्राओं को तत्काल निदान और चिकित्सकीय उपचार भी उपलब्ध कराया गया। चिकित्सीय सेवाओं के साथ-साथ, शिविर में किशोरियों एवं महिलाओं की आवश्यक स्वास्थ्य जरूरतों पर जागरूकता सत्र भी आयोजित किए गए। इसी अवसर पर विश्व स्तनपान सप्ताह भी मनाया गया। जहां चीफ कंसल्टेंट (पीडियाट्रिक्स) डॉ. सुभास्मिता पटनायक ने स्तनपान के शिशु, माता, परिवार और समाज के लिए लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। छात्राओं में सहभागिता और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए एएम (इमरजेंसी सर्विसेज) सुश्री लता मिश्रा के समन्वय में स्वास्थ्य क्विज़ आयोजित किया गया। जिसमें सक्रिय सहभागिता रही और सही उत्तर देने वाली छात्राओं को 25 पुरस्कार वितरित किए गए। शिविर की सफलता में अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सम्बिता पांडा, चीफ कंसल्टेंट डॉ. सुभस्मिता पटनायक, एमओ डॉ. स्वाति शुक्ला, डीएनबी डॉ.सोनालिका, इमरजेंसी सर्विसेज लता मिश्रा, डायटिशियन सुश्री परोमिता दासगुप्ता, एएम सुश्री शशि सिंह, तकनीशियन सुश्री गुंजन एवं सुश्री अनुकृति तथा असिस्टेंट सुश्री सरिता चौधरी सेक्टर-9 अस्पताल की समर्पित टीम का योगदान रहाए जिन्होंने पूरे दिन छात्राओं, शिक्षकों और स्टाफ को विशेषज्ञ परामर्श व चिकित्सा सेवाएं प्रदान कीं। शिविर का संचालन कार्यपालक निदेशक डॉ. रवींद्रनाथ एम ने मार्गदर्शन दिया। इस आयोजन में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विनिता द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.कौशलेंद्र ठाकुर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सौरव मुखर्जी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उदय कुमार, महाप्रबंधक शिवराजन नायर, उप महाप्रबंधक सुश्री अपर्णा चंद्रा ने सक्रिय भूमिका निभाई। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव, डॉ. रेश्मा लेकस, कॉलेज के संकाय सदस्यों और छात्राओं के सहयोग से यह शिविर अत्यंत सफल रहा।



## हुड़को में सावन हरियाली तीज उत्सव का आयोजन



**भिलाईनगर**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। श्री मातृशक्ति महिला मंडल हुडको ने रंगीलो सावन हरियाली तीज का कार्यक्रम स्टील क्लब सेक्टर 8 में धूमधाम से मनाया। इस कार्यक्रम का मुख्य अतिथि के रूप में क्षत्रिय राजपूत महिला समाज की अध्यक्ष श्रीमती गीता सिंह, आराध्या दुर्गा जन कल्याण समिति की अध्यक्ष श्रीमती अर्चना सहारे, सुश्री गायत्री पांड, ताल फिटनेस एंड डांस स्टूडियो की संचालिका एवं मातृशक्ति महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती नीलिमा शुक्ला, मीडिया प्रभारी उर्मिला अवस्थी की उपस्थिति में सभी सदस्यों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में 2025-26 की हरियाली सावन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में क्वीन श्रीमती प्रतिमा दीक्षित फर्स्ट रनर, अप श्रीमती मीना तिवारी, सेकंड रनर अप श्रीमती रेनू पांडे विजेता रही। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सास्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाए उपस्थित थी।

## वृक्षारोपण आज की सबसे अहम आवश्कता-कोर्सेवाडा



**भिलाईनगर**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ट्रांसपोर्ट नगर हाथखोज में अपने सामाजिक दायित्व के तहत एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा के नेतृत्व में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें 101 पेड़ लगाए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अहिवारा विधानसभा के विधायक राज महंत डोमन लाल ,कोर्सेवाडा के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। उन्होनें कहा कि वृक्ष आज की आवश्कता है। ट्रांसपोर्ट नगर की विभिन्न समस्याओं की समाधान करने का ठोस आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष ने ट्रांसपोर्ट नगर में स्थापित हनुमान मंदिर में एक डोम शेड की मांग रखी गई। ट्रांसपोर्ट नगर में संचालित शराब दुकान को हटाकर अन्यत्र कहीं और स्थानांतरित करने की मांग रखी गई। इसका समर्थन सभी ट्रांसपोर्टरो ने एकमत से अपनी सहमति जताई तथा यथाशीघ्र शराब भट्टी हटवाने की मांग विधायक से की गई। इसी कड़ी में संगठन के सरक्षक इंद्रजीत सिंह छोटू विशेष रुप से उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने मंदिर परिसर में डोम शेड बनवाने एक अच्छी सुविधा युक्त मंच भी बनाने का सहमति दी तथा ट्रांसपोर्टों की हर समस्याओं का हर संभव मदद देने का भी आश्वासन दिया। कार्यक्रम में विधायक डोमन लाल कोर्सेवाडास प्रांतीय अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठास संरक्षक इंद्रजीत सिंह छोटू, प्रेमलाल साहू ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यकारी अध्यक्ष जसवंत सिंह सैनी, हरेंद्र यादव, सतीश साहू, बहल राम साहू,, अजय भसीनष मलकीत सिंह लाल, पंकज सेठी, सतीश अग्रवाल, अजय डालमिया, शंभूनाथ बैठा, जगत राम, बावन कुरे, संजय शर्मा, नंदलाल शर्मा, भजन सिंह, हरनेक सिंह, कमलेश्वर सिंह, इंद्रजीत सिंह सैनी, सुरजीत सिंग सैनी, अरुण कुमार बैठा, गुरप्रीत सिंग ढींगरा, जगन्नाथ पहलवान, बीपी सिंह, राजीव रंजन शर्मा इत्यादि उपस्थित थे।

## मंदिर को नुकसान करने वाला पुलिस हिरासत में

**भिलाईनगर**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। जामुल थाना क्षेत्र के अंतर्गत घासीदास नगर में गुरुवार को जमकर हंगामा हुआ। एक शख्स ने मंदिर में तोड़फोड़ कर दी। यही नहीं आसपास घरों के करीब बनाए गए तुलसी चौंरा को भी नुकसान पहुंचा। विरोध करने पर गालियां दी। युवक की इस घटिया हरकत के बाद मोहल्ले वालों में आक्रोश उत्पन्न हो गया। सभी ने थाने पहुंचकर युवक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया। घटना की सूचना मिलने के बाद बजरंग दल सहित अन्य हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ता पहुंचे। विरोध के बाद पुलिस ने आरोपी शख्स को हिरासत में ले लिया है। यह पूरी घटना जामुल थाना के गुरु घासीदास नगर में आज गुरुवार सुबह साढ़े 8 से 9 बजे के बीच उसी इलाके में रहने वाले अधेड़ शख्स ने सड़क किनारे बने छोटे से हनुमान मंदिर में तोड़फोड़ कर दिया। शख्स ने हनुमान प्रतिमा को भी नुकसान पहुंचाया है। इस हरकत पर नजर पड़ते ही आसपास की महिलाओं ने उसे ऐसा करने से मना किया गया। महिलाओं ने बताया कि वह युवक गंदी गालियां देने लगा और उनके सामने ही अपने कपड़े उतार दिया। घटना की जानकारी मिलने पर बजरंग दल के रवि निगम और ज्योति शर्मा भी वहां पर पहुंच गई। इनके साथ मोहल्ले वालों ने सीधे जामुल थाने का रुख किया और वहां घेराव कर दिया। इस बीच पुलिस ने आरोपी शख्स को हिरासत में लेकर पुछताछ कर रही है। घटना के बाद वहां तनाव की स्थिति बन गई। पुलिस समझाई से मामला शान्त हुआ।

## नाले में मिला युवा का शव

**भिलाईनगर**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। वीति देर रात एक युवक का नाले में शव मिला। शरीर पर चोट के निशान है। ऐसे में हत्या की आशंका जताई जा रही है। यह मामला जामुल थाना क्षेत्र के गोकुल नगर का है। पुलिस को नाले में लाश मिलने की सूचना मिली थी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। प्रारंभिक जांच में मृतक के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। इससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। पोस्ट मार्टम रिपोर्ट के बाद इसका खुलासा हो सकेगा। मृतक की पहचान देवेंद्र यादव 35 भिलाई के रुप में हुई है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। सभी पहलुओं पर विचार करते हुए पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह हत्या का मामला है या किसी दुर्घटना का है।

## पंखा गिरन से स्कूल छात्रा घायल



**भिलाईनगर**, 07 अगस्त (देशबन्धु)। डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल सेक्टर 2 भिलाई कक्षा के छत पर लगा सीलिंग फैन टूटकर गिर जाने से एक छात्रा के दाहिने भाग में चोटे आई हैं। जिसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां इलाज जारी है। भट्टी थाना प्रभारी राजेश साहू ने बताया कि इसकी जानकारी लगने पर पुलिस पहुंची थी। परिजनों की ओर से शिकायत किए जाने पर स्कूल प्रबंधन के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। भट्टी पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक सेक्टर 2 स्थित डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल के कक्षा 4 में आज दोपहर को छत पर लगा सीलिंग फैन टूट कर गिर पड़ा। नीचे क्लास में बैठी बच्ची के शरीर के दाहिने भाग में पंखा गिरने के कारण उस चोटें आई। बच्ची को इलाज के लिए तत्काल एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है। जहां इलाज जारी है। परंतु इस पूरे मामले को प्रबंधन के द्वारा छिपाने का प्रयास किया गया। घटना के बाद क्लास रूम को लॉक कर दिया गया। जब पुलिस पहुंची तो स्कूल गेट पर ताला लगा हुआ था। जिसके कारण पुलिस स्कूल के अंदर लगे ताले को खुलवाया गया।

**महिला कांग्रेस का तीज महोत्सव कल**

दुर्ग, 7 अगस्त (देशबन्धु)। शहर जिला महिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 9 अगस्त को राजीव भवन में महिला तीज मिलन का कार्यक्रम किया जायेगा। यह जानकारी महिला कांग्रेस की अध्यक्ष कन्या ढीमर ने दी।

# यातायात पुलिस ने ज्ञानोदय पब्लिक स्कुल के बस चालको और ई-रिक्सा चालकों की ब्रिथनलाइजर से चेकिंग

- बच्चों को सुरक्षित रूप से स्कूल पहुंचाने के महत्व पर दिया गया जोर
- बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और सुरक्षित यातायात नियमों को देना बढ़ावा



**बेमेतरा**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्री रामकृष्ण साहू के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा श्री मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला श्री विनय कुमार, डीएसपी श्री राजेश कुमार झा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू एवं डीएसपी श्रीमती संतोषी ग्रेस के मार्गदर्शन में जिले भर में सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत च्व्हमर पुलिस हमर बाजारज्ज एवं च्व्हमर पुलिस हमर गांवज्ज अभियान के माध्यम से सतत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण, बाल सुरक्षा, नशा मुक्ति, सायबर अपराध, महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अपराधों की रोकथाम तथा यातायात नियमों के प्रति आमजन, स्कूली बच्चों एवं विद्यार्थियों को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज दिनांक 07.08.2025 को* च्व्हमर पुलिस हमर गांवज्ज अभियान के अंतर्गत बेमेतरा यातायात प्रभारी उप निरीक्षक श्री प्रवासी यादव के नेतृत्व में यातायात स्टाफ द्वारा ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल एवं ई-रिक्सा वाहन चालकों को ब्रिथनलाइजर से जांचकर और यातायात नियमों के बारे में जागरूक करके, बच्चों को सुरक्षित रूप से स्कूल पहुंचाने के महत्व पर जोर दिया गया, इन जागरूकता अभियानों का उद्देश्य बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और सुरक्षित यातायात नियमों को बढ़ावा देना है। स्कूल वाहन एवं ई-रिक्सा चालकों के* लिए नियमित ब्रिथनलाइजर जांच की जा रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे शराब पीकर वाहन नहीं चला रहे हैं, ड्राइवरों को यातायात नियमों की जानकारी दी जा रही हैं, जिसमें गति सीमा, ट्रैफिक सिग्नल का पालन, और सुरक्षित ड्राइविंग नियम शामिल हैं। ड्राइवरों को बच्चों को स्कूल से घर और घर से स्कूल तक सुरक्षित रूप से पहुंचाने की ज़िम्मेदारी के बारे में बताया जा रहा है। वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन की जानकारी दी गई तथा यह समझाया गया कि* गति सीमा का पालन करें और सुरक्षित गति से वाहन चलाएं, लाल, पीला और हरा ट्रैफिक लाइट के संकेतों को समझना और उनका पालन करना महत्वपूर्ण है, वाहन चलाते समय मोबाईल फोन का उपयोग न करें, तेज गति से वाहन चलाना खतरनाक हो सकता है। बिना लाइसेंस वाहन चलाना कानूनन अपराध है। रजिस्ट्रेशन कार्ड, इंश्योरेंस और ड्राइविंग लाइसेंस जैसे दस्तावेजों की अनिवार्यता बताई गई।

## प्रज्ञानालय आश्रम में चक्रशोधन, दीक्षा व ध्यान साधना तीन दिवसीय शिविर आज से

**दुर्ग**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। प्रज्ञानालय क्रियायोग आश्रम पद्मनाभपुर में 8 से 10 अगस्त तक त्रिदिवसीय चक्रशोधन एवं ध्यान साधना शिविर का आयोजन अचलानंद गिरी के सानिध्य में किया जायेगा। 10 अगस्त को सुबह साढ़े 10 बजे से साढ़े 11 बजे तक परमहंस प्रज्ञानालय जी का जन्मोत्सव मनाया जायेगा। सभी कार्यक्रम 8 अगस्त से शुरू लेगें। यह जानकारी प्रज्ञानालय क्रियायोग आश्रम के अध्यक्ष टी.के.कुम्भज एवं सचिव युवराज देशमुख ने दी।

उक्त तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत शाम 4 से 6 बजे तक दीक्षा रजिस्ट्रेशन, सत्संग व शाम 6 बजे से साढ़े 7 बजे तक ध्यान आरती का कार्यक्रम होगा। इसी तरह 9 अगस्त व 10 अगस्त को भी विशेष कार्यक्रम किये जायेगें।

# कलेक्टर के मार्गदर्शन में कृषि एवं राजस्व अधिकारियों का वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**कवर्धा**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में कलेक्टर जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कृषि और राजस्व विभाग के अधिकारियों के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, सामान्य फसल कटाई प्रयोग एवं अन्य कृषि सांख्यिकीय कार्यों के संबंध में वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम वर्ष 2025-26 का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण संभाविक न्यादर्श पद्धति पर आधारित था। प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख एवं डिप्टी कलेक्टर आर.बी. देवांगन, अधीक्षक भू-अभिलेख गजेन्द्र साहू, तथा प्रशिक्षणकर्ता के रूप में सहायक आयुक्त सांख्यिकीय एच. टोप्पो एवं प्रदीप साहू ने प्रशिक्षण सत्र का संचालन किया। उन्होंने कृषि से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी देते हुए जिले के फील्ड स्तर के अधिकारियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में जिले के समस्त राजस्व निरीक्षक, पटवारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, बीमा कंपनी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने हेतु संभाविक न्यादर्श पद्धति के अंतर्गत फसल कटाई प्रयोग को वैज्ञानिक ढंग से लागू करने पर विशेष बल दिया गया। कलेक्टर ने प्रशिक्षण के दौरान निर्देशित किया कि अनुमोदन के लिए लंबित किसान पंजीयन कार्य को शीघ्र पूर्ण किया जाए एवं जिले में शत-प्रतिशत पात्र किसानों का पंजीयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि सभी कृषकों को फसल बीमा योजना का लाभ ससमय प्राप्त हो सके। कलेक्टर ने कहा कि फसल बीमा योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है, पंजीयन कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं होनी चाहिए। उन्होंने पटवारियों से कहा कि वे बीमा कंपनी एजेंटों एवं कृषि विभाग के फील्ड अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें, ताकि जिले के सभी किसान इस योजना से लाभान्वित हो सकें।कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षणकर्ताओं द्वारा विभिन्न तकनीकी पहलुओं जैसे संभाविक न्यादर्श पद्धति की प्रक्रिया, फसल कटाई के वैज्ञानिक तरीके, डेटा संग्रहण की विधियां, बीमा दावे की प्रक्रिया एवं समयसीमा आदि पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में अधिकारियों को आगामी खरीफ मौसम को ध्यान में रखते हुए कार्ययोजना तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कृषि विभाग और राजस्व विभाग के समन्वय से किसानों को फसल बीमा योजना का व्यापक लाभ सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस कदम उठाने पर जोर दिया गया। कृषि आधारित इस तकनीकी प्रशिक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि जिलास्तर पर कार्यरत सभी मैदानी अमले को योजनाओं के क्रियान्वयन एवं सांख्यिकीय रिकॉर्ड संधारण में दक्ष बनाया जा सके।



# नगर में अपराध नियंत्रण हेतु तीसरी आंख से होगी निगरानी

- प्रमुख स्थानों पर लगाया गया सीसीटीवी कैमरा



**गुरुर देशबन्धु**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। गुरुर नगर में मुख्य मार्ग के अलावा विभिन्न वार्डो पर तीसरी आंख से निगरानी किया जाएगा, ताकि नगर में अपराधों पर नियंत्रण किया जा सके, हालांकि स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा रात्रि में समय समय पर गश्त भी की जा रही है, फिर भी नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ने लगी है। नगर पंचायत गुरूर कार्यालय से जानकारी के मुताबिक, यहां राज्य शासन द्वारा प्रयास के बाद नगर के धनेली चौक, अंबेडकर चौक, बस स्टैंड, शिव चौक, तहसील रोड,सामुदायिक भवन सहित अन्य स्थानों पर सीसी टीवी कैमरा लगाया गया है, ताकि नगरीय निकाय क्षेत्र के अंतर्गत शासकीय संपत्तियों पर निगरानी किया जा सके, इसके अलावा नगर में होने वाली चोरी जैसी घटनाओं पर भी नियंत्रण होगा।

बता दे कि गुरुर नगर के बाजार चौक में स्थित दुकानों में, हनुमान मंदिर में, बस स्टैंड स्थित दुकान सहित अन्य स्थानों पर कई बार चोरी की घटनाएं हो चुकी है, इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी चोर की घटनाएं सामने आ रही है, ऐसे में स्थानीय प्रशासन द्वारा जगह जगह कैमरा लगाया जा रहा है, वही गुरुर नगर से गुजरे नेशनल हाईवे में भी प्रमुख स्थानों पर कैमरा लगाया गया है, ताकि अचानक घटना दुर्घटना होने पर सबूत जुटाने के लिए एवं आरोपियों को पकड़ने में पुलिस प्रशासन को मदद मिल सके।

नगर पंचायत कार्यालय से जानकारी के मुताबिक गुरुर नगर के प्रमुख स्थानो पर लगाए गए सीसी टीवी कैमरे को पुलिस थाना गुरुर से निगरानी किया जा रहा है, गुरुर नगर में प्रमुख स्थानों पर इस तरह सीसी टीवी कैमरा लगाए जाने की जानकारी पर दुकानदारों सहित नगर वासियों ने भी स्थानीय प्रशासन का आभार माना है, क्योंकि गुरुर नगर में अपराधिक प्रवृत्ति के लोग भी देर रात्रि तक मुख्य मार्गों के अलावा कुछ वार्डों में भी दिखाई देते हैं, ऐसे में अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर भी पुलिस प्रशासन द्वारा हमेशा निगरानी किया जाएगा।

# किसानों को बिजली कटौती से सिंचाई में परेशानी

**परपोड़ी**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। नगर और आसपास के 60 से 70 ग्राम में किसान दोहरी समस्या से दिक्कत में है। शासन के आंकड़ों के अनुसार यह क्षेत्र पूरे जिले में सबसे कम वर्षा वाला है । किसान सिंचाई के लिए बोरवेल के भरोसे सिंचाई कर रहे है लेकिन बिजली विभाग के बिजली कटौती से किसान परेशान है । इसी प्रकार किसानों को यूरिया खाद न सहकारी सेवा समिति और न निजी दुकानों में मिल रहा है। इस प्रकार किसान दोहरी समस्या झेल रहे है।



### क्षेत्र में वर्षा की स्थिति

बेमेतरा जिले में 1 जून से 7 अगस्त 2025 प्रतिवेदित दिनांक तक की स्थिति में सवेरे 8.00 बजे तक जिले में 331 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में अब तहसील थानखम्हरिया में 477.3 मि.मी. तथा न्यूनतम 247.5 मि.मी. वर्षा भिंभौरी तहसील में दर्ज की गई है। संयुक्त जिला कार्यालय के भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार बेमेतरा तहसील मे 261.8 मि.मी. वर्षा, नांदघाट तहसील में 348 मि.मी. वर्षा, बेरला तहसील में 316.9 मि.मी., देवकर तहसील में 306 मि.मी, वर्षा दाढ़ी तहसील मे 403.1 मि.मी., वर्षा नवागढ़ तहसील में 255 मि.मी. एवं साजा तहसील में 363.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस प्रकार सबसे कम वर्षा वाले तहसीलों में देवकर की गिनती है।

### बिजली विभाग का अजीबोगरीब तर्क

विद्युत विभाग से विद्युत कटौती की जानकारी के लिए परपोड़ी कार्यालय में संपर्क किया गया तो जिम्मेदारी अधिकारी दौरे पर थे । किसानों ने मोबाईल में कॉल किया तो उन्होंने कॉल नहीं उठाया। विद्युत विभाग के कॉल को अधिकारी ने उठाया तो जानकारी मिली कि ओवरलोड के कारण ऐसा हो रहा है। विद्युत विभाग को सब स्टेशन की क्षमता और ट्रांसफॉर्मर की क्षमता और उससे दिए स्थाई कनेक्शन और टीसी कनेक्शन की क्षमता की जानकारी रहती है। इसके बावजूद विद्युत का बार बार अवरुद्ध होना और लगातार कटौती से किसान को सिंचाई संकट बढ़ता जा रहा है।

### बिजली कटौती से किसान परेशान

खाद का संकट झेल रहे किसानों की दूसरी समस्या बिजली कटौती है। किसानों के अनुसार 24 घंटे में मात्र 12 घंटे किसानों को बिजली दी जा रही है। जबकि अटल ज्योति योजना में कृषकों के सिंचाई के लिए लगाए पम्प को अलग से विद्युत कनेक्शन दिया गया है। विद्युत विभाग का कहना है कि ओवरलोड के कारण 24 घंटे बिजली देना संभव नहीं है। जबकि अटल ज्योति योजना पूरी तरह किसानों के लिए है। ऐसे में परपोड़ी क्षेत्र में सबसे कम वर्षा होने से फसलों के सिंचाई में परेशानी आ रही है।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं ने विभिन्न समस्या को लेकर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को लिखा पत्र



**गुरुर** देशबन्धु। देश में जब से आईसी डीएस की स्थापना हुई है, तब से आंगनबाड़ी केन्द्रों में पदस्थ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा सहायिकाओं द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया जा रहा हैं, इसके बावजूद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को अभी तक शासकीय कर्मचारी का दर्जा नहीं मिल पाया है इसके अलावा उन्हें कार्य के अनुरूप मानदेय, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पदोन्नति, फेस कैप्चर जैसे अन्य तरह की तकनीकी तथा व्यवहारिक परेशानियों से सामना करना पड़ रहा है, उपरोक्त समस्याओं को लेकर तथा अपनी प्रमुख मांगों को पूरा करने के लिए संघ द्वारा लगातार शासन प्रशासन को पत्र व्यवहार भी किया जा रहा है। बुधवार को गुरुर विकासखंड के आंगनबाड़ी केन्द्रों में पदस्थ कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखा गया। यहां गुरुर, तार्री, सोरर, धानापुरी, दर्रा जैसे अन्य स्थानो पर संचालित पोस्ट ऑफिस के माध्यम से मांग पत्र को भेजा गया, मिली जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में शिक्षाकर्मी एवं पंचायत कर्मी की तरह आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को भी चतुर्थ एवं तृतीय श्रेणी कर्मचारी घोषित करने, शासकीय कर्मचारी घोषित कर कार्यकर्ताओं को प्रति माह 26 हजार रुपए एवं सहायिकाओं को 21 हजार रुपए प्रदान करने, सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन, समूह बीमा और कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने, सहायिकाओ को कार्यकर्ता के रूप मे एवं कार्यकर्ता को सुपरवाइजर के पद पर पदोन्नति देने, रेडी टू ईट एवं फेस कैप्चर तथा विभिन्न कार्यों को ऑफलाइन करने हेतु मांग किया गया है।

# एक पेड़ मां के नाम के तहत बेलगांव में वृहद रूप से वृक्षारोपण



**डोंगरगढ़**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेलगांव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक पेड़ माँ के नाम के आह्वान पर वृहद रूप से वृक्षारोपण किया गया । जिसमें मंगा बरगढ़ पीपल नीम, करण एवं अन्य कई प्रकार के पौधा रोपण किमा गमा ।सभी को सकल्प दिलाकर वृक्षों की देखरेख को दामित्व दिया गया ।जिसमें मुख्य रूप से ग्राम के सरपंच कौशल कवर , पूर्व सरपंच छबील राम साहू ,ग्रामीण भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल सिंहा पूर्व अध्यक्ष जैन कुमार मेश्राम महामंत्री धर्मचंद वर्मा, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय सिंहा मुरली गेडाम , पंचायत सचिव धर्मचंद धर्मगडे उप सरपंच योगेश कुमार साहू, पच नेतराम कवर सहदेव साहू इतवारी कवर गिरधारी कवर, पप्पू गेडाम जागेश्वर साहू समिति अध्यक्ष राम रतन कवर प्रकाश अग्रवाल प्रमोद अग्रवाल कुसमी सरपंच तीरथ पटेल उदय राम सिंहा प्रा शाला प्रधान पाठक उत्तम सोनी सहायक शिक्षा कर्मी सोनी जी शिव राजेकर धुसेरा सरपंच पीतांबर सिंहा मनोज नेम हेमलाल सिंहा सहित अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# दि आई.सी.एफ.ए.आई. विश्वविद्यालय, दीक्षारंभ ( ई-आरंभ ) कार्यक्रम का भव्य आयोजन

**कुम्हारी**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। दि आई.सी.एफ.ए.आई. विश्वविद्यालय, में च्ई-आरंभ 2025 (दीक्षारंभ2025)ज्ज कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: 10-30 बजे दीप प्रज्वलन एवं मुख्य अतिथियों के स्वागत सत्कार के साथ हुआ, कार्यक्रम में प्रबंधन, विज्ञान, विधि, इंजीनियरिंग, मानविकी एवं वाणिज्य संकायों के नवप्रवेशी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक एवं सक्रिय रूप से कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत छात्र अधिष्ठाता प्रो. डॉ. के. किशोर कुमार के स्वागत भाषण से हुई, उन्होंने आई.सी.एफ.ए.आई. शिक्षा प्रणाली की विशिष्टताओं (यूएसपी), परीक्षा पद्धति एवं शैक्षणिक विरासत की विस्तृत जानकारी दी, विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शैक्षणिक एवं बौद्धिक वातावरण प्रदान किए जाने पर बल दिया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. शिव दयाल पांडेय ने अपने विचार रखते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं पारंपरिक शिक्षा प्रणाली के मध्य तुलनात्मक चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों में मूल्य प्रणाली के समावेश, स्व-विश्लेषण (स्वॉट एनालिसिस) तथा नियमित शैक्षणिक भागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया। कुलपति महोदय ने छात्रों से उत्तरदायित्व की समझ विकसित करने और समय प्रबंधन के साथ अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता डॉ. व्यास दुबे, अकादमिक सदस्य, छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग, ने अपने प्रेरणादायक वक्तव्य में विद्यार्थियों को विनम्रता, नैतिक मूल्यों एवं चरित्र निर्माण की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने स्वामी विवेकानंद एवं डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के जीवन से प्रेरक उदाहरण देते हुए विद्यार्थियों को एक आदर्श नागरिक बनने की प्रेरणा दी। उन्होंने छात्र विविधता एवं समावेशिता की सराहना करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की मुख्य विशेषताओं पर भी प्रकाश डाला, विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन करने, अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने तथा कक्षाओं में सतत उपस्थिति बनाए रखने की अपील की। इसके पश्चात समस्त विभागाध्यक्षों ने अपने-अपने विभागों का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत करते हुए पाठ्यक्रम, शैक्षणिक गतिविधियों तथा संभावनाओं पर प्रकाश डाला एवं नवप्रवेशित विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. डॉ. मनीष उपाध्याय ने उद्बोधन में विश्वविद्यालय की तमाम बुनियादी सुविधाओं सहित, विश्वविद्यालय के छात्र सेवा प्रकोष्ठ, परीक्षा प्रकोष्ठ, सांस्कृतिक समिति तथा विभिन्न विश्वविद्यालय स्तरीय क्लबों की जानकारी दी। अंत में उन्होंने सभी नवप्रवेशी विद्यार्थियों को नवीन शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए शुभकामनाएँ दिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. जया सिंह (विभागाध्यक्ष, आर्टस) द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी विभागाध्यक्षगण, प्राध्यापकगण, प्रशासनिक अधिकारीगण एवं नवप्रवेशित विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।



# खाद्य मंत्री को मां बमलेश्वरी विक्रेता संघ ने अपनी समस्याओं से कराया अवगत

**डोंगरगढ़**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश के खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल से मां बमलेश्वरी विक्रेता संघ ने मुलाकात करके संघ की समस्या से अवगत कराया है ।इस दौरान संघ के संरक्षक परशराम राय अध्यक्ष क्रांति कुमार नामदेव उपाध्यक्ष रोशन कुमार सेन सचिव अभिषेक ओरारे सहित अन्य उपस्थित थे ।खाद्य मंत्री को दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि राशन विक्रेताओं को वर्तमान में छग शासन द्वारा खाद्यान कमीशन राशि मात्र 30 प्रति चिंटल दिया जा रहा है छ:ग के समस्त राशन दुकान विक्रेताओं की समस्या को ध्यान में रखते हुए इसे बढाकर केंद्र सरकार के बरावर 90 रु प्रति ब्लिंटन किया जाए, एवं बारदाना का समय पर उठाव एवं भुगतान निर्धारित समय तिथि में किया जाए। शासन द्वारा 150 चि तक वित्तीय पोषण दिया जाता है जिससे बढाकर 150 चि अधिक आवंटन वाले को भी दिया जाए एवं शक्कर में 51-प्रति चिटल शासन द्वारा ?5 प्रति चिंटल दिया जाता है जिसे बढाकर 90 प्रति चिंटल देने की मांग खाद्य मंत्री से की गई है



## निधन

### राजेश सिंह




**भिलाईनगर**, 7 अगस्त। क्षत्रिय कल्याण सभा भिलाई नगर के आजीवन सदस्य सामाजिक व्यक्तित्व के धनी सेक्टर-2, सड़क-9, क्वार्टर नंबर -6, भिलाई नगर निवासी राजेश सिंह पिता स्वर्गीय राम मूरत सिंह का आज सुबह 9 बजे आकस्मिक निधन हो गया। वे 52 साल के थे। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार 8 अगस्त को दोपहर 2 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा वे राघवेंद्र प्रताप सिंह, ज्ञानेश प्रताप सिंह के चाचा थे।

### सरोजिनी दानी



**दुर्ग**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। आर्य नगर निवासी श्रीमती सरोजिनी देवी दानी (उम्र 94 वर्ष) पत्नी स्व. उपेन्द्र प्रसाद दानी का आज सुबह निधन हो गया। अंतिम संस्कार कल 8 अगस्त शुक्रवार को हरनाबांधा मुक्तिधाम में प्रातः 10.30 बजे किया जाएगा। वे डॉ. अजय दानी, डॉ. संजय दानी, अधिवक्ता नवीन दानी की माता एवं डॉ. रौनक दानी, डॉ. उत्कर्ष दानी की दादी थीं।

### भोलाराम चंद्राकर



**महासमुंद** 07 अगस्त (देशबंधु)। ग्राम खरोरा निवासी सेवानिवृत्त प्रधानपाठक भोला राम चंद्राकर 85 वर्ष का बुधवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम खरोरा में 7 जुलाई को किया गया। वे मयाराम चंद्राकर के बड़े भाई , रामधन, शंकर लाल, नरेश, मोहन चंद्राकर के पिता थे।

### अशोक अम्बादे



**डोंगरगढ़** , 7 अगस्त (देशबन्धु)। प्रेस क्लब ऑफ डोंगरगढ़ के सदस्य, पत्राकार अशोक अम्बादे उम्र 48 का आकस्मिक निधन गुरुवार को हो गया है। विगत कई वर्षों से वे अखबार के माध्यम से पत्रकार जगत में जुड़कर कार्य करते रहे । उनकी अंतिम शव यात्रा 8 अगस्त दिन शुक्रवार को सुबह 10 बजें उनके निज निवास दंतेश्वरी पारा वार्ड नं. 2 से स्थानीय छिरपानी मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी। उनके निधन पर प्रेस क्लब ऑफ डोंगरगढ़, बौद्ध समाज सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने शोक जताया है।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन

**गंडई पंडरिया**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। स्वर्गीय श्री देवी प्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय, गंडई में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी. पी. कुर्रे एवं एनएसएस योजना समन्वयक श्री प्रदीप अमीला के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवकों तथा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में नवनिर्माण किए गए गार्डन क्षेत्र, पुराने एवं नवीन भवनों के बीच वृक्षारोपण किया गया। सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा प्रत्येक वृक्ष को अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारी में लेकर उसकी सुरक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति छात्र-छात्राओं में जागरूकता फैलाना था। इस अवसर पर संदेश दिया गया कि प्रकृति की रक्षा हमारा नैतिक दायित्व है। हम सभी को मिलकर अपने महाविद्यालय को हरा-भरा बनाना है और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को निभाना है। कार्यक्रम में विशेष रूप से अनीता पौसार्य, गावस्कर कौशिक, बी.एल. वर्मा, गौरव जैन, दीपांशु यादव, शुभम दुबे सहित एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।




# अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री हेतु रखे आरोपी गिरफ्तार

**बालोद**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग रामगोपाल गर्ग के निर्देशन पर पुलिस अधीक्षक बालोद योगेश पटेल के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालोद मोनिका ठाकुर के पर्यवेक्षण में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बालोद देवांश सिंह राठौर एव थाना प्रभारी बालोद निरीक्षक शिशुपाल सिन्हा के नेतृत्व में नशे के विरुद्ध अभियान के तहत आरोपी से कुल 736 ग्राम गांजा को किया गया जप्त है। मामले की विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 06.08.2025 को मुखबिर द्वारा सूचना मिला कि तौहिद अहमद जो खाल्हेपारा बालोद का निवासी है जो गांजा ब्रिकी का काम करता है वह अभी एक ग्रे रंग के पीठू बैग में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखे हुए हैं। बैग लेकर अपने घर की ओर जा रहा है। सूचना पर थाना स्टाफ एवं गवाहों के खाल्हेपारा बालोद की ओर रवाना हुआ। खाल्हेपारा पहुंचा। मुखबिर द्वारा बताये सूचना की तस्दीकी हेतु तौहिद अहमद के घर के दरवाजे में खटखटाया घर का दरवाजा खोलकर एक लड़का बाहर निकला जिसे नाम पुछने पर अपना नाम तौहिद अहमद पिता इम्तियाज अहमद बताया, जिसे गांजा लेकर आने तथा रखने के संबंध में पुछताछ करने पर तौहिद अहमद के द्वारा किसी प्रकार से गांजा नही रखना बताया, कड़ाई से पुछताछ करने पर गांजा लेकर आना व बिक्री हेतु घर में रखना स्वीकार किया। एनडीपीएस एक्ट के तहत् विधिवत् कार्यवाही करते हुए गवाहों के समक्ष आरोपी के कब्जे से खाकी रंग के टेप से लिपटा हुआ अवैध मादक पदार्थ गांजा कुल वजनी 736 ग्राम, कीमती करीबन 7360 रूपये, एक ग्रे रंग का बैग जिसके अंदर सफेद पालीथीन जिसमें छोटे छोटे पालीथीन के पैकेट है कीमती करीबन 300 रू, एक काले रंग का रियल मी कंपनी का एंड्रायड मोबाइल जिसमें एयरटेल कंपनी का सिम लगा हुआ है, कीमती करीबन 5,000 रूपये नगदी रकम 350 रूपये व एक नग लाईटर कीमती 10 रू, कुल जुमला कीमती 13020 रू, मिले विधिवत् मुताबिक जप्ती के जप्त किया गया। तौहिद अहमद का कृत्य एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (ख) अंतर्गत दण्डनीय अपराध होना पाये जाने से दिनांक 06.08.2025 के 14.20 बजे विधिवत् गिरफ्तार किया गया है सम्पूर्ण कार्यवाही मौके पर कर थाना आने उपरांत अपराध क्रमांक 318/2025 धारा 20 ख एनडीपीएस एक्ट पंजीबध्द किया गया। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उक्त अवैध मादक पदार्थ गांजा की रेड कार्यवाही में, थाना प्रभारी बालोद निरीक्षक शिशुपाल सिन्हा, प्र.आर. 1603 दुर्योधन यादव, प्र.आर. 552 यज्ञदत्त ठाकुर, आरक्षक 36 मोहन कोकिला, आरक्षक 51 नागेष साहू, 457 भुपेश साहू, आरक्षक 86 वेदप्रकाशभुआर्य, महिला आरक्षक 15 लक्ष्मी पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# बिजली बिल हाफ योजना बंद करने पर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**बेमेतरा,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा के द्वारा प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार भाजपा सरकार द्वारा बिजली बिल हाफ योजना बंद करने पर आज बिजली ऑफिस कार्यालय के बाहर जमकर प्रदर्शन किया इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने बताया कि कांग्रेस की सरकार ने पिछले 5 वर्षों तक विपरीत परिस्थितियों में भी बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल हाफ योजना शुरू किया था जिसका लाभ प्रदेश के 44 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को मिलता था जिससे 5 साल में लगभग प्रत्येक उपभोक्ता का लगभग 40 से ?50000 तक की राशि का बचत हुआ है कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू किए गए 400 यूनिट बिजली बिल हाफ के दायरे में प्रदेश का लगभग हर उपभोक्ता आता था किसी को बिजली की खपत माग 600 यूनिट था तो या उससे भी अधिक था तो उसके पहले 400 यूनिट तक बिजली की खपत पर बिजली बिल आधा हो जाता था शेष पर ही उसको पूरा बिल देना पड़ता था कांग्रेस सरकार के द्वारा चालू की गई इस योजना को भाजपा सरकार ने बंद कर दिया है पिछले माह ही सरकार ने बिजली के दाम चौथी बार बढ़ाया था घरेलू खपत पर 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई गैर घरेलू बिजली की तार में 25 पैसे प्रति यूनिट महंगी कर दी गई सर्वाधिक बढ़ोतरी कृषि पंप के बिजली के दामों में 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि करके की गई थी डेढ़ साल के भीतर साय सरकार ने घरेलू बिजली की दरों में अब तक कुल 80 पैसे की प्रति यूनिट की बढ़ोतरी कर दी है भाजपा सरकार बनने के बाद आम जनता को मांग के अनुसार बिजली नहीं मिल रही है बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से शहर और गांव की जनता जूझ रही हैं सावन माह का अंतिम सप्ताह चल रहा है प्रदेश में बारिश कम हुई है विशेष कर बेमेतरा जिले और छत्तीसगढ़ राज्य के कई जिलों में वर्षा औसत से भी कम हुई है किसी कार्य के लिए बिजली की आवश्यकता है और ऐसे में बिजली बिल हाफ योजना का बंद किया जाना छत्तीसगढ़ के आम जनता किसान और गरीब परिवार के ऊपर कुठाराघात है जिला कांग्रेस



कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि आज जिले की स्थिति ऐसी है कि अगर कहीं ट्रांसफार्मर जल जाए तो उसे सुधारने में महीना लग जा रहे हैं किसानों की फसल को सर्वाधिक आवश्यकता आज पानी की है और ऐसे में विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी खुद भी परेशान है राज्य सरकार की वजह से नये ट्रांसफार्मर कहां से लाएं और कैसे बदली करें क्योंकि भाजपा सरकार ट्रांसफार्मर की खरीदी कर नहीं रही है तथा भाजपा के जन् प्रतिनिधियों को जनहित की कोई भी समस्या दिखाई नहीं देती है उन्हें सिर्फ और सिर्फ जनता को कैसे लूटा जा सकता है लोगों के जेब में कैसे डाका डाला जा सकता है इससे फुर्सत नहीं मिल रही है कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार के ऐसे अन्याय पूर्ण फैसले का विरोध करती है कोयला हमारा पानी हमारी जमीन हमारी और हमें ही महंगे दर पर बिजली बेचा जा रहा है सरकार के इस जनविरोधी निर्णय के खिलाफ कांग्रेस पूरे प्रदेश में यह आंदोलन कर रही है आज कांग्रेस पार्टी के प्रति लोगों में सम्मान और विश्वास बढ़ा है आम जनता को समझ में आ रहा है कि भाजपा को सत्ता में बिठाकर उन्होंने बहुत बड़ी गलती कर डाली है यह सरकार ना शिक्षा दे पा रही है ना स्वास्थ्य को लेकर गंभीर है इस सरकार का एकमात्र उद्देश्य शराब की बिक्री बढ़ाकर कितना ज्यादा पैसा कमाया जा सकता है उसमें ही केंद्रित है कांग्रेस के आज के इस प्रदर्शन कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ सरकार के पूर्व संसदीय सचिव एवं पूर्व विधायक है गुरदयाल सिंह बंजारे ने भी संबोधित किया उन्होंने भाजपा सरकार के द्वारा बिजली बिल हाफ योजना को बंद करने तथा मात्र 100 यूनिट तक सीमित करने पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आज एकल बत्ती कनेक्शन के घरों में भी 100 यूनिट से ज्यादा बिजली की खपत है ऐसे में भाजपा सरकार के द्वारा कांग्रेस सरकार के द्वारा प्रारंभ की गई जनहित ऐसी योजना का बंद किया जाना जनता के विश्वास को धोखा देना है जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा किए गए इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं तथा आम जनता ने अपनी भागीदारी निभाई आज के प्रदर्शन कार्यक्रम में ललित विश्वकर्मा महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा लुकेश वर्मा सुरेंद्र तिवारी नंद साहू टी आर जनार्दन विजय बघेल ओम दाऊ हरीश साहू श्रीमती सुशीला जोशी रवि परगनिया चंद्र प्रकाश साहू जोगिंदर छाबड़ा मनोज शर्मा रवि रजक दयासिंह वर्मा प्रांजल तिवारी राजू साहू टोकेश्वर वर्मा प्रकाश ठाकुर श्रीमती रश्मि मिश्रा रूबी सलूजा नारायण छाबड़ा अजय राज सेन वैभव मिश्रा सुमित राजपूत सनत धर दीवान दीवान अमित वर्मा दीपक दिनकर राजेंद्र वर्मा ओनी महिलांग धनराज बंजारे रामखिलावन साहू बहल वर्मा लोकनाथ यादव खिलावन परगनिहा चेतन बंजारे कृष्णा चतुर्वेदी रमाकांत साहू जितेन जोशी राजकुमार बंजारे भाव सिंह राज विजय यादव सतीश मार्कंडेय डॉ शिशिर दुबे घनश्याम वर्मा गोलू इंदर चंद जैन अखिलेश प्रसाद राजेश सिंह नायक गणेश अमलेश निषाद राधे ध्रुव राजेश साहू गौरीशंकर शर्मा सहदेव साहू दिलहरन साहू अनिल दुबे गौरव छाबड़ा देवा गर्ग सीताराम यदु बलवंत साहू राजकुमार सेन गुड्डु सेन गोविंदा राजपूत भुनेश्वर वर्मा भीखम साहू देवशरण साहब कौनेन अली झगरु सिन्हा शिशिर शर्मा जयप्रकाश राज कमल साहू सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## विधायक दीपेश साहू को विधानसभा क्षेत्र की बहनों व श्रीराम एकेडमी की छात्राओं ने बाँधी राखी, मिला भावनात्मक आशीर्वाद

**बेमेतरा,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर बेमेतरा विधायक कार्यालय आज आत्मीयता, भाईचारे और स्नेह का सजीव उदाहरण बना रहा। विधानसभा क्षेत्र की हजारों बहनों ने विधायक दीपेश साहू को रक्षा सूत्र बाँधकर उन्हें अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा मानते हुए सुख-दुख में साथ निभाने का संकल्प लिया।



कार्यक्रम में शामिल महिलाओं को संबोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा ङ्करक्षाबंधन का यह पर्व बहन-भाई के अटूट रिश्ते का प्रतीक है। आज आप सभी बहनों ने मुझे रक्षासूत्र बांधकर जो विश्वास जताया है, उसके लिए मैं आपका आभारी हूं। एक भाई के रूप में मैं आपको यह वचन देता हूं कि जीवनभर आपके सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा करता रहूंगा। बेमेतरा के विकास में आपकी भागीदारी भी सुनिश्चित हो, इसके लिए आपके कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करूंगा।ज्जविधायक साहू ने उपस्थित सभी बहनों को उपहारस्वरूप स्नेह भेंट भी प्रदान की।

रक्षाबंधन के दो दिन पूर्व श्रीराम एकेडमी की छात्राएं, जो विधायक दीपेश साहू द्वारा प्रारंभ की गई नि:शुल्क कोचिंग योजना का हिस्सा हैं, भी विधायक निवास पहुंचीं। इन छात्राओं ने साहू को राखी बाँधकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू ने कहा ङ्कआप सभी बहनें मेरी बेटियों के समान हैं। आपकी शिक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए जो कुछ भी संभव होगा, मैं करूंगा। आपके उज्ज्वल भविष्य के लिए सदैव प्रतिबद्ध हूं।ज्जविधायक साहू ने श्रीराम एकेडमी की सैकड़ों बहनों को उपहारस्वरूप एक-एक स्कूल बैग भी भेंट किए।

### समर्पण और संकल्प का पर्व बना रक्षाबंधन समारोह

कार्यक्रम में बहनों की उपस्थिति और आशीर्वाद से पूरा माहौल भावुक हो उठा। रक्षाबंधन का यह आयोजन केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि समाज में स्त्री-सम्मान, सुरक्षा और सहयोग के लिए एक प्रेरणास्रोत बन गया।विधायक साहू ने अंत में कहा ङ्कसभी बहनों को एक भाई के रूप में यह वचन देता हूं कि आपके हर दु:ख-सुख में साथ रहूंगा और जो मेरा कर्तव्य है, उसे पूरी निष्ठा से निभाऊंगा।ज्ज

कार्यक्रम बेमेतरा श्री राम एकेडमी के समस्त बहने - भाई, विधानसभा क्षेत्र की बहने, भाजपा परिवार की बहने ,स्व सहायता समूह सहित बेमेतरा नगर की बहने भी सम्मिलित हुई।

## भाजपा नेता राकेश यादव ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को जिले में विकास के विभिन्न मुददों को लेकर सौंपा मांग पत्र

**बालोद**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश मंत्री एवं संजारी बालोद के जनसेवक राकेश यादव ने छग शासन के उपमुख्यमंत्री एवं बालोद जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा से बालोद शहर के विकास हेतु विभिन्न मुद्दों को लेकर मांग पत्र सौंपा है। जिसमें बालोद शहर में नया सहायक अभियंता छग राज्य विद्युत कंपनी कार्यालय प्रारम्भ करने एवं बालोद शहर एवं बालोद ग्रामीण विद्युत वितरण केंद्र को अलग अलग कर नवीन स्थापना करने तथा बालोद के शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त महाविद्यालय में खेलो इंडिया के तहत इंडोर स्टेडियम का निर्माण करने की मांग की है। मांग पत्र के संदर्भ में भाजपा नेता राकेश यादव ने बताया कि बालोद शहर में लगभग 9 हजार एवं बालोद ग्रामीण क्षेत्र में लगभग 16 हजार उपभोक्ता है। जिन्हें एक वितरण केंद्र से संचालित किया जा रहा है। इससे उपभोक्ताओं को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है।



अत: दोनो केंद्रों को अलग कर नवीन स्थापना किया जाए ताकि उपभोक्ताओं को हो रही दिक्कतों से निजात मिल सके। वहीं खेलो इंडिया अभियान के अंतर्गत बालोद के शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त महाविद्यालय में एक इंडोर स्टेडियम की स्वीकृति हेतू मांग पत्र सौंपा है। जिसमे उन्होंने बताया कि बालोद जिला मुख्यालय का यह कालेज जिले का सबसे अग्रणी कालेज है। यहां लगभग 3000 छात्र छात्राएं अध्ययनरत है। जिले के प्रतिभावान खिलाड़ी बैडमिंटन, कबड्डी अन्य खेलों में राज्य एवं राष्ट्रीय स्पर्धा लगातार खेल कर जिला एवं राज्य का नाम रौशन कर रहे हैं। जिला मुख्यालय में इंडोर स्टेडियम होने से यहां खेलभावना को प्रोत्साहन मिलेगा। अनेक प्रतिभावान खिलाड़ी यहां से निकलेंगे। प्रभारी मंत्री से निवेदन किया गया है कि उक्त मांगो पर विचार कर स्वीकृति प्रदान किया जाए जो बालोद के लिए मिल का पत्थर साबित हो सके।

## शासकीय प्राथमिक शाला बरगा में आयोजित हुई प्रथम मेगा पालक-शिक्षक बैठक

**थानखम्हरिया,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। शासकीय प्राथमिक शाला बरगा में शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊर्जा और पारदर्शिता लाने हेतु आज प्रथम पालक-शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य पालकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित कर बच्चों की शैक्षणिक, मानसिक एवं सामाजिक प्रगति की साझा समीक्षा करना रहा।




बैठक की शुरुआत राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में पालकों की भूमिका पर सारगर्भित चर्चा से हुई। विद्यालय परिवार ने पालकों को बच्चों के सर्वांगीण विकास, सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण निर्माण, तथा नियमित संवाद की आवश्यकता पर जागरूक किया।

बैठक में बच्चों की शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक विकास के साथ-साथ उनके दैनिक व्यवहार, घर का वातावरण, अध्ययन की दिनचर्या, सीखने की प्रक्रिया, 'बस्ता रहित शनिवार', मध्यान्ह भोजन, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, 'पॉक्सो एक्ट' और डीआईएआर ऐप जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई।

इस अवसर पर जुलाई माह के आकलन में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले तथा 100त्न उपस्थिति दर्ज कराने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित छात्रों में विशेष उत्साह देखा गया, जिससे अन्य बच्चों में भी प्रेरणा का संचार हुआ।

बैठक में पालकों के साथ-साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने बैठक की सराहना करते हुए इसे बच्चों के उज्ज्वल भविष्य हेतु एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

इस बैठक में नारायण साहू पालक समिति अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पूनाराम साहू, उपसरपंच प्रतिनिधि कमलेश साहू, जीवन निषाद, नेम सिंह साहू, मंटोरा यादव, मुकेश वर्मा, दीपक गंधर्व छात्र कुमार साहू, गोविंद साहू ,श्यामलाल साहू, बेदराम निषाद, गोपाल साहू, सुरेंद्र साहू, एवं विद्यालय परिवार से संस्था प्रमुख कन्हैया लाल लहरे , सहायक शिक्षक राम नारायण पटेल एवं युक्ति साहू तथा स्वच्छता सहायक गंगा सागर मांडे उपस्थित रहे।

## बिजली बिल हाफयोजना बंद करने के विरोध में कांग्रेस का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन एवं पुतला दहन

**बालोद,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। गुरूवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के तत्वाधान में प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा पिछली कांग्रेस सरकार में चालू की गई बिजली बिल हाफयोजना के 400 यूनिट की सीमा को समाप्त कर 100 यूनिट किये जाने का विरोध धरना प्रदर्शन एवं पुतला दहन के माध्यम से किया गया। बालोद जिला मुख्यालय में बिजली ऑफिस के पास जिलेभर से कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा ने कहा की 100 यूनिट तक सीमा घटना आम आदमी पर आर्थिक रूप से अत्याचार है। विधायक संगीता सिन्हा ने आरोप लगाया की सरकार लोगो को गुमराह करने की कोशिश कर रही है लेकिन लोग समझ चुके है की बिजली बिल हाफयोजना बंद करने से उनपर प्रतिमाह एक से दो हजार रूपए का आर्थिक बोझ बढेगा। जिलाध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी ने कहा की बिजली अधि है और बिल पूरा लेने के खिलाफलोगो में आक्रोश है छत्तीसगढ़ बिजली उत्पादक राज्य है हमारे कोयले, हमारे पानी का उपयोग कर हमे ही महंगी बिजली बेचना सरकार की ख़राब नीति दर्शाता है। भारी बारिश के बावजूद कांग्रेस कार्यकर्ता कार्यक्रम स्थल पर डटे रहे और नेताओ के संबोधन पश्यात मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया।




कार्यक्रम में मुख्य रूप से चंद्रप्रभा सुधाकर, कृष्णा दुबे, संजय चंद्राकर, पुरषोत्तम पटेल, यज्ञ देव पटेल, मिथलेश नुरुटी, हस्तीमल सांखला, भोला राम देशमुख, मीना उमाशंकर साहू, गुलशन चंद्राकर, ब्लाक अध्यक्षगण गोपाल प्रजापति, तामेश्वर साहू, अंचल प्रकाश साहू, पियूष सोनी, कमलेश श्रीवास्तव, भूपेश नायक, निर्मला बंजारे, पद्मनी साहू, मोहनीश पारकर, लता कोर्राम, प्रेमचंद क्षीरसागर, सतीश यादव, विनोद बंटी शर्मा, दीनाराम चेलक, कसिमुद्दीन कुरैशी, निर्देश पटेल, सुमीत शर्मा, रीता सोनी, किरण चंद्रहास साहू, रोहित सागर, देवेन्द्र साहू, वैभव साहू, नरेन्द्र सिन्हा, ऐनु साहू, श्यामा बाई, मधावपुरी गोस्वामी, दामेश्वर देशमुख, सत्यम जैन, ओमप्रकाश गजेंद्र, प्यारेलाल कोसरिया, भूपेंद्र चंद्राकर, सुचित्रा साहू, संजय साहू, सजन पटेल, आदित्य दुबे, दीपक पाल, फैज अहमद, राजेंद्र सोनकुटिया, जनार्दन निषाद, नारायण साहू, जीतेन्द्र साहू, हरक सिन्हा, आसिफ गहलोत, रिखी राम सोनबरसा, टोमन साहू, दुर्गुरम सिन्हा, संजय बारले, द्रोणाचार्य, दिनेश साहू, कुलदीप यादव, लोकनाथ निषाद, केशव शर्मा, जीतेन्द्र पटेल, पवन साहू, विष्णु चंद्राकर, गंगाराम साहू, प्रेमलाल ग्वाल्वंशी, सुनील मंडावी, मोती चुरेन्द्र, सोमनाथ उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मेघनाथ साहू ने किया।

## कोटवार की हत्या, पुलिस एक आरोपी को पकड़कर कर रही जांच

**कवर्धा,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के बोड़ला थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत भीरा के आश्रित ग्राम मांदीभाटा में कोटवार की हत्या कर दी गई. बुधवार देर शाम का मामला है. ग्राम कोटवार नरेंद्र मानिकपुरी गांव के अन्य व्यक्ति चैन सिंह के साथ शराब दुकान पहुंचा. जहां दोनों ने मिलकर शराब पी. इसी दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर बहस शुरू हो गई.

शराब पीने के बाद बहस हुई और कोटवार की हत्या- शराब पीने के बाद कोटवार और चैन सिंह के बीच मामूली सी बहस ने विवाद और लड़ाई झगड़े का रूप ले लिया. इसी दौरान चैन सिंह ने पास में रखे डंडे से कोटवार पर ताबड़तोड़ हमला कर लहुलुहान कर दिया. आसपास मौजूद लोगों ने झगड़ा छुड़वाया और घायल कोटवार को बोड़ला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए. जहां डॉक्टर ने कोटवार को मृत घोषित कर दिया.

कबीरधाम पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार- सूचना के बाद बोड़ला पुलिस अस्पताल पहुंची. शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमॉर्टम के लिए मर्चुरी भेज दिया. वहीं पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी चैन सिंह को हिरासत में ले लिया है. उससे पूछताछ की जा रही है. पुलिस के मुताबिक पुरानी बात को लेकर कोटवार और चैन सिंह के बीच विवाद हुआ.

बोड़ला थाना प्रभारी रुपक शर्मा ने बताया कि डंडे से पीटने से कोटवार की मौत हुई है. आरोपी चैन सिंह को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जाएगा. उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी.

## आगामी नेशनल लोक अदालत के आयोजन किये जाने के संबंध में बैठक कर की गई चर्चा



**बेमेतरा,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। 13 सितम्बर, 2025 नेशनल लोक अदालत के सफलतापूर्वक आयोजन हेतु बृजेन्द्र कुमार शास्त्री, प्रधान जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा की अध्यक्षता में व श्रीमती निधि शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा की उपस्थिति में न्यायिक अधिकारीगण श्री मोहित सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा, श्री रामकृष्ण साहू, पुलिस अधीक्षक एवं प्रशासनिक अधिकारीगण के साथ बैठक आयोजित किया गया। उक्त बैठक में अध्यक्ष द्वारा उपस्थित अधिकारीगण को नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों को चिन्हाकिंत करने व पूर्ण प्रयास कर अत्यधिक प्रकरणों का निराकरण किये जाने हेतु निर्देश दिया गया। नेशनल लोक अदालत में राजीनामा के आधार पर निराकरण के लिए राजीनामा योग्य दाण्डिक प्रकरण, चेक बाऊंस के मामले, मोटरयान अधिनियम से संबंधित प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, निष्पादन, बीमा, भरण-पोषण के प्रकरण, परिवार न्यायालय से संबंधित प्रकरण, सिविल विवाद, विद्युत, जलकर व समत्ति कर, टेलीफोन, बैंक रिकव्हरी प्रकरण तथा राजस्व प्रकरणों को नियत किया गया है। अध्यक्ष महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित पक्षकारगण के मध्य विवाद को वैकल्पिक समाधान के तहत सम्भावनाओं को तलाश करते हुए न्यायाधीशगण द्वारा प्रकरणों में पक्षकारों की दिन-प्रतिदिन प्री-सिटिंग कर लोक अदालत में उनके मध्य राजीनामा किया जाने का यथा संभव प्रयास किये जाने का निर्देश दिया गया। साथ ही अधिकारीगण से प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के पक्षकारों पर नोटिस की तामिली एवं उनके साथ सौहाद्रपूर्ण रूप से राजीनामा करने पर चर्चा की गई।

# दस हजार बहनों ने बांधी राखी, भाई योगेश तिवारी की आंखें हुई नम

■ **नेवनारा में राखी उत्सव पर उमड़ा बहनों का जनसैलाब**

**बेमेतरा,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। बेमेतरा विधानसभा के चंडी मंदिर, नेवनारा में आज रक्षाबंधन का पर्व एक भावनात्मक, भव्य और ऐतिहासिक आयोजन के रूप में मनाया गया। जैसे हर वर्ष होता है, इस बार भी बेमेतरा विधानसभा के कोने-कोने से आईं लगभग 10 से 12 हजार बहनों ने भाजपा किसान नेता एवं समाजसेवी योगेश तिवारी को राखी बाँधकर उन्हें आशीर्वाद और स्नेह प्रदान किया। बहनों के स्नेह, श्रद्धा और आशीर्वाद से भरे इस आयोजन में जनसैलाब उमड़ पड़ा और हर ओर भाई-बहन के पवित्र प्रेम का अद्भुत दृश्य देखने को मिला।

कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 1 बजे हुई और देर शाम तक श्रद्धा एवं अपनत्व का माहौल बना रहा। चंडी मंदिर परिसर मेले में तब्दील हो गया, जहाँ बहनों की मुस्कानें, भाइयों की भावनाएं और धार्मिक वातावरण मिलकर एक अद्भुत समरसता रच रहे थे।

इस अवसर पर जब उपस्थित हजारों बहनों ने योगेश तिवारी को राखी बाँधी, तो प्यार, अपनापन और श्रद्धा देखकर श्री तिवारी की आंखें भर आईं। उन्होंने भावुक होकर कहा, च्च्मैं खुद को अत्यंत भाग्यशाली मानता हूं कि मेरा जन्म इस पुण्यभूमि बेमेतरा की माटी में हुआ। यहाँ की जनता और बहनों का मुझ पर इतना स्नेह और विश्वास है। पिछले 12 वर्षों से मेरी बहनें राखी के इस पवित्र पर्व पर जिस स्नेह से मुझे बांधती हैं। यह मेरे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। हर साल यह छोटा-सा आमंत्रण एक विशाल पर्व का रूप ले लेता है, और मैं हर बार और अधिक दायित्वों के साथ, नई ऊर्जा के साथ समाज सेवा के पथ पर अग्रसर होता हूँ।

गुरुवार को चंडी मंदिर, नेवनारा में दोपहर से लेकर देर शाम तक मेले जैसा माहौल रहा। हर ओर उत्सव का माहौल, बहनों की खुशियाँ और भाइयों की भावनाएँ सहज रूप से झलक रही थीं। राखी त्योहार कार्यक्रम के इस अवसर पर प्रसिद्धि रामयण मंडलीयों के द्वारा मानस गान का संगीत आयोजन किया गया।






श्री तिवारी ने इस अवसर पर सभी बहनों को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा, च्च्मैं मां चंडी माता से प्रार्थना करता हूं कि मेरी हर बहन सदा खुश, स्वस्थ और दीर्घायु रहे। आप सबका यह स्नेह मेरे लिए वरदान है, और इस जीवन में मैं जितनी भी सेवा करूं, वह कम होगी। यह बंधन सिर्फ धागों का नहीं, दिलों का है — और यही बेमेतरा की आत्मा है।

अंत में योगेश तिवारी ने समस्त बहनों और बेमेतरा की जनता का दिल से आभार व्यक्त किया और कहा, च्च्आपका विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। मेरी कोशिश रहेगी कि मैं हमेशा आपके बीच एक भाई, एक बेटा और एक सेवक की भूमिका निभाता रहूं।ज्ज उन्होंने कहा कि यह धागा मेरे लिए केवल राखी नहीं, बल्कि जनसेवा के लिए एक प्रेरणा है, जो हर साल मुझे और अधिक जिम्मेदारी के साथ सेवा करने की शक्ति देता है।

राखी स्नेह कार्यक्रम स्थल पर दस हजार से भी अधिक बहनों के लिए स्वादिष्ट भोजन की विशेष व्यवस्था भी की गई थी। धूप और बारिश से बचने के लिए विशाल पंडाल बनाये गए थे। आयोजन को सांस्कृतिक स्वरूप देते हुए रामायण मंडलियों द्वारा मानस गान की प्रस्तुति ने वातावरण को और भी आध्यात्मिक बना दिया।

वहीं, बेमेतरा की जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने राखी के त्योहार पर सभी क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं देते हुए और महिलाओं की भागीदारी को समाज की सबसे बड़ी शक्ति बताया। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन का यह पवित्र पर्व बेमेतरा क्षेत्र में भाई-बहन के रिश्ते की मजबूती और सामाजिक समरसता का प्रतीक बन चुका है, और इसकी पहचान आज बेमेतरा से बाहर पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में बन रही है।

गौरतलब है कि पिछले कई सालों से बेमेतरा के प्रसिद्ध भाजपा किसान नेता एवं समाज सेवी योगेश तिवारी का रक्षाबंधन आयोजन स्थानीय स्तर पर हर वर्ष सामाजिक एकजुटता और जनसेवा के संकल्प के रूप में मनाया जाता है, जिसमें बहनों की भागीदारी वर्ष दर वर्ष बढ़ती जा रही है। नेवनारा का राखी कार्यक्रम अत्यंत भावुक और ऐतिहासिक रहा है। यहां हजारों की संख्या में बहनें, आसपास के गांवों और दूर-दराज के क्षेत्रों से योगेश तिवारी को राखी बांधने पहुंचती हैं। पारंपरिक वेशभूषा में सजी बहनें योगेश तिवारी को राखी बांधकर उनके लंबे जीवन, सुरक्षा और सेवा-भाव के लिए प्रार्थना करती हैं। राखी बांधने के लिए हजारों की संख्या में महिलाओं के यहां पहुंचने से यहां कोई मेला या बड़ा उत्सव जैसा माहौल हो जाता है।

# सरप्लस बिजली वाले राज्य में जनता के साथ घोर अन्याय: कांग्रेस

- बिजली बिल हॉफ योजना यथावत रखने की मांग की
- शहर जिला व ग्रामीण कांग्रेस के नेतृत्व में बिजली आफिस के सामने हुआ पुतला दहन

**राजनांदगांव,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने पूरे प्रदेश में 400 यूनिट तक हॉफ बिजली बिल योजना को बंद कर दिया है। योजना बंद होने से एक तरह से गरीब जनता पर अत्याचार के समान है। पहले से ही जनता महंगाई की मार से परेशान है और अब आर्थिक भार डालते हुए 400 यूनिट को घटाकर 100 यूनिट खपत करने वालों को हाफ बिजली बिल योजना का लाभ मिल सकेगा बाकि जनता को पूरा बिल भुगतान करना पड़ेगा इस तरह कहा जाए तो भाजपा सरकार हिटलरशाही नीति अपना रही है। जिसको लेकर शहर जिला व ग्रामीण कांग्रेस द्वारा कैलाशनगर बिजली आफिस के सामने विरोध-प्रदर्शन कर पुतला दहन किया गया।

जानकारी देते हुए शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री ने बताया कि सायं सरकार द्वारा हाफ बिजली बिल योजना के तहत 400 यूनिट की सीमा को समाप्त कर आम जनता के साथ खिलवाड़ कर रही है। जिसको लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व कैलाशनगर स्थित बिजली कार्यालय के सामने विरोध-प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री विष्णुदेव सायं का पुतला दहन कर हॉफ बिजली बिल योजना यथावत रखने की मांग गई। शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार आते ही भाजपा पार्टी जनविरोधी नीति अपनाते हुए



लगातार बिजली बिल के दामो में वृद्धि कर रही है अब हॉफ बिजली बिल योजना को बंद किया जा रहा है जबकि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा प्रदेश के गरीब जनता को 400 यूनिट तक हॉफ बिजली बिल योजना से राहत देने का काम करते हुए उनकी आर्थिक स्थिति सुधारने में किया था। उसे सायं सरकार द्वारा बंद किया जा रहा है जो पूरी तरह से गलत है। हम कांग्रेस इसका पूरजोर विरोध करते है और हॉफ बिजली बिल योजना को यथावत रखने की मांग करते है।

ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि डेढ़ साल के भीतर साय सरकार द्वारा घरेलू बिजली की दरों में अब तक कुल 80 पैसे प्रति यूनिट बढ़ोतरी की है। हमारी पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा हाफ बिजली बिल सहयोग सहायता योजना मिल रही है उसे भी बंद कर रही है भाजपा सरकार, यह सरकार पूरी तरह से पूंजीपतियों के हाथों में बिक चुकी है प्रदेश के गरीब जनता से इसका कोई सरोकार नहीं है। कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार के ऐसे अन्यायपूर्ण फैसले का विरोध करती है, कोयला हमारा, पानी हमारा, जमीन हमारी और हमें ही महंगे दर पर बिजली बेचा जा रहा है।

पुतला दहन में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, वरिष्ठ कांग्रेसी कमलजीत सिंह पिन्टू, जितेन्द्र मुदलियार, श्रीकिशन खंडेलवाल, पदम कोठारी, रमेश राठौर, दिनेश शर्मा, रमेश डाकलिया, कुतबुद्दीन सोलंकी, पंकज बांधव, इकरामुद्दीन सोलंकी, जिपं सदस्य विभा साहू, महेन्द्र यादव, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, पीसीसी महासचिव थानेश्वर पाटिला, मेहुल मारू, ननि नेताप्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष शारदा तिवारी, मोहम्मद यहया, महामंत्री झम्मन देवांगन, हनी ग्रेवाल, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, घनश्याम देवांगन, रितेश जैन, नत्थूलाल अग्रवाल, जयनारायण सिंह, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, चुम्मन साहू, मामराज अग्रवाल, शकील रिजवी, पार्षद अमिन हुद्दा, सुरेन्द्र देवांगन, प्रज्ञा गुप्ता, मोहिनी सिन्हा, रवि साहू, अशोक फडनवीस, अभिमन्यु मिश्रा, अरशद खान, बबलू कसार, प्रतिमा बंजारे, रज्जू जॉन, डा.राकेश कुमार, दयावान देवांगन, निहाल नकवी, मनीष सिमनकर, विनोद यादव, सूरज शर्मा, आफताब अहमद, कुलदीप कुरेंजकर, नंदलाल बंधे, पूर्णिमा नागदेवे, सागर ताम्रकार, मो इब्राहिम, जगतचिन्टू शर्मा, तजेन्द्र वैष्णव, विपल साहू, विनय झा, मनीष साहू, महेश साहू, अवधेश प्रजापति, शेषनाथ, हिम्मत सिंह, संदीप सोनी, परस साहू, सीताराम श्रीवास, चंद्रकला देवांगन, आशा शर्मा, संदीप जायसवाल, रूपेश साहू, शौर्य वैष्णव, जय जायसवाल, मानसिंग साहू, पूरन नेताम, मुकेश निर्मलकर, सुखदेव साहू, तोरण साहू, स्वतंत्रदास साहू, गंगूराम डहरे, इब्राहिम, पायल बारमते, ललिता साहू, अंशुल श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# सौर ऊर्जा से गगन का घर हुआ रौशन

- बिजली के बिल से मिली राहत
- प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना से अपने घर की छत पर ऊर्जा का उत्पादन करने से बिजली बिल से मिली मुक्ति, ऊर्जा संरक्षण की दिशा में बन रहा कारगर
- सोलर पैनल लगाने के लिए आसानी से बैंक से मिल रहा ऋण



**राजनांदगांव,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। शासन की प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना बहुत किफायती एवं उपयोगी है। सौर ऊर्जा पर्यावरण मित्र है तथा भविष्य के लिए इसका उपयोग महत्वपूर्ण साबित होगा। राजनांदगांव शहर में इस योजना के प्रति जनसामान्य में रूझान बढ़ा है। सौर ऊर्जा का उपयोग करते हुए अपने बिजली के बिल में कमी लाने के लिए उपभोक्ता अपने घरों में सोलर पैनल लगाकर विद्युत की बचत कर रहे हैं। राजनांदगांव शहर के कमला कॉलेज रोड निवासी गगन गुप्ता ने बताया कि उन्होंने अपने घर में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत 5 लाख रूपए की लागत से 10 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल लगाया है। शासन की ओर से 78 हजार रूपए की अनुदान राशि प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि पहले 10 से 15 हजार रूपए बिजली बिल आता था। जिससे वह परेशान थे। जब से इस योजना के तहत सोलर पैनल लगाए हैं, तब से बिजली के बिल से राहत मिली है और अब तो बिजली का बिल शून्य हो गया है। वहीं अतिरिक्त बिजली का उत्पादन होने के बाद जमा भी हो रहा है। उन्होंने कहा कि शासन की यह योजना बहुत उपयोगी है और इस योजना के तहत सोलर पैनल लगाने के लिए आसानी से बैंक से ऋण भी मिल रहा है। इस योजना का लाभ लेने के लिए सभी को अधिक से अधिक प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर पैनल लगाना चाहिए। इस योजना का लाभ लेते हुए बिजली उपभोक्ता से ऊर्जादाता बन सकते है। सौर ऊर्जा अक्षय ऊर्जा का स्त्रोत है, जिससे पर्यावरण के दृष्टिकोण से भी यह बहुत अच्छा है। उन्होंने शासन की इस महत्वपूर्ण योजना के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत अपने घर की छत पर ही ऊर्जा का उत्पादन करने की यह पहल बिजली के बिल से मुक्ति दिलाने तथा ऊर्जा संरक्षण की दिशा में कारगर साबित हो रही है। प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत स्थापित प्लांट नेट मीटरिंग द्वारा विद्युत ग्रिड से संयोजित होगा, जिससे उपभोक्ता द्वारा अपनी खपत से अधिक उत्पादित बिजली ग्रिड में सप्लाई हो जाती है। इससे न केवल उपभोक्ता के घर का बिजली बिल शून्य हो जाता है, बल्कि ग्रिड में दी गई बिजली के एवज में अतिरिक्त आय भी प्राप्त होती है। शासन द्वारा प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत 30 हजार रूपए से 78 हजार रूपए तक की सब्सिडी प्रति प्लांट दिए जाने का प्रावधान है। रूफटॉप सोलर संयंत्र की क्षमता अनुसार लागत राशि एवं सब्सिडी अलग-अलग है। उपभोक्ता द्वारा सोलर प्लांट के ब्रांड चयन कर सकते हैं। 3 किलोवाट से अधिक क्षमता का प्लांट लगाने पर अधिकतम 78 हजार रूपए तक सब्सिडी का प्रावधान है। प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक को वेबसाईट श्चद्वह्यह्वह्ल4ड्डद्दद्धड्डह्.द्दश1.द्बठ्ठ या क्करूस्ह्वह्ल4ड्डत्तद्धड्डह् मोबाईल एप पर पंजीयन कर लॉग इन आईडी प्राप्त करना होगा। इसके बाद वेब पोर्टल पर उपलब्ध वेंडर का चुनाव कर बिजली कर्मचारी की मदद से वेब पोर्टल पर पूर्ण आवेदन करना होगा। निर्धारित अनुबंध हस्ताक्षरित होने के पश्चात वेंडर द्वारा छत पर प्लांट की स्थापना एवं डिस्कॉम द्वारा नेट मीटर स्थापित किया जाता है। स्थापित प्लांट के सत्यापन पश्चात शासन द्वारा सब्सिडी ऑनलाईन जारी कर दी जाती है। इस दौरान यदि उपभोक्ता इच्छुक हो तो शेष राशि का प्रकरण 7 प्रतिशत ब्याज दर पर बैंक ऋण हेतु बैंकों को जनसमर्थन पोर्टल द्वारा ऑनलाईन प्रेषित किया जाता है।

# राजनांदगांव जिले के ई-कॉमर्स ऑन-लाईन सॉपिंग संस्थानों के संचालकों की पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ली गई मीटिंग



**राजनांदगांव,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा द्वारा आज दिनांक 07.08.2025 को कार्यालय पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव के सभागृह में जिले में संचालित ई-कॉमर्स ऑन-लाईन सॉपिंग संस्थानों/दुकानों के संचालकों एवं मैनेजरों की बैठक आयोजित किया गया जिसमें लाईटर गन, आर्टिफिसियल पिस्टल, पेपर-स्प्रे एवं चाकू (घरेलू उपयोग को छोड़ कर) प्रतिबंधित दवाएं आदि के ऑन-लाईन ऑर्डर एवं डिलवरी किये गये सामान के संबंध में विस्तृत जानकारी ली गई और बताया गया कि इस प्रकार के सामान से समाज में हिन्सा व भय का वातावरण स्थापित होता है जिसे रोकने में पुलिस को सहयोग करने हेतु कहा गया और दुकानों में काम करने वाले डिलवरी बॉयों का पुलिस वेरिफिकेशन करने पश्चात ही उन्हें काम पर रखने की हिदायत दी गई, ऐसे संदिग्ध सामान की सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, सायबर सेल से सहायक उप निरीक्षक श्री द्वारिका प्रसाद लाउत्रे व जिले के -कॉमर्स ऑन-लाईन सॉपिंग संस्थानों/दुकानों के संचालकों एवं मैनेजरों जिसमें अमेजन, ब्लू डॉट, डेलीवेरी, इन्सटा कार्ट, एक्सप्रेस बीई, मीशो, शैडोफैक्स, वोल्मो आदि कुल 08 संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित हुये।

# सरकारी अस्पताल और थाना में नशे के धुत में युवक ने मचाया उत्पात, पुलिस की लापरवाही पर उठे सवाल

**डोंगरगांव,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। डोंगरगांव के सरकारी अस्पताल और थाना में सोमवार को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब डायल 112 की पुलिस टीम द्वारा लाया गया एक युवक ने नशे की हालत में अस्पताल स्टाफ के कर्मचारीयों पर अपने हाथ के उगली कटे भागों से खून से लथपथ अस्पताल पहुंचे , जहा पर स्टाप नर्स ने ईलाज करने नजदीक पहुंचा तभी ऊक्त युवक ने अपने बह रहे खून के छीटे को अस्पताल कर्मचारीयो और मरीजों पर खून उड़ाने लगा। और सभी डॉक्टर और स्टाप कर्मचारीयो को उक्त युवक ने गंदे गंदे गाली गलौच किया, कोई भी डाक्टर को ईलाज करने नहीं दिया,युवक के सिर और हाथ से खून बह रहा था, जिसे प्राथमिक उपचार हेतु अस्पताल लाया गया था। लेकिन हैरानी की बात यह रही कि डायल 112 की टीम उसे अस्पताल परिसर में छोड़कर वापस लौट गई।



अस्पताल कर्मचारीयो ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई

बीएमओ डॉ. रागिनी चंद्रे और सरकारी अस्पताल के कर्मचारियों ने नशे में धुत आरोपी युवक चंद्रभान पिता डब्लू दास वैष्णव बोधीटोला के खिलाफ़ लिखित शिकायत दर्ज कराई गई जहां पर पुलिस ने नशे में धुत युवक चंद्रभान वैष्णव के खिलाफ़ एफ आई आर दर्ज कर धारा 296, 324 अपराध दर्ज कर जेल भेज दिया है,

बीएमओ और अस्पताल कर्मचारियों ने बताया है कि उक्त युवक अत्यधिक नशे में था। ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सकों ने खून साफ कर पट्टी की, लेकिन उपचार के कुछ देर बाद ही युवक ने पट्टियाँ खोल दी और हाथ से बह रहे खून को अस्पताल स्टाफ के कर्मचारियों पर छिड़कने लगा। उसने नर्सों, डॉक्टरों और मरीजों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया और पूरे अस्पताल परिसर में घूम-घूमकर गाली-गलौच और तोड़ फोड़ करने लगा। इस दौरान अस्पताल कर्मचारियों ने कई बार स्थानीय पुलिस को फोन कर मदद मांगी, लेकिन लगभग एक घंटे तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। अंततः बीएमओ को खुद एसडीएम डोंगरगांव को कॉल करना पड़ा, जिसके बाद पुलिस हरकत में आई।

पूरे घटनाक्रम की रिकॉर्डिंग अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों और कर्मचारियों के मोबाइल फोन में मौजूद है। अस्पताल प्रबंधन ने इस मामले में पुलिस को औपचारिक शिकायत पत्र सौंपा है। उनका कहना है कि अस्पताल परिसर में न कोई सुरक्षा व्यवस्था है, न ही पुलिस बल समय पर उपलब्ध होती है। यदि युवक ने अस्पताल में मौजूद किसी भारी वस्तु से हमला कर दिया होता, तो एक बड़ा हादसा हो सकता था। सबसे गंभीर सवाल यह उठता है कि जब डायल 112 की टीम को युवक की नशे की हालत का स्पष्ट अंदाज़ा था, तब उसे अस्पताल में अकेला छोड़कर जाना कहाँ तक उचित था? पुलिस की यह लापरवाही अस्पताल की सुरक्षा और कर्मचारियों की जान जोखिम में डालने जैसा है।

इसके अलावा, कई बार कॉल करने के बावजूद पुलिस का मौके पर न पहुँचना भी कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लगाता है। यह न आम नागरिकों में बल्कि चिकित्सा व्यवस्था में लगे फ्रंटलाइन वर्कर्स के मन में भी असुरक्षा की भावना पैदा करता है। फिलहाल, अस्पताल प्रशासन युवक पर सख्त कार्रवाई की मांग करने पर पुलिस ने कार्यवाही की, इस पुरे घटना क्रम को देखने के बाद पुलिस विभाग की कार्यशैली पर नगर में अनेक प्रकार के चर्चा हो रही है।

# महाविद्यालय में दीक्षा आरम्भ कार्यक्रम आयोजित

**सहसपुर लोहारा,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मुख्य प्रावधान से बी ए, बी काम, बीएससी, प्रथम सेमेस्टर एवं बीए बीकॉम बीएससी तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को अवगत कराने हेतु दीक्षा आरंभ समारोह 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संतोष मिश्रा अध्यक्ष नगर पंचायत सहसपुर लोहारा, विशिष्ट अतिथि के रूप में लालाराम साहू मंडल अध्यक्ष भाजपा, योगेश साहू जन भागीदारी अध्यक्ष महाविद्यालय सहसपुर लोहारा, अशोक पटेल जनपद उपाध्यक्ष सहसपुर लोहारा, पर्यटन वर्मा अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति बिरनपुर कला, हेमंत साहू उपाध्यक्ष नगर पंचायत सहसपुर लोहारा, अजय बागडे वरिष्ठ समाज सेवक, सौरभ श्रीवास्तव भूतपूर्व छात्र, सुगंध उइके सरपंच बिरनपुर कला, शंभू पटेल जनपद सदस्य सहसपुर लोहारा, आदेश पांडे सूचना प्रौद्योगिकी मंडल अध्यक्ष सहसपुर लोहारा, ओम प्रकाश साहू पार्षद नगर पंचायत, याग्यवेंद्र मांडवी पार्षद नगर पंचायत, शिवचरण पटेल अध्यक्ष सहकारी समिति लोहारा, सुशील निर्मलकर शक्ति केंद्र प्रभारी के साथ गणमान्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था प्रमुख डॉक्टर के. एस. परिहार प्राचार्य एवं समस्त अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री काजल साहू वाणिज्य अतिथि सहायक प्राध्यापक द्वारा किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं समस्त अतिथियों का पुष्प हार एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया संस्था प्रमुख डॉ के.ह्य. परिहार के द्वारा छात्र-छात्राओं को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संबंध में महत्वपूर्ण बिंदु जैसे डीएससी, जी इ, वींएसी संबंधित विशेष जानकारी प्रदान की गई साथ ही नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया द्य इस कार्यक्रम में बीए बीकॉम बीएससी के तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को वींएसी , डी एस इ संबंधित जानकारी दी गई एवं छात्र-छात्राओं द्वारा विषय का चुनाव किया गया कार्यक्रम के समापन में समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त संदीप सोनकर सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की अतिथि सहायक प्राध्यापक दीपक पटेल, गौरव जयसवाल,सुश्री अंजू महोबिया, डॉ ज्योति चंद्रवंशी, विवेक चौहान एवं समस्त अधिकारी व कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।




# डोंगरगांव में निकली गई भव्य तिरंगा यात्रा, सड़कों में लगे भारत माता की जय के नारे

**डोंगरगांव,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। डोंगरगांव नगर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा समस्त ग्रामवासी द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा निकली गई। जिसमें इस तिरंगा यात्रा में सभी ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया।तिरंगा यात्रा स्थानीय जनपद पंचायत,पुराना बस स्टैंड से प्रारंभ होकर मेन रोड से होते हुवे पूरे नगर में भ्रमण किया । सड़कों में भारत माता की जय की नारों से पूरा नगर गूंज उठा।



स्वतंत्रता दिवस के पूर्व केंद्र और राज्य सरकार के आवाहन पर हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है जिसने सभी भारतवाशियो को इस अभियान के तहत तिरंगा यात्रा से जोड़ा जा रहा है इस अभियान में केंद्र और राज्य सरकार के आवाहन पर प्रत्येक गांव से लेकर शहर तक तिरंगा यात्रा के पूरे उत्साह-उमंग और सबकी भागीदारी के साथ देश भर में हर-घर तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं। 'हर घर तिरंगा' अभियान आजादी का अमृत महोत्सव का हिस्सा है, जिसे देश भर के घरों में तिरंगा फहराने के लिए डिजाइन किया गया है तथा आपरेशन सिंदूर में मिली सेना की सफलता को एक सम्मान है। डोंगरगांव में निकले गए इस तिरंगा यात्रा में बाइक यात्री भी अपने बाइक में तिरंगा लगाकर भारत माता की जय के नारे लगाते नजर आए यह तिरंगा यात्रा डोंगरगांव से होते हुए कोकपुर ग्राम में जाकर समाप्त हुआ। इस तिंरगा यात्रा में प्रमुख रूप से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी, जनपद पंचायत अध्यक्षा रंजिता पड़ौती , जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मनीष साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष अंजु त्रिपाठी, जि्ला पंचायत सदस्य जागृतियदु, सीईओ रोशनी भगत,,रामकुमार गुप्ता , संतोष यादव, राजा जैन, कोमल साहू,पद्मनी ठाकुर, गायत्री यादव , निर्मला मालेकर, मनबोधि पटेल,लक्ष्मी सेन , भुवन साहू,जागेश्वर यादव ,कपिल पडौती अजय वैष्णव, विजय जैन , योगेश पटेल,दुर्गेश, मनीष साहू, जयाटिमेश साहू, विवेक भंडारी, उमेश साहू,वेद कुमार, लोकेश साहू , महेश्वर साहू,रामलाल साहु ,ओ.पी.जैन,सरपंचगण,पंचायत सचिव, रोजगार सहायक,तथा समस्त डोंगरगांव विकासखंड के ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# मंहगे गिफ्ट व विदेशी मुद्रा भेजने के नाम से भारतीय महिलाओं से ठगी

- नाईजीरियन व दक्षिण अफ्रीका मूल के अन्तर्राष्ट्रीय सायबर ठगों को राजनांदगांव पुलिस ने दिल्ली से किया गिरफ्तार

**राजनांदगांव,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 05.05.2025 को प्रार्थिया के स्नैप चैट एकाउंट में आरोपियों द्वारा फर्जी तरीके से दोस्ती कर स्वयं को आर्थिक रूप से सम्पन्न विदेशी नागरिक बताकर विदेश से महंगे गिफ्ट व विदेशी रकम (पाउंड) भेजने का झांसा देकर उक्त पार्सल को एयरपोर्ट में कस्टम वालो ने पकड़ा है कहकर उसे छुड़वाने के एवज में पैसे की मांग कर 1,23,700/- रूपये की ठगी की गई थी जिस पर प्रार्थिया की रिपोर्ट पर पुलिस चौकी चिचोला थाना छुरिया में अपराध क्रमांक 105/2025 धारा 318(4), 3(5) बीएनएस, 66 (सी), 66 (डी) आईटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। विवेचना के दौरान सायबर सेल राजनांदगांव के माध्यम से उक्त आरोपी द्वारा प्रयुक्त मुख्य स्नैप चैट के एकाउंट के अवलोकन एवं विशलेषण करने पर पता चला कि उक्त आईपी एड्रेस से लिंक मोबाईल लोकेशन उत्तम नगर न्यू दिल्ली में पाया गया और घटना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराने पर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के पर्यवेक्षण में सायबर प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार के नेतृत्व में पुलिस चौकी चिचोला व साइबर सेल की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर पहुंच कर थाना डाबरी द्वारका नई दिल्ली क्षेत्रांतर्गत चाणक्य पैलेस 25 फीट रोड में होना पाये जाने से संबंधित पुलिस थाना डाबरी पुलिस स्टाफ की मदद से संदेहियों के मोबाईल नंबर धारक को घेराबंदी कर हिरासत में लेकर मौके पर पुछताछ किया जिस पर उक्त



मोबाईल नंबर के धारक द्वारा अपना नाम स्टीफन उर्फ लक्की, डेडन जो, पिता गुइताया, उम्र 30 वर्ष, वर्तमान पता 25 फीट रोड मकान नंबर- 105 चाणक्य पैलेस जनकपुरी, पुलिस थाना डाबरी नई दिल्ली, स्थायी पता मकान संख्या 142 अमिनबो, देश-आइवरी कोस्ट (दक्षिण अफ्रीका) होना बताया मौके पर पुछताछ पर अपराध कारित करना स्वीकार किया मौके पर ही आरोपी स्टीफेन का हमराह स्टाफ गवाह के समक्ष मेमोरण्डन कथन लेखबद्ध किया गया मेमोरण्डम कचन के आधार पर आरोपी स्टीफन से घटना में प्रयुक्त 01 नग लैपटाप, 08 नग एन्ड्रायड मोबाईल सेट, 05 नग कि-पेड मोबाईल व 05 नग एटीएम कार्ड जप्त किया गया। स्टीफेन के मेमोरण्डम कथन के आधार पर इनके साथ अपराध में संलिप्त किंग्सले पिता जोसेफ उम्र-35, वर्तमान पता 25 फीट रोड माकन नंबर- 105 चाणक्य पैलेस जनक पुरी, पीएस डाबरी नई दिल्ली, स्थायी पता ओग्वु, शहर अनंबरा, देश नाइजीरिया की घेराबंदी कर पकडा गया जिसे भी मौके पर पूछताछ करने वह भी अपराध में संलिप्त कबूल किया एवं उसके पास से घटना में प्रयुक्त 02 नग एंड्रायड मोबाईल 01 नग की-पेड मोबाईल व 01 नग एचपी कंपनी का लैपटाप को विधिवत मौके पर जप्त किया गया। दोनो आरोपियों को हिरासत में लेकर अग्रिम कार्यवाही हेतु थाना डाबरी वापस लाया गया रात्रि होने से दोनो गिरफ्तार आरोपियों को थाना में सुरक्षार्थ रखा गया। प्रकरण में अन्य संलिप्त आरोपी जॉर्ज चुक्कुमेका पिता चुक्कुमेका पता- हाउस नंबर डब्ल्यू जेड 93 सी ओम विहार फेस-1 एनआर आर्यन इंटरनेशनल स्कूल उत्तम नगर पश्चिम दिल्ली, स्थायी पता-एटी-ओनित्शा, शहर असाबा, देश- नाइजीरिया को दिनांक 05.08.2025 को सुबह उसके निवास से पुछताछ हेतु थाना डाबरी लाया गया आरोपी से पूछताछ कर मेमोरण्डम कथन लिया गया जो जूर्म स्वीकार किया और घटना में प्रयुक्त 04 नग एंड्रायड मोबाईल चालू स्थिति में व 05 नग मोबाईल बंद स्थिति में को विधिवत जप्त किया गया। महिलओं से जुड़ कर सक्रिय थे जिनसे मौके पर घटना में प्रयुक्त आरोपियों के पास से ठगी में उपयोग किये गये 02 नग लैपटाप, 14 नग एण्ड्राईड मोबाईल, 6 नग की-पेड मोबाईल सेट, 05 नग बंद मोबाईल कुल 25 नग मोबाईल एवं 05 नग एटीएम कार्ड, 32 नग सिम जप्त किया गया। इस प्रकार अन्य साक्ष्यों के साथ आरोपियों को रंगेहाथ पकड़ कर अन्य भारतीय महिलाओं के साथ भविष्य में होने वाले सायबर ठगी की घटना का रोकने में राजनांदगांव पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।उपरोक्त कार्यवाही में सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार एवं पुलिस चौकी चिचोला प्रभारी निरीक्षक कृष्णा पटले, उनि0 सुमेन्द्र खरे, सायबर सेल से आर0 जोगेश राठौर, अमित सोनी, हेमंत साहू, आदित्य सिंह राजपूत, म0आर0 पार्वती कवंर की सराहनीय कार्य रहा।

उल्टा पुल्टा

शराबी- मुझे एस.वी. रोड पर एक पर्स मिला है जिसमे 15000 कैश, एक आईफोन 5 एस, एक क्रेडिट कार्ड और किसी पल्लवी नाम की लड़की का आई.डी.मिला है।
रेडियो जॉकी- वाह ! आप कितने ईमानदार हैंतो आप उन्हें वो पर्स वापस करना चाहेंगे राईट?
शराबी- नही ! मै चाहता हूँ की पल्लवी के लिए एक दर्द भरा गाना हो जाए।

## संपादकीय

### औद्योगिक सुरक्षा का प्रशिक्षण अहम

सार्वजनिक तथा निजी सेक्टर दोनों में ही छत्तीसगढ़ ने काफी बड़ी छलांग लगाई है। एक चौथाई दशक पहले जब वह स्वतंत्र राज्य बना, तभी से निवेशकों के आकर्षण का केन्द्र बन गया था। देश के नक्शे में इसकी जगह या कहें कि लाभदायी भौगोलिक स्थिति, प्रचुर मात्रा में खनिज तथा वन सम्पदा, कुशल, अर्द्ध कुशल एवं अकुशल मानव संसाधन की उपलब्धता आदि अनेक ऐसे कारण हैं जिनके चलते जल्दी ही बड़ी तादाद में उद्योग यहां लगे। व्यवसाय भी बढ़ चला। अनेक बड़ी सरकारी कम्पनियों की इकाइयां यहां पहले से चल रही थीं। तत्पश्चात निजी क्षेत्र का विकास भी हुआ।

इस तरक्की ने प्रदेश को सम्पन्न तो बनाया ही और शासन की राजस्व आय में बढ़ोतरी भी की, परन्तु औद्योगिक सुरक्षा की तरफ पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया जो वांछनीय है। मानव जीवन से अधिक अनमोल कुछ भी नहीं होता। दुर्भाग्य से सार्वजनिक क्षेत्रों की इकाइयों में भी अक्सर बड़े व गम्भीर औद्योगिक हादसे होते रहते हैं जिनमें लोगों को जान गंवानी पड़ती है। औद्योगिक सुरक्षा पर निजी कम्पनियां अक्सर बड़ा खर्च करने से बचती हैं लेकिन शासकीय कम्पनियों में ऐसी कोई मजबूरी नहीं होती। उन्हें तो इस मामले में उदाहरण बनना चाहिये तथा सम्भव हो तो निजी कम्पनियों का मार्गदर्शन करना चाहिये। इसी कारण से अक्सर सरकारी कम्पनियों से भी औद्योगिक हादसों की खबरें आती रहती हैं।

राष्ट्रीय ताप बिजली परियोजना (एनटीपीसी) के सीपत संयंत्र में बुधवार को बड़ा हादसा हो गया। 5वीं इकाई में मेंटेंनेंस कार्य जारी था तभी प्री-एयर हीटर का प्लेटफॉर्म टूट गया। इससे पांच मजदूर घायल हो गये। एक की उपचार के दौरान सिम्स में मृत्यु हो गयी जबकि चार का इलाज जारी है। एक की हालत गम्भीर बताई गई है। मजदूरों ने इस दुर्घटना पर नाराजगी जताते हुए सड़क जाम कर दी थी जबकि प्रबन्धन ने मुआवजे तथा इलाज का खर्च उठाने की बात कही।

निजी हो या सार्वजनिक- दोनों ही तरह की औद्योगिक इकाइयों में कार्य करने वाले श्रमिकों, कर्मचारियों तथा अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिये लेकिन दुर्भाग्य से इसकी ज़हमत कम ही इकाइयां उठाती हैं। इसका सबसे बड़ा कारण है इस पर होने वाला भारी-भरकम खर्च जिसे अक्सर टाला जाता है। हालांकि एनटीपीसी समेत प्रदेश में कार्यरत अनेक सरकारी तथा प्राइवेट सेक्टर में संचालित हो रही कम्पनियां इस मामले में संवेदनशील हैं तथा उनके पास पैसों की कोई कमी भी नहीं है।

इस दुर्घटना की जांच की जा रही है इसलिये उस पर पहले से कोई निष्कर्ष निकालना अथवा टिप्पणी करना उचित नहीं परन्तु पाया जाता है कि सुरक्षा सम्बन्धी आवश्यक उपकरण प्रदान करने तथा आदर्श कार्य प्रणाली (एसओपी) अपनाने के बाद भी होने वाले हादसों का कारण ज्यादातर मानवीय चूक होती है। ठेका मजदूरों, कर्मचारियों व अधिकारियों को सुरक्षा सम्बन्धी कड़ा प्रशिक्षण दिया जाना कम्पनियों का ही उत्तरदायित्व है।

# पाठशाला स्कूल के बच्चों ने नपा अध्यक्ष अशोक जैन सहित कर्मचारियों को बाँधी राखी



**सेवा के प्रति जताया सम्मान और प्यार**

**बलौदाबाजार, 7 अगस्त** (देशबन्धु)। पवित्र सावन के महीने में पाठशाला स्कूल के बच्चों द्वारा हाथ से बनी राखी पहना कर नगर पालिका के अध्यक्ष अशोक जैन व पार्षदगणों तथा कर्मचारियों की सेवा के प्रति आभार एवम सम्मान व्यक्त किया गया। उल्लेखनीय है कि आज का दिन भावनाओं और संस्कारों से भरा हुआ रहा, जब पाठशाला स्कूल के सीनियर के.जी. और कक्षा 2 के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने नगरपालिका कार्यालय, बलौदा बाजार का दौरा किया। जहां बच्चों ने नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन और कर्मचारियों को राखी बाँधी और उनके शहर के प्रति समर्पित कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया। मासूम मुस्कानों के साथ बच्चों ने कहा कि आप हमारे शहर को साफ और सुंदर रखते हैं, हम आपको धन्यवाद कहते हैं। यह स्नेह भरा अपनापन बच्चों की सच्ची भावना और शहर सेवा के प्रति सम्मान को दर्शाता है।

नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के आयोजन से जिम्मेदारी, कृतज्ञता और सम्मान के मूल्य विकसित करते हैं, जो उन्हें भविष्य में एक संवेदनशील नागरिक बनाने में मददगार साबित होंगे पाठशाला स्कूल के बच्चों में जो संस्कार स्कूल के शिक्षक एवम प्रबंधन द्वारा दिया जा रहा है वह अभूतपूर्व है सभी स्टाफबधाई के पात्र है। पाठशाला विद्यालय की प्राचार्य पूजा जैन ने कहा कि बच्चों को समाज की सेवा करने वाले लोगों का आभार मानना और उनका सम्मान करना सिखाना हमारे पाठ्यक्रम का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों में संस्कार और सामाजिक जुड़ाव बढ़ाते हैं। कार्यक्रम के अंत में कर्मचारियों ने बच्चों को मिठाई खिलाई और आशीर्वाद दिया। राखी की यह डोर बच्चों और समाज सेवा करने वालों के बीच एक अनोखा रिश्ता जोड़ गई है। इस अवसर पर नगरपालिका के पार्षदों व अधिकारी कर्मचारियों को रक्षाबंधन बांध कर पर्व मनाया गया।

# शासकीय श्रीकुलेश्वर महादेव महाविद्यालय के विभिन्न कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक इंद्रकुमार



**महाविद्यालय में डिजिटल बोर्ड का किया शुभारंभ**

**नवापारा राजिम, 7 अगस्त** (देशबन्धु)। क्षेत्रीय विधायक इंद्रकुमार साहू सोमवार को श्रीकुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय मे आयोजित विभिन्न कार्यक्रम मे सम्मिलित हुए. जहाँ सर्वप्रथम वे महाविद्यालय परिषर मे स्थापित भगवान श्री कुलेश्वर महादेव शिवलिंग पर श्रावण माह के अंतिम सप्ताह के अवसर पर आयोजित रुद्राभिषेक कार्यक्रम मे सम्मिलित हुए. उक्त आयोजन पं. संतोष शर्मा द्वारा सम्पादित किया गया. जिसके बाद विधायक इंद्रकुमार साहू ने एक पेड़ माँ के नाम पर महाविद्यालय परिसर मे वृक्षारोपण किया गया. तत्पश्चात उन्होंने महाविद्याले डिजिटल क्लास रूम का उद्घाटन भी किया. इस अवसर पर उन्होंने कहाकि शासकीय महाविद्यालय मे विकास कार्य को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी, यहाँ अध्ययनरत बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले इसके लिए हर सम्भव प्रयास किया जायेगा. इस दौरान विधायक उनके साथ सरपंच संघ जिलाध्यक्ष मुकेश ढीढी, जनपद पंचायत सभापति श्रीमती वर्षा मिश्रा, नवापारा भाजपा मण्डल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, शासकीय निकाय मे नियुक्त जनभागीदारी अध्यक्ष श्रीमती जीना सुजीत निषाद, सांसद प्रतिनिधि अशोक गंगवाल विधायक प्रतिनिधि राजू रजक , पालिका अध्यक्ष श्रीमती ओमकुमारी संजय साहू, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, संस्था की प्राचार्य मधुरानी शुक्ला, मण्डल उपाध्यक्ष धीरज साहू, फेकनू साहू, सुजीत निषाद, शिवा साहू, ईश्वर देवांगन, देवेंद्र सेन, मनीष चौधरी, अग्नि यादव सहित अन्य पार्टी कार्यकर्त्ता, महाविद्यालयीन स्टॉफ विद्यार्थीगण उपस्थित थे.

# पुलिस कर्मियों को बांधी राखी



**महासमुंद, 7 अगस्त** (देशबन्धु)। पटेवा क्षेत्र में संचालित एकल विद्यालयों की बहनों ने पुलिस थाना पटेवा में पदस्थ पुलिस कर्मियों को राखी बांधकर रक्षा का संकल्प लिया। उल्लेखनीय है कि दूरस्थ अंचल के बच्चों की शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्वयंसेवियों द्वारा एकल विद्यालय संचालित किया जाता है।

# नपाध्यक्ष व पार्षदों ने किया डिवायडरों में विद्या पत्ती का रोपण



**महासमुंद, 7 अगस्त** (देशबन्धु)। पीआईसी बैठक में पारित पूर्व प्रस्ताव अनुसार नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने तथा नगर सौंदर्यीकरण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए नगर पालिका निखिलकांत साहू की पहल पर एनएच.353 खरोरा से सितली नाला तक तथा नेहरू चौक से रेलवे स्टेशन तक शुरूवार को विद्या पत्ती का रोपण किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू तथा समस्त सभापति गणों व पार्षदों ने पूजा.अर्चना कर पौधरोपण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि हरियर महासमुंद बनाने की दिशा में मुख्य मार्ग तथा अन्य मार्गों में निर्मित डिवायडरों में विद्या पत्ती के पौधे का रोपण किया जा रहा है। इससे मार्ग की सुंदरता बढ़ेगी तथा रात में आवागमन करने वाले वाहन चालकों को वाहनों के तेज रोशनी से राहत मिलेगी। यह पौधा अधिकांशत: घरों में सजावट के रूप में लगाया जाता है। इससे सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। शहर भी हमारा घर जैसा है और यहां के लोग हमारा परिवार है। घर की तरह नगर का ख्याल रखना हम सब की जिम्मेदारी है। नगर के प्रमुख मार्गों के डिवायडरों में यह पौधा लगने से शहर में सकारात्मकता का संचार होगा। इस अवसर पर सभापति गण श्रीमती ज्योति रिन्कू चंद्रगाकर, जयकुमार देवांगन, जितेंद्र देवनारायण ध्रुव, पार्षद श्रीमती शुभ्रा मनीष शर्मा, सुश्री धनेश्वरी सोनवानी, श्रीमती सुनैना पप्पू ठाकुर, श्रीमती जरीना हफीज कुरैशी, माखन पटेल, नीरज चंद्राकर, भाऊराम साहू, पीयूष अमृत साहू, चंद्रशेखर बेलदार व नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# सांसद चौधरी की पहल पर दो सड़क परियोजनाएं स्वीकृत



**महासमुंद, 7 अगस्त** (देशबन्धु)। धमतरी और गरियाबंद जिलों में अधोसंरचना विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि जुड़ गई है। सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी के अथक प्रयासों और सक्रिय पहल के फलस्वरूप कुरूद बायपास मार्ग तथा कोमाखान से गरियाबंद तक 74 किमी सड़क उन्नयन परियोजनाओं को नितिन गडकरी केंद्रीय मंत्री सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार से स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस संबंध में सांसद श्रीमती चौधरी ने नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से सौजन्य भेंट की, जहां उन्होंने न केवल इन परियोजनाओं पर चर्चा कीए बल्कि क्षेत्र के समग्र विकासए सड़क सुरक्षाए भविष्य की अधोसंरचना योजनाओं और जनसमस्याओं से संबंधित विविध विषयों पर भी विमर्श किया। मुलाकात के दौरान मंत्री श्री गडकरी ने और अधिकारियों को निर्देशित किया कि दोनों परियोजनाओं की त्वरित स्वीकृति और धनराशि आवंटन की प्रक्रिया शीघ्र आरंभ की जाए। सांसद चौधरी को महत्वपूर्ण सुझाव एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। साथ ही सांसद चौधरी को अपने अनुभव साझा करते हुए जनसेवा एवं क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण सुझाव एवं मार्गदर्शन प्रदान किया । स्वीकृत प्रमुख परियोजनों में कुरूद बायपास 6.00 किमी 104.35 करोड़। यह प्रस्तावित 4.लेन मार्ग रायपुर-जगदलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक.30 को रायपुर.विशाखापट्टनम एक्सप्रेस.वे से जोड़ेगा। भारी वाहनों के नगर में प्रवेश पर रोक लगेगी, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका घटेगी और यातायात व्यवस्था बेहतर होगी। यह बायपास क्षेत्रीय एवं अंतरराज्यीय यातायात के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा। कोमाखान गरियाबंद सड़क उन्नयन 74 किमी यह मार्ग विशेष रूप से गरियाबंद जिले के जनजातीय समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस सड़क के उन्नयन से ग्रामीण अंचलों को शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और बाजार तक बेहतर पहुंच मिलेगी, जिससे जनजातीय समुदाय की सामाजिक.आर्थिक प्रगति को बल मिलेगा। इन दोनों स्वीकृत परियोजनाओं से क्षेत्र के नागरिकों में गरियाबंद जिले के जनजातीय समाज में खुशी और विश्वास का वातावरण है। सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने बताया कि महासमुंद लोकसभा का समग्र रूप से विकास उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने मंत्री श्री गडकरी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि उनका मार्गदर्शन भविष्य की योजनाओं को मजबूती प्रदान करेगा।

# बिजली बिल हाफ योजना रद्द किए जाने के विरोध में कांग्रेस द्वारा बिजली ऑफिस का किया गया घेराव



**बलौदाबाजार, 7 अगस्त** (देशबन्धु)। बिजली बिल हाफयोजना रद्द किए जाने एवं बिजली वृद्धि को वापस किए जाने हेतु प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा घृतलहरे के नेतृत्व में आज बिजली ऑफिस का घेराव एवं पुतला दहन किया गया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे ने कहा कि बिजली बिल हाफयोजना को रद्द किए जान से राज्य सरकार ने आम जनता के साथ खिलवाड़ किया साथ ही साथ बिजली बिल में बेताशा वृद्धि कर आम लोगों को आर्थिक बोझ से भी सामना करना पड़ रहा है। इस अवसर पर मुख्य रूप से विधायक इंद्र साव, बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, शैलेश नितिन त्रिवेदी, विद्या भूषण शुक्ला, पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, सतीश अग्रवाल, जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर, >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# नपा अध्यक्ष अशोक जैन ने किया कावड़ियों का स्वागत



**बलौदाबाजार, 7 अगस्त** (देशबन्धु)। पुरानी बस्ती बोल बम कांवरिया यात्रा के लिए भक्तगणों के द्वारा कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के द्वारा नगर पालिका के सामने कावड़ यात्रियों का स्वागत किया गया, व कावड़ यात्रियों को स्वलपाहार कराते हुए पेयजल की व्यवस्था की गई।

भक्तगणों का व कांवर यात्रियों का स्वागत करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के ने कहा कि श्रावण मास के महीने में भगवान शंकर के भक्त गणों के द्वारा पूजा अर्चना करने यात्रा निकालना व शिव पर जल अर्पण पुण्य का कार्य होता है कहते हुए सभी शिव भक्तों को शुभकामनाएं दी गयी। भक्तों द्वारा पुरानी बस्ती से कावड़ यात्रा निकालकर स्थानीय भूतेश्वर नाथ मंदिर सोनपुरी में जल चढ़ाने यात्रा प्रारंभ की गई। जिसका नगर पालिका के सामने नगर पालिका अध्यक्ष व पार्षदगणों के द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष जितेंद्र माहले, पार्षद एवम सभापति हरजीत सिंह सलूजा, जितेंद्र डड़सेना, सतीश पटेल, आदित्य गुप्ता, शेखर गुप्ता, रोहित साहू, मनोज कांत पुरैना, गौतम चौहान, भा.ज.पा. नेता >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# जन भागीदारी समिति ने लिए छात्र हित में अनेक निर्णय



**बलौदाबाजार, 7 अगस्त** (देशबन्धु)। शासकीय डी के महाविद्यालय में अध्यक्ष डॉ मोहन लाल वर्मा की अध्यक्षता में बुधवार 6 अगस्त को महाविद्यालय के सभागार में जन भागीदारी समिति की प्रथम बैठक संपन्न हुई। बैठक में छात्र हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। अध्यापकों की कमी के चलते शिक्षण कार्य प्रभावित होने के कारण वनस्पति शास्त्र, प्राणिशास्त्र और भूगोल विषय में एक एक व्याख्याता की नियमानुसार नियुक्ति की स्वीकृति दी गई।

इसी तरह पी जी डी सी ए सहित विभिन्न शैक्षनिक और गैर शैक्षनिक पदों पर कार्यरत कर्मचारियों के परिश्रमिक में वृद्धि की मांग पर सहमति व्यक्त करते हुए वृद्धि स्वीकृत की। छात्रों की मांग पर माइग्रेशन प्रमाणपत्र के अभाव में छात्रों को प्रवेश देने का आदेश प्राचार्य व रजिस्ट्रार को दिया गया। विदित हो कि अधिकारीयों के द्वारा माइग्रेशन के अभाव में प्रवेश नहीं दिया जा रहा था। कर्मचारियों के मानदेय में कर्तव्य पर रहते हुए भी अनुपस्थित कर मानदेय में कार्यालय द्वारा कटौती कि जा रही थी जिस पर संज्ञान लेते हुए कटौती न करने के भी आदेश दिए गए। कम्प्यूटर कक्ष में ए सी लगाने व भवन मरम्मत के प्रस्ताव पर जिलाधीश महोदय से मिलकर डी एम एफनिधि से काम कराने पर सहमति बनी तथा समिति इस हेतु शीघ्र ही जिलाधीश महोदय से मिल कर मांग रखेगा। इस अवसर पर प्राचार्य व सचिव डॉ जेम्स, आलोक अग्रवाल, एस एम पाध्ये, नरेश भट्टर, निशा शुक्ला, प्यारेलाल साहू, गंगा प्रसाद यदु, हेमंत श्रीवास्तव, कार्तिकेश बाघमार, शशिभूषण शुक्ला, बतौर सदस्य तथा प्रभारी प्राध्यापक अशोक उपाध्याय, प्रो. राजेश मिश्रा, सी के चन्द्रवंशी, डॉली शुक्ला उपस्थित थे।

# मेगा पालक-शिक्षक बैठक का भव्य आयोजन



**नवापारा राजिम, 7 अगस्त** (देशबन्धु)। अंचल के प्रतिष्ठित पीएमश्री हरिहर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, गोबरा नवापारा में आज गुरूवार को मेगा पालक-शिक्षक बैठक का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पालकों की अत्यधिक उपस्थिति ने इसे विशेष बना दिया। इस अवसर के मुख्य अतिथि शाला विकास समिति के सदस्य एवं सेवानिवृत्त व्याख्याता एस. आर. सोन तथा उमाशंकर देवांगन रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती फखरा खानम दानी ने की। समस्त शिक्षकों ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की। बैठक में नई शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया।

श्रीमती प्रियंका शर्मा ने घर के वातावरण की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। श्रीमती कुंतम देवांगन ने विद्यार्थियों की दैनिक दिनचर्या पर प्रकाश डाला। श्रीमती मुक्ति साहू ने पालकों से आग्रह किया कि वे बच्चों से प्रतिदिन यह अवश्य पूछें कि आज आपने क्या सीखा ? शिवनंदन देवांगन ने विद्यार्थियों को संवाद में सहज बनाने, स्वास्थ्य एवं पोषण पर ध्यान देने की आवश्यकता बताई। महेश कंसारी ने शैक्षणिक प्रगति व परीक्षा प्रणाली पर चर्चा की। श्रीमती सोमा शर्मा ने बस्ता रहित शनिवार के महत्व को रेखांकित किया। विनोद साहनी ने न्योता भोजन विषय पर विचार रखे। शिवशंकर चौहान ने प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि श्रीसोन ने पालकों एवं शिक्षकों दोनों से जिम्मेदारी निभाने की अपील की। वहीं विशिष्ट अतिथि श्रीदेवांगन ने पालकों से अपने बच्चों पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया।

संस्था प्रमुख श्रीमती फखरा खानम दानी ने सभी पालकों से आग्रह किया कि वे व्यक्तिगत रूप से उनसे संपर्क कर बच्चों से संबंधित समस्याएं साझा करें, जिससे उन्हें समुचित समाधान मिल सके। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन विजय गिलहरे द्वारा किया गया।

# हर घर तिरंगा, जन-जन का अभियान



**तिरंगा सिर्फ एक ध्वज नहीं, यह भारत की आत्मा है, हमारी स्वतंत्रता, बलिदान और गौरव का प्रतीक है : विधायक रोहित साहू**

**राजिम, 7 अगस्त** (देशबन्धु)। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलाया जा रहा ष्हर घर तिरंगाष् अभियान अब एक जनआंदोलन का रूप ले चुका है। यह केवल राष्ट्रीय ध्वज को घरों पर फहराने का आह्वान नहीं है, बल्कि यह देश के कोने-कोने में राष्ट्रप्रेम की भावना को जीवित करने का संकल्प है।

विधायक रोहित साहू ने सभी क्षेत्र वासियों से सादर आग्रह करते हुए कहा कि 2 से 15 अगस्त तक सभी नागरिक अपने-अपने घर, दुकान एवं संस्थान में तिरंगा अवश्य फहराएं। तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर उसे ींतहींतजपतंदहं.बवउ पोर्टल पर अपलोड करें और इस अभियान को डिजिटल समर्थन भी दें। 15 अगस्त की संध्या को तिरंगे को सम्मानपूर्वक उतारना भी सुनिश्चित करें।इसके साथ ही उन्होंने यह भी अपील की कि, अपने क्षेत्र में स्वच्छता अभियान में सक्रिय भाग लें। शहीदों एवं वीर जवानों के परिजनों का सम्मान करें। मोहल्ला, गांव व नगरों में तिरंगा यात्रा निकालें और देशभक्ति के रंग में रंग जाएं।ष्हर घर तिरंगाष् न सिर्फ आज़ादी के अमृत महोत्सव की भावना को जीवंत करता है, बल्कि यह हमारे संविधान, हमारी एकता और हमारी >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# बच्चों को मोबाईल की लत से दूर रखें:कलेक्टर

■ कलेक्टर ने शेर और पचेड़ा स्कूल में आयोजित पालक.शिक्षक बैठक में बच्चों और पालकों से की आत्मीय चर्चा



**महासमुंद** 7 अगस्त (देशबंधु)। स्कूल शिक्षा विभाग छग शासन के निर्देशानुसार जिले के सभी प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी शालाओं में पालकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने और उन्हें बच्चों की प्रगति से अवगत कराने तथा बच्चों में भविष्य की सम्भावनाओं का आंकलन कर पालकों के साथ समन्वय साधते हुए संयुक्त रूप से परिणाम उन्मुखी प्रयास करने हेतु बुधवार 06 अगस्त को जिले के सभी 184 संकुलों में पालक.शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया है। पालक.शिक्षक बैठक में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शेर एवं पचेड़ा में आयोजित संकुल स्तरीय पालक शिक्षक बैठक कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां उन्होंने पालक शिक्षक बैठक में शामिल होकर पालकों और बच्चों से संवाद कर उनके अनुभव जाने। इस अवसर पर उन्होंने शाला परिसर का अवलोकन भी किया। कलेक्टर श्री लंगेह ने पालकों से चर्चा करते हुए कहा कि अपने बच्चों की गतिविधियों और पढ़ाई की स्तर को नियमित रूप से परखने के लिए उनसे चर्चा करते रहें। यह सुनिश्चित करें कि बच्चे स्कूल से आने के पश्चात होम वर्क अनिवार्य रूप से करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा के गुणवत्ता के स्तर को बढ़ाने के लिए पालक और शिक्षक नियमित रूप से संवाद करके स्थानीय स्तर पर ही समाधान करें। पालकों ने जाति प्रमाण पत्र संबंधित समस्या के संदर्भ में भी कलेक्टर को अवगत कराया। कलेक्टर ने चर्चा के दौरान कहा कि बच्चों को मोबाईल की लत से दूर रखें। साथ ही शिक्षकगण भी अध्यापन के दौरान मोबाईल का उपयोग आवश्यकता अनुसार ही करें। बैठक में पालकों ने बेहतर शिक्षण के लिए और भी सुझाव दिए। कलेक्टर ने पालकों से मोर गांव मोर पानी अभियानए एक पेड़ मां के नाम अभियान के संबंध में अवगत कराया। साथ ही बच्चों को नशा से दूर रखने सामूहिक संकल्प भी लिया गया। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, डीएमसी रेखराज शर्मा, संबंधित स्कूल के प्राचार्य, सरपंच, संकुल समन्वयक, शिक्षकगण, पालकगण एवं समिति के सदस्य मौजूद थे।

# प्रधान पाठक डेमेश्वरी ने दान की एक महीने की सैलरी, बेटे के जन्मदिन पर बच्चों को बांटे बैग

**महासमुंद,** 7 अगस्त (देशबंधु)। शासकीय अभ्यास प्राथमिक शाला की प्रधान पाठक डेमेश्वरी गजेंद्र ने अपने पुत्र सार्थक के जन्मदिन पर विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए। यह वितरण उस प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसके अंतर्गत डेमेश्वरी प्रत्येक वर्ष अपनी एक माह की सैलरी बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं पर खर्च करती हैं। बैग वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे ने कहा कि डेमेश्वरी मैडम का यह दृष्टिकोण उन्हें एक सामान्य शिक्षक से अलग पहचान देता है। वे शिक्षा को कक्षा और बच्चों की गरिमा, आत्मबल और सामाजिक समानता से जोड़कर देखती हैं। ऐसे शिक्षक प्रशासनिक ढांचे को मजबूती देते हैं। उनका योगदान प्रेरणास्पद और उत्साहवर्धन के योग्य है। अध्यक्षता कर रहे जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा ने कहा कि डेमेश्वरी ने निजी अवसरों को सामाजिक दायित्व में बदलकर सभी शिक्षकों को एक नई राह दिखाई है। कार्य शिक्षकों के लिए प्रेरणा है। वे सरकारी व्यवस्था में रहकर मानवीय संवेदना का उदाहरण प्रस्तुत कर रही हैं। बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा ने बताया कि वर्ष 2022 में स्कूल की दर्ज संख्या 75 थी लेकिन उपस्थिति बहुत कम थी। डेमेश्वरी मैडम के मार्गदर्शन में शिक्षकों की टीम ने घर.घर जाकर पालकों से संवाद किया, घुमंतू समुदाय के बच्चों को स्कूल से जोड़ा और शिक्षा के प्रति भरोसा जगाया। आज इसी विद्यालय में दर्ज संख्या 98 पहुंच चुकी है और नब्बे फीसदी की औसत उपस्थिति है, यह सब शिक्षकों के समर्पण और सेवाभाव से ही संभव हो सका है। प्रधान पाठक डेमेश्वरी गजेंद्र ने कहा कि मैं चाहती हूं कोई बच्चा सिर्फ इसलिए न पिछड़े क्योंकि उसके पास संसाधन नहीं हैं। माँ की ममता और शिक्षक की दृष्टि के साथ हर विद्यार्थी को संबल देना मेरी जिम्मेदारी है।



कार्यक्रम में आशीबाई गोलछा कन्या हायर सेकंडरी स्कूल के प्राचार्य जीएल सिन्हा, मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक गैंदलाल साहू, उमादेवी शर्मा, सार्थक गजेंद्र, शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुशील कुल्हडिया, उपाध्यक्ष रेवती यादव, सदस्य ज्वाला सूर्यवंशी, शांति साहू के साथ शिक्षक चंचला गुप्ता, लता वैष्णव, ममता डड़सेना, खेमिन साहू, कल्याणी फेकर आदि विशेष रूप से मौजूद रहे।

# शंकर नगर में सावन महोत्सव धूमधाम से मनाया गया



**महासमुंद** 7 अगस्त (देशबंधु)। स्थानीय शंकर नगर स्थित कुंदकेश्वर महादेव मंदिर परिसर में सावन महोत्सव का आयोजन बड़ी श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर मोहल्लेवासी बड़ी संख्या में एकत्र होकर राधा.कृष्ण की मूर्तियों की विधिवत पूजा.अर्चना एवं सामूहिक आरती में शामिल हुए। भजन.कीर्तन के मधुर स्वर ने संपूर्ण वातावरण को कृष्णमय बना दिया। सावन माह की परंपरा अनुसार राधा.कृष्ण की झूला झांकी सजाई गई, जिससे श्रद्धालु भाव.विभोर हो गए। कार्यक्रम में सावन झूला झूला कर महिलाओं एवं बच्चों ने उत्सव का आनंद लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत महिलाओं के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इसमें श्रीमती खुश्बू साहू ने प्रथम स्थान और श्रीमती छोटी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। राधा.कृष्ण झांकी एवं झूला सजावट में श्रीमती शिखा सोनी और कार्यक्रम व्यवस्था में श्रीमती शोभा गोस्वामी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर श्रीमती सरला सोनी, कुमारी सेन, विनोदिन पुरोहित, योगेश्वरी गोस्वामी, पर्वत साहू, रश्मि सेन, सोनमत सेन ,गीता त्रिपाठी ,शारदा विश्वकर्मा, माया भोसले, प्रीति पुरोहित ,दिव्या साहू,लता साहू,सरस्वती यादव,किरण पवार, अनीता पवार,दीप्ति मिश्रा,कीर्ति साहू,इन्द चौधरी, ललिता यादव सहित बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी उपस्थित रहे।

# ग्रामवासी कर रहे रसनी गौठान का संचालन वहीं युक्तियुक्तकरण पीड़ित शिक्षक हेमंत कर रहे गौवंश की सेवा

**आरंग,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। जब ज्ञापन सौंपने पर भी रसनी गोठान के पुनः संचालन की बात नहीं बनीं तो ग्रामवासियों ने जन भागीदारी व सहभागिता से गोठान के सुचारू रूप से संचालन का निर्णय लिया है ज्ञात हो पशुपालकों द्वारा गौवंश को सड़कों पर खुला छोड़ दिया जाता है।जिसकी वजह से आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं घुमंतू मवेशी दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं पशुधन को खुले में छोड़ने से फसलों को काफी क्षति पहुंचती है। इन समस्याओं से निजात पाने व गोठान की ऊचित देखभाल चारे पानी प्रबंधन हेतु प्रति घर से 50 रुपए की सहयोग राशि जमा की जाती है फसलों व आकस्मिक सड़क दुर्घटना रोकने व फसलों को बचाने प्रत्येक वार्ड से रोज पांच गो सेवक घुमंतू पशुओं को रसनी गोठान सुरक्षित पहुंचाकर उनके चारे पानी का प्रबन्ध करते हैं वहीं गोठान में भी मजदूरी पर दो सेवकों को अलग से नियुक्त किया गया है।मिली जानकारी अनुसार युक्तियुक्तकरण से पीड़ित शिक्षक हेमंत कुमार चंद्राकर भी गौवंश की सेवा में तत्पर हैं उक्त शिक्षक का मामला कोर्ट में लंबित है उन्होंने संभाग स्तर पर भी अभ्यावेदन दिया है। गौमाता की सेवा से न्याय मिल जाए इस उम्मीद शिक्षक गोवंश के लिए हरी हरी घास की व्यवस्था करते हैं। इस पुण्य कार्य में ग्राम सरपंच नंदकुमार चंद्राकर उपसरपंच पारस चंद्राकार दिनेश चंद्राकर पंच अरूण साहू पंच हीरामणि साहू व समस्त ग्रामवासी अपना सहयोग प्रदान कर रहे है इस कार्य की गांव व पूरे अंचल में सराहना हो रही है।



# स्वर्णकार महिला मंडल का सावन मिलन समारोह



**महासमुंद** 7 अगस्त (देशबंधु)। शहर के बीटीआई रोड स्थित गुरु गोविंद सिंह उद्यान में रविवार को छत्तीसगढ़िया स्वर्णकार महिला मंडल द्वारा सावन मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सावन माह भगवान शंकर को समर्पित होता है। साथ ही इस माह में कान्हा जी के झूले की प्राचीन परंपरा का भी उत्सव माना जाता है। समारोह की शुरुआत भगवान कृष्ण की पूजा.अर्चना और सामूहिक आरती से हुई। लता सोनी ने सुमधुर भजन प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। सभी महिला सदस्यों ने कान्हा जी को झूला झुलाकर सावन की खुशियाँ साझा की। सावन में हरे रंग का विशेष महत्व रहता है, इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए सभी महिलाएं हरे रंग की साड़ी, चूड़ियों एवं श्रृंगार में नजर आईं। आयोजन में गेम प्रतियोगिता एवं सावन सुंदरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। गेम प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्वेता सोनी एवं द्वितीय स्थान तृप्ति सोनी ने प्राप्त किया। सावन सुंदरी का खिताब राखी सोनी को मिला, जबकि द्वितीय स्थान शिखा सोनी ने प्राप्त किया। विजेताओं को पुरस्कार वितरण भी किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को प्रकृति के करीब लाना, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना तथा समाज की महिलाओं को एकजुट कर संगठन को सशक्त बनाना रहा। समारोह के सफल आयोजन में महिला मंडल की अध्यक्ष सरला सोनी, उपाध्यक्ष नीता सोनी, जयश्री स्वर्णकार, कोषाध्यक्ष राखी सोनी, सचिव पूर्णिमा सोनी, समाज की लता सोनी, कुंती सोनी, सरोज सोनी, शिखा सोनी, सारिका सोनी, डाली सोनी, प्रतिमा सोनी, रेणु सोनी, श्वेता सोनी, रिंकी सोनी और तृप्ति सोनी का सराहनीय योगदान रहा।

# स्मार्ट निवेशक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**बागबाहरा,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। शासकीय महाविद्यालय बागबाहरा में स्मार्ट निवेशक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन वाणिज्य विभाग और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान मे किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता/कॉलेज विद्यार्थियों को वित्तीय जागरूकता प्रदान करना और उन्हें सुरक्षित व समझदारीपूर्ण निवेश निर्णय लेने के लिए सशक्त बनाना है। यह कार्यक्रम आमतौर पर सेबी (भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड) द्वारा प्रायोजित होता है और विभिन्न संस्थाओं में आयोजित किया जाता है, जैसे कि स्कूल, कॉलेज, निवेशक संघ, बैंक और वित्तीय संस्थान, स्टॉक एक्सचेंज (म्यूचुअल फंड एसोसिएशन) इत्यादि। स्मार्ट जागरूकता कार्यक्रम के उद्देश्य निवेशकों को धोखाधड़ी से बचाना, निवेश के सही विकल्पों की जानकारी देना (जैसे म्यूचुअल फंड, एफडी, शेयर बाजार आदि), निवेश में जुड़े जोखिम और रिटर्न की समझ बढ़ाना, सेबी के नियमों और निवेश अधिकारों की जानकारी देना, फिनटेक ऐप्स, पोर्टल्स और डिजिटल निवेश साधनों की जानकारी देना है। इस कार्यक्रम में निवेश के प्रकार स्नष्ठ, शेयर, म्यूचुअल फंड, , बॉन्ड, रियल एस्टेट, जोखिम प्रबंधनविविधता , धोखाधड़ी से बचाव चिट फंड, फर्जी स्कीम, नियामक संस्था प्रक्रिया पहचान और पता प्रमाण, पैन कार्ड, आधार, निवेशक अधिकारशिकायत निवारण प्रणाली, स्मार्ट निवेशक के गुण में देखे तो सोच-समझ कर निवेश करना, सिर्फ सुनी-सुनाई बातों पर भरोसा नहीं करता, सेबी-पंजीकृत सलाहकार से सलाह लेता है, किसी भी स्कीम में निवेश से पहले दस्तावेज पढ़ता है, साइबर सुरक्षा का ध्यान रखता है इत्यादि जानकारी प्रदान किया गया। इस अवसर पर बागबाहरा महाविद्यालय के वाणिज्य सहायक प्राध्यापक गजानंद बुडेक, डॉ खिलावन पटेल राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्र अधिकारी उपस्थित रहे।

# 11 अगस्त को आईटीआई सकरी में पीएम राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन

**बलौदाबाजार,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। आईटीआई के विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार पाने का सुनहरा अवसर मिल रहा है।महानिदेशक प्रशिक्षण कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली एवं संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण छत्तीसगढ़ के तहत शासकीय आद्यौगिक प्रशिक्षण संस्था सकरी बलौदाबाजार में शिक्षुता प्रशिक्षण अधिनियम 1961 के अंतर्गत आगामी 11 अगस्त, सोमवार को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जा रहा है।

मेले का आयोजन सुबह 10.30 बजे से होगा। उक्त मेले में विभिन्न प्रतिष्ठानों को अप्रेंटिसशिप एवं प्लेसमेंट हेतु आंमत्रित किया गया है। शासकीय एवं निजी आईटीआई से उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों एवं आवश्यक अभिलेखों और दस्तावेजों के साथ शामिल होकर इस अवसर का लाभ ले सकते है। कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले के सभी आईटीआई उत्तीर्ण युवाओं से इस मेले में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण आयोजन है।अप्रेंटिसशिप की अवधि एक वर्ष की होगी। अप्रेंटिसशिप पूर्ण करके युवाओं को विभिन्न संस्थानों में रोजगार के बेहतर अवसर मिल पाएंगे।

# विकासखंड स्तरीय कला महोत्सव में विद्यार्थियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

■ भारत की समृद्ध कलात्मक विरासत का परिचायक कला उत्सव: बीईओ शर्मा




**आरंग,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरंग दिनेश शर्मा के प्रभावी मार्गदर्शन में विकासखंड स्तरीय कला उत्सव का आयोजन विकासखंड मुख्यालय के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आरंग में संपन्न हुआ।

कला विधाओं में संगीत गायन, संगीत वादन, नृत्य, दृश्य कला, पारंपरिक कहानी वाचन पर विद्यार्थियों ने जमकर अपनी प्रस्तुति दिये। इस अवसर पर बीईओ शर्मा ने कहा की कला उत्सव न केवल कलात्मक उत्कृष्टता को बढ़ावा देता है बल्कि विद्यार्थियों के बीच रचनात्मक, नवाचार और सहयोग की संस्कृति का पोषण करता है और समुदाय में सांस्कृतिक ताने बाने को समृद्ध करता है आगे उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा उत्सव है जब विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने के लिए मंच मिलता है तथा भारत की समृद्ध कलात्मक विरासत की जानकारी देते हुए प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया।सम्पूर्ण कला में एकल व सामूहिक रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों का चयन निर्णायक शिक्षक गण में शीला गुरु गोस्वामी, दौलत राम साहू,माखनलाल ठाकुर, मिताजंलि मोहंती, सावित्री सोनकर, कामता प्रसाद वर्मा, होरीलाल पटेल, कमल किशोर ठाकुर ने भूमिका की सहभागिता रही ।विभिन्न विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों में संगीत गायन एकल में कुमारी नेहा साहू कोसरंगी , सामूहिक गायन में ममता साहू, बेला धीवर गुजरा, संगीत वादन स्वर वाद्य एकल में मनीष कुर्रे बनरसी व संगीत वादन ताल वाद्य एकल में महेश्वर साहू कोसरंगी, नृत्य एकल शास्त्रीय/उपशास्त्रीय सुरुचि विश्वकर्मा भैंसा व सामूहिक नृत्य में गरिमा साहू, खुशी मानिकपुरी, ज्योति बंजारे, बिंदिया कुर्रे , दृश्य कला द्विआयामी एकल चित्रकला में दिलीप पाल रीवा , त्रिआयामी एकल मूर्ति कला में पूनम कुमार धीवर, दिलीप धीवर रीवा सामूहिक द्वि व त्रिआयामी स्थानिक खेल खिलौने में राहुल विश्वकर्मा, वासुदेव साहू हाई स्कूल रसनी चयनित रहे। ये सभी प्रतिभागी आगामी जिला स्तरीय कला उत्सव में अपनी प्रस्तुति देंगे।इस कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालय से आए हुए शिक्षक शिक्षिकाएं एवं प्रतिभागी छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। सफल संचालन के लिए नोडल अधिकारी हरमन कुमार बघेल ने प्रतिभागियों सहित समस्त निर्णायकों का आभार प्रदर्शन व धन्यवाद ज्ञापित किया।

# कथा के माध्यम से जन मानस को ईश्वर से जोड़ना परम लक्ष्य: पंडित दीवान

**आरंग,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। प्रत्येक प्राणी अविनाशी परमात्मा का ही अंश है चराचर जगत के जीव माया के अधीन हैं किंतु माया परमात्मा के अधीन है अत: जो जीव प्रभु की शरण लेता है वह माया से मुक्त हो जाता है



उक्त प्रेरक विचार भागवत प्रवक्ता पं छत्रधर दीवान के हैं वे देवनगरी ग्राम देवरी में 3 जुलाई रविवार कोआयोजित गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती पर जन मानस को संबोधित कर रहे थे आचार्य श्री ने कहा कि मन ही मनुष्य के बंधन व मुक्ति का कारण है जैसे नट कठपुतली को नचाता है ठीक ऐसे ही माया जीव को नचाती है और जीव प्रभु से विमुख होकर क्लेश पाता है किंतु जो ईश्वर के चरणों का आश्रय लेता है वह संसार के बंधनों को मुक्त हो जाता है ईश्वर का स्मरण ही सच्ची संपति व उन्हें भूल जाना सबसे बड़ी विपत्ति है। आचार्य श्री के साथ पंडित सत्यम दीवान कमलेश पटेल सन्नी देवदास संगीत पक्ष में संगत कर रहे थे इस कड़ी में जिला मानस संघ के हीरालाल साहू अशोक साहू डॉ. सीताराम शरण अवध विश्वकर्मा संगीतकार अशोक साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण उपस्थित थे।

# अंतिम सोमवार को सिध्देश्वर मंदिर पर लगा भक्तो का ताता

**पलारी** 7 अगस्त (देशबन्धु)। सावन माह के चतुर्थ सोमवार को सिद्धेश्वर महादेव का दूध अभिषेक किया गया दूध जल एवं बेलपत्र से अभिषेक कर च्हर हर महादेवज्ज के जयघोष से वातावरण पूरी तरह शिवमय हो गया।

शिव मंत्रों की गूंज एवं भक्ति भाव से ओतप्रोत भजनों की सुंदर प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया और सभी भक्तगण भक्ति में झूम उठे।

पूजन उपरांत भगवान भोलेनाथ की आरती की गई एवं प्रसाद वितरण कर सभी को आशीर्वाद प्रदान किया गया।



उक्त कार्यक्रम मे नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष सेवक वर्मा, मण्डल अध्यक्ष पवन वर्मा, महामंत्री संतोष वर्मा, जनपद अध्यक्ष सविता यादव सभापति उमेश यदु,पार्षदगण भूषण ठेठवार, देवेंद्र वर्मा,खेलन वर्मा, मंजू देवांगन, मण्डल अध्यक्ष संडी मिथलेश साहू निशा मारकंडे,कोषाध्यक्ष संकेत वर्मा,जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि भीम यादव,जनपद सदस्य मंजू हीरादास रात्रे, जमवांतिन नीलकमल साहू, प्रभा साहू,चंद्र कुमार पैकरा,लोकेश यदु, मीडिया प्रभारी गौतम यादव, दीपक वर्मा,मीडिया प्रभारी योगेश वर्मा देवप्रकाश साहू, प्रमोद देवांगन, लक्की कनौजे,लिमेश वर्मा, हरिशंकर वर्मा, राधेश्याम वर्मा,तुकाराम वर्मा,रवि श्रीवास्तव, मुकेश साहू, भानु वर्मा, काशी घृतलहरे,घासु यादव, कृष्णा देवांगन,कुणाल सेन, रोहित साहू,हरिकीर्तन यादव, बिहस कलिहारी,अवधेश साहू,गुलशन रजक, जितेन्द्र देवांगन,प्रकाश कनौजे, मनीष दुबे,एवं शिव भक्तगण उपस्थित रहे।

# राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन



**पलारी** 7 अगस्त (देशबन्धु)।4 अगस्त दिन सोमवार को विद्यालय परिवार दतान प में च्राखी बनाओज्ज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा पहली से लेकर कक्षा आठवीं तक के छात्राओं ने भाग लिया सभी के द्वारा अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास किया गया उक्त अवसर पर शिक्षक - शिक्षिकाओं द्वारा रक्षाबंधन महापर्व की विशेषता से बच्चों को अवगत कराते हुए कहा गया कि बहन द्वारा अपने भाई के सुरक्षित जीवन की कामना हेतु रक्षाबंधन पर्व मनाया जाता है साथ ही बहनें इस दिन अपने भाइयों से अपने सुरक्षित जीवन हेतु भी च्आशीर्वादज्जमांगती हैं अत: इस प्रकार से कहें तो यह महापर्व भाई - बहन के च्अटूटज्ज स्नेह का प्रतीक है,छात्र - छात्राओं द्वारा समस्त बातों को सुनते हुए जीवन में शामिल करने का च्संकल्पज्ज लिया गया संकुल समन्वयक योगेश वर्मा द्वारा विशेष रूप से उपस्थित होकर छात्र - छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया।

**निजी क्षेत्र में रोजगार हेतु नियोजकों से अधिसूचना आमंत्रित**

बलौदाबाजार, 7 अगस्त (देशबन्धु)। छ.ग.शासन एवं जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में नियोजन हेतु जिला रोजगार कार्यालय बलौदाबाजार द्वारा प्लेसमेंट, रोजगार मेला का आयोजन किया जाता है। आयोजन के लिये जिले के समस्त निजी क्षेत्र के नियोजक जिनके संस्थान में नियोजन हेतु रिक्त स्थान पद हो, वे नियोजक कार्यालय के ईमेल या कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी रिक्तियों संबंधित अधिसूचना जमा कर सकते है।



# मिडिल स्कूल खुसरुपाली में पालक-शिक्षक मेगा बैठक



**बागबाहरा,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। मिडिल स्कूल खुसरुपाली में 2025 के अंतर्गत पालक-शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन 01 से 07 अगस्त 2025 के दौरान किया गया। इस कार्यक्रम में बागबाहरा एसडीएम उमेश साहू, बीईओ के.के. वर्मा, एबीईओ रमता मन्नाडे विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में एसडीएम उमेश साहू ने पालकों को संबोधित करते हुए कहा कि पालक-शिक्षक बैठक बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं सर्वांगीण विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने ग्रामीण पालकों से विद्यालय की पढ़ाई, गतिविधियों तथा बच्चों की प्रगति पर खुलकर चर्चा करने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यालय में चल रहे नवाचारों जैसे कबाड़ से चप्पल स्टैंड का निर्माण, मुस्कान पुस्तकालय की स्थापना, ग्रामवासियों के सहयोग से की गई बागवानी की सराहना की। पत्थरों पर की गई रंगाई देखकर कहा कि यदि इच्छा शक्ति हो तो कम संसाधनों में भी विद्यालय को सुंदर व रचनात्मक बनाया जा सकता है। उन्होंने बच्चों से संवाद कर उनकी बुद्धि व समझ का भी आकलन किया। बैठक में फोटो में दिए गए बिंदुओं पर विशेष चर्चा की गई- घर के वातावरण को पढ़ाई के अनुकूल बनाना, छात्रों की दिनचर्या व गलत आदतों से बचाव, बच्चों ने इस वर्ष क्या सीखा, इसकी जानकारी, बच्चों में खुलकर संवाद करने का माहौल बनाना, शैक्षणिक प्रगति व परीक्षा परिणाम की समीक्षा, रक्तहीनता रोकथाम व स्वास्थ्य/पोषण पर जानकारी देना, जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र बनवाने में सहयोग, मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता व आयोजन, प्रतियोगिताओं, छात्रवृत्ति व विभागीय योजनाओं की जानकारी, पॉक्सो एक्ट 2012 की जानकारी व जागरूकता, डिजिटल लर्निंग व तकनीकी का समावेश, दीक्षा ऐप, ई-पाठशाला, डिजिटल लाइब्रेरी का उपयोग इसके साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत शिक्षा में किए जा रहे बदलावों पर भी विस्तार से चर्चा हुई।

पालकों को बताया गया कि अब शिक्षा सिर्फ किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों में कौशल, व्यवहार, मूल्य, नवाचार व व्यावहारिक ज्ञान विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है। 2020 के अनुसार बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान, बहुभाषी शिक्षा, आर्ट इंटीग्रेटेड लर्निंग जैसे बिंदुओं को विद्यालय में लागू किया जा रहा है। प्रधानपाठक प्रेमचंद डडसेना ने विद्यालय की प्रगति व नवाचारों की जानकारी दी। एबीईओ रमता मन्नाडे ने पालकों से शिक्षा में तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देने की अपील की। बीईओ के.के. वर्मा ने पालकों से बच्चों के समग्र विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने को कहा। धीरज तिवारी ने कक्षा में हो रही गतिविधियों तथा बच्चों की उपलब्धियों पर चर्चा की। श्रीमती उषा चंद्राकर ने पालकों से बच्चों को सकारात्मक वातावरण देने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पालक उपस्थित रहे और उन्होंने विद्यालय में हो रहे नवाचारों की सराहना करते हुए सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक अत्यंत प्रेरणादायक और सफल रही।बैठक में सरपंच प्रतिनिधि पवन ठाकुर शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष रमेश ठाकुर पूर्व उपसरपंच दीपक चक्रधारी तेजराम चक्रधारी वर्तमान उपसरपंच पंचगण ग्रामीण महिलाएं पा नो बाई साहू कुमारी यादव खेम कुमारी यादव ऐश्वर्य नंदिनी पांडे रामकिशन पटेल खुसरू पाली,जून वाणी पटपर पारा जाम गांव के पलकों की भारी संख्या में उपस्थिति रही अंत में सभी पालकों द्वारा नशा उन्मूलन एवं विद्यालय विकास के शपथ ग्रहण के पश्चात बैठक को विराम दिया गया।

# सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष श्याम शुक्ला का जन्मदिन उत्साह के साथ मनाया



**बलौदाबाजार,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष श्याम कुमार शुक्ला का जन्मदिन विप्र वाटिका में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सभी समाज के लोग उपस्थित थे। जहां केक काटकर जन्मदिन की बधाई दी गई। वहीं श्री शुक्ला को जन्म दिन की बधाई देने के लिए सुबह से शाम तक लोगो का आना जाना लगा रहा।

श्याम शुक्ला को जन्मदिन की बधाई देने के लिए विप्र वाटिका भवन में पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, कृषक कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, भाटापारा मंडी के पूर्व अध्यक्ष सुशील शर्मा, सचिन शर्मा, रामसजीवन शर्मा, सुशील तिवारी, राजकुमार तिवारी, छवि श्याम दुबे, गुड्डू शुक्ला, बंटी शुक्ला, संजय शर्मा, नीरज बाजपेई, प्रभाकर मिश्रा, नीलम दीक्षित, प्रसन्न दीवान, राजा तिवारी, मनोज दुबे, संकेत शुक्ला, मणिकांत मिश्रा, विक्की तिवारी, पीयूष मिश्रा, संजय पांडे, आर्यन शुक्ला, विप्र जनों के साथ-साथ शहर के नगर पालिका के अध्यक्ष अशोक जैन, भारत माता सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष टेसूलाल धुरंधर, कुर्मी समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप, शिव वर्मा, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राकेश वर्मा, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष विक्रम पटेल, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे, पलारी जनपद के पूर्व अध्यक्ष खिलेंद्र वर्मा, महेंद्र वर्मा, मोती वर्मा, सोनचंद वर्मा, बुद्धि साहू, भारत स्काउट गाईड के जिला अध्यक्ष रामाधार पटेल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए। वहीं पारिवारिकजन भी उपस्थित होकर गजमाला से स्वागत करते हुए जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर पर श्याम शुक्ला ने सभी शुभचिंतको के प्रति आभार व्यक्त किया।

# बिना लाइसेंस के खाद्यान्न गोदाम संचालन करने वाले किराना व्यापारी पर कार्रवाई

◆ **सूरजमुखी फ़रसान फ्लोर आटा का सेंपल जांच के लिए भेजा गया**



**बिलाईगढ़,** 7 अगस्त(देशबंधु)। खाद्य सुरक्षा विभाग की रायगढ़ टीम द्वारा सारंगढ़ के मनोज किराना स्टोर्स का निरीक्षण किया गया। टीम ने मनोज किराना स्टोर्स के द्वारा बिना लाइसेंस के संचालित खाद्यान्न गोदाम पर कार्रवाई करते हुए वहां विक्रय करने के उद्देश्य से संग्रहित करके रखे हुए फर्म जय लहरी ट्रेडर्स गोंदवारा रायपुर द्वारा विनिर्मित, अपूर्ण व त्रुटियुक्त लेवल डिस्प्ले (मिथ्या छाप) खाद्य पदार्थ च्च्सूरजमुखी फ़रसान फ्लोर (आटा)ज्ज लगभग 450 किलोग्राम मात्रा (15 बोरा) को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 व विनियम 2011 के प्रावधानों के अंतर्गत अधिग्रहण (जब्ती) कर संबंधित खाद्य कारोबारी की ही अभिरक्षा में रुपए 27000 के प्रतिभू-बंध का निष्पादित करते हुए रखा गया है। इसके अलावा विक्रय करने हेतु संग्रहित च्च्सूरजमुखी फ़रसान फ्लोर (आटा)ज्ज गुणवत्ता एवं मिलावट होने की शंका पर जप्त किए गए खाद्य पदार्थ का नमूना संकलन कर जांच एवं विश्लेषण हेतु खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा च्च्सूरजमुखी फ़रसान फ्लोर (आटा)ज्ज विनिर्माता और स्थानीय विक्रेता दोनों से ही इस संबंध में नोटिस देकर विवेचना शुरू कर दिया गया है। प्रयोगशाला से रिपोर्ट आने के बाद विधि अनुसार कार्रवाई किया जाएगा। खाद्य सुरक्षा विभाग जिले में लोक स्वास्थ्य के लिए गुणवत्तापूर्ण मानक व स्वच्छता से विनिर्मित खाद्य पदार्थों की उपलब्धता के लिए प्रतिबद्ध है एवं इस प्रकार की कार्रवाई एवं अभियान जिले में सतत जारी रहेगा।

# डड़सेना महाविद्यालय में पत्रकारिता प्रशिक्षण कार्यशाला

◆ **जनसंचार की दुनियां से रूबरू हुए कॉलेज के विद्यार्थी**



**पिथौरा,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। शासकीय चंद्रपाल डड़सेना महाविद्यालय में एमए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को पत्रकारिता और जनसंचार की बारीकियों से परिचित कराने हेतु एक विशेष इंटरशिप कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय पत्रकारों ने विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा किए और पत्रकारिता के व्यावहारिक पक्षों की जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुई। मंच पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शबनूर सिद्दीकी, हिंदी विभागाध्यक्ष बीएस विशाल, डॉ. एसएस तिवारी, डॉ. एसएस दीवान, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सीमा अग्रवाल, ग्रंथपाल जितेंद्र पटेल, अतिथि शिक्षक रामकुमार रविदास एवं सुनीता पटेल उपस्थित रहे।कार्यक्रम में स्थानीय पत्रकार संतोष गुप्ता ललित मुखर्जी, गौरव चंद्राकर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे । सर्वप्रथम पत्रकार ललित मुखर्जी ने विद्यार्थियों को पत्रकारिता की मूल अवधारणाओं से परिचित कराते हुए कहा कि किसी भी समाचार की प्रस्तुति में च्च्उल्टा पिरामिड सिद्धांतज्ज की अहम भूमिका होती है, जिसमें सबसे महत्वपूर्ण जानकारी पहले दी जाती है, उसके बाद क्रमश: विवरण और पृष्ठभूमि को रखा जाता है। उन्होंने समाचार के छह ककार कब, कहाँ, कौन, क्या, क्यों और कैसे की व्याख्या करते हुए बताया कि इन्हीं तत्वों से एक संपूर्ण समाचार की रचना होती है। पत्रकार संतोष गुप्ता ने अपने अनुभव साझा करते हुए जनसंचार के ऐतिहासिक विकास पर प्रकाश डाला। उन्होंने फेक न्यूज़ की पहचान, उसके दुष्परिणाम और इससे बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में हर व्यक्ति रिपोर्टर बन चुका है, लेकिन सच्ची पत्रकारिता वही है जो तथ्य, निष्पक्षता और सामाजिक उत्तरदायित्व के आधार पर की जाए। उन्होंने विद्यार्थियों को सोशल मीडिया की खबरों की पुष्टि करने, आधिकारिक स्रोतों से जानकारी लेने और अफवाहों से सतर्क रहने की सलाह दी। श्री गुप्ता ने विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब भी दिया। पत्रकार गौरव चंद्राकर ने इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के क्षेत्र में अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि रिपोर्टर सिर्फ खबर नहीं बनाता, वह जनता की आँख और कान होता है। उन्होंने ग्राउंड जीरो रिपोर्टिंग, कैमरा और माइक के साथ फील्ड में जाकर समाचार संकलन करने की चुनौतियों और जिम्मेदारियों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि एक रिपोर्टर को खबरों की वास्तविकता की जांच (फैक्ट चेकिंग), स्रोत की विश्वसनीयता और आपातकालीन स्थितियों में सूझबूझ के साथ काम करना चाहिए। उन्होंने लाइव रिपोर्टिंग, ब्रेकिंग न्यूज़ की प्रक्रिया और न्यूज़ रूम की कार्यप्रणाली पर भी रोचक जानकारी दी। कार्यशाला में एमए अंतिम वर्ष के 50 विद्यार्थी शामिल हुए। विद्यार्थियों ने पत्रकारिता के क्षेत्र में नई जानकारी प्राप्त की और व्यावहारिक अनुभवों से बहुत कुछ सीखा।

## 13 सितंबर को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**तिल्दा नेवरा,** 7 अगस्त (देशबन्धु)।तिल्दा नेवरा व्यवहार न्यायालय तिल्दा नेवरा में दिन शनिवार दिनांक 13 सितंबर को लोक अदालत लगेगी। आपसी सुलह-समझौता के आधार पर लंबित मुकदमों का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में किया जाएगा यह जानकारी प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट भावेश कुमार बट्टी द्वारा दिया गया है। तिल्दा नेवरा न्यायालय में 13 सितंबर को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक मामले सिविल प्रकरण , दांडिक प्रकरण ,मोटर यान अधिनियम से सम्बंधित , प्रकरणों ,बैंक लोन ,विद्युत् विभाग सम्बंधित ,के साथ-साथ सभी सुलह योग्य आपराधिक वादों, एवं विविध प्रकार के संबंधित मामलों का निस्तारण किया जाएगा।

## निधन

### राजेश सिंह



**भिलाईनगर,** 7 अगस्त। क्षत्रिय कल्याण सभा भिलाई नगर के आजीवन सदस्य सामाजिक व्यक्तित्व के धनी सेक्टर-2, सड़क-9, क्वार्टर नंबर-6, भिलाई नगर निवासी राजेश सिंह पिता स्वर्गीय राम मूरत सिंह का आज सुबह 9 बजे आकस्मिक निधन हो गया। वे 52 साल के थे। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार 8 अगस्त को दोपहर 2 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा वे राघवेंद्र प्रताप सिंह, ज्ञानेश प्रताप सिंह के चाचा थे।

### सरोजिनी दानी



**दुर्ग,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। आर्य नगर निवासी श्रीमती सरोजिनी देवी दानी (उम्र 94 वर्ष) पत्नी स्व. उपेन्द्र प्रसाद दानी का आज सुबह निधन हो गया। अंतिम संस्कार कल 8 अगस्त शुक्रवार को हरनाबांधा मुक्तिधाम में प्रात: 10.30 बजे किया जाएगा। वे डॉ. अजय दानी, डॉ. संजय दानी, अधिवक्ता नवीन दानी की माता एवं डॉ. रौनक दानी, डॉ. उत्कर्ष दानी की दादी थीं।

### भोलाराम चंद्राकर



**महासमुंद** 07 अगस्त (देशबंधु)। ग्राम खरोरा निवासी सेवानिवृत्त प्रधानपाठक भोला राम चंद्राकर 85 वर्ष का बुधवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम खरोरा में 7 जुलाई को किया गया। वे मयाराम चंद्राकर के बड़े भाई , रामधन, शंकर लाल, नरेश, मोहन चंद्राकर के पिता थे।

# फिंगेश्वर में भाजपा मंडल कार्यशाला आज

◆ **विधायक रोहित साहू होंगे शामिल, हर घर तिरंगा अभियान पर होगी चर्चा**



**फिंगेश्वर** 7 अगस्त (देशबन्धु)। हर घर तिरंगा ङ्क घर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत भाजपा मंडल फिंगेश्वर द्वारा दिनांक 08 अगस्त को स्थानीय विश्राम गृह में मंडल कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस कार्यशाला में राजिम विधानसभा के विधायक रोहित साहू बतौर मुख्य वक्ता शामिल होंगे। कार्यशाला में कार्यकर्ताओं को अभियान की रूपरेखा, जिम्मेदारियाँ एवं कार्यक्रम संचालन की जानकारी दी जाएगी। मंडल अध्यक्ष, महामंत्रियों और प्रमुख पदाधिकारियों,कार्यकर्ताओ की उपस्थिति सुनिश्चित की गई है।मंडल अध्यक्ष श्रीमती मंजुलता हरित ने बताया कि च्च्यह कार्यशाला च्च्हर घर तिरंगाज्ज अभियान को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को दिशा देने का कार्य करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में यह अभियान जनआंदोलन बन चुका है और हमें इसे घर-घर तक पहुंचाना है।

# आरंग मुक्तिधाम से अस्थियां गायब होने पर मचा हड़कंप



**आरंग,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। आरंग में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है।आपने किसी सामान के गायब या चोरी होने की घटनाएं तो सुनी होगी लेकिन आरंग में एक मुक्तिधाम से दाह संस्कार के बाद मृतक की अस्थियां गायब होने की हैरान करने वाली घटना सामने आई है।ये अस्थियां इसलिए महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि हिन्दू रीति रिवाज में शरीर के जिन अंगों की अस्थियां पवित्र नदियों में विसर्जित की जाती है वही अस्थियां गायब है।ये पूरी घटना आरंग नगर पालिका अंतर्गत वार्ड नं 06 के नया तालाब मुक्तिधाम की है। वार्ड नं.12 निवासी श्रीमती नोना धुरंधर पति संतराम धुरंधर का आकस्मिक निधन हो गया था जिसका अंतिम संस्कार बुधवार को हिंदू रीति रिवाज से किया गया। मृतिका के परिजन जब गुरुवार सुबह मृतिका की अस्थियों को देखने मुक्तिधाम पहुंचे तो वे अचंभित हो गए।जिस जगह पर दाह संस्कार हुआ था वहां से अस्थियां गायब थी और सिर के पास 03 मिट्टी के बर्तनों में जले हुए बत्ती,एक शर्ट पीस और हड्डियों को निकालने में उपयोग हुई लकड़ी का टुकड़ा था।परिजन अब मृतात्मा की शांति के लिए नदी में विसर्जित करने गायब अस्थियों को ढूंढने में लगे है।परिजनों ने इसकी जानकारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी और आरंग थाना प्रभारी को दी है।परिजनों ने जो घटना उनके साथ हुई दोबारा ऐसा किसी के साथ न हो इसके लिए प्रशासन से मुक्तिधाम में चौकीदार और सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की मांग कर रहे है।

जानकारों की माने तो सावन माह में तांत्रिक क्रियाओं की गतिविधियां बढ़ जाती है।तंत्र विद्या और साधना में अंधविश्वास करने वाले असामाजिक तत्वों द्वारा अस्थियों के साथ इस प्रकार की हरकत की जा सकती है।

# पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत के नेतृत्व में हुआ कावड़ियों का स्वागत



**पलारी** 7 अगस्त (देशबन्धु)। आज नगर पंचायत पलारी में शिव उपासना के पावन मास पर वार्ड क्र 10 से निकले महिला कावड़ियों का स्वागत नगर पंचायत पलारी के पूर्व अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा के नेतृत्व में फटाका फोड़ कर एवं पुष्प वर्षा कर किया गया। उक्त अवस्र पर रायपुर रोड से सिध्देश्वर मंदिर बालसमुंद तक माहौल शिवमय रहा। पूरे रास्ते शिव जी के जयकारे एवं बोल बम के उद्घोष के साथ कावड़ियों ने भोलेनाथ की आराधना किये। सभी कावड़ियों के लिए जलपान का व्यवस्था भी रखा गया था। उक्त अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा जिला कोषाध्यक्ष सेवक वर्मा मण्डल अध्यक्ष पवन वर्मा महामंत्री संतोष वर्मा जनपद अध्यक्ष श्रीमती सविता भीम यादव, जनपद सभापति उमेश यदु, पार्षदगण श्रीमती खेलन बाई वर्मा, भूषण ठेठवार, देवेंद्र वर्मा, लोकेश यदु, मंडल मीडिया प्रभारी गौतम यादव मीडिया प्रभारी योगेश योगी वर्मा, जिला कार्यालय प्रभारी लक्की कन्नौजे, जितेन्द्र देवांगन, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि भीम यादव , पार्षद प्रतिनिधि कृष्णा देवांगन, पूर्व जनपद सदस्य बृहस कलिहारी, हिमांशु चंद्रकार , भाजपा नेता तुका वर्मा हरीशंकर वर्मा भानु वर्मा मनीष दुबे एवं भाजपा के कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित रहे।

## प्रादेशिकी का शेष...

**बिजली बिल हाफ योजना...**

दिनेश यदु, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राकेश वर्मा, सुशील शर्मा, परमेश्वर यदु, विक्रम गिरी, राजा तिवारी, आर्यन शुक्ला, मनोज प्रजापति,सुरेंद्र जायसवाल, अनिल साहू, लोकेश साहू, मोती वर्मा, युधिष्ठिर नायक अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान, सुनील कुर्रे पलारी कांग्रेस अध्यक्ष, अमर मांडवी, अरुण यादव, मनीष चंद्राकर, रोहित साहू, योगेश बंजारे, खिलेंद वर्मा, कालेंद्री वर्मा, पदमेश्वरी साहू, प्रेमलता बंजारे, जान मोहम्मद खान, सलमान शेख, गोल्डी मरैया, सूर्यकांत वर्मा आदि कांग्रेसजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**नपा अध्यक्ष अशोक...**

योगेश अग्रवाल, हरिश्चंद्र वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि सुभाष राव, रविन्द्र नामदेव, रवि फेकर, रवि साहू, मयूर जैन, मितेन्द्र जैन, सहित नगर पालिका के कर्मचारी व कार्यकर्ता व समर्थक गण उपस्थित थे।

**हर घर तिरंगा, जन...**

सांस्कृतिक का पहचान को भी मजबूती देता है।आइए, हम सब मिलकर इस स्वतंत्रता दिवस को एकजुटता, उत्साह और गर्व के साथ मनाएं, और पूरे राजिम क्षेत्र को तिरंगे की शान से सराबोर कर दें।

# पालक शिक्षक बैठक समारोह का आयोजन





**तिल्दा नेवरा,** 7 अगस्त (देशबन्धु)। बद्रीनारायण बगशयािा सिकीय उच्चतर माध्यशमक शिद्यालय नोंरि में ददनाांक 07 अगस्त 2025 को प्रात: 11:00 से पालक शिक्षक मेगा बैठकाँ क्षशणक सत्र 2025-26 के शलए राष्ट्रीय शिक्षा नीशत 2020 के लक्ष्यों को प्राप्त करने के शलए आयोशजत दकया गया उक्त कायยक्रम का उदेश्य में बच्चों केिरीररक मानशसक एिां सिाांगीण शिकास हेतु शिक्षको एवं पालको के मध्य बेहतर समनवय स्थापित करना , बच्चों की संपूर्ण गतिविधियों से अवगत कराना बच्चों को सतत प्रेरणा एवं सही समय पर उचित मार्गदर्शन प्रदान करना शिक्षक पालको के सयुक्त प्रयास से बच्चों मे पढाई के प्रति सकरात्मक माहोल तैयार करना एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मंशानुरूप शाला त्यागीय बच्चे रोकने का प्रयास करना। काययक्रम के अशतशथ शजला पांचायत रायपुर के सीईओ श्री कुमार विश्वरंजन .शजला शिक्षा अशधकारी प्रशतशनशध सहायक सांचालक श्री ओिकाि माय ,शजला सहायक काययक्रम समनिय श्री शिश्व रांजन शमश्र, शिकासखांड शिक्षा अशधकारी श्री एण्के ण् दास, बीआरसीसी श्री सांतोष कु मारि माय, एबीओ श्री एलण् के .जाशहरे एिां जनप्रशतशनशध श्री सौरभ जैन उपाध्यक्ष शहर भाजपा शजला रायपुर द्वारा आिायचन छात्रों को ददया गया । जिला पंचायत सीईओ ने प्रोजेक्ट उत्कर्ष के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा बच्चें के पालाक से प्रति माह होने वाली मासिक परीक्षा तथा हर बच्चा अपनी परीक्षा में शतप्रतिशत सफ्लता प्राप्त करे तथा पालक अपन े मोबाईल पर दिशा ऐप ई जादुई पिटारा डिजिटल लाईब्रेरी आदि को डाउनलोड कर अपने बच्चों को उपलब्ध कराये सहायक कार्यक्‍म समन्वयक विश्वरंजन मिश्र ने पालको को घर के वातावरण बच्चों की अकादमिक प्रगति बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण पर विशेष ध्यान देने की जरूरत पर बल दिया श्री एल के जाहिरे ने पालको से कहा की बच्चों ने क्या सीखा तथा कक्षा में क्या - क्या बोला उसकी जानकारी ले । सौरभ जैन ने समस्त पालको से आग्रह किया की आप प्रति माह किसी भी समय निकाल कर बच्चो के गतिविधि और कक्षा के कार्य की जानकारी प्राप्त करने विद्यालय आये तथा बच्चों की कॉपी पुस्तक व परीक्षा की कॉपीयों का निरंतर अवलोकन करते रहे।

उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के 16 शिक्षक 388 विद्यार्थी 6 जनप्रतिनिधी 263 पालक ने सहभागिता दी मासिक परीक्षा में अच्छी अंक लाये विद्यार्थियों के पालक श्रीमती सरस्वती विश्वकर्मा और खिलेश्वरी यदु का सम्मान किया गया । शिक्षा के क्षेत्र में सहभाशगता घर का वातावतरण छात्र दिनचरिया पास्को एक्ट पर विचार श्री जितेन्द्र कुमार जेहोआश श्रीमती सुषमा दुबे ,श्रीमती टी खाखा ने व्यक्त किये । बच्चों ने क्या सीखा बच्चा बोलेगा बेजिजक, बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण व्यवसायिक शिक्षा पर विचार श्रीमती सविता वर्मा ,श्रीमती खुशबु रामटेके ,श्री सुरेश टंडन ,श्रीमती कुसुम नाग ने अपने विचार रखे। बच्चो की अकादमी प्रगति परीक्षा पे चर्चा पर विचार श्री खुबचंद कश्यप ,कु अल्का मिश्रा,ने व्यक्त किये । श्री चुरामन लाल निषाद ने जाति आय निवास छात्रवृत्ति विभिन्न परीक्षाओ की जानकारी को विस्तार से बताया श्री एन के रात्रे जी ने ओपन स्कूल परीक्षा परीक्षा पे चर्चा की जानकारी दी श्री बी.एस नेताम और श्रीमती सुमन ने पालको को दिशा ऐप ई जादुई पीटारा डिजिडल लाईब्रेरी की जानकारी दी व ऐप डाउनलोड कराया । प्राचायय डॉ.श्री रार्जेकुमार चांदानी के मागयदियन में इन बबदुओं पर शिक्षको द्वारा अपने शिचार कैरियर काउंस्लीग और साईबर सुरक्षा पर बालकों के समक्ष व्यक्त दकये । पालको नरेश साहु ,गोपाल माडले ,रविकांत वर्मा ,प्रकाश यादव ,भुषण दास मानिकपुरी , प्रभा यादव ,राजकुमारी देवांगन ,कुसुम चौहान द्वारा विद्याथियों से संबंधित मुदे उठाये गये । तत्पश्चात सांस्था केिरष्ठ व्याख्याता श्री जेण्केण्जेहोआि द्वारा अशतशथयों एिां पालकों का आभार प्रदियन दकया गया । पालकों द्वारा कक्षा शिक्षकों से सांपकय कर अपने बच्चोंके सांबांध में जानकारी हाशसल की गई पालकों को शिक्षक द्वारा शनरांतर सांपकय करने के शलए आग्रह दकया गया एिां जानकारी दी गई की अगला पालक शिक्षक बैठक शतमाही परीक्षा पश्चात आयोशजत की जाएगी ।

# प्रत्येक मंडल एवं शक्ति केंद्र स्तर में तिरंगा यात्रा निकालेगी भाजपा, कार्यशाला में बनी रणनीति



**बलौदाबाजार**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा जिला बलौदाबाजार भाटापारा के प्रत्येक मंडल एवं शक्ति केंद्र स्तर में तिरंगा यात्रा का आयोजन करेगी। गुरुवार को बलौदाबाजार स्थित जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यशाला में हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने की रणनीति बनाई गई। इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी तय करके कार्ययोजना को अंतिम स्वरूप दिया गया।

कार्यशाला में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा कि तिरंगा यात्रा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि यह देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है उन्होंने निर्देश दिया सभी कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा के साथ क्षेत्र को तिरंगामय करने ताकत झोंक दे। मुख्य वक्ता विक्रांत सिंह ने कहा कि किसी भी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सबसे पहले उसका वातावरण तैयार करना आवश्यक है। जब जनमानस इस अभियान से जुड़ जाएगा, तो यह स्वत: ही ऐतिहासिक बन जाएगा। कार्यशाला की अध्यक्षता आनंद यादव ने की उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को कहा इस कार्यक्रम को सर्वोच्च जिम्मेदारी मानकर गंभीरता पूर्वक सफलता दिलाने में जुट जाएं। पश्चात जिला प्रभारी मोतीराम चंद्रवंशी ने भी कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया। अभियान की सफलता हेतु विभिन्न नेताओं और पदाधिकारियों को दायित्व सौंपा गया। 10 से 12 अगस्त में प्रत्येक मंडल में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यात्रा के दौरान युद्ध वीरों, शहीदों के सम्मान में बैनर प्रदर्शित किए जाएंगे। यात्रा के दौरान शहीदों व देशसेवा में प्राण न्योछावर करने वाले पुलिसकर्मियों के घरों पर जाकर उनके परिजनों को सम्मानित किया जाएगा।

## मोर तिरंगा, मोर अभिमान की कार्यशाला संपन्न

12 से 14 अगस्त तक स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्मारकों और महत्वपूर्ण स्थलों के आसपास विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। 13 से 15 अगस्त तक प्रत्येक घर, संस्था, दुकान और प्रतिष्ठान पर तिरंगा फहराने की जिम्मेदारी पार्टी कार्यकर्ता निभाएंगे। 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर मौन जुलूस, संगोष्ठी, विभाजन प्रभावित परिवारों से भेंट एवं प्रदर्शनी का आयोजन होगा। 15 अगस्त 2025 की शाम को तिरंगे को सम्मानपूर्वक उतारने की व्यवस्था की जाएगी। कार्यशाला मंच का संचालन जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी ने किया एवं आभार जिला महामंत्री राकेश तिवारी ने किया।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी वर्मा, प्रदेश मंत्री श्रीमती श्यामबाई साहू, पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े, प्रमोद शर्मा, योगेश चंद्राकर, डॉ. अजय राव, टेसूलाल धुरंधर, नपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, नपा अध्यक्ष अशोक जैन, दुर्गा महेश्वर, पवन साहू, इंदू जांगडे, सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता थीम पर चला स्वच्छता अभियान



**गरियाबंद**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। हर घर तिरंगा अभियान के प्रथम चरण के अंतर्गत गुरुवार को जिले के नगरीय निकायों में हर घर तिरंगा – हर घर स्वच्छता- स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग थीम पर व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। नगरपालिका परिषद गरियाबंद, नगर पंचायत देवभोग एवं छुरा में मुख्य नगर पालिका अधिकारियों के नेतृत्व में नगर के गली-मोहल्लों, चौक-चौराहों, स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्रों, सार्वजनिक स्थलों एवं संस्थानों के आसपास साफ-सफाई की गई। इस अभियान में आम नागरिकों के साथ अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कचरे का संकलन कर उसका उचित निष्पादन किया गया और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी से अपील की गई कि वे हर घर तिरंगा अभियान के तहत अपने घरों में तिरंगा फहराएं और साथ ही अपने आस-पास सफाई रखकर देशभक्ति और जिम्मेदारी दोनों का परिचय दें।

## नगर निकायों में नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने की सफाई

# गरियाबंद पुलिस की सराहनीय पहल, साइबर सेल की मदद से 57 गुम मोबाइल लौटाए गए



**गरियाबंद**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। जिले में मोबाइल गुमशुदगी की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देश पर गरियाबंद साइबर सेल द्वारा 57 गुम हुए मोबाइल बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सुपुर्द किए गए। गुम मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरे पर खुशी देखने लायक थी। पुलिस की यह सकारात्मक पहल भविष्य में भी जारी रहेगी। इस कार्यवाही में भारत सरकार के CEIR पोर्टल (Central Equipment Identity Register) की मदद ली गई, जिसके माध्यम से मोबाइल के ढ्ढरूश्वढ्ढ नंबर के आधार पर उसके वर्तमान उपयोगकर्ता की जानकारी प्राप्त की जाती है।

गरियाबंद पुलिस का आमजन से आग्रह है कि मोबाइल गुम होने पर तत्काल साइबर सेल या निकटतम थाना में इसकी सूचना दें। मोबाइल गुम हो जाए तो निकटतम थाने में शिकायत दर्ज कराएं। अपने साथ मोबाइल नंबर, IMEI नंबर, मोबाइल ब्रांड व मॉडल, खरीद की रसीद, फोन खोने की तारीख व स्थान, मालिक का नाम, पता व आधार कार्ड की जानकारी साथ लावें।

# समाज के प्रत्येक्त व्यक्ति का शिक्षित होना, समाज की प्रगति : इन्द्र साव

**भाटापारा**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। किसी भी समाज के उत्थान की पहली सीढ़ी शिक्षा है और जिस समाज में ज्यादा साक्षर लोग होंगे, वो समाज निरंतर प्रगति पथ के रास्ते पर आगे बढ़ते रहेगा, और हमारे लिए खुशी की बात है हमारे समाज के बच्चे भी अपनी पढ़ाई को अपनी रुचि में शामिल करते हुए मन लगाकर पढ़ाई कर रहे है, उक्त बाते समरसता भवन मोपका मे आयोजित परीक्षेत्रीय साहू समाज के प्रतिभावान सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक इन्द्र साव ने अपने संबोधन में कही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पन्नालाल साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ एवं कोमल साहू अध्यक्ष मोपका परीक्षेत्र, नगर अध्यक्ष राजेश साहू, सहदेव साहू अध्यक्ष मोपर परिक्षेत्र, दयालूराम साहू अध्यक्ष तरेंगा परीक्षेत्र के विशेष अतिथी के रूप में मंचस्थ थे। इस दौरान साहू समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं एवं समाज के सेवानिवृत वरिष्ठ जनों का सम्मान हुआ।



## प्रतिभावान बच्चों का विधायक ने किया सम्मान

सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए विधायक इन्द्र साव ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्कारित समाज की कल्पना शिक्षा के बिना संभव नही है। समाज मे स्वच्छ वातावरण के लिए खुद को शिक्षित करने के साथ साथ अपने आस पास के लोगो को भी शिक्षा के प्रति प्रेरित करना हम सब की जवाबदारी होनी चाहिए। विधायक ने कहा कि समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति का विकास होगा तभी हम अपने समाज को विकसित और प्रगतिशील समाज के रूप में देख सकते है। समाज में जब ज्यादा से ज्यादा लोग शिक्षित होते है तब वह अन्य समाज के लिए एक उदाहरण होता है। विधायक श्री साव ने इस दौरान सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी मेहनत और काबिलियत के लिए उनकी प्रशंसा करते हुए अपना लक्ष्य लेकर आगे की पढ़ाई करने को कहा, वही श्री साव ने शासकीय सेवा से पृथक हुए सामाजिक लोगो से से समाज सेवा में अपना योगदान देने का आह्वान करते हुए उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सोमेंद्र साहू, रोहित साहू, केशव साहू, मनोज साहू, लकेश्वर साहू, नोहर साहू, पुनीत साहू, कौशलेंद्र साहू, जीत नारायण साव, सत्यजीत शेंडे, कौशल साहू, कोमेंद्र साहू, लखन साहू, गुनाराम साहू, पुसऊ साहू, सुन्दर साहू, मनीराम साहू, सुनहर साहू, सुखदेव साहू, शोभित साहू, मोहित साहू सहित काफी संख्या में सामाजिक लोग और प्रतिभावान बच्चों के पालकगण उपस्थित थे।

# इस बार रक्षा बंधन भद्रा दोष से मुक्त, सूर्योदय से सूर्यास्त तक शुभ मुहूर्त : पं. ब्रह्मदत्त शास्त्री

**नवापारा राजिम**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। भाई बहन के रिश्तों का पावन त्यौहार राखी इस बार शनिवार को भद्रा के साए से पूरी तरह से अछूता रहेगा इसलिए बहनें दिन भर अपने भाइयों को राखी बांध सकेंगी, यह कहना है नगर के ज्योतिष भूषण पण्डित ब्रह्मदत्त शास्त्री का उन्होंने कहा कि रक्षा बंधन और होलिका दहन के समय श्रावणी और फाल्गुनी भद्रा का त्याग किया जाता है, क्योंकि श्रावणी से राजा का और फाल्गुनी से प्रजा का अनिष्ट होता है, लेकिन यह सुखद संयोग है कि इस बार शनिवार 9 अगस्त को रक्षा बंधन के दिन भद्रा नहीं है, सुबह 5 रू 44 से सूर्योदय के साथ ही राखी बांधने का शुभ मुहूर्त शुरू हो जाएगा, शास्त्री जी ने इस पर्व के पौराणिक एवं ऐतिहासिक महत्व के विषय में बताया कि सदियों से यह रक्षा सूत्र बांधने की परंपरा चल रही है, देवासुर संग्राम के समय शची पति इन्द्र को इंद्राणी ने राखी बांधी थी, सुभद्रा अपने भाई श्री कृष्ण भगवान को भाभी रुक्मणि को राखी बांधा करती थी, द्रौपदी ने भी द्वारकाधीश श्री कृष्ण को अपनी साड़ी का चीर फाड़कर बांधा था तो समय आने पर भगवान ने उसकी लाज बचाई थी, पाताल लोक के राजा बलि को लक्ष्मी जी ने राखी बांधी थी, मुगल काल में मेवाड़ की महारानी कर्णवती ने बादशाह हुमायूं को राखी भेजी थी, जिसका मान हुमायूं ने रखा था, यही पावन परम्परा आज भी चल रही है, ये अनूठे रीति रिवाज और परंपराएं न केवल हमें अपनी संस्कृति से जोड़े रखते हैं वरन आपस में प्रेम और अपनापन भी बढ़ाते हैं रक्षा बंधन भाई बहनों का त्यौहार तो है ही साथ ही यह वर्णाश्रम धर्म में ब्राह्मणों का पवित्र पर्व भी है, इस दिन वे श्रावणी कर्म करते हैं, अपनी जनेऊ बदलते हैं और यजमानों के घर जाकर उनके हाथों में मंत्रोच्चारण करते हुए रक्षा सूत्र बांधते हैं, उन्होंने बताया कि शुकवार 8 अगस्त को दोपहर 2रू12 से भद्रा लग रही है जो कि अर्द्ध रात्रि पश्चात 1रू48 तक रहेगी, इसलिए शुकवार को ही दोपहर से पहले श्रवण पूज लेना चाहिए, गृहणियां अपने घर के मुख्य द्वार और रसोई घर के दोनों ओर रोली कुमकुम से स्वस्तिक बनाकर राम नाम लिख कर मौली धागा, सेवई से चिपकाती है, राखी के दिन भगवान के मन्दिर में जाकर उनको भी राखी चढ़ाई जाती है, क्योंकि हमारी कुशल क्षेम के वे ही तो रक्षक हैं आज अपने वाहनों में और खेती में साथ देने वाले बैलों को भी राखी बांधी जाती है।



# निर्माणाधीन गौठान का निरीक्षण

**भाटापारा**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पालिका भाटापारा क्षेत्र में निर्माणाधीन गौठान का निरीक्षण नगर पालिका अध्यक्ष श्री अश्वनी शर्मा द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए शीघ्रता से निर्माण पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।



श्री अश्वनी शर्मा का वक्तव्य- नगर क्षेत्र में निर्माणाधीन गौठान केवल एक संरचना नहीं, बल्कि हमारे नगर के बेसहारा एवं असहाय पशुधन के लिए सेवा, सुरक्षा और संवेदना का केंद्र बनेगा। यह पहल पशुधन कल्याण के साथ-साथ शहर की यातायात व्यवस्था को भी सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाएगी। मेरा प्रयास है कि शीघ्र ही इस गौठान को पूरी तरह कार्यशील बनाकर, नगर को सड़कों पर विचरण कर रहे मवेशियों की समस्या से मुक्त किया जाए। 'नर-नारायण सेवा' की भावना को साकार करते हुए यह गौठान समर्पित सेवा का प्रतीक बनेगा। नगर पालिका अध्यक्ष ने यह भी कहा कि यह पहल न केवल च्च्नर-नारायण सेवाज्ज् की भावना को साकार करती है, बल्कि शहरी यातायात व्यवस्था में अनुशासन और समन्वय स्थापित करने की दिशा में भी एक प्रभावी प्रयास सिद्ध होगी। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया सभापति मनीष मिश्रा मुख्य नगर पालिका अधिकारी जफर खान एवं नगर पालिका के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# मानव उत्थान सेवा समिति ने किया बच्चों को स्टेशनरी वितरण

**भाटापारा**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। परमपूज्य श्री सतपाल जी महाराज की प्रेरणा से श्री विभु जी महाराज के दिशा निर्देश में परम आराध्य माता श्री अमृता जी के पावन जन्मोत्सव के अवसर पर मानव उत्थान सेवा समिति भाटापारा द्वारा मिशन एजुकेशन के तहत 01 से 20 अगस्त 2025 तक पूरे भारतवर्ष में जरूरतमंद बच्चों को पाठ्य सामग्री का वितरण किया जा रहा है।




इसी कड़ी मे 07/08/25 को श्री विभु सत्संग आश्रम रायपुर के प्रभारी महात्मा दीप्ति बाई जी के मार्गदर्शन में तथा श्री धनेश नेताम जी, श्री राजकुमार ध्रुव प्रधान पाठक द्वय, श्री मनोज महाराज जी सरपंच के मुख्य आतिथ्य में सौरभ ऑटो, श्री लक्ष्मी मेडिकल स्टोर्स भाटापारा द्वारा प्रदत्त स्टेशनरी सामग्री का वितरण शासकीय प्राथमिक शाला - कोनी बंजर/बगबुड़वा विकासखंड- भाटापारा जिला-बलौदाबाजार (छत्तीसगढ़) में 155 जरूरतमन्द बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरण किया। मुख्य अतिथि श्री मनोज महाराज जी ने कहा कि श्री महाराज जी की सोच बहुत ही ग्लोबल है जिसकी प्रेरणा से जगह-जगह सत्संग कार्यक्रम के साथ ही साथ सामाजिक कार्य जैसे वृक्षारोपण, सफाई अभियान, साहित्य वितरण, सूखा राशन वितरण, अनाथालय में कम्बल वितरण, रक्त दान, व मिशन एजुकेशन के तहत स्टेशनरी वितरण करना यह एक बहुत बड़ा सेवा कार्य है। इसके लिए समिति के सदस्यों को धन्यवाद व आभार दिया गया। कार्यक्रम में श्री शिव कुमार साव, शंकर वर्मा, मूलचंद कौशल, उदय साहू, सुकालू ध्रुव, शिवनन्दन यदु, तुलाराम वर्मा, रेशम जांगड़े उपस्थित रहे। उक्ताशय की जानकारी मीडिया प्रभारी गणेश साहू ने दिया।

# मातृशक्ति महिला समूह द्वारा मनाया गया सावन महोत्सव

**बागबाहरा**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। मातृशक्ति महिला समूह बागबाहरा अंचल की महिलाओं द्वारा स्थानीय दुर्गा मंदिर प्रांगण बागबाहरा में सावन महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। जिसमें महिला समिति के सदस्य एवं सामाजिक महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में सभी महिला सदस्यों ने भगवान राधे कृष्ण जी एवं सावन महाराज जी का पूजा पाठ किए। तत्पश्चात महिलाओं द्वारा अंताक्षरी. राधा कृष्ण डांस प्रतियोगिता एवं विभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेल का आयोजन किया गया। तथा कुछ बहनों की ओर से प्रकृति एवं हरियाली को समर्पित सावन महोत्सव के ऊपर प्रकाश डाला गया। तथा सावन महीने एवं भगवान भोलेनाथ जी के प्रगाढ़ संबंध पर भी प्रकाश डाला गया.. कार्यक्रम में सभी माताएं हरे हरे रंग की परिधान एवं चूड़ियां पहनकर कार्यक्रम में शामिल हुई थी.. कार्यक्रम का शाम 5=00 बजे स्वल्पाहार पश्चात समापन हुआ और और सावन महोत्सव कार्यक्रम की सफलता पूर्वक संपन्न होने पर मातृशक्ति परिवार के सभी माता एवं बहनों ने एक दूसरे को सावन महोत्सव की बधाई दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मातृशक्ति महिला समूह बागबाहरा की अध्यक्ष श्रीमती खुशबू चक्रधारी, रानी चंद्राकर, राजकुमारी वैष्णव, द्रोण साहू, सावित्री साहू, दीपांजलि भोई, पुष्पा मिश्रा, सीमा साहू, मीना सोनवानी, पिंकी प्रधान, धारिणी साहू,, ज्योति यादव, नैंसी यादव, टिकेश्वरी चक्रधारी, मंजू यादव, सोनम सोनी, बेबी पांडे, हेमलता चंद्राकर, अनुराधा यादव,, निशा यादव, लक्ष्मी तिवारी एवं धनेश्वरी साहू प्रमुख रूप से शामिल थे।



# सीएमएचओ ने किया पीएचसी लच्छनपुर और सीएचसी कसडोल का निरीक्षण




**बलौदाबाजार**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं में सुदृढ़ता हेतु स्वास्थ्य अमला लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में सीएमएचओ डॉ. राजेश कुमार अवस्थी ने गुरुवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लच्छनपुर और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल का भ्रमण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

लच्छनपुर में बन रहे 6 बिस्तर भवन की प्रगति का निरीक्षण किया साथ ही अस्पताल में लैब, ओपीडी, प्रसव कक्ष, स्टोर, फार्मेसी, जन औषधि का निरीक्षण किया गया। सीएमएचओ ने एनक्यूएएस हेतु पूरी तैयारी के निर्देश दिए। फार्मासिस्ट का तबादला होने पर व्यवस्था हेतु जीवनदीप से रखने बाबत कहा गया। आयुष्मान कार्ड ब्लाक हेतु डिस्चार्ज पेंडिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सीएमएचओ ने शासकीय स्कूल का भी भ्रमण कर बच्चों की सेहत बाबत शिक्षकों से चर्चा की। कसडोल में सुपर वाइजर, सीएचओ, आरएचओ महिला की समीक्षा बैठक में सभी को उच्च गर्भवती महिलाओं की लाइन लिस्टिंग कर उनका नियमित फॉलो अप करने को कहा। इसके लिए सुपरवाइजर को सतत रूप से निरीक्षण करने कहा। उन्होंने सभी को आधार उपस्थिति में पंजीयन करने और मुख्यालय में रह कर सेवा देने के भी निर्देश दिए। इसके बाद कसडोल के अस्पताल में वार्ड, आपातकाल और ओटी को भी जा कर देखा। उन्होंने वार्ड में भर्ती सर्पदंश के मरीज से मिल कर उनका कुशल क्षेम भी पूछा। इस दौरान पलारी बीएमओ डॉ. बीएस ध्रुव, कसडोल बीएमओ डॉ रविशंकर अजगल्ले, सर्जन डॉ वाय. के. शर्मा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ वंदना भेले बीपीएम राजेश डहरिया और मनोज मिश्रा उपस्थित रहे।

# ग्राम सेम्हराडीह एवं पिपराही में गौ संरक्षण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम

**बलौदाबाजार**, 7 अगस्त (देशबन्धु)। ग्राम सेम्हराडीह व पिपराही में गौरक्षा व संरक्षण तथा पर्यावरण के प्रति जागरुकता के लिए गौमाता के सींग में रेडियम लगाया गया तथा दोनों गांवों में 10-10 पेड़ बादाम का श्मशानघाट व स्कूल प्रांगण में रोपण किया गया।



कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित भारत माता सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष टेसूलाल धुरंधर ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा की गाय हमारी माता है, गौ माता के संरक्षण के लिए हमें निरंतर प्रयास करना चाहिए। वर्षा ऋतु के समय उनके चारे की पर्याप्त व्यवस्था करनी चाहिए एवं रोड पर बैठने वाली गौ माता के लिए सींग पर रेडियम पट्टी आवश्यक होनी चाहिए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यही है कि हम गौ माता को कैसे सुरक्षित रखें। आप सभी किसान भाइयों से भी मेरा निवेदन है कि आप अपने-अपने पशु धन की देखरेख करें एवं उनकी सुरक्षा करें तभी हम पुण्य प्राप्त कर सकेगे। इस अवसर पर ट्रस्ट के कार्यक्रम संयोजक नीरज परगनिहा, विनय गुप्ता, छत्रपाल यादव, हुसैन नौरंगे, हेमंत वर्मा, शुभम बंजारे, गौरव सेन, भूवनेश्वर साहू, राहुल ध्रुव, सूरज तिवारी, बाबूलाल यादव, विनोद घृतलहरे, शिवम यादव, महेश वर्मा, लेहसिंग, सागर वर्मा, वैभव वर्मा, भूपेंद्र तिवारी, बलराम वर्मा एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।